सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 05 दिसम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 328, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 158 अंकों की उछाल

घरेलू शेयर बाजारों में चार दिनों से जारी गिरावट का सिलसिला थमा और सेंसेक्स 158 .51 अंक मजबूत होकर 85,265 .32 अंक पर बंद हुआ। } 14

वीजा देने से पहले सोशल मीडिया खंगालेगा अमेरिका

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया कि अमेरिका ने वीजा स्क्रीनिंग प्रणाली को और कड़ा कर दिया है और अब वह आवेदकों के सोशल मीडिया खातों की विस्तृत जांच भी करेगा। } 16

देशभर में इंडिगो की 300 से अधिक उड़ानें रद्द

एजेंसी

मुंबई। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो में परिचालन व्यवधान लगातार तीसरे दिन बृहस्पतिवार को भी जारी रहने से 300 से अधिक घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को रद्द कर दिया गया जबकि कई उड़ानें देर से रवाना हुईं। इस वजह से हजारों यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने कहा कि दोपहर तक दिल्ली में इंडिगो की 95, मुंबई में 85, हैदराबाद में 70 और बेंगलुरु में 50 उड़ानें रद्द की गईं। अन्य हवाई अड्डों पर भी उड़ानें रद्द होने और देरी से संचालित होने की बात सामने आई है। देश के छह प्रमुख हवाई अड्डों- दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु और हैदराबाद के संयुक्त आंकड़ों के आधार पर एयरलाइन की समय पालन दर बुधवार को गिरकर 19.7 प्रतिशत पर आ गई जबकि दो दिसंबर को यह 35 प्रतिशत थी। समय पर उड़ानों के संचालन के लिए चर्चित इंडिगो के उड़ान प्रबंधन में आई इतनी बड़ी गिरावट पर यात्रियों के साथ विमानन क्षेत्र के हितधारक भी सवाल उठा रहे हैं। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने उड़ानों में हो रही भारी देरी और रद्दीकरण को गंभीरता से लेते हुए एयरलाइन से विस्तृत स्पष्टीकरण... शेष पृष्ठ 14 पर

आत्मनिर्भर और विकसित होगा 2047 का भारत : योगी

विशेष/जिला संवाददाता

लखनऊ/गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह-2025 के शुभारंभ अवसर पर आत्मनिर्भर व विकसित भारत का भी जिक्र किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए पंच प्रण को शाश्वत मंत्र बताया।

सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान देशवासियों के सामने लक्ष्य रखा कि 2047 में देश जब आजादी का शताब्दी महोत्सव मना रहा होगा, तब हमें आत्मनिर्भर, विकसित भारत चाहिए। जहां हर व्यक्ति खुशहाल और परस्पर सौहार्द के साथ मिलकर दुनिया की महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहा हो। वहां जाति, भाषा, क्षेत्र का विवाद और अभाव न हो। कोई नागरिक आपदा का शिकार न हो। हर व्यक्ति आत्मनिर्भर व स्वावलंबन का जीवन व्यतीत करते हुए राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन कर सके। सीएम ने कहा कि भारत विकसित तब हो सकता है, जब हर व्यक्ति पंच प्रण पर ध्यान दे। एसडीआरएफ के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह-2025 का शुभारंभ किया। सीएम ने पंच प्रण को शाश्वत मंत्र बताया और कहा कि यह हर नागरिक पर समान रूप में लागू होते हैं। पहला प्रणः विरासत पर गौरव की अनुभूति यानी पूर्वजों की थाती। हर भारतवासी को पूर्वजों, संस्कृति, महापुरुषों पर गौरव की अनुभूति करनी चाहिए। महाराणा प्रताप, गुरु ...शेष पृष्ठ 14 पर

संस्कृति नष्ट होने पर अपनी एकात्मता खो देता है देश : सीएम

घनश्याम कुमार

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह-2025 के शुभारंभ अवसर पर स्वदेश, स्वधर्म व राष्ट्रीय स्वाभिमान का जिक्र किया और कहा कि जब भी हम संकट में होते हैं या कोई राष्ट्रीय चुनौती होती है तो महापुरुषों के चित्र, उनके शौर्य व पराक्रम नई ऊर्जा देते हैं। महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, गुरु गोविंद सिंह, रानी लक्ष्मीबाई समेत सीमाओं की रक्षा करते हुए बलिदान देने वाले भारत मां के बहादुर जवान देश के लिए प्रेरणा हैं। सीएम ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

अमेरिकी सीनेट ने पाक पीएम व मुनीर के खिलाफ उठायी प्रतिबंध की मांग

वाशिंगटन। अमेरिका में पाकिस्तान की राजनीतिक स्थिति पर बढ़ती चिंता अब आधिकारिक रूप से सामने आने लगी है। बुधवार को अमेरिकी कांग्रेस के 44 सांसदों ने विदेश मंत्री मार्को रुबियो को एक कड़े शब्दों वाला पत्र भेजा है, जिसमें पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर के खिलाफ तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है। यह कदम ऐसे समय पर आया है जब पाकिस्तान में लोकतांत्रिक संस्थाओं पर दबाव बढ़ रहा है और मानवाधिकार उल्लंघन के आरोप लगातार सामने आ रहे हैं। सांसदों के पत्र में साफ कहा गया है कि पाकिस्तान में वास्तविक शक्ति अब सेना के हाथों में है और सरकार केवल दिखावे के लिए काम कर रही है. पत्र के अनुसार, पाकिस्तान में लोकतांत्रिक ढांचे को योजनाबद्ध तरीके से कमजोर किया जा रहा है और विपक्षी नेताओं, पत्रकारों तथा आम नागरिकों पर अत्याचार बढ़ता जा रहा है।

ट्रक से टकरायी कार चार डॉक्टरों की मौत

अमरोहा। जिले के रजबपुर क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊराष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार कार खड़े हुए ट्रक से टकराने के कारण चार चिकित्सकों की मौत हो गई। बुधवार देर रात करीब साढ़े 10 बजे अतरासी इलाके के पास यह दुर्घटना हुई। पुलिस के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार ट्रक के नीचे फंसकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने कटर से कार को काटकर शवों को बाहर निकाला। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान दिल्ली के निवासी आयुष शर्मा, श्रेष्ठ पंचोली, कोलकाता के निवासी अनंब चक्रवर्ती और त्रिपुरा के रहने वाले सप्तऋषि के रूप में हुई है। पुलिस ने चारों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

रूस से आया मेरा दोस्त, गर्मजोशी से स्वागत

प्रोटोकॉल तोड़कर एक ही कार में बैठे प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन, कई समझौतों पर लग सकती है मुहर

एजेंसी

नयी दिल्ली, चार दिसंबर (भाषा) रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन बृहस्पतिवार शाम को दो दिन के दौरे पर नयी दिल्ली पहुंचे। इस यात्रा का उद्देश्य लगभग आठ दशक पुरानी भारत-रूस साझेदारी को और मजबूत करना है, एक ऐसी साझेदारी जो जटिल भू-राजनीतिक माहौल के बावजूद स्थिर बनी हुई है।

हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को होने वाली 23वीं भारत-रूस शिखर वार्ता को लेकर बेहतर माहौल बनाने के उद्देश्य से आज शाम पुतिन के लिए एक निजी रात्रिभोज की मेजबानी करेंगे। दोनों नेताओं के बीच होने वाली वार्ता का मुख्य विषय रक्षा संबंधों को मजबूत करना, भारत-रूस व्यापार को बाहरी दबाव से सुरक्षित रखना और छोटे मॉड्यूलर संयंत्रों में सहयोग की संभावनाओं की तलाश जैसे मुद्दों पर केंद्रित होगा। इस बैठक पर पश्चिमी देशों द्वारा करीबी नजर रखे जाने की संभावना है। रूसी नेता का नयी दिल्ली का लगभग 27 घंटे का दौरा इसलिए और भी अहम हो गया है क्योंकि यह भारत-अमेरिका संबंधों में तेजी से आ रही गिरावट की पृष्ठभूमि में हो रहा है। बैठक के बाद दोनों पक्षों के बीच व्यापार के क्षेत्रों सहित कई समझौते होने की उम्मीद है। दोनों नेताओं के बीच बैठक से पहले शुक्रवार सुबह राष्ट्रपति भवन में पुतिन का औपचारिक स्वागत किया जाएगा। बैठक हैदराबाद हाउस में होगी, जहां मोदी राष्ट्रपति पुतिन और उनके प्रतिनिधिमंडल के लिए भोज का आयोजन करेंगे और इस दौरान कई मुद्दों पर चर्चा भी होगी। मामले से परिचित लोगों के अनुसार, पुतिन सुबह राजघाट भी जाएंगे। बैठक के बाद पुतिन रूसी सरकारी प्रसारक का नया इंडिया चैनल भी शुरू करेंगे, जिसके बाद वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा उनके सम्मान में दिए जाने वाले राजकीय भोज में शामिल होंगे। रूसी नेता के शुक्रवार रात करीब नौ बजे भारत से रवाना होने की संभावना है। इससे पहले सितंबर में तियानजिन शहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जब एक ही कार में सवार होकर शिखर सम्मेलन में शामिल हुए थे। उस समय वैश्विक कूटनीति की सभी औपचारिकताओं को पीछे छोड़ दिया था। आज एक बार फिर दोनों नेता एक साथ कार में नजर आए। पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन की इस भारत ...शेष पृष्ठ 14 पर

छत्तीसगढ़ में मिले छह और नक्सलियों के शव

बीजापुर (छत्तीसगढ़)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में बुधवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद बृहस्पतिवार सुबह तक छह अन्य नक्सलियों के शव बरामद किए गए। इलाके में अभियान अभी भी जारी है। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इसके साथ ही मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़कर 18 हो गई है। इस मुठभेड़ में राज्य पुलिस की इकाई जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के तीन जवानों की भी मृत्यु हुई है। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया कि करीब 12 घंटे तक रुक-रुक कर हुई गोलीबारी के बाद, बुधवार देर शाम तक 12 नक्सलियों के शव बरामद किए गए। सुंदरराज ने बताया कि इलाके में तलाश अभियान के दौरान बृहस्पतिवार सुबह तक छह और शव बरामद किए गए और इसके साथ ही मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की संख्या 18 हो गई। उन्होंने बताया कि इलाके में अभियान अब भी जारी है। सुंदरराज ने बताया कि अभियान में दंतेवाड़ा और बीजापुर के डीआरजी, एसटीएफ और सीआरपीएफ के कोबरा बटालियन के जवान शामिल हैं।

एसआईआर ड्यूटी में और कर्मचारी लगायें राज्य

सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को दिये निर्देश

एजेंसी



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मतदाता सूचियों के समयबद्ध विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में जुटे बूथ स्तरीय अधिकारियों पर कामकाज का अत्यंत दबाव होने के आरोपों से जुड़ी याचिका पर गौर करते हुए बृहस्पतिवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को और अधिक कर्मचारियों को तैनात करने का निर्देश दिया है ताकि बीएलओ के कामकाज के घंटो में कमी लाई जा सके।

शीर्ष अदालत अभिनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें निर्वाचन आयोग को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि समयबद्ध तरीके से ड्यूटी न निभाने के लिए बीएलओ के खिलाफ प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत कोई दंडात्मक कार्रवाई न की जाए। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने टीवीके की ओर से पेश वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन की दलीलों पर गौर किया कि कुछ निर्देश जारी किए जाने की आवश्यकता है क्योंकि चुनाव आयोग के अधिकारियों की ओर से दबाव डाले जाने के कारण कई बीएलओ की मौत हो चुकी है। अधिवक्ता शंकरनारायणन ने कहा कि इसके अलावा निर्वाचन आयोग के अधिकारी सौंपा गया कामकाज पूरा करने में विफल रहने पर बीएलओ के खिलाफ प्राथमिकियां भी दर्ज करा रहे हैं। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि राज्य सरकार काम का दबाव कम करने के लिए अतिरिक्त कर्मचारी तैनात करने पर विचार कर सकती है। पीठ ने कहा यदि वे सामान्य जिम्मेदारियों के साथ-साथ चुनाव आयोग द्वारा सौंपे गए अतिरिक्त कार्य के दौरान परेशानी का सामना कर रहे हैं, तो राज्य सरकार उनकी परेशानियां दूर कर सकती ...शेष पृष्ठ 14 पर

नोएडा : सौतेले पिता ने दो बच्चों को नाले में फेंका

नोएडा। नोएडा में एक सौतेले पिता को दो बच्चों को हत्या के इरादे से गहरे नाले में फेंकने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, नाले के पास से गुजर रहे दो युवकों ने बच्चों की रोने की आवाज सुनी और नाले में उतरकर उनकी जान बचा ली। यह घटना मंगलवार रात नोएडा के थाना सेक्टर-142 क्षेत्र में हुई। थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा के अनुसार, एक कंपनी में काम करने वाले सोमबीर सिंह और उनके साथी दीनबंधु रात करीब नौ बजे चौहान मार्केट तिराहे के पास से गुजर रहे थे। तभी एक सोसाइटी के पास नाले से बच्चों के जोर-जोर से रोने की आवाज सुनाई दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों ने जब नाले के पास जाकर देखा तो करीब ढाई वर्ष की एक लड़की और साढ़े तीन साल का एक ...शेष पृष्ठ 14 पर

राष्ट्रभक्ति, त्याग व समर्पण के प्रतीक थे पं राममनोहर शुक्ल

विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 लोगों को सीएम धामी ने किया सम्मानित

प्रमुख संवाददाता

रुद्रपुर (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं तराई क्षेत्र के संस्थापक पंडित राम सुमेर शुक्ल की 47वीं पुण्यतिथि पर रुद्रपुर राजकीय मेडिकल कॉलेज प्रांगण में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम स्व पंडित राम सुमेर शुक्ल की प्रतिमा पर जीवन परिचय पर आधारित शिलापट्ट का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 व्यक्तियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित राम सुमेर शुक्ल राष्ट्रभक्ति, त्याग और समर्पण के प्रतीक थे, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन देश, समाज और किसानों के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने बताया कि छात्र जीवन से ही पंडित जी की राष्ट्र सेवा की भावना अतुलनीय थी। वर्ष 1936 में मात्र 21 वर्ष की आयु में उन्होंने लाहौर अधिवेशन में मोहम्मद अली जिन्ना के द्विराष्ट्रवाद सिद्धांत का मुखर विरोध कर पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया। बाद में गांधी जी ...शेष पृष्ठ 14 पर

आज का मौसम

अधिकतम : 25.06 डिसे.

न्यूनतम : 10.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- एमएसएमई से दो करोड़ युवाओं को मिले रोजगार (पृष्ठ-02)
- मृदा परीक्षण से स्वस्थ रहेगा धरती का स्वास्थ्य (पृष्ठ-02)
- 19 पैसे मजबूत होकर 89.96 प्रति डॉलर पर बंद (पृष्ठ-14)
- भारत-कनाडा व्यापार समझौते पर करेगा बातचीत (पृष्ठ-14)
- सोना 600 गिरकर 1,31,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर (पृष्ठ-14)

विशेष खबर

लखनऊ कन्नौज, प्रयागराज, वाराणसी, मेरठ, अलीगढ़, गाजियाबाद, गोरखपुर, आगरा, सहारनपुर व मथुरा में हुई जांच

यूपी में अवैध अप्रवासियों के खिलाफ अभियान तेज

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अवैध रूप से रह रहे रोहिंज्ञा और बांग्लादेशी अप्रवासियों के खिलाफ राज्यव्यापी कार्रवाई के बीच, पुलिस और खुफिया इकाइयों ने बृहस्पतिवार को प्रमुख जिलों में गहन सत्यापन अभियान चलाया।

इस समन्वित अभियान के तहत, राज्य की राजधानी लखनऊ, कन्नौज, प्रयागराज, मेरठ, वाराणसी, अलीगढ़, गाजियाबाद, गोरखपुर, आगरा, सहारनपुर, मथुरा और कई अन्य जिलों में इसी तरह की जांच की जा रही है। मुख्यमंत्री ने नगर निकायों और पुलिस इकाइयों को अपने क्षेत्र में रहने वाले सभी संदिग्ध विदेशी नागरिकों की पहचान करने, उनके दस्तावेजों की जांच करने और वैध दस्तावेजों के अभाव वाले अप्रवासियों की जिला-वार सूची तैयार करने का निर्देश दिया है। अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने अधिकारियों को सरकारी भवनों और पुलिस केंद्रों की पहचान करने का निर्देश दिया है जिन्हें निर्वासन प्रक्रिया पूरी होने तक अस्थायी हिरासत केंद्रों में परिवर्तित किया जा सके। बागपत में, पुलिस अधीक्षक (एसपी) सूरज कुमार राय ने कहा कि स्थानीय थानों और खुफिया इकाइयों की मदद से संवेदनशील स्थानों की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया किरायेदारों, बाहरी लोगों और ऐसे लोगों की सूची तैयार की जा रही है जो वैध दस्तावेजों के बिना रह रहे हैं। अब तक किसी भी अवैध अप्रवासी की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन सतर्कता जारी है। मेरठ में, जिला प्रशासन ने संदिग्ध रोहिंज्ञा और बांग्लादेशी नागरिकों की जांच तेज कर दी है। जिलाधिकारी वीके सिंह ने बताया कि कार्वाई की निगरानी वरिष्ठ स्तर पर की जा रही है और यदि सरकार हमें हिरासत केंद्र स्थापित करने का निर्देश देती है, तो हम तुरंत ऐसे करेंगे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. विपिन ताडा ने कहा कि हाल में जिले में आने वाले लोगों की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा यदि कोई अवैध अप्रवासी पाया जाता है, तो सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डेटा एकत्र किया जा रहा है और जांच के लिए संबंधित राज्यों को भेजा जा रहा है। आगरा में, पुलिस और नगर निगम के अधिकारियों ने व्यापक ...शेष पृष्ठ 14 पर

पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाला एजेंट गिरफ्तार

एजेंसी

अहमदाबाद। गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने सैन्य प्रतिष्ठानों और कर्मियों के बारे में संवेदनशील जानकारियां पाकिस्तानी एजेंटों के साथ साझा करने के आरोप में एक सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी और एक महिला को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों को फंसानी वाली महिला को भी दबोचा

उन्होंने बताया कि आरोपी अजय कुमार सिंह को एक पाकिस्तानी खुफिया अधिकारी ने भारतीय सेना की रेजीमेंटों की गतिविधियोंआवागमन और प्रमुख सैन्य अधिकारियों के स्थानांतरण के बारे में जानकारी देने के लिए फुसलाया था, जबकि अन्य आरोपी रश्मणी पाल को कुछ व्यक्तियों को मोहपाश में फंसाने के लिए कहा गया था। एटीएस का कहना है कि बिहार के मूल निवासी सिंह (47) को गोवा में गिरफ्तार किया गया, जहां वह 2022 में सेवानिवृत्ति के बाद एक डिस्टिलरी में काम कर रहा था। मूल रूप से उत्तर प्रदेश की निवासी पाल (35) को केंद्र शासित प्रदेश दमन से पकड़ा गया, जहां वह ट्यूशन पढ़ाती थी। एजेंसी ने कहा कि अंकिता शर्मा के नाम से काम करने वाली पाकिस्तानी खुफिया अधिकारी सिंह के संपर्क में थी। एटीएस ...शेष पृष्ठ 14 पर

खेल सर्वांगीण विकास का माध्यम : मुख्यमंत्री

आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत का संकल्प पूरा करने में खेलों की अहम भूमिका है

विशेष संवाददाता (vol)

● मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयीय खेल प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया

लखनऊ/गोरखपुर। वीर बहादुर सिंह स्पोर्टस कालेज, गोरखपुर में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयीय खेल प्रतियोगिता- 2025 के (ग्रीको रोमन) कुश्ती के विजेताओं को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर उन्होंने 17 एवं 19 आयु वर्ग के विजेताओं को पदक व पुरस्कार देकर सम्मानित किया और प्रतियोगियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल-कूद, हमारे जीवन के सर्वांगीण विकास का माध्यम है और जिस तरह से विश्व खेल मानचित्र पर हमारे खिलाड़ी देश का मान बढ़ा रहे हैं ये हम सभी के लिए गौरव का विषय है।

इसी बात को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार ने प्रदेश में खेल सुविधाओं को कमिश्नरी से जनपद और जनपद से ब्लाक स्तर व प्रत्येक स्कूल-कॉलेजों में विकसित करने के जरूरी कदम उठाये हैं। साथ ही उन्होंने वर्ष 2030 में देश में आयोजित होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स की पदक तालिका में अपना नाम दर्ज करने के लिए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयीय खेल प्रतियोगिता- 2025 के अवसर पर विजेताओं को शुभकामानएं दी और कहा कि खेल कूद वर्तमान में समय बर्बाद करने का नहीं बल्कि जीवन का सर्वांगीण विकास करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि भारतीय मनीषा हमेशा से मानती रही है कि शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम अर्थात स्वस्थ्य शरीर से ही सभी धर्म पूरे किये जा सकते हैं। यही नहीं खेल कूद अपने अपने आप में विकास की एक नई धारा को प्रसारित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री जी ने आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत का जो संकल्प हम सबके सामने प्रस्तुत किया है, उसके लिए भारतवासियों, देश के नौजवानों का स्वस्थ्य होना बहुत जरूरी है। यह संभव होगा जब हम स्कूल-कॉलेजों में शिक्षा के साथ खेलों को भी समान रूप से महत्व देंगे। हमारी सरकार ने इस दिशा में कई जरूरी कदम उठाए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश में खेलों के विकास के लिए हर जनपद में एक स्टेडियम और हर ब्लॉक पर एक मिनी स्टेडियम का निर्माण करने का निर्णय लिया है। वर्तमान में 18 जनपदों के राजकीय कॉलेजों में मिनी स्टेडियम का निर्माण कराया जा रहा है, जिसके लिए प्रत्येक कॉलेज को लगभग 5 करोड़ रुपए उपलब्ध कराया जा रहा हैं।

इसी क्रम में गोरखपुर मंडल में गोरखपुर और महाराजगंज के राजकीय कॉलेजो में भी मिनी स्टेडियम का निर्माण हो रहा है। साथ ही स्कूल कॉलेज में खेलों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य प्रत्येक कॉलेज को 25000 रुपए, बेसिक शिक्षा और माध्यमिक विद्यालयों को ?5000 और जूनियर हाई स्कूल को 10000 रुपये प्रदान किया जा रहा है। हमारा बच्चा खेलेगा तभी तो खिलेगा और अपनी प्रतिभा का लाभ देश को दे पाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार के प्रयास से हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी के नाम से मेरठ में स्पोर्टस युनिवर्सिटी का निर्माण भी किया जा रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने खेल प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वर्ष 2030 में अहमदाबाद में कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन किया जा रहा है, जो खिलाड़ी आज अंडर 17 और 19 आयु वर्ग में खेल रहे हैं, उन्हें कॉमनवेल्थ गेम्स की पदक तालिका में अपना नाम दर्ज करना है। उन्होंने प्रतियोगिता के उपविजेताओं और हार गये प्रतिभागियों को निराश हुए बिना अपनी कमियों पर परिश्रम कर, दृढ़ संकल्प से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि हमारी सबसे पहली प्रतियोगिता स्वंय से होती है, जब हम आत्मबल और आत्मविश्वास के साथ किसी भी प्रतियोगिता में भाग लेते हैं तो विजय मिलना जरूरी है। इससे पहले उन्होंने राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के 17 व 19 आयुवर्ग की कुश्ती का फाइनल मैच भी देखा और विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किये।

सरकार की नीतियों से सुधरा भूजल स्तर

विशेष संवाददाता (vol)

● जालौन में पानी की उपलब्धता से कृषि चक्र हुआ स्थिर, घटा पलायन

लखनऊ। कभी सूखे खेतों और गहराते जल संकट के लिए पहचाने जाने वाला जालौन आज उत्तर प्रदेश में जल संरक्षण की एक मजबूत मिसाल बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नीतियों और निरंतर प्रयासों ने इस जिले की भाग्य रेखा को बदलने का काम किया है। जो जालौन कभी एक-एक बूंद के लिए संघर्ष करता था आज वहीं कई ब्लॉकों में भूजल स्तर 2 मीटर बढ़ा है और कहीं-कहीं तो अधिक सुधर चुका है। यह परिवर्तन एक दिन में नहीं आया। पिछले कुछ वर्षों में जिले में हजारों जल संरक्षण संरचनाएं बनी हैं।

चेक डैमों से लेकर पुनर्जीवित तालाबों तक खेतों में बनाए गए फार्म पॉन्ड्स तक इन सबने जालौन में जल पुनर्भरण के मजबूत ढांचे का निर्माण किया है। बारिश का पानी अब इकट्ठा होकर जमीन में जाने लगा है, इससे भूजल वाटर लगातार रिचार्ज हो रहा है। जालौन के कई हिस्सों में किसान आवश्यकता के समय सिंचाई के लिए भूजल नहीं प्राप्त कर पाते थे। लेकिन आज बेहतर वाटर टेबल की वजह से कई ब्लॉकों में ट्यूबवेल पंपिंग के घंटे 1 से 5 गुना तक बढ़ गए हैं। बिजली आपूर्ति में सुधार और भूजल स्तर बढ़ने से किसान अब 2 से 3 अतिरिक्त घंटे पानी निकाल पा रहे हैं। इससे सिंचाई लागत कम हुई है और कृषि चक्र स्थिर हुए हैं।

जालौन जिले के अंतर्गत गांव सैद नगर की निवासी महिला विद्या का कहना है कि योगी जी की सरकार ने पानी के मामले में अत्यंत सराहनीय काम किया है। खेती किसानी के लिए जहां सिंचाई व्यवस्था दुरुस्त हुई है वही हम महिलाओं को अब दूर से पानी लेने नहीं जाना पड़ता है। सरकार ने बहुत बड़ा काम किया है इसके लिए हम सभी सरकार के अत्यंत आभारी हैं। पानी की उपलब्धता ने कृषि को नई दिशा दी है। खरीफ में धान और बाजरा जैसे फसलों के क्षेत्रफल और पैदावार में तेज वृद्धि दर्ज की गई है जबकि रबी उत्पादन भी बेहतर हुआ है।

बुंदेलखंड पैकेज के तहत दालों और तिलहनी फसलों के उत्पादन में 20 से 30 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है जिससे किसानों को स्थिर और भरोसेमंद आय का स्रोत मिला है। कृषि से आगे बढ़कर सामाजिक स्तर पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव दिखाई दे रहा है। कभी बुंदेलखंड के अन्य इलाकों की तरह जालौन भी मौसमी पलायन की समस्या से जूझता था। पानी की उपलब्धता बढ़ने फसल स्थिर होने और अनिश्चितता घटने से अब पलायन में भारी कमी आई है। किसानों में यह विश्वास लौट आया है कि उनकी जमीन खरीफ और रबी दोनों मौसमों में उन्हें संभालेगी। इस सफलता में आम जनता की भागीदारी ने भी अहम भूमिका निभाई है। जल पंचायतों और पानी पाठशालाओं जैसे कार्यक्रमों ने स्थानीय स्वामित्व की भावना बढ़ाई है और जल संरक्षण को सरकारी योजना के बजाय सामुदायिक आंदोलन का रूप दिया है।

यह सामूहिक उपलब्धि राष्ट्रीय स्तर पर तब सम्मानित हुई जब जालौन को राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2024 में उत्तर क्षेत्र का सर्वश्रेष्ठ जिला चुना गया। कमी से समृद्धि की यात्रा में यह एक गौरवशाली उपलब्धि है। जालौन की यह कहानी बताती है कि लगातार नीति समुदाय की साझेदारी और दृढ़ संकल्पित शासन क्या बदलाव ला सकते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व और बुंदेलखंड क्षेत्र के लोगों के प्रति उनकी संवेदना ने जल क्रांति के मामले में ऐतिहासिक मिसाल कायम की है।

योगी सरकार ने जयप्रकाश सर्वोदय विद्यालय (स्वच्छकार) को दी नयी पहचान

● गरीब और वंचित वर्ग के बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का माध्यम बना सर्वोदय विद्यालय

लखनऊ/आगरा। योगी आदित्यनाथ सरकार उत्तर प्रदेश में सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण की अपनी नीतियों को शिक्षा और खेल के माध्यम से जमीन पर उतार रही है। इसी कड़ी में जनपद आगरा के बरौली अहीर ब्लॉक, इटौरा ग्राम पंचायत में स्थित जयप्रकाश सर्वोदय विद्यालय (स्वच्छकार) अब केवल एक स्कूल नहीं रहा, बल्कि वंचित और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए आशा की एक नई किरण बन गया है। यह विद्यालय छात्रों के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है। यह विद्यालय वर्तमान में 193 विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है।

विद्यालय में सरकार द्वारा मानक अनुरूप पोषण युक्त भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि बच्चे शारीरिक रूप से स्वस्थ रहें और पढ़ाई पर पूरा ध्यान केंद्रित कर सकें। साथ ही सीखने और खेलने के लिए आधुनिक उपकरण भी उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे छात्रों को अपने कौशल को निखारने का पूरा मौका मिल सके। योगी सरकार की प्रोत्साहन नीति के कारण, यह विद्यालय अब शिक्षा और खेल दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्टता का प्रतीक बन रहा है।

जयप्रकाश सर्वोदय विद्यालय के छात्रों ने पढ़ाई के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। यहां के दर्जनभर से अधिक विद्यार्थी क्रिकेट, योगा, पावर लिफ्टिंग, एथलेटिक्स और पंजा कुश्ती जैसे खेलों में प्रदेश, राष्ट्रीय और यहां तक कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। हाल ही में पावर लिफ्टिंग के क्षेत्र में सर्वोदय विद्यालय के गुरु-शिष्य की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण और रजत पदक प्राप्त कर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया।

एमएसएमई से दो करोड़ युवाओं को मिले रोजगार

विशेष संवाददाता (vol)

● बेरोजगारी दर 19 से घटकर 2.4 प्रतिशत, प्रदेश में नीति आधारित विकास मॉडल की सफलता का प्रमाण

लखनऊ। एमएसएमई सेक्टर उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनकर उभरा है। प्रदेश में इस समय 96 लाख से ज्यादा एमएसएमई इकाइयां संचालित हो रही हैं, जिनसे अब तक 2 करोड़ से अधिक रोजगार के अवसरों का सृजन हो चुका है। केवल पिछले एक वर्ष में ही इस क्षेत्र ने 18 लाख नए रोजगार उपलब्ध कराए हैं। यह सेक्टर सूक्ष्म और लघु उद्यमियों के लिए अवसरों का विशाल प्लेटफॉर्म बन गया है और जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सुदृढ़ आधार भी तैयार कर रहा है।

प्रदेश सरकार की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि बेरोजगारी दर में आई भारी गिरावट है। जहां एक समय प्रदेश की बेरोजगारी दर 19 प्रतिशत जैसे भारी-भरकम स्तर तक पहुंच गई थी, वहीं अब यह घटकर 2.4 प्रतिशत रह गई है। यह परिवर्तन न केवल आर्थिक मजबूती का संकेत है, बल्कि नीति आधारित विकास मॉडल की सफलता को दशार्ने का काम कर रही है।

पिछले आठ वर्षों में प्रदेश सरकार ने अपनी दूरदृष्टि और सशक्त नीतियों के माध्यम से प्रदेश की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को नई पहचान दी है। प्रदेश में रोजगार के अवसर तेजी से बढ़े हैं और युवाओं को प्रशिक्षण और उद्योगों के लिए प्रोत्साहन मिला है। विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। इन सबके साथ सामाजिक स्थिरता और ग्रामीण जीवन में सुधार की स्पष्ट झलक भी देखने को मिल रही है। यह सब कुछ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सशक्त नेतृत्व के कारण संभव हो रहा है। सरकार की ओर से बनाई गई रोजगार नीतियों, निवेश आकर्षित करने वाले उपायों और कौशल विकास कार्यक्रमों का सकारात्मक परिणाम पूरे प्रदेश में महसूस किया जा रहा है। प्रदेश सरकार की जीसीसी नीति 2025 ने रोजगार वृद्धि को नया आयाम दिया है। इस नीति के माध्यम से दो लाख से अधिक नई नौकरियां सृजित करने का लक्ष्य रखा गया है। वैश्विक कंपनियों के लिए प्रदेश में अनुकूल वातावरण तैयार करने का जो ठोस प्रयास किया जा रहा उससे युवाओं को तकनीकी और उच्चस्तरीय रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। इसके साथ ही यूपी रोजगार मिशन ने मात्र एक वर्ष में 1.25 लाख लोगों को रोजगार प्रदान कर राज्य में रोजगार सृजन की गति को और अधिक तेज किया है। कौशल विकास मिशन ने युवाओं की क्षमता को मार्केट डिमांड के अनुरूप ढालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मिशन के अंतर्गत 14 लाख युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया जिनमें से 5.66 लाख को प्रत्यक्ष रोजगार मिला है। इससे न केवल उद्योगों को स्किल्ड मैनपावर उपलब्ध हुआ बल्कि बड़ी संख्या में युवाओं को स्थानीय आजीविका के अवसर भी प्राप्त हुए हैं। महिला रोजगार में वृद्धि प्रदेश के सामाजिक परिवर्तन की सबसे प्रभावशाली उपलब्धियों में से एक है। आज औद्योगिक क्षेत्र में महिलाओं की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। रोजगार महाकुंभ 2025 जैसे बड़े आयोजन और विभिन्न वित्तीय योजनाओं ने युवाओं को न केवल रोजगार के अवसर दिए हैं बल्कि उन्हें न्यूनतम वेतन और सामाजिक सुरक्षा की भी गारंटी मिली है। उत्तर प्रदेश वर्ष 2047 के विकसित राज्य के लक्ष्य की ओर लगातार आगे बढ़ रहा है। रोजगार को विकास के मुख्य आधार के रूप में स्थापित करने की दिशा में उठाए जा रहे कदमों से आने वाले वर्षों में और भी बड़े परिवर्तन की राह खुलेगी।

लखनऊ, चित्रकूट समेत 16 आवासीय योजनाओं को शुरू करेगा आवास विकास

लखनऊ। उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद लखनऊ समेत प्रदेश के छोटे-बड़े शहरों में 16 आवासीय परियोजनाओं को लांच करने की तैयारी में है। इसमें प्रमुख रूप से लखनऊ की सौमित्र बिहार योजना को इसी महीने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जन्मदिन (सुशासन दिवस, 25 दिसंबर) पर लांच करने की तैयारी है। इसके अलावा अन्य शहरों में अगले दो वर्ष में 13045 एकड़ में 16 आवासीय योजनाओं को शुरू करने की कार्ययोजना पर काम हो रहा है। लखनऊ की नई जेल रोड सौमित्र विहार योजना की चार वर्ष से प्रक्रिया चल रही है, लैंड पूलिंग की पायलट योजना के लिए जमीन देने वाले किसानों की लाटरी हो चुकी है, अब उनको आवंटित भूखंड की रजिस्ट्री कराई जा रही। यह पूरा होते ही पंजीकरण खोला जाएगा। परिषद की निदेशक मंडल की बैठक दस दिसंबर को प्रस्तावित है, इसमें चित्रकूट सहित अन्य जिलों की योजनाओं पर मुहर लग सकती है। लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक प्रस्ताव तैयार हो रहे हैं, इसमें उन अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्यवाही करने का निर्णय भी हो सकता है, जिन पर गंभीर आरोप लगने पर जांच पूरी हो गई है। परिषद की पिछली बोर्ड बैठकों में कई आवासीय योजनाओं को लेकर मंजूरी ली जा चुकी है। अधिकांश में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है।

आवास विकास कार्यालयों में लेना मेला कल

लखनऊ। आवास विकास परिषद अपनी योजनाओं में छूट पर मिल रहे फ्लैटों को खरीदारों की सुविधा के लिए शनिवार को लखनऊ सहित प्रदेश भर के कई कार्यालयों में लोन मेला लगाने जा रहा है। आवास विकास परिषद इस समय फ्लैट खरीदारों को 15 प्रतिशत की छूट 60 दिन में पूरा पैसा जमा करने पर दे रहा है। यह विशेष योजना 30 अक्तूबर से चल रही है और 31 जनवरी तक चलेगी। छूट को देखते हुए काफी खरीददार भी आ रहे हैं। जिनकी सुविधा के लिए परिषद अब लोन मेला भी लगाने जा रहा है। जहां पर सभी प्रमुख बैंकों के स्टाल लगेंगे और वहां पर आवंटी आसानी से लोन करा सकेंगे। जिसमें आवास विकास परिषद भी सहयोगी भी करेगी। मौके पर ही आवंटी को लोन के लिए एनओसी भी प्रदान की जाएगी। आवास आयुक्त डा. बलकार सिंह ने बताया कि लोन मेला आवंटियों की सहूलियत के लिए लगाया जाएगा ताकि उनको किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिन जगहों पर लोन मेला लगेगा उनमें लखनऊ, गाजियाबाद, कानपुर, आगरा, मेरठ, सहारनपुर व मुरादाबाद शामिल है।

16 तक दावे और आपत्तियां की जायेगी दाखिल : नवदीप रिणवा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के खण्ड स्नातक के 05 निर्वाचन क्षेत्र यथा लखनऊ, वाराणसी, आगरा, मेरठ एवं इलाहाबाद-झांसी तथा खण्ड शिक्षक के 06 निर्वाचन क्षेत्र यथा लखनऊ, वाराणसी, आगरा, मेरठ, बरेली-मुरादाबाद एवं गोरखपुर-फैजाबाद की निर्वाचक नामावलियों की अर्हता तिथि 01 नवम्बर, 2025 के आधार पर आलेख्य प्रकाशन 02 दिसम्बर को किया जा चुका है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 02 दिसम्बर से 16 दिसम्बर 2025 निर्धारित है। अर्हता तिथि 01 नवम्बर, 2025 के आधार पर स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित कराने के लिए दावे प्ररूप 18 एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए प्ररूप 19 पर निर्धारित अवधि में दाखिल किये जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि निर्वाचक नामावली में सम्मिलित नामों पर आपत्ति के लिए प्ररूप 7 एवं संशोधन के लिए प्ररूप 8 निर्धारित है। प्राप्त दावे और आपत्तियों का निस्तारण 30 दिसम्बर, 2025 तक करते हुए निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 06 जनवरी, 2026 को किया जायेगा।

जहरीले कफ सिरप को लेकर केंद्र सरकार कड़े कदम उठाये : अखिलेश यादव

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा है कि नशीले कफ सिरफ का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। कोडीन युक्त कफ सिरफ के सिंडीकेट ने न केवल प्रदेश के विभिन्न जिलों अपितु बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, झारखंड, पश्चिम बंगाल से आगे नेपाल, बंगलादेश और दक्षिण अफ्रीका तक तस्करी का धंधा फैला रखा था। इस प्रतिबंधित नशीले सिरप ने तमाम मासूमों की जान ले ली। मुख्यमंत्री के खासमखास कई लोग, कई अधिकारी भी इस मामले में शामिल बताए जाते हैं। प्रदेश में एक जिला एक माफिया का काला कारोबार खूब चल रहा है। यही नहीं, प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र से भी यह मामला जुड़ा है। वहां 38 मुकदमें अब तक दर्ज हो चुके है। जहरीले कफ सिरप धंधे से जुड़े स्थानीय माफियाओं का नाम सामने आ रहा है। प्रधानमंत्री को भी इसका संज्ञान लेना चाहिए और केन्द्र सरकार को कड़े कदम उठाने चाहिए।

वाराणसी में सेंट्रल बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजा आनंद ज्योति सिहं की एक वर्ष पूर्व इसी कफ सिरप को पीने से मौत हो गई थी। उनकी पत्नी भारती सिंह ने शिकायत की पर पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। वहां एक जाति विशेष के माफिया वहां कालाधंध कर रहे हैं। उन्होंने कई करोड़ रूपयो की काली कमाई की है। अपने पैसो की कमाई के आगे माफियाओं में कोई मानवीय संवेदना नहीं बची है। जीरो टॉलरेंस और बुलडोजर का कहीं अतापता नहीं है। प्रतिबंधित सिरफ का धंधा पूर्वांचल में वाराणसी, जौनपुर, चंदौली, भदोही, गाजीपुर, आजमगढ़ में बड़ों की शह पर फलफूल रहा था।

कोडीन सिरप कांड में अब ईडी की इंट्री से स्पष्ट है कि मामले में देश के दूसरे नम्बर के कद्दावर सत्ताधारी की नजरें जमी हुई है। यह चर्चा आम है कि वाराणसी के पड़ोसी जिले के बाहुबली को वह पसंद नहीं करते इसलिए उनका नाम आते ही केंद्रीय सत्ता के दूसरे सबसे ताकतवर नेता ने अपनी निगाहें जमा दी हैं। अभी तक की पड़ताल में जो बातें छनकर आ रही हैं उसमे यह है कि बाहुबली के एक धंधे में कोडीन धंधे का सरगना शुभम उनके रिश्तेदारों के साथ साझेदारी में था और 84 करोड़ रुपये लगाया है। उन्हें महंगी गाड़ियां गिफ्ट किया है। यही नहीं एक और बात छनकर आई है कि वाराणसी के एक बाहुबली का एक शागिर्द भी एक धंधे के नाम करोड़ो लेकर बैठ गया है। शुभम के धंधे में उसे प्रोटेक्शन देने के नाम पर सत्ताधारी उससे महंगे गिफ्ट और लाखों महीना लेते थे।

मृदा परीक्षण से स्वस्थ रहेगा धरती का स्वास्थ्य : शाही

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। 5 दिसंबर को आयोजित किए जाने वाले विश्व मृदा दिवस के अवसर पर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किसानों से अपील की है कि वे अपने खेतों की मिट्टी का स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से मृदा जांच अवश्य कराएं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ मृदा मानव स्वास्थ्य, प्रकृति और पर्यावरण के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह हमारे भोजन की गुणवत्ता निर्धारित करती है और पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मिट्टी की जांच से हमें पता चलता है कि कौन से पोषक तत्व आवश्यक हैं, जिससे किसान अंधाधुंध उर्वरक के प्रयोग से बच सकते हैं। मृदा स्वास्थ्य को बचाए रखने के लिए हमें संतुलित मात्रा में खाद और उर्वरकों का उपयोग करना चाहिए और फसल चक्र अपनाना चाहिए। यह सावधानियां भविष्य में न केवल उत्पादन की लागत को कम करेंगी बल्कि जमीन की उर्वरता को भी लंबे समय तक सुरक्षित रखेंगी, जिससे आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ और उपजाऊ भूमि मिल सकेगी। विश्व मृदा दिवस के अवसर पर प्रदेश भर में मृदा स्वास्थ्य स्तर में सुधार लाने के विषय पर कृषक वैज्ञानिक संवाद एवं राज्य स्तरीय कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के तहत मृदा के स्वास्थ्य स्तर विषय पर एक संगोष्ठी की जाएगी। साथ ही, फसलों में समेकित पोषक तत्वों के प्रयोग के महत्व विषय पर कृषकों से संवाद किया जाएगा, और मृदा उर्वरता स्तर बनाए रखने हेतु मॉडल विकसित कराए जाएंगे।

कार्यक्रम के दौरान, प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों तथा सम्बद्ध विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा वर्तमान मृदा स्वास्थ्य की स्थिति तथा सुधार विषय पर प्रस्तुति की जाएगी। व्यापक जागरूकता के लिए, जनपद से सम्बन्धित समस्त कृषि विज्ञान केंद्रों पर क्षेत्रीय कृषकों को आमंत्रित करके प्रशिक्षित एवं जागरूक कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त, मृदा परीक्षण के सजीव प्रदर्शन के लिए विभिन्न स्टॉलों के माध्यम से भी जागरूकता कार्यक्रम कराया जाएगा।

इस कार्यक्रम के व्यापक आयोजन के लिए कृषि विभाग द्वारा प्रदेश भर के 89 कृषि विज्ञान केंद्रों, सभी कृषि विश्वविद्यालयों तथा कृषि प्रक्षेत्रों पर किसानों के साथ संवाद स्थापित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। कृषि निदेशालय, लखनऊ के ऑडोटोरियम में मृदा स्वास्थ्य एवं प्रबंधन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। समस्त कृषि विश्वविद्यालयों एवं सम्बद्ध कृषि विज्ञान केन्द्रों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। समस्त राजकीय कृषि प्रक्षेत्रों पर अपर कृषि निदेशक (बीज एवं प्रक्षेत्र) के माध्यम से कार्यक्रम के आयोजन के लिए समस्त जिला कृषि अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इसके अलावा, समस्त जनपदों पर उप कृषि निदेशक एवं जनपदीय मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं के माध्यम से भी कार्यक्रम आयोजन के लिए निर्देशित किया गया है।

मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा, संभल में धार्मिक पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

26.11 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात, पर्यटन मंत्री ने किया लोकार्पण और शिलान्यास

विशेष संवाददाता (vol)

● सम्भल में सबसे अधिक 6.05 करोड़ का शिलान्यास, मुरादाबाद में 4.73 करोड़ के लोकार्पण

बरेली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने और नये रोजगार विकसित करने के उद्देश्य से मुरादाबाद मंडल में गुरुवार और शुक्रवार को भव्य कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की मौजूदगी में मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा और सम्भल जनपदों में कुल 26 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया जाएगा। इन परियोजनाओं पर योगी सरकार 26.11 करोड़ रुपये खर्च कर रही है। चारों जिलों में धार्मिक स्थलों के व्यापक विकास, आधुनिक सुविधाओं और सौंदर्यीकरण से न केवल श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिलेगी बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार व पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उपनिदेशक पर्यटन बरेली रविंद्र कुमार ने बताया कि इन परियोजनाओं से स्थानीय स्तर पर रोजगार, हस्तशिल्प, परिवहन और होटल उद्योग को नई ऊर्जा मिलेगी। योगी सरकार धार्मिक आध्यात्मिक विरासत को सहेजने के साथ-साथ आधुनिक सुविधाओं से जोड़ते हुए नए पर्यटन मॉडल को गति दे रही है। चारों जिलों में होने वाले कार्यक्रम इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माने जा रहे हैं।

अमरोहा में 4.62 करोड़ के लोकार्पण, 1.39 करोड़ के शिलान्यास : अमरोहा में वर्ष 2023-24 के तहत 4 परियोजनाओं के लोकार्पण में 4.62 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। इनमें धनौरा, हसनपुर, नौगवां सादात और अमरोहा सदर क्षेत्र के प्राचीन शिव एवं वासुदेव मंदिरों पर मल्टीपरपज सेंटर, यात्री हाल, टॉयलेट ब्लॉक, प्रकाश व्यवस्था और सौंदर्यीकरण का कार्य शामिल है। वहीं 1.39 करोड़ की 2 नई परियोजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा। इसके अलावा वासुदेव मंदिर पर 4.59 करोड़ की पूर्व परियोजना पूरी हो चुकी है। आगे 2025-26 के लिए 3.17 करोड़ की 4 नई परियोजनाओं का प्रस्ताव भी भेजा गया है।

मुरादाबाद में लोकार्पण में 4.72 करोड़, कई बड़े मंदिरों का कायाकल्प : मुरादाबाद में 2023-24 की 4 परियोजनाओं का लोकार्पण 4.72 करोड़ रुपये की लागत से होगा। इनमें कामेश्वर महादेव, पौड़ाखेड़ा मंदिर, रतुपुरा शिव मंदिर और हनुमान समाधि आश्रम में आधुनिक सुविधाएं विकसित की गई हैं। वर्ष 2025-26 में 3 परियोजनाओं के शिलान्यास हेतु 3.33 करोड़ स्वीकृत हैं, जिनमें कुंदरकी महादेव मंदिर, द्वारिकाधीश मंदिर और विश्नोई मंदिर शामिल हैं। चंद्रदेव महाराज मंदिर और गायत्री नगर के शिव मंदिर की परियोजनाएं भी तेजी से आगे बढ़ रही हैं।

रामपुर में 3.31 करोड़ के कार्य पूर्ण, 98 लाख की नई परियोजना : रामपुर में 2023-24 की 3 परियोजनाओं के लोकार्पण में 3.31 करोड़ खर्च किए गए हैं। नवाबगंज, मदारपुर और रूपापुर के प्राचीन शिव मंदिरों का विकास पूर्ण हो चुका है। वहीं 2024-25 में 98 लाख की नई परियोजना का शिलान्यास होगा। इसके साथ ही 2025-26 के लिए 4.56 करोड़ की 4 नई योजनाओं का प्रस्ताव भेजा जा चुका है।

सम्भल में 3.37 करोड़ का लोकार्पण, 6.05 करोड़ की सबसे बड़ी सौगात : सम्भल जिले में 2023-24 की 3 परियोजनाओं का लोकार्पण 3.37 करोड़ रुपये से किया गया है। इनमें कल्कि मंदिर परिसर, हरिबाबा धाम आश्रम और कैलादेवी मंदिर का समग्र विकास शामिल है। साल 2025-26 में जिले को सबसे बड़ी सौगात 6.05 करोड़ की 3 मेगा परियोजनाओं कुरुक्षेत्र तीर्थ, नैमिषारण्य तथा मनोकामना तीर्थ के विकास कार्यों के रूप में मिलेगी। इसके पहले जिले में सूर्यकुंड, चंद्रेश्वर महादेव और अन्य प्रमुख मंदिरों पर 4.11 करोड़ की योजनाएं पूरी हो चुकी हैं। दो नई परियोजनाओं के लिए 1.83 करोड़ का प्रस्ताव भी भेजा गया है।

लाखों मतदाताओं के नाम डिलीट किये जाने की हो रही तैयारी : सपा

सपा प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जांच किये जाने की उठायी मांग

लखनऊ। सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर मांग की है कि उत्तर प्रदेश में 403 विधान सभा में 1 लाख, 62 हजार, 486 मतदेय स्थलों में 15 करोड़, 44 लाख, 092 मतदाताओं में से प्रत्येक जनपद में लाखो मतदाताओं को अनुपस्थित, शिफ्टेड, डुप्लीकेट और मृतक श्रेणी में डाल कर बडी संख्या में मतदाताओं का नाम डिलीट किये जाने की तैयारी हो रही है, बीएलओ द्वारा पिछड़ों, अति पिछड़ो, मुस्लिम और दलित बाहुल्य आबादी व बस्तियों में गणना प्रपत्र का शत-प्रतिशत वितरण एवं संग्रह नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण मतदाताओं के गणना प्रपत्र को अनुपस्थित, शिफ्टेड, डुप्लीकेट और मृतक श्रेणी में भर कर बीएलओ द्वारा जमा किया जा रहा है, 16 दिसम्बर को प्रकाशित मतदाता सूची (ड्राफ्ट रोल) में ऐसे सभी नाम डिलीट रहेगें, पुनः जांच करवा कर नियमानुसार गणना प्रपत्र में संशोधन एवं परिवर्तन किया जाये, जिससे एसआईआर प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से सम्प

बांग्लादेशियों को ढूंढने महापौर ने बस्ती में छापा मारा

दस्तावेज न दिखाने पर 15 दिन में शहर छोड़ने का अल्टीमेटम

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों और रोहिंग्या की पहचान को लेकर गुरुवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने शंकरपुरवा वार्ड की बहादुरपुर बस्ती में छापा मारा। नगर निगम अफसरों व ईटीएफ की टीम के साथ महापौर बस्ती में पहुंचीं तो वहां रहने वाले कई संदिग्ध बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या युवक मौके से भागते नजर आए, जबकि कई महिलाएं अपनी झोपड़ियों में छिपने लगीं।

महापौर ने सभी से आधार कार्ड, एनआरसी प्रमाण पत्र और अन्य वैध दस्तावेज मांगे, लेकिन संदिग्ध बांग्लादेशी और रोहिंग्या कोई भी पहचान पत्र नहीं दिखा सके। इस पर महापौर ने कड़ा रुख अपनाते हुए तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए। जो पहचान का प्रमाण नहीं दिखा पाए उनको महापौर ने 15 दिन का अल्टीमेटम शहर छोड़ने के लिए दिया है।

बुधवार सुबह जैसे ही महापौर का काफिला क्षेत्र में पहुंचा। वहां रहने वाले कई बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या युवक मौके से भागते नजर आए जबकि कई महिलाएं अपनी झोपड़ियों में छिपने लगीं।

महापौर ने सभी से आधार कार्ड, एनआरसी प्रमाण पत्र और अन्य वैध दस्तावेज मांगे गए लेकिन अधिकांश कोई भी पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर सके। इस पर महापौर ने कड़ा रुख अपनाते हुए तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए। इस पर महापौर ने वहां मौजूद अवैध बांग्लादेशियों एवं रोहिंग्या से सख्त लहजे में कहा कि उन्हें केवल 15 दिन का समय दिया जा रहा है।

इस अवधि में यदि वह वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करते हैं तो उन्हें क्षेत्र पूरी तरह खाली करना होगा। महापौर ने कहा कि शहर में बिना पहचान और बिना अनुमति किसी भी विदेशी को रहने नहीं दिया जाएगा। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आने वाले 15 दिनों तक क्षेत्र में विशेष निगरानी रखी जाए। समय-समय पर जांच अभियान चलाया जाए ताकि अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्या दोबारा यहां बसने न पाएं। महापौर ने कहा कि अवैध बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

गाड़ियां और ठेलिया की गयीं जब्त

जांच के दौरान वहां खड़ी अवैध 50 ठेलिया को मौके पर ही जब्त कर लिया गया। महापौर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इन सभी वाहनों को तत्काल कब्जे में लेकर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही दो टाटा मैजिक वाहन जिनका उपयोग अवैध रूप से कूड़ा ढोने में किया जा रहा था उन्हें भी जब्त किया गया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने अधिकारियों को आदेश दिया कि इन वाहनों पर भारी जुमार्ना लगाया जाए और इस प्रकार की गतिविधियों को रोकने के लिए नियमित निगरानी रखी जाए।

अवैध बिजली कनेक्शन काटने का निर्देश

महापौर ने मौके पर ही बिजली विभाग के एसडीओ को भी बुलाया और क्षेत्र में लगे सभी अवैध बिजली कनेक्शनों को तत्काल काटने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बिना किसी वैध अनुमति के बिजली का उपयोग गंभीर अपराध है और यह सुरक्षा के लिए भी खतरा है।

छोटे भूखंडों के अवैध कब्जेदारों को नियमित करेगा एलडीए

लखनऊ विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक आज, 44 प्रस्तावों पर लगेगी मुहर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कानपुर रोड, मानसरोवर, शारदा नगर, जानकीपुरम, जानकीपुरम विस्तार, सीतापुर रोड, गोमती नगर योजना इत्यादि योजनाओं मे प्राधिकरण के ई.डब्ल्यू.एस. टाइप (एस.एस. प्रकार) के भूखण्डों मे अवैध रूप से रह रहे व्यक्तियों को वर्तमान मूल्य के आधार पर धनराशि लेकर नियमित किया जाएगा। परमवीर चक्र, महावीर चक्र, वीर चक्र, अशोक चक्र, कीर्ति चक्र एवं शौर्य चक्र प्राप्त सैनिकों/अधिकारियों को फ्लैटों के आवंटन मूल्य अथवा जमा मूल धनराशि पर छूट प्रदान की जाएगी। उक्त के अलावा नैमिष नगर आवासीय योजना के ले-आउट प्लान, आगरा एक्सप्रेस-वे एवं मोहान रोड के मध्य स्थित भूमि पर प्रस्तावित वरूण विहार, किसान पथ एवं जेल रोड पर प्रस्तावित आई.टी. सिटी आवासीय योजना व सुल्तानपुर रोड एवं किसान पथ के समीप प्रस्तावित वेलनेस सिटी योजना के तलपट मानचित्र को मंजूरी के लिए बोर्ड बैठक में प्रस्ताव शामिल गया है। इससे सम्बंधित प्रस्ताव समेत 45 से अधिक प्रस्तावों को मंजूरी के लिए शुक्रवार को होने वाली एलडीए बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। कमिश्नर व अध्यक्ष एलडीए की अध्यक्षता में प्राधिकरण के पारिजात सभागार में सुबह ग्यारह बजे बैठक होगी।

मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के अन्तर्गत नैमिष नगर आवासीय योजना के अन्तर्गत छूटे हुए खसरा संख्याओं की भूमि को आपसी सहमति से क्रय किये जाने, शारदा नगर विस्तार योजना, रायबरेली रोड के तलपट मानचित्र को संशोधित किये जाने, सेक्टर-जे, बसंतकुंज योजना के तलपट मानचित्र के संशोधन, सरसवां, गोमती नगर विस्तार, सेक्टर-7 नियर पुलिस मुख्यालय, लखनऊ में लखनऊ विकास प्राधिकरण की अर्जित भूमि का नियोजन किये जाने का प्रस्ताव पास किया जाएगा। यहां एलडीए बहुमंजिला आवासीय योजना विकसित करेगा। इसके साथ ही बसन्तकुंज योजना के अन्तर्गत गऊघाट योजना के तलपट मानचित्र के संशोधन, गोमती नगर योजना के अन्तर्गत विराज खण्ड-1 के स्वीकृत, नियोजित पार्ट तलपट मानचित्र के संशोधन, मे. एडमायर इन्फ्राबेन्चर्स प्रा०लि० (मिग्सन ग्रुप) के ग्राम-हसनपुर खेवली, तहसील - सरोजनीनगर के ग्राम समाज भूमि को पुनर्ग्रहण की अनुमति दिये जाने का प्रस्ताव भी एजेंडे में शामिल है। इसके अलावा लखनऊ विकास प्राधिकरण अपनी योजनाओं में पहले आओ पहले पाओ योजना के अन्तर्गत खाली फ्लैटों की बुकिंग व विशेष छूट की सुविधा को एक साल तक और बढ़ाने जा रहा है। नवरात्रि, दशहरा एवं दिवाली पर में विभिन्न योजनाओं में यह ऑफर 22 सितम्बर, 2025 से 22 अक्टूबर, 2025 शुरू किया गया था।

विशेष सुख-सुविधा परियोजना में अधिसूचित होगी मेट्रो परियोजना

लखनऊ मेट्रो परियोजनाओं को विशेष सुख-सुविधा परियोजना में अधिसूचित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने राजधानी लखनऊ सहित कानपुर और आगरा में संचालित मेट्रो परियोजनाओं को विशेष सुविधा परियोजना घोषित करते हुए संबंधित विकास प्राधिकरणों से विशेष सुख-सुविधा शुल्क उपलब्ध कराने की मांग के लिए शासन को पत्र लिखा था। इससे मेट्रो की वित्तीय स्थिति में सुधार होगी। यूपीएमआरसी के अनुसार मेट्रो परियोजनाएं अत्यधिक लागत वाली और आमजन की सुविधा बढ़ाने वाली हैं, जिन्हें राज्य सरकार पहले ही विशेष सुविधा परियोजना के रूप में अधिसूचित कर चुकी है। उत्तर प्रदेश सरकार ने नगर योजनाओं में 25 प्रतिशत तक अतिरिक्त विशेष सुख-सुविधा शुल्क वसूले जाने का शासनादेश जारी किया था। यह शुल्क केवल उन्हीं विशेष सुविधाओं के लिए खर्च किया जाएगा, जिनके लिए शुल्क वसूला गया है, जैसे मेट्रो, स्मार्ट ढांचा, परिवहन आदि।

बसंतकुंज में भूखंड मिल सकेंगे

बसन्तकुन्ज योजना में आवंटित भूखण्डों के स्थान पर वर्ष 2019 में स्वीकृत ले-आउट प्लान के अनुसार नए भूखंड शुरू करने, हाईटेक टाउनशिप परियोजना अंसल गोल्फ सिटी के अन्तर्गत ग्रामीण आबादी की भूमि पर मानचित्र स्वीकृति की अनुमति मिल सकेगी। उ०प्र० टाउनशिप नीति 2023 के अन्तर्गत लाइसेंस प्राप्त विकासकताओं की विभिन्न परियोजनाओं के डी.पी.आर. की स्वीकृति दी जाएगी। ग्रीन कारीडोर परियोजना के लिए टी.डी.आर. उपविधि-2022 के अनुसार सेंडिंग एवं रिसीविंग जोन्स के चिन्हीकरण, उप्र. विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियां-2025 में किये गये 14 संशोधन को अंगीकृत किये जाने, सीजी सिटी योजना में सीएसआई टावर्स तृतीय के हस्तांतरण का प्रस्ताव भी एजेंडे में शामिल है।

यह प्रस्ताव भी एजेंडे में शामिल : एलडीए की ओर से कराये जा रहे निर्माण, विकास कार्यों के लिए आउटसोर्सिंग के आधार पर आपूर्ति प्राप्त किये जा रहे अवर अभियन्ता (सिविल) की समयावधि विस्तार व 10 अवर अभियन्ता (सिविल) की आपूर्ति जैम पोर्टल के माध्यम से प्राप्त किये जाने, आरडीएसओ परिसर में अनाधिकृत रूप से निवास कर रहे निवासियों को विस्थापित किया जाएगा।

व्यवसायिक सम्पत्तियां पुनर्जीवित होंगी : अपार्टमेन्ट में अनुरक्षण शुल्क के निर्धारण, यवसायिक एवं अन्य सम्पत्तियों के आरक्षित दरों में मूल्य निर्धारण, व्यवसायिक सम्पत्तियों के पुनर्जीवन एवं समय विस्तार पर लगे रोक को हटाने, पॉलीटेक्निक चौराहे के निकट व्यवसायिक भूखण्ड पर सहारा बाजार की लीज डीड को निरस्त कर आवंटित दुकानों के दुकानदारों को विनय खण्ड, गोमती नगर योजना स्थित व्यवसायिक काम्प्लेक्स में प्रथम तल पर स्थित दुकानें आवंटित किये जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी जाएगी।

किराये की सम्पत्तियां में दंड ब्याज की दरों में होगा संशोधन : अमर शहीद पथ गोमती नगर विस्तार योजना के अन्तर्गत अधिग्रहीत ग्राम मखदूमपुर की खसरा संख्या-242 से आच्छादित भूमि, ग्राम-उजरियांव की अर्जित भूमि के नियमितीकरण, ग्राम भदरूख की 3890 वर्गमीटर समायोजित भूमि, ग्राम-मलेसेमऊ की 6070 वर्गमीटर भूमि को सर्किल रेट के आधार पर विनियमित/आवंटित किये जाने, नैमिष नगर आवासीय योजना की कनेक्टिविटी रोड व एस.टी.पी. के लिए सहमति से भूमि अधिग्रहण करने, विश्वास खण्ड-3 में निर्मित व्यवसायिक काम्प्लेक्स में निबंधन एवं आयुक्त स्टाम्प शिविर कार्यालय के लिए आवंटित विक्रय विलेख पंजीकृत किये जाने, पूर्व में किराये पर उठायी गयी किराये की सम्पत्तियां में दंड ब्याज की दरों में संशोधन, संस्कृति स्कूल के खर्चों का प्रस्ताव भी पास होगा।

आउटसोर्सिंग पर रखे जाएंगे राजस्व सेवा के कर्मी : लखनऊ विकास प्राधिकरण में अवैध निर्माण/ ध्वस्तीकरण व सीलिंग के लिए पूर्व में तैनात सेवानिवृत्त सैनिक 27 सुरक्षाकर्मियों (सुपरवाइजर सहित) के अतिरिक्त सुपरवाइजर-03 तथा सुरक्षा गार्ड-12 सहित कुल 15 सुरक्षाकर्मी को सम्बद्ध किये जाने, प्रवर्तन दल में तैनात सेवानिवृत्त पूर्व 44 सैनिक कल्याण निगम लि. के कार्मिकों की आयु 60 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष किये जाने तथा प्राधिकरण में राजस्व सेवा के सेवानिवृत्त कर्मचारी/अधिकारियों को आउटसोर्सिंग पर रखे जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी जाएगी।

सर्राफा व्यापारियों ने सीखें जेम्स एंड ज्वैलरी के आयात निर्यात किए जाने के तरीके

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भारत के जेम्स और ज्वेलरी सेक्टर को रिप्रेजेंट करने वाली सबसे बड़ी ट्रेड बॉडी द जेम्स एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल एवं उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल, लखनऊ सर्राफा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में राजधानी के सर्राफा व्यापारियों को मजबूत करने तथा उन्हें गोल्ड एंड सिल्वर ज्वेलरी को इंपोर्ट एक्सपोर्ट करने के व्यापार की जानकारी देने के लिए देर शाम होटल रीजेंटा सेंट्रल में ज्वैलर्स सेमिनार का आयोजन हुआ।

ज्वेलर्स सेमिनार में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे तथा बड़ी संख्या में राजधानी के प्रमुख सर्राफा व्यापारियों ने हिस्सा लिया। सेमिनार में राजधानी के सर्राफा व्यापारियों ने गोल्ड एवं सिल्वर ज्वेलरी को एक्सपोर्ट एवं इम्पोर्ट करने के तरीकों की जानकारी प्राप्त की।

व्यापार विशेषज्ञों ने बताया जेम्स और ज्वेलरी इंडस्ट्री भारत की 7% से ज्यादा और देश के कुल मर्चेंडाइज एक्सपोर्ट में लगभग 16% का योगदान देती है, और यह तीसरी सबसे बड़ी एक्सपोर्ट कमोडिटी है। इस ज्वेलर्स सेमिनार में ज्वैलर्स, बुलियन ट्रेडर्स और ळफ्द्द होल्डर्स ने हिस्सा लिया, जिसमें बुलियन प्रोक्योरमेंट के बदलते माहौल, इम्पोर्ट प्रोसेस और क्कह्र के जरिए सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव को कम करने की स्ट्रेटेजी पर खास चर्चा हुई।

प्रदेश अध्यक्ष गुप्ता ने कहा उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल सर्राफा व्यापारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेगा उन्होंने सर्राफा व्यापारियों को जागरूक करते हुए कहा सर्राफा व्यापारियों को अपने व्यापार में नवीन शैली अपनानी होगी तथा बड़ी घरेलू कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करने के लिए स्वयं को उत्साह के साथ तैयार करना होगा, नए नियम कानूनों की जानकारी रखनी होगी तथा बदलती हुई बाजार की आवश्यकताओं के अनुसार अपने उत्पाद को डिजाइन करना चाहिए।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने दोहरायी स्मार्ट क्लासरूम की प्रतिबद्धता

विशेष संवाददाता (vol)

- विधायक राजेश्वर ने फॉर्म-फिलिंग सहायता और ग्राउंड मॉनिटरिंग पर दिए निर्देश
- डॉ. राजेश्वर सिंह ने सुनीं क्षेत्रवासियों की समस्यायें, दिए त्वरित समाधान के निर्देश

लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने वृहस्पतिवार को पराग चौराहा, आशियाना स्थित अपने कार्यालय पर क्षेत्रवासियों के साथ विस्तृत जन-संवाद किया। इस संवाद में क्षेत्रवासियों ने अपनी अपेक्षाओं, समस्याओं और विकास संबंधी सुझावों को खुलकर रखा। विधायक ने सभी प्रत्येक मुद्दों पर गंभीरता से विचार करते हुए संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई एवं समाधानोन्मुख कार्यवाही के निर्देश दिए।

जनसंवाद के दौरान विधायक ने 5 मेधावियों को लैपटॉप तथा 10 मेधावियों को साइकिल देकर सम्मानित करने की घोषणा की, साथ ही पार्कों में नए ओपेन एयर जिम आदि की स्थापना की स्वीकृति प्रदान की। गौरतलब है सरोजनीनगर में विधायक डॉ. सिंह द्वारा 1700 मेधावियों को लैपटॉप तथा साइकिल प्रदान कर सम्मानित किया जा चुका है।

महिलाओं को रोजगार-स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 162 ताराशक्ति केंद्र, युवाओं को निःशुल्क डिजिटल स्किल्स का प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 14 रण बहादुर सिंह डिजिटल शिक्षा एवं सशक्तिकरण केंद्र, 95 पार्कों में ओपेन एयर जिम, 85 स्कूलों में झूले और करीब 65 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास तथा डिजिटल लाइब्रेरी और 42 आरडब्लूए में पुस्तकालय स्थापित कराये गए है। इस दौरान विधायक ने फ्लैगशिप योजनाओं का दायरा बढ़ाने में तेजी लाने के निर्देश भी दिए।

डिजिटल शिक्षा के प्रोत्साहन के क्रम में विधायक राजेश्वर सिंह ने पुनः संकल्प व्यक्त किया कि सरोजनीनगर में जिन भी विद्यालयों के प्रबंधक / प्रधानाचार्य अपने संस्थान को स्मार्ट क्लास के साथ अपग्रेड करना चाहते हैं, वे निःसंकोच हमारे कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

जान संवाद के दौरान डॉ. सिंह ने पार्टी पदाधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और मंडल प्रभारियों के साथ संवाद कर एसआईआर कार्य में तेजी लाने पर भी चर्चा की। गौरतलब है कि विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा अपने कार्यालय पर एसआईआर हेल्प डेस्क की स्थापना की गयी है, विधायक की टीम पार्टी पदाधिकारियों, बीएलए-2, बीएलओ, स्थानीय निवासियों आदि के साथ लगातार संपर्क स्थापित कर फॉर्म भरने में सहायता प्रदान कर रही है।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि, सरोजनीनगर परिवार का स्नेह, विश्वास और निरंतर सहयोग ही मेरी जनसेवाझयात्रा की सबसे बड़ी शक्ति है। जनभागीदारी के साथ सरोजनीनगर को एक उत्कृष्ट मॉडल विधानसभा के रूप में विकसित करना हमारा साझा संकल्प है। जन-संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे और सबने विधायक की तत्परता एवं संवेदनशीलता की सराहना की।

ललितपुर फार्मा पार्क को तय समय में पूरा करें : मुख्य सचिव

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्य सचिव एस.पी. गोयल की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग ग्रुप (पीएमजी) की बैठक में बुन्देलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) क्षेत्र की महायोजना-2045 तथा ललितपुर में प्रस्तावित फार्मा पार्क, यूपीडा की परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने परियोजनाओं को औद्योगिक विकास के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण बताते हुए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय बनाकर तेज गति से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने तथा कार्यों में आ रही बाधाओं को तत्काल दूर करने को कहा।

इससे पहले बैठक में बताया गया कि बीडा की महायोजना-2045 के लिए कुल 8349 एकड़ भूमि अर्जन के लिए दिसम्बर 2025 से मार्च 2026 तक का माहवार लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। आसामी पट्टा भूमि के त्वरित क्रय हेतु मा0 मंत्रिपरिषद के अनुमोदनार्थ प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है, जिसे शीघ्र शासन को प्रेषित किया जाएगा। आठ सेक्टरों में जोनल एवं सेक्टर प्लानिंग का कार्य प्रगति पर है तथा दिसम्बर 2025 तक इसे पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। जलापूर्ति के लिए बीडा क्षेत्र के बाहर राइजिंग मेन पम्प स्टेशन तथा ओएण्डएम के कार्य जल निगम द्वारा ही कराए जाएंगे। इसके लिए एमओयू की प्रक्रिया चल रही है। पम्पिंग स्टेशन, सीडब्ल्यूआर एवं आरओडब्ल्यू हेतु भूमि चिन्हित कर ली गई है तथा परीक्षण उपरान्त डीपीआर में संशोधन किया जा रहा है। एक्टिवेशन क्षेत्र के लिए 15 मेगावाट विद्युत आपूर्ति की डीपीआर स्वीकृत हो चुकी है, शेष 40 मेगावाट की डीपीआर तैयार की जा रही है। 60 मीटर चौड़ी मुख्य सड़क की डीपीआर प्राप्त हो चुकी है तथा शेष सड़कों की डीपीआर दिसम्बर 2025 तक तैयार कर ली जाएगी। कनेक्टिविटी को सुदृढ़ बनाने के लिए आगरा-ग्वालियर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे को बीडा, झांसी तक विस्तारित करने के लिए एनएचएआई को अनुरोध पत्र प्रेषित किया गया है। इसी प्रकार दिल्ली-चेन्नई चतुर्थ रेलवे लाइन एवं रेलवे स्टेशन को बीडा क्षेत्र में लाने के लिए भारतीय रेलवे द्वारा एलाइनमेंट निर्धारण की कार्यवाही प्रचलित है। बैठक में ललितपुर फार्मा पार्क की भी विस्तृत समीक्षा की गई। साइट फोटोग्राफ्स के माध्यम से प्रवेश द्वार, सड़कें, यूपीसीडा म्यूरल, श्रमिक सुविधा केंद्र, प्रशासनिक भवन, कम्पाउंड वॉल तथा स्ट्रीट लाइट आदि के निर्माण कार्यों की प्रगति का अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने अवगत कराया कि इण्डस्ट्रियल प्लाट्स की स्कीम 21 अप्रैल, 2025 से खोली जाएगी। बैठक में प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार, सचिव एमएसएमई प्रांजल यादव, सीईओ इनवेस्ट यूपी विजय किरण आनंद सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

मुख्य सचिव ने प्रशिक्षु अधिकारियों को दी नसीहत

लखनऊ। मुख्य सचिव एस.पी.गोयल से भारतीय पुलिस सेवा के 2023 एवं 2024 बैच के कुल 23 प्रशिक्षु अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। मुख्य सचिव ने नवागत आईपीएस अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस सेवा समाज के प्रति अत्यधिक संवेदनशील और जिम्मेदार होती है। कानून-व्यवस्था की मजबूती, आपातकालीन स्थितियों में त्वरित सहायता, सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, सरकारी नियमों का कड़ाई से पालन कराना, जनता से संवाद व सहायता तथा अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा इन सेवाओं की मूल पहचान है। उन्होंने युवा अधिकारियों से अपील की कि वे आम नागरिकों के साथ सदैव अच्छा संवाद बनाए रखें। मुख्य सचिव ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पद का दुरुपयोग कभी न करें और किसी भी निर्दोष नागरिक को गलत तरीके से कभी न फंसाएं। साथ ही उन्होंने टीम भावना के साथ कार्य करने और टीम बिल्डिंग पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने महिला अपराधों एवं साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करने के लिए भी कहा। मुख्य सचिव ने सभी प्रशिक्षु अधिकारियों से समर्पण, संवेदनशीलता तथा पूर्ण ईमानदारी के साथ राष्ट्रसेवा करने की अपेक्षा व्यक्त की और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रमुख स्टाफ ऑफिसर मुख्य सचिव अमृता सोनी, अपर पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ. बीडी पाल्सन भी उपस्थित थे।

सिंगल यूज प्लास्टिक और गंदगी फैलाने वालों पर 40 हजार जुर्माना

लखनऊ। नगर निगम ने सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। गुरुवार को शहर के विभिन्न जोनों—जोन 1, जोन 6, जोन 8 और जोन 7 में संयुक्त रूप से स्वच्छता व प्रवर्तन अभियान चलाया गया, जिसके तहत कई प्रतिष्ठानों और व्यक्तियों पर जुमार्ना लगाया गया। जोन 1 में जोनल सेनेटरी ऑफिसर कुलदीपक के नेतृत्व में एसएफआई सुनील वर्मा ने पुराने एलडीए ऑफिस बाल्मीकि मार्ग पर स्थित शर्मा चाय पर सार्वजनिक स्थल पर गंदगी फैलाने के आरोप में ?15,000 का जुमार्ना लगाया गया। इसी क्षेत्र में खस्ता की दुकान लगाने वाले सुनील कुमार पर भी सड़क किनारे गंदगी फैलाने के लिए ?2,000 का दंड लगाया गया। जोन 6 में स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करते पाए गए 10 व्यक्तियों के चालान किए गए। इनसे कुल ?5,200 जुमार्ना वसूला गया। निगम अधिकारियों ने चेतावनी दी कि बार-बार उल्लंघन करने वालों पर और भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। जोन 8 में गंदगी फैलाने पर 8 चालान किए गए और कुल ?4,200 का जुमार्ना वसूला गया। इसी जोन में सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें दुकानदारों एवं राहगीरों से 12,000 का दंड वसूला गया।

दिव्यांग कलाकारों ने दी 33 रंगारंग प्रस्तुतियां

लखनऊ। विश्व दिव्यांगजन दिवस-2025 के अवसर पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन गुरुवार को रंगारंग एवं विविधतापूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह सम्पूर्ण कार्यक्रम दिव्यांग कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों, विशेष विद्यालयों, संस्थानों एवं दिव्यांगजन संगठनों से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम में कुल 33 सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की गईं, जिनमें समूहगीत, समूह नृत्य, नाटक, योग प्रदर्शन, लोकनृत्य, देशभक्ति गीत एवं प्रेरक थीम आधारित मंचन शामिल रहे। प्रयागराज और लखनऊ के विशेष विद्यालयों सहित अनेक संस्थानों के कलाकारों की प्रस्तुतियां मेरे मन में है राम, जय हो भारत, ओ रे मज्झुला, योग प्रदर्शन एवं देशभक्ति नृत्य दर्शकों को विशेष रूप से भावविभोर करती रहीं। प्रमुख सचिव दिव्यांगजन सशक्तीकरण सुभाष चंद्र शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन दिव्यांगजनों के आत्मबल को सुदृढ़ करते हैं तथा समाज में समान अवसरों की भावना को और मजबूती प्रदान करते हैं।

विश्व दिव्यांगजन दिवस के उपलक्ष्य में दिव्य कला प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें दिव्यांग कलाकारों की कलात्मक, तकनीकी, व्यावसायिक और उद्यमशील प्रतिभाओं का अनूठा प्रदर्शन किया जा रहा है। कार्यक्रम में राज्य आयुक्त दिव्यांगजन प्रो. हिमांशु शेखर झा, कर्मचारी, विभिन्न संस्थाओं के प्रबंधक एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

प्रत्याशियों के सम्पत्ति घोषणा के सत्यापन की क्या व्यवस्था: हाईकोर्ट

- पूछा, अगर गलत जानकारी दी तो क्या होगी कार्रवाई

लखनऊ, विधि संवाददाता। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने चुनाव आयोग से पूछा है कि प्रत्याशियों द्वारा नामांकन के समय फॉर्म- 26 पर सम्पत्ति की घोषणा करने के उपरांत क्या इसका कोई सत्यापन किया जाता है, यदि किया जाता है तो क्या अब तक किसी उम्मीदवार का हलफनामा असत्य पाया गया और उसके विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई। न्यायालय ने इन सभी बिंदुओं को स्पष्ट करते हुए, प्रति शपथ पत्र दाखिल करने का आदेश चुनाव आयोग को दिया है। मामले की अगली सुनवायी जनवरी माह के तीसरे सप्ताह में होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति राजीव भारती की खंडपीठ ने लोक प्रहरी संस्था की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर दिया। याचिका में कहा गया है कि प्रत्याशियों द्वारा सम्पत्ति संबंधी घोषणा का सत्यापन आयकर विभाग द्वारा किया जाता है और उक्त सत्यापन रिपोर्ट को चुनाव आयोग को भेज दिया जाता है। कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार उक्त सत्यापन रिपोर्ट को पब्लिक डोमेन में लाना चाहिए लेकिन चुनाव आयोग ऐसा नहीं कर रहा है। न्यायालय ने कहा को प्रथम दृष्टया हम भी मानते हैं कि यदि सूचना के सत्यापन व गलत जानकारी देने पर कार्रवाई का कोई तंत्र नहीं है तो इस प्रक्रिया का कोई अर्थ नहीं है।

न्यायालय ने कहा कि हम निर्वाचन आयोग तथा केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) दोनों से अपेक्षा करते हैं कि वे इस संबंध में हलफनामा दाखिल कर कोई प्रभावी तंत्र सुझाएँ, यह अधिक उपयुक्त होगा कि निर्वाचन आयोग और आयकर विभाग के उच्च स्तरीय अधिकारी संयुक्त बैठक कर, इस प्रकार का तंत्र तैयार करें।

सहारनपुर-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस के शेड्यूल में बदलाव, नया टाइम टेबल जारी

लखनऊ। सहारनपुर-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस के संचालन में बड़ा बदलाव किया गया है। रेलवे ने ट्रेन के समय में संशोधन करते हुए नया शेड्यूल जारी कर दिया है। यह बदलाव सहारनपुर के यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए किया गया है। सबसे खास बात यह है कि अब ट्रेन सहारनपुर से सुबह और गोमतीनगर से दोपहर में रवाना होगी, जिससे दोनों ओर के यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। इसके साथ ही वंदे भारत एक्सप्रेस का डालीगंज स्टेशन पर भी नया ठहराव दिया गया है। नौ दिसंबर से ट्रेन का संचालन शुरू होगा। इस वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन आठ नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुरू की गई थी। उद्घाटन के बाद भी ट्रेन का संचालन शुरू नहीं हुआ था, जिसके लिए शेड्यूल में बदलाव की मांग था। अब इसके समय में बड़ा परिवर्तन किया गया है। पूर्व में जारी समय के अनुसार ट्रेन संख्या 26504 लखनऊ से सुबह 5:00 बजे चलकर दोपहर 12:45 बजे सहारनपुर पहुंचना तय था। वापसी में ट्रेन संख्या 26503 दोपहर 3:00 बजे सहारनपुर से चलकर रात 11:00 बजे लखनऊ जंक्शन पहुंचनी थी। नए शेड्यूल अनुसार ट्रेन संख्या 26503 (सहारनपुर-गोमतीनगर वंदे भारत) सुबह 5:05 बजे सहारनपुर से रवाना होगी और रुड़की, नजीबाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, सीतापुर सिटी, सीतापुर जंक्शन और डालीगंज होते हुए दोपहर दो बजकर पांच मिनट पर गोमतीनगर पहुंचेगी। वहीं, वापसी में ट्रेन संख्या 26504 दोपहर 3:10 बजे गोमतीनगर से रवाना होगी और रात 11:50 बजे सहारनपुर पहुंचेगी। संशोधन के चलते सहारनपुर से सुबह जल्दी प्रस्थान के कारण लखनऊ जाने वाले यात्रियों को पूरे दिन का समय उपलब्ध होगा। दोपहर में गोमतीनगर से चलने के कारण सहारनपुर लौटने वालों को लंबा अंतराल नहीं झेलना पड़ेगा।

नगर निगम ने हटाया अतिक्रमण

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नगर निगम ने गुरुवार को शहर के कई इलाकों में एक साथ बड़ा अभियान चलाया। यह कार्रवाई नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर विभिन्न जोनों में एक साथ संचालित की गई। जोन 5 में नगर निगम की टीम ने एयरपोर्ट नादरगंज चौराहा से पटरी दरोगाखेड़ा तक और सरोजिनी नगर औद्योगिक क्षेत्र में फैले अतिक्रमण पर सख्ती दिखाई। यहां से 8 ठेले 3 गुमटी और 4 काउंटर हटाए गए। इस कार्रवाई का नेतृत्व जोनल अधिकारी विनीत कुमार सिंह ने किया। उनके साथ कर अधीक्षक सभाजीत सिंह राजस्व निरीक्षक पीयूष तिवारी प्रव

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

मेट्रो

14 वर्षीय दुराचार पीड़िता को पॉलीग्राफ टेस्ट के लिए पुलिस का नोटिस

हाईकोर्ट ने प्रमुख सचिव, गृह को जवाब देने अन्यथा हाजिर होने का दिया आदेश

- एसपी, बलरामपुर के झूठे शपथ पत्र पर जतायी हैरानी

विधि संवाददाता (vol)

लखनऊ। बलरामपुर पुलिस ने अपने आप में एक अनोखा और असंवेदनशील निर्णय लेते हुए, अपहरण और दुराचार के एक मामले में नाबालिग पीड़िता व एफआईआर दर्ज कराने वाले उसके पिता को ही पॉलीग्राफ टेस्ट कराने का नोटिस भेज दिया। यही नहीं हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में एसपी, बलरामपुर ने हलफनामा दाखिल कर पॉलीग्राफ टेस्ट का नोटिस होने की जानकारी दी लेकिन यह तथ्य छिपा लिया कि उक्त पॉलीग्राफ टेस्ट कराने संबंधी पुलिस का प्रार्थना पत्र स्थानीय अदालत द्वारा खारिज किया जा चुका है। न्यायालय ने एसपी के शपथ पत्र को झूठा करार देते हुए, चौंकाने वाला बताया। न्यायालय ने प्रमुख सचिव, गृह को व्यक्तिगत शपथ पत्र दाखिल कर पूरे मामले पर जवाब देने अथवा अगली सुनवायी पर हाजिर होने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवायी 15 दिसम्बर को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन व न्यायमूर्ति बबीता रानी की खंडपीठ ने नाबालिग पीड़िता के पिता की याचिका पर पारित किया है। याचिका में घटना से सम्बंधित एफआईआर की विवेचना अन्यत्र स्थानांतरित कराए जाने की मांग की गई है। याचिका पर एसपी, बलरामपुर ने जवाबी शपथ पत्र देते हुए, कहा कि कथित पीड़िता द्वारा 28

अक्टूबर 2024 और 19 मार्च 2025 को दिए गए बयानों में अंतर है लिहाजा उसे व उसके पिता को पॉलीग्राफ टेस्ट कराने का नोटिस दिया गया है। याची की ओर से जानकारी दी गई कि देते हुए कहा गया कि 22 अक्टूबर 2024 को दर्ज एफआईआर के संबंध में पीड़िता की ओर से स्थानीय पॉक्सो कोर्ट में प्रार्थना पत्र देते हुए कहा गया था कि 28 अक्टूबर 2024 को जो बयान उसने दिया था, वह अभियुक्त और पुलिस के दबाव में था लिहाजा उसका बयान पुनः अंकित किया जाय।

उक्त प्रार्थना पत्र पर पॉक्सो कोर्ट ने 8 जनवरी 2025 को पुनः बयान अंकित किए जाने का आदेश दिया, आदेश के अनुपालन में 19 मार्च को बयान भी अंकित कर लिया गया लेकिन राज्य सरकार की ओर से 8 जनवरी के उक्त आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दे दी गई। न्यायालय ने आश्चर्य जताया कि जिस आदेश को अभियुक्त चुनौती दे सकता था, उसके

राहुल गांधी की सांसदी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सांसद पद पर बने रहने के विरुद्ध दाखिल एक अधिकार पृच्छा याचिका को खारिज कर दिया है। न्यायालय ने कहा कि गुजरात के सूरत कोर्ट द्वारा राहुल गांधी को मानहानि के मामले में दोषी करार दिए जाने संबंधी आदेश पर सर्वोच्च न्यायालय स्थगन आदेश पारित कर चुका है लिहाजा जाना प्रतिनिधित्व कानून के तहत राहुल गांधी के चुनाव लड़ने पर कोई रोक नहीं थी। यह निर्णय न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ व न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने स्थानीय अधिवक्ता अशोक पाण्डेय की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया।

विरुद्ध राज्य सरकार को आखिर क्यों याचिका दाखिल करने की आवश्यकता पड़ी। वहीं न्यायालय के संज्ञान में यह भी लाया गया कि पॉलीग्राफ टेस्ट से सम्बंधित पुलिस के प्रार्थना पत्र को भी स्थानीय अदालत द्वारा 1 दिसम्बर को ही खारिज कर दिया गया लेकिन एसपी ने अपने शपथ पत्र में उक्त प्रार्थना पत्र के विचाराधीन होने की बात कही। न्यायालय ने झूठा शपथ पत्र दाखिल करने व नाबालिग पीड़िता का पॉलीग्राफ टेस्ट कराने के विषय पर प्रमुख सचिव, गृह को व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया।

दिनदहाड़े चोरों ने मकान का ताला तोड़कर उड़ाई नकदी व ज्वैलरी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। आशियाना थाना इलाके मे घूम रहे चोरों ने बीते चार दिन पूर्व परिवार संग वैवाहिक कार्यक्रम मे शामिल होने गए मकान को निशाना बना दिनदहाड़े ताला तोड मकान में घुस डेढ लाख नकदी सहित कीमती जेवरात चोरी कर फरार हो गए। आशियाना थाना इलाके स्थित शारदा नगर रतनखंड निवासी अनिल कुमार सिंह पुत्र स्व० शिवराम सिंह ने बताया बीते चार दिन पूर्व 29 नवंबर को वह कोर्ट गए थे और उनकी पत्नी रीना देवी व बेटा प्रघुम्न सिहं वैवाहिक कार्यक्रम मे शामिल होने मूलनिवास जनपद हरदोई घर पर ताला बंद कर गांव चले गए थे। शाम करीब 7बजे घर वापस लौटने पर उन्हें घर के सारे ताले टूटे पडे मिले और कमरों व सारे रुम का पूरा सामान बिखरा पड़ा है। चोरों ने घर पर रखी डेढ लाख नगदी सहित कीमती जेवरात चोरी कर फरार हो गए है। जिसकी शिकायत उन्होंने स्थानीय आशियाना पुलिस से की है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया पीडित की शिकायत पर जांच के बाद चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

दहेज के लिए मारपीट और जेठ पर छेड़छाड़ का लगाया आरोपः कृष्णा नगर कोतवाली इलाके मे रहने वाली एक विवाहिता ने पति सहित ससुरालियों पर दहेज के लिए मारपीट और जेठ पर छेड़छाड़ का आरोप लगा नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया थाना क्षेत्र स्थित इन्द्रपुरी निवासी विवाहिता के अनुसार उसका विवाह बीते 3 मार्च 2024 को कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र के ओशो नगर निवासी के साथ रीति रिवाज से हुआ था। आरोप है कि उसके विवाह के दूसरे दिन से ही पति, ससुर , सास, जेठ और ननद द्वारा कम दहेज लाने का ताना दिया जाने लगा और 2 लाख रुपये नगद व गाड़ी की मांग की जाने लगी। उस दौरान जेठ ने उसके साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकत की।

वही पीडित विवाहिता का कहना था दहेज की मांग को लेकर उसकी दोनो ननद और ननदोई भी उसके साथ दुरव्यवहार और मारपीट में शामिल रहते थे और बीते 3 दिसंबर बुधवार की सुबह, उसके पति, सास, जेठ, ननद और ननदोई ने उसे मारापीटा और उसके सारे जेवर सास ने उतरवा कर अपने पास रख लिए और उसे घर से धक्के मार घर के बाहर कर दिया। जिसकी जानकारी उसने माइके पक्ष को दे स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली मे पति सहित ससुरालियों के खिलाफ लिखित नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता की शिकायत पर जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

स्पा सेंटर वाली को ब्लैकमेल कर मांगे 50 हजार रुपये

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। गोमतीनगर के एक स्पा सेंटर की महिला कर्मी ने तीन लोगों पर 50 हजार रुपये की वसूली के लिए ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। महिला कर्मी ने पुलिस में भी लिखित शिकायत किया है।

गोमतीनगर स्थित एक स्पा सेंटर की महिला कर्मी ने तीन लोगों पर ब्लैकमेल कर 50 हजार की वसूली मांगने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ केस दर्जकर जांच शुरू की है। पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। आरोपियों में एक युवक ने वीडियो बनाकर धमकी दी, जबकि अन्य ने पत्रकार बनकर स्पा सेंटर का वीडियो बनाने की कोशिश की। महिला कर्मी के मुताबिक 24 नवंबर की शाम छह बजे दो युवक स्पा सेंटर आए थे। उनमें से एक ने अपना नाम विशाल गुप्ता बताया और हेड मसाज कराई। आरोप है कि इस बीच विशाल ने वीडियो बना लिया और वहां से चला गया। कुछ देर बाद विशाल ने उन्हें कॉल कर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। इसपर पीड़िता ने कॉल काट दी। कर्मचारी ने बताया कि थोड़ी देर बाद एक महिला सहित चार लोग स्पा सेंटर आ आए और खुद को पत्रकार बताते हुए तलाशी लेनी शुरू की। जब कोई आपत्तिजनक चीज नहीं मिली तो वह स्पा सेंटर का वीडियो बनाने लगे। महिला कर्मी ने पुलिस से शिकायत की। अतिरिक्त इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है।

तीन वर्षों से फरार आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। किशोरी संग दुष्कर्म मामले में न्यायिक अभिरक्षा से तीन वर्षों से फरार चल रहे आरोपित को कृष्णा नगर पुलिस ने गुरुवार को उसके घर से गिरफ्तार कर विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि वर्ष 2015 में 13 वर्षीय किशोर संग दुष्कर्म मामले में पिता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित राहुल कुमार पुत्र भाईलाल निवासी नन्दनगर नटखेड़ा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था जेल से वह जमानत पर रिहा चल रहा था।

वर्ष 2023 फरवरी माह में पेशी दौरान पॉक्सो न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आरोपित को दोषसिद्ध करते हुए फैसला सुनाया था और गिरफ्तारी के आदेश जारी किए थे जहां से दोषसिद्ध आरोपित कोर्ट को चकमा देते हुए फरार हो गया था और ट्रेन द्वारा दिल्ली चला गया जहां वह डाढी मूंछ बठाकर कर्नल सिक्योरिटी गार्ड में नौकरी करने लगा और तीन वर्षों तक छुप कर रह रहा था बुधवार को वह दिल्ली से अपने घर पहुंचा जिसे गुरूवार को मुखबिर की सूचना पर उसके घर से गिरफ्तार कर विधिक कारवाई करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया है।

महिला तस्कर गिरफ्तार, 670 ग्राम गांजा बरामदः आलमबाग पुलिस ने गुरूवार को संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग करते हुए गश्त के दौरान थाना क्षेत्र स्थित रेलवे की छोटी लाइन से कैब वे कट के पास से एक महिला तस्कर को अवैध गांजा संग गिरफ्तार किया है। आलमबाग कोतवाली प्रभारी सुभाष चन्द्र सरोज ने बताया पुलिस पूछताछ मे गिरफ्त मे आई तस्कर महिला ने बताया कि वह चौकी क्षेत्र मवैया व आस पास थाना क्षेत्र में घूमफिर कर नाजायज गांजा की बिक्री कर पैसे कमाना है। जिसके पास से 670 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया है। जिसे अवैध गांजा बरामदगी के आधार पर एनडीपीएस एक्ट की धारा मे कारवाई कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम मे उपनिरीक्षक शिवप्रकाश सिंह, अभिनन्दन अग्रहरि सहित कांस्टेबल जसविन्दर सिंह व महिला आरक्षी अनामिका सिंह शामिल थी।

पूर्वांचल बिजली कंपनी में संविदा कर्मियों की छंटनी का आरोप

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने आरोप लगाया है कि निजीकरण की दृष्टि से पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में बड़े पैमाने पर संविदा कर्मियों की छंटनी की जा रही है। वर्ष 2017 में पॉवर कापोर्रेशन द्वारा निर्धारित मानक की तुलना में संविदाकर्मी कम किए जा रहे हैं।

इससे बिजली कर्मियों में भारी गुस्सा व्याप्त हो रहा है। समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने कहा कि निजीकरण के लिए उतावलेपन में पावर कापोर्रेशन प्रबंधन हजारों संविदा कर्मियों को हटाकर प्रदेश की बिजली व्यवस्था पटरी से उतार देने पर आमादा है। मई 2017 के आदेश के अनुसार शहरी क्षेत्र में एक उपकेंद्र पर 36 कर्मचारी और ग्रामीण क्षेत्र में 20 कर्मचारी का मानक है। शहरी क्षेत्र में 36 के स्थान पर 18.5 और ग्रामीण क्षेत्रों में 20 के स्थान पर 12 कर्मचारी प्रति उपकेंद्र पर रखे जा रहे हैं। संघर्ष समिति ने कहा कि नए तैनाती आदेश से संविदा कर्मचारियों को 22 से 48 फीसदी तक कम किया जा रहा है, जिससे ऐसे कर्मी भुखमरी पर आ गए हैं। उन्होंने कहा कि इसके पहले मध्यांचल विद्युत वितरण निगम में भी इसी प्रकार से हजारों संविदा कर्मियों को हटाया गया। राजधानी लखनऊ में लेसा में रिस्ट्रक्चरिंग के नाम पर हजारों संविदा कर्मी हटाए जा चुके हैं। संघर्ष समिति ने चेतावनी दी है कि निजीकरण के नाम पर हजारों की तादाद में अत्यंत अल्प वेतन भोगी संविदा कर्मियों को हटाया जाना तत्काल बंद न किया गया तो बिजली कर्मी इस अन्याय के विरोध में आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। उधर, निजीकरण के विरोध में 372वें दिन भी विरोध प्रदर्शन का सिलसिला जारी रहा।

विदेश में नौकरी के नाम पर 95 हजार ऐंठे

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। बिजनौर थाने में प्रतापगढ़ के एक व्यक्ति ने दो लोगों पर 95 हजार की ठगी का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि रूस में नौकरी लगवाने का झांसा देकर ठगी की गई है। प्रतापगढ़ के कुंडा निवासी विनोद कुमार के मुताबिक अक्तूबर में उनकी मुलाकात बिजनौर के ओमेक्स सिटी निवासी रोहित सिंह से हुई थी। रोहित ने उनसे कहा कि वहा विदेश में लोगों की नौकरी लगवाता है। यह सुन विनोद आरोपी के झांसे में आ गए। उन्होंने अपनी नौकरी लगवाने की बात की। आरोपी रोहित ने उन्हें रसिया में नौकरी का झांसा दिया। झांसा देकर आरोपी ने 95 हजार रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित ने जब टिकट और वीजा मांगा तो आरोपी ने उन्हें 31 अक्तूबर को दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचने की बात कही। एयरपोर्ट पहुंचने पर उन्हें एक युवक मिला जिसने उन्हें रसिया का एयर टिकट और वीजा दिया। विनोद ने बताया उन्हें कुछ गड़बड़ी लगी तो उन्होंने एयरपोर्ट पर वीजा की जांच कराई तो वह फर्जी निकला। जब ठग से बात करने के लिए फोन किया तो बंद मिला। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की। इंस्पेक्टर कपिल गौतम ने बताया कि जांच की जा रही है।

9 जनपदों की पुलिस लाइंस में लगेगा डायग्नोस्टिक कैंप

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। पुलिस मुख्यालय, अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद ऑडीटोरियम में वामा सारथी उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन) द्वारा पुलिस परिवारों के स्वास्थ्य कल्याण एवं के साथ समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षर किए गए तथा विभाग के साथ समन्वय के तहत सहयोग कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्षा वामा सारथी श्रीमती मीनाक्षी सिंह एवं पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश राजीव कृष्ण द्वारा की गई। 9 जनपदों की पुलिस लाइंस में डायग्नोस्टिक कैंप लगाए जाएंगे जहाँ उच्च गुणवत्ता वाली जाँचें अत्यंत रियायती और दरों पर उपलब्ध होंगी। महिला स्वास्थ्य को सशक्त करने के लिए 40 वर्ष से अधिक आयु की पुलिस परिवार की महिलाओं के लिए 5,000 हेल्थ काड्र्स उपलब्ध कराए गए हैं। कार्ड के माध्यम से पैप स्मीयर, मैमोग्राम और स्त्री-स्वास्थ्य संबंधी जाँचें 31 मार्च 2026 तक कराई जा सकेंगी। प्रत्येक जनपद में मासिक होम्योपैथी वेलनेस कैंप आयोजित किए जाएंगे, जहाँ निःशुल्क परामर्श एवं औषधियाँ उपलब्ध होंगी। उन्होंने वामा वालंटियर्स को वेलफेयर ऑफिसर्स, वामा सारथी और पुलिस परिवारों के बीच महत्वपूर्ण सेतु बताया और पुलिस परिवारों से अपील की कि वे उपलब्ध सुविधाओं का अधिकतम लाभ लें तथा अपने सुझाव प्रेषित करें। कार्यक्रम में लखनऊ, हरदोई, उन्नाव, सीतापुर, बाराबंकी, 32वीं एवं 35वीं वाहिनी ढअउ की पुलिस परिवार की महिलाएँ तथा 43 वामा वालंटियर्स उपस्थित रहे।

एयरपोर्ट रोड के पास अतिक्रमण हटा कर चौड़ा किया रास्ता

लखनऊ। जोन 5 में नगर निगम की टीम ने एयरपोर्ट-नादरगंज चौराहा से पटरी दरोगाखेड़ा तक और सरोजिनी नगर औद्योगिक क्षेत्र में फैले अतिक्रमण पर सख्ती दिखाई। यहां से 8 ठेले 3 गुमटी और 4 काउंटर हटाए गए। इस कार्रवाई का नेतृत्व जोनल अधिकारी विनीत कुमार सिंह ने किया। उनके साथ कर अधीक्षक सभाजीत सिंह राजस्व निरीक्षक पीयूष तिवारी प्रवर्तन दल 296 और पुलिस बल मौजूद रहा। यातायात समस्याओं पर लगाम कसने के लिए नगर निगम ने गुरुवार को शहर के कई इलाकों में एक साथ बड़ा अभियान चलाया। यह कार्रवाई नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर विभिन्न जोनों में एक साथ संचालित की गई।

हिंदी संस्थान में शराब पीते कर्मचारियों का वीडियो वायरल, जांच के आदेश

लखनऊ। जिलाधिकारी आवास से चंद कदम दूर हिंदी संस्थान के कार्यालय में बैठकर कर्मचारी दिन में शराब पीते हैं। परिसर में शराब पीते हुए कर्मचारियों का वीडियो वायरल हो रहा है। इस मामले की शिकायत सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव से की। जिसके बाद मुख्यमंत्री कार्यालय से हिंदी संस्थान निदेशक को मामले की जांच के लिए निर्देशित किया है। वॉयस ऑफ लखनऊ वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। हिंदी संस्थान में आए दिन कुछ कर्मचारी परिसर में ही बैठकर शराब पीते हैं। शराब पीने का वीडियो व अन्य साक्ष्य समेत एक अधिवक्ता ने सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह से शिकायत की। गंभीर मामले में राजेश्वर सिंह ने कुछ दिन पहले पत्राचार कर मुख्यमंत्री से शिकायत की थी। इसके बाद मामलो को संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव की ओर से हिंदी संस्थान के निदेशक को उच्च स्तर से जांच के बाद दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने को कहा गया है। साथ ही कार्रवाई के बाद अवगत कराने की अपेक्षा की गई है।

झोलाछाप डॉक्टर कुर्सी पर बैठाकर कर रहे मरीज का इलाज

लखनऊ। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माल के अंतर्गत झोला छाप डॉक्टर की मरीज को कुर्सी पर बैठाकर ग्लूकोश चढ़ने की फोटो जमकर वायरल हो रहा है। माल सीएचसी के अंतर्गत शहर से लेकर सरहद तक झोलाछाप का मकड़जाल फैला हुआ है। ये झोलाझाप न सिर्फ शर्तिया इलाज का दावा कर रहे हैं बल्कि बेहतर इलाज का झांसा देकर मरीजों को मौत के मुंहाने पर पहुंचा रहे हैं। नेटवर्क के जरिए बड़े निजी अस्पतालों में मरीज भेजकर अपना धंधा चमका रहे हैं। झोलाछाप के नेटवर्क के बीच मरीज पिस रहे हैं। पहले तो झोलाछाप खुद इलाज कर रकम ऐंठते हैं, बाद में निजी अस्पताल में पहुंचाकर कमीशन लेते हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माल के अंतर्गत सस्पन चौराहे की निकटस्थित शिवपुरी पुलिया के एक झोलाछाप डॉक्टर का मरीज को कुर्सी पर बैठाकर ग्लूकोश चढ़ने का फोटो जमकर वायरल हो रहा है। इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर जेपी सिंह ने बताया कि अगर ऐसा है तो, मामले की जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान में ड्रग इंस्पेक्टर सम्मानित

लखनऊ। कोडीन युक्त कफ सिरप के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) द्वारा बीते एक माह से प्रदेशव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत प्रदेश के करीब 40 जिलों में कोडीन कफ सिरप के साथ ही नियंत्रित दवाओं की खरीद, भंडारण व बिक्री की तकनीकी स्तर पर जांच की गई है। इस दौरान एफएसडीए ने नारकोटिक्स ब्यूरो ग्वालियर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश व रांची की फर्मों से प्राप्त सूचनाओं का विश्लेषण किया। एफएसडीए आयुक्त डा. रोशन जैकब ने इस पूरी मुहिम में खास भूमिका निभाने वाले मुख्यालय के औषधि निरीक्षकों को सम्मानित किया है।

मानसिक रोगी युवती का तालाब में मिला शव, पुलिस ने जांच शुरू की

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक युवती का शव संदिग्ध हालात में तालाब में मिला है। युवती बुधवार शाम से लापता थी। परिजनों उसे मानसिक और मिर्गी रोगी बता रहे हैं। आरोपों को लेकर परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

पुलिस का कहना है कि जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। काकोरी इलाके के बेहटा निवासी लक्ष्मण रावत के मुताबिक उनकी 26 वर्षीय बेटी रेनू रावत मानसिक रूप से कमजोर थी। उसे मिर्गी का दौरा भी पड़ता था। बताया कि बुधवार शाम रेनू घर पर थी। उसके बाद अचानक कहीं चली गयी। अक्सर रेनू घर से बाहर निकल जाती थी। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन पता नहीं चला। गुरुवार सुबह घर के पीछे तालाब में रेनू का शव उतराता मिला। परिजनों ने शव को तालाब से बाहर निकालकर पुलिस को सूचना दी। शव देखकर परिवार में कोहराम मच गया। लक्ष्मण के मुताबिक बेटी मकान के पीछे तालाब के किनारे बकरी बांधने जाती थी। संभावना है कि दौरा पड़ने से रेनू तालाब में गिर गयी और उसकी डूबने से मौत हो गई। थाने के अतिरिक्त निरीक्षक कमलेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है। यदि कोई तहरीर आती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

लखनऊ में सोलर प्लांट लगाने के नाम पर 1.55 लाख की ठगी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। इंदिरानगर क्षेत्र में प्रधानमंत्री योजना के तहत सोलर प्लांट लगाने का झांसा देकर 1.55 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित सत्येंद्र कुमार ने गाजीपुर थाने में तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने दीपक सक्सेना और अनुपम तिवारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सर्वोदय नगर, मानस विहार कॉलोनी निवासी सत्येंद्र कुमार के मुताबिक जून 2025 में दीपक सक्सेना और अनुपम तिवारी उनसे अजय इलेक्ट्रिक शॉप पर मिले थे। दीपक ने खुद को इंदिरानगर निवासी और दुकान मालिक अजय वर्मा का पड़ोसी बताया, जबकि अनुपम तिवारी ने स्वयं को फर्म ह्यसोल्यूशन (एटी) ह्ल का प्रोपराइटर और दीपक को मैनेजर बताया। दोनों ने सरकारी योजना का हवाला देते हुए अपना कार्यालय ह्लरूप प्लाजा, मारूतीपुरमह्ल बताया और पीड़ित को सोलर प्लांट लगाने का प्रस्ताव दिया। पीड़ित द्वारा घर की छत दिखाने पर तीन किलोवाट का सोलर प्लांट लगाने की बात तय हुई और कीमत 1.80 लाख रुपये पर सहमति बनी। आरोपियों ने भरोसा जीतने के लिए मकान के कागजात, आधार और बिजली बिल की कॉपी व्हाट्सऐप पर मंगाई। इसके बाद 10 जुलाई को 55,000 और 95,000 रुपये के दो चेक तथा 5,000 रुपये नकद श्रमिकों के नाम पर वसूले। बिजली बिल में नाम सुधार का हवाला देकर आरोपी लगातार काम टालते रहे। पीड़ित का कहना है कि 24 अक्टूबर को जब वह दोबारा उनके कार्यालय पहुंचे तो वहां मौजूद लोगों ने बताया कि दोनों आरोपी कई लोगों से रुपये लेकर ऑफिस बंद कर फरार हो चुके हैं। इंस्पेक्टर गाजीपुर राजेश कुमार मौर्या ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

जालामाऊ-सहिजना रोड गड्ढों में तब्दील, राहगीर हो रहे चोटिलः रहीमाबाद क्षेत्र का जालामाऊ-सहिजना रोड गहरे गड्ढों में तब्दील हो गया है, जिससे राहगीर लगातार गिरकर चोटिल हो रहे हैं। यह सड़क हरदोई-लखनऊ हाईवे से शुरू होकर विद्युत उपकेंद्र जालामाऊ होते हुए सहिजना तक जाती है और जौरिया, भीमनगर, रूसेना, सहिजना सहित करीब एक दर्जन गांव को जोड़ती है। सड़क की अत्यंत खराब हालत के कारण यहां से गुजरने वाले ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार सड़क पर जगह-जगह बने बड़े गड्ढों की वजह से कई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। ग्रामीणों को रोजाना जान जोखिम में डालकर इस रास्ते से गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से इस जर्जर सड़क की तत्काल मरम्मत कराने की पुरजोर मांग की है ताकि हादसों को रोका जा सके और क्षेत्र के लोगों को सुगम यातायात मिल सके।

मुझे सही काम अपनी तरफ खींचता है : सीरत कपूर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सीरत कपूर इस वक्त पैन इंडिया फिल्म को लेकर चर्चा में चल रही है। टीवी, बॉलीवुड और साउथ में काम करके अपने अभिनय से लोगों का दिल जीत चुकीं सीरत कपूर किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। काफी जल्दी वो फिल्म 'जातस्य मरणम्-ध्रुवम' के साथ साामने आने वाली हैं। फैंस उनकी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सीरत कपूर ने अपनी इस फिल्म और पर्सनल लाइफ को लेकर ढेर सारी बातें की हैं।

सबसे पहले अपनी अपकमिंग फिल्म 'जातस्य मरणम्-ध्रुवम' पर रौशनी डालिए, कैसी है फिल्म ?

आपको फिल्म के टाइटल से ही समझ आ गया होगा कि ये काफी यूनीक नाम है। जातस्य का मतलब है लाइफ, मरणम का मतलब है मौत और ध्रुवम का मतलब है फैक्ट। तो इस टाइटल के साथ है हमने इस फिल्म को लेकर काफी कुछ क्लियर कर दिया है।

ये उन लोगों की कहानी है जो कि अपने जिंदगी के अनुभवों से बाहर आए हैं और उनका सफर बचपन से शुरू हुआ है। बड़े होते हुए कैसे ट्रामा और क्या समस्या आती हैं और वो आपके जीवन में क्या बदलाव लाती हैं, ये फिल्म इसके बारे में है।

सबसे ज्यादा चैलेंज आपको किस इंडस्ट्री में आए और सबसे सुकून भरी इंडस्ट्री कौन सी लगी ?

देखिए सुकून ढूंढने जाएंगे तो जितना आप बाहर से जाते हो उतना आप कम पाते हो, जितना आप अंदर जाते तो सुकून, शांति और सिक्योरिटी को डील करने का तरीका काफी गहराई से मिलता है।

आप अपने आप में कई बदलाव देखते हैं कि क्या हम वही बच्चे हैं या बदल रहे हैं सोसाइटी के हिसाब से। हर इंडस्ट्री में भाषाएं तो अलग ही हैं लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि जो हम बना रहे हैं वो पहले कभी देखा नहीं गया है। होता क्या है कि डायरेक्टर जिस इंडस्ट्री में फिल्म बनाता है तो वो अपने दर्शकों को खींचने की कोशिश करता है। साउथ में क्या है कि भले ही कल्चर अलग हो लेकिन परिवार हमेशा साथ रहता है। भले ही आपकी शादी हो जाए लेकिन ये अपने माता पिता और दादा दादी तक को आसानी से नहीं छोड़ते हैं और ये साउथ इंडस्ट्री में देखने को मिलता है। इसलिए साउथ की जो फिल्में हैं वो वैसी ही बनती हैं जो कि साउथ इंडियन फैमिली को कनेक्ट करती हैं।

आपकी बॉलीवुड डेब्यू फिल्म 'मारीच' आपको कैसे मिली ?

मैं काफी सरप्राइज थी और मैं रहती तो मुंबई में ही हूं लेकिन मैने साउथ में इतना काम किया है तो ये नहीं कह सकती की मैं इस इंडस्ट्री को नहीं जानती। मैं जिस तरह की एक्टर हूं मुझे सही काम अपनी तरफ खींचता है। मेरा ये मानना नहीं है कि इसके लिए आपको हर जगह जाने की जरुरत है।

बस आपको जो काम मिला है वो आप शिद्दत से निभाएं। जब मुझे इस फिल्म को लेकर पूछा गया तो मेरा पहला सवाल यही था कि आप मेरे बारे में कैसे जानते हैं तो उन्होने कहा कि हमने आपका काम तेलुगू में देखा है। सौभाग्य से मुझे अपना अभिनय प्रूफ नहीं करना पड़ा और ऑडिशन्स नहीं हुए। आप जो काम करते हैं वो वाकई में ट्रैवेल करता है। इस फिल्म में नसीर साहब के साथ काम किया जो कि मेरे दादा जी के स्टूडेंट रहे हैं। ये अनुभव काफी शानदार था।

मीटू कास्टिंग काउच या हैरेसमेंट से जुड़ा कोई एक्सपीरियंस ?

आखिरकार मैं भी एक महिला हूं। बस हमें इस बात का ध्यान रखना है कि हमें किसी को अपनी बाउंड्री को पार नहीं करने देना चाहिए जब तक आप ना चाहें।

अगर आप किसी काम के लिए गए हैं और आपको समझ में आ रहा है कि ये बातचीत किसी और तरफ जा रही है। वो आपसे कुछ ऐसी उम्मीद रख रहे हैं जिसको लेकर आप सहज नहीं है। उस वक्त आप अपना स्टेटमेंट सामने रखें और वहां से निकल जाएं। हर इंडस्ट्री के लोग इसपर बात कर रहे हैं, तो आज नहीं तो कल इसको लेकर एक क्रांति होगी। हम किसी को जज नहीं कर सकते क्योंकि सब की अपनी चॉइस होती है और सबका अपना नजरिया होता है।

अगर मौका मिले तो किन 3 बॉलीवुड एक्टर्स के साथ काम करना पसंद करेंगी ?

नसीरुद्दीन शाह सर एक थे और मैं उनके साथ और काम करना चाहती हूं। मैं अमिताभ बच्चन सर के साथ काम करना चाहती हूं। मेरा सपना है कि मैं उनके साथ काम करूं। मेरा सपना रणबीर कपूर के साथ काम करना का है। मेरी उनकी छोटी से मुलाकात रॉकस्टार के वक्त हुई थी। शाहरुख खान सर के साथ भी काम करना चाहती हूं और मैं इरफान खान के साथ काम करना चाहती थी। बहुत से ऐसे लोग हैं जो कि टाइमलेस हैं।

जाते जाते आपके आने वाले प्रोजेक्ट्स को लेकर कुछ बताइए ?

मैं ये पैन इंडिया फिल्म कर रही हूं। इसके अलावा कई स्क्रिप्ट्स मेरे पास आ रही हैं। मैं अभी सिर्फ स्क्रिप्ट्स पढ़ रहीं हूं और उनपर मुझे वापस रिसपॉन्स करना है। काफी बातचीत हो रही है तो काफी जल्दी आपके मेरे अनाउंसमेंट्स मिल जाएंगे।

मलमास के कारण 12 नहीं 13 महीने का होगा नया साल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। साल 2026 हिंदू पंचांग के अनुसार बहुत ही महत्वपूर्ण होने जा रहा है। इस साल मलमास लगने के कारण नया साल 13 महीनों का होगा। मलमास को अधिक मास या पुरुषोत्तम मास भी कहा जाता है। यह समय धार्मिक और आध्यात्मिक रूप से विशेष महत्व रखता है। मलमास में विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश, नामकरण जैसे मांगलिक कार्य वर्जित होते हैं। जबकि, पूजा-पाठ और दान-पुण्य करने बेहद ही शुभ माना जाता है। इससे भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त होती है। सूर्य कैलेंडर की तुलना में चंद्र कैलेंडर की अवधि कम होती है। चंद्र कैलेंडर 354 दिनों का होता है, जबकि सूर्य कैलेंडर 365 दिनों का होता है। इन दोनों के बीच हर साल 11 दिनों का अंतर बढ़ता जाता है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, अधिक मास 32 महीने और 16 दिन बाद आता है। इस दौरान यह लगभग एक महीने के बराबर का हो जाता है। ऐसे में दोनों के बीच समय के अंतर को बराबर करने के लिए पंचांग में एक अतिरिक्त महीना जोड़ा जाता है। इसे ही अधिक मास या मलमास कहते हैं। पंचांग के अनुसार, साल 2026 में मलमास का पड़ना कई बदलाव लेकर आएगा। इससे हिंदुओं का नया साल 12 की जगह 13 महीनों का हो जाएगा। नए साल में अधिक मास की शुरूआत 17 मई 2026 से होगी और 15 जून 2026 को इसका समापन हो जाएगा। मलमास के पहले दिन व्रत रखना अत्यंत शुभ माना जाता है। इस दिन व्रत रखने वालों को उनके पापों से मुक्ति मिलती है। मलमास के समय विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, नामकरण जैसे शुभ कार्य नहीं किए जाते। ऐसा माना जाता है कि इस महीने में शुभ कार्यों को करने से लाभ नहीं मिलता है। मलमास माह में भगवान विष्णु की पूजा करने का विशेष महत्व होता है। इस अवधि में दान, जप, तप, पूजा-पाठ और गऊ-सेवा अत्यंत शुभ मानी जाती है। अधिक मास में रामायण, गीता आदि धार्मिक ग्रंथों का दान करना भी शुभ होता है।

छाप तिलक सब छीनी की मनमोहक प्रस्तुति ने समां बांधा

हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में पंजाबी डांस, कथक और घूमर नृत्य का हुआ अद्भुत संगम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। स्मृति उपवन में आयोजित माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ आयोजक अरुण प्रताप सिंह, गुंजन वर्मा, रनवीर सिंह एवं हेमू चौरसिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सांस्कृतिक संध्या में अनिता चंडोक समूह सर्वप्रथम गणेश वंदना से कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई हरलीन, वैष्णवी, आयशा, अंतरा, आर्वी ने विभिन्न प्रस्तुतियां मंच पर साझा किया।

भाव विभोर कर देने वाली प्रस्तुतियों के बाद नृत्य मंथन स्कूल ऑफ डाँस के फाउंडर अंकिता बाजपेयी के संयोजन में नृत्य निर्देशन की प्रस्तुतियाँ आस्था, अराध्या, मनस्वीदेवा ने श्री गणेशा... पर नृत्य कर मोहा मन। वहीं पंजाबी डाँस एवं घूमर नृत्य अद्भुत संगम देखने को मिला जो कि राजविका , विवान, वशिष्ठ, अर्थव और घूमर नृत्य कर आराध्या , मनस्वी , आस्था ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कथक फ्यूजन - आराध्या वर्मा ने सोलो डांस कर दर्शकों को मोहित किया। मनभावन प्रस्तुति के उपरांत गुंजन ,शैफाली गुप्ता (निर्देशक) सुर झंकार संगीत विद्यालय आशियाना की संयुक्त प्रस्तुती रही जिसमें प्रथम मोह मोह के धागे... हर्षिफत कौर, गन गन गुना रे...रान्या शुक्ला, कौन दिशा में लेके चला... हषार्ली भोजपुरी गाने कि प्रस्तुत कर वाहवाहीं लूटी। घर मोरे परदेशिया... गाने पर हषार्ली ने डांस कर दर्शकों को आकर्षित किया। कार्यक्रम के अंत में सुर ताल संगम के गीतों से खूब लगा तड़का जिसमें डॉ जया श्रीवास्तव फजा भी है जवान ,रोज शाम आती थी, माया टुन्नु ने जिंदगी का सफर है ये कैसा, डॉ राका सिन्हा रहे ना रहे हम और हिमांशु वर्मा, किरण सोनी, हेमंत खंडेलवाल, सुशील सिंह राठौड़, युविका पांडे ने छाप तिलक सब छीनी...प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। इस दौरान महोत्सव समिति के मोनालिसा, रोली जयसवाल व मनोज सिंह चौहान, विवेक सिंह उपस्थित रहे। मंच का संचालन , विजय गुप्ता ने किया।

पांचवें भारत हस्तशिल्प महोत्सव का शुभारंभ आज

- महोत्सव में अंतरराष्ट्रीय छवि की झलक
- स्टार नाइट, रॉक बैंड, कॉमेडी नाइट का जलवा
- 28 राज्यों के उत्पाद सहित अनेकों स्टॉल लगेंगे

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रगति इवेंट द्वारा आयोजित देश का सर्वाधिक लोकप्रिय भारत हस्तशिल्प महोत्सव 2025 का शुभारंभ डिफेंस एक्सपो के पास सेक्टर सी पी4 पार्किंग वृंदावन योजना लखनऊ में 5 दिसंबर से 22 दिसंबर 2025 तक धूम मचाने को तैयार है। भारत हस्तशिल्प महोत्सव को संस्था के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह द्वारा आत्मनिर्भर भारत एक कदम और का विजन लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुरूप भारत हस्तशिल्प महोत्सव को सजाया गया है नए डिजाइन के स्टॉल, हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, खादी ग्राम उद्योग, स्वयं सहायता समूह एवं कश्मीरी इंस्टॉल महोत्सव की शोभा बढ़ाएंगे। भारत हस्तशिल्प महोत्सव में प्रतिदिन सांस्कृतिक मंच से विविध प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन जानी-मानी संस्था द्वारा रॉक बैंड, स्टार नाइट, कॉमेडी नाइट, मुशायरा कवि सम्मेलन, एवं नृत्य संगीत के कार्यक्रमों का लुफ्त उठाया जा सकेगा। भारत हस्त शिल्पा महोत्सव में कई प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी आयु वर्ग के लोग भाग ले सकेंगे है। फूड स्टॉल इस बार विशेष रहेगा क्योंकि शहर के मशहूर खान-पान के ब्रांड इस महोत्सव में उपलब्ध रहेंगे। भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं लेडिस एवं जेंट्स बाउंसर सिक्योरिटी गार्ड और शादी वर्दी में सुरक्षा कर्मी महोत्सव स्थल पर उपलब्ध रहेंगे स्थानीय पुलिस प्रशासन का हमेशा की भर्ती सहयोग प्राप्त होगा।

दो देशों की सांस्कृतिक संगम की प्रदर्शनी 7 से

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भारत और रूस की कला परंपराएं भाव, आध्यात्मिकता और प्रकृति-प्रेम की साझा दृष्टि से जुड़ी हैं। भारतीय लघुचित्रों की रंग-संरचना और प्रतीकात्मकता, रूसी आइकन और फोक आर्ट की संवेदनात्मक गहराई के साथ मिलकर संस्कृति से संस्कृति तक एक अनकहा कलात्मक संवाद रचती हैं। ड्रीम विजनः इंडिया केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि सभ्यताओं के बीच पुल बनती कला का वह क्षण है जहाँ परंपरा, तकनीक और कूटनीति एक साथ सांस लेती हैं। निकास सफरोनोव की यह प्रस्तुति भारत और रूस के सांस्कृतिक रिश्तों को एक नए आयाम में ले जाती है—जहाँ कला केवल देखी नहीं जाती, बल्कि महसूस की जाती है, जी जाती है और अनुभव के रूप में स्मृति बन जाती है। क्लासिक पेंटिंग्स से लेकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता के साथ जीवंत होती डिजिटल अभिव्यक्तियों तक, यह प्रदर्शनी दर्शक को देखने वाले से सहभागी बना देती है। भारतीय संस्कृति से प्रेरित नई कृतियाँ दो देशों, दो परंपराओं और दो आत्माओं के बीच संवेदनात्मक संवाद का द्वार खोलती हैं। ड्रीम विजनः इंडिया में निकास सफरोनोव की एग्ज़िबिशन से बड़े इंटरनेशनल कल्चरल प्रोजेक्ट्स की एक नई सीरीज शुरू हुई दिसंबर 2025 में, इंडिया साल के सबसे अहम कल्चरल प्रोजेक्ट्स में से एक को होस्ट करेगा, जिसमें आर्टिस्टिक एस्थेटिक्स और इंटरनेशनल डिप्लोमेसी को मिलाकर रूस और दूसरे देशों के बीच रिश्तों को मजबूत करने में मदद मिलेगी। रशियन फेडरेशन के पीपल्स आर्टिस्ट निकास सफरोनोव नई दिल्ली और मुंबई में अपनी दो एग्ज़िबिशन शुरू कर रहे हैं। इंडिया में—एक ऐसा देश जो मॉस्को से स्पेशल और प्रिविलेज्ड स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप के रिश्तों से जुड़ा है जिसमें सबसे मशहूर कंटेंपेरी रशियन आर्टिस्ट में से एक शामिल हैं, यह आने वाले सालों में आर्टिस्ट द्वारा प्लान की गई बड़ी इंटरनेशनल एग्ज़िबिशन के एजुकेशनल और एकजुट करने वाले मिशन पर और जोर देता है, जिससे एग्ज़िबिशन की जगहें पब्लिक डिप्लोमेसी के लिए खुले प्लेटफॉर्म में बदल जाती हैं। ललित कला अकादमी (नई दिल्ली) में एग्ज़िबिशन 7 से 21 दिसंबर, 2025 तक खुली रहेगी, और मुंबई में एग्ज़िबिशन 25 दिसंबर, 2025 से 15 जनवरी, 2026 तक चलेगी। निकास सफरोनोव अपनी 100 पेंटिंग भारत लाए हैं, जो मास्टर के क्रिएटिव करियर के अलग-अलग समय को कवर करती हैं और उनके आर्टिस्टिक स्टाइल के विकास को दिखाती हैं। इन्हें अलग-अलग दिशाओं में बनाया गया है

आकर्षण का केंद्र रही राधाकृष्ण की झांकी, खेली फूलों की होली

- पूर्णाहुति और भंडारे के साथ श्रीमद् भागवत कथा का समापन
- सनातन परंपरा में व्यक्ति नहीं, विश्व का कल्याण सर्वोपरि : पं. गोविंद मिश्रा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। हरि की कथा सुनाने वाले तुमको लाखों प्रणाम..., तेरा सुंदर रूप सलोना... जैसे भजनों पर भक्त जमकर झूमे। मौका था विश्वनाथ मंदिर के 34वें स्थापना दिवस पर श्रीरामलीला पार्क, सेक्टर-ए, सीतापुर रोड योजना कॉलोनी में 27 नवंबर से चल रहे श्रीमद् भागवत कथा और रासलीला के समापन का। गुरुवार को वातावरण वैदिक मंत्रोच्चार, भजनों और प्रभु स्मरण की ध्वनियों से गूँज उठा। हवन और पूर्णाहुति के बाद भक्तों ने आरती की। देर रात तक चले भंडारे में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं दिव्य मंच पर

जब राधा-कृष्ण की अलौकिक झांकी प्रस्तुत हुई तो भक्त भावविभोर होकर झूम उठे। भक्तों ने पारंपरिक उत्साह के साथ फूलों की होली खेलकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। वहीं भगवान श्रीकृष्ण ने भी भक्तों पर पुष्पवर्षा कर आशीर्वाद प्रदान किया। वातावरण में भक्ति, संगीत और रंगों का ऐसा संगम देखने को मिला कि पूरा परिसर राधे-राधे और कृष्ण कन्हैया लाल की जय के जयकारों से गूंज उठा।

कथाव्यास आचार्य पं. गोविंद मिश्रा ने कहा कि सनातन धर्म का मूल सूत्र ह्यसर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः है। इसका तात्पर्य केवल अपने सुख, समृद्धि या कल्याण की इच्छा करना नहीं, बल्कि समस्त विश्व के कल्याण की कामना करना है। सनातन परंपरा में व्यक्ति का नहीं, बल्कि विश्व का कल्याण सर्वोपरि माना गया है। इसी भावना के कारण हमारे धर्म में वसुधैव कुटुंबकम् की अवधारणा जन्म लेती है, जो बताती है कि संपूर्ण जगत एक परिवार है और हम सबके सुख-दुःख साझा हैं। सुदामा चरित्र और श्रीकृष्ण-सुदामा मिलन का वर्णन करते आचार्य पं. गोविंद मिश्रा ने बताया कि सुदामा का त्याग, सादगी और मित्रता का भाव आज भी समाज को आदर्श मार्ग दिखाता है। वहीं पूरे दिन भक्ति का उत्सव दिखाई दिया। मंच पर प्रस्तुत भजनों ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

सनातन समागम में गोमती आरती संग भजन संध्या

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सनातन महासभा की ओर से मार्गशीर्ष पूर्णिमा पर सनातन समागम एवं 145 वीं आदि गंगा माँ गोमती महाआरती का आयोजन गुरुवार को झूलेलाल वाटिका, गोमती तट पर किया गया। मंगलाचरण, स्वस्तिवाचन, पुष्पांजलि व शंखनाद के साथ 07 भव्य मंचो से पूज्य स्वामी आनंद नारायण जी एवं स्वामी धीरेंद्र जी के सानिध्य में हुई। महाआरती में मृदंग, मंजीरा, ढोल, तासे, शंख की ध्वनि से पूरा प्रांगण गुंजायमान रहा। अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने बताया कि महाआरती के पूर्व पूर्णिमा पर नशा मुक्त प्रदेश बनाए जाने को लेकर सामूहिक संकल्प श्री गणेश वंदना के साथ प्रकृति संवर्धन हेतु गोमती बचाव अभियान को आगे बढ़ाने हेतु चर्चा की गयी। बाद में रजनी तिवारी द्वारा अवधी भजन संध्या के साथ शुभम द्वारा भरतनाट्यम नृत्य के साथ सामूहिक नृत्य प्रस्तुति हुई साथ ही शशि सिंह, मीरा तिवारी व गीता निगम ने भजन प्रस्तुत किये और महिलाओं व बच्चो ने सनातन संस्कृति के जानने हेतु रामायण, गीता, शरीर विज्ञान प्रतियोगिता में भाग लिया और उनमें से कुछ लोगो को पुरुस्कार भी दिए गए। महाआरती का संयोजन कर रहे महासभा के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने बताया महाआरती के बाद संकल्पों के साथ 501 दीपो से घाट दीवाली की तरह जगमगा उठा। संचालन प्रवक्ता विकास मिश्र ने किया। अंत में मार्गशीर्ष पूर्णिमा पर लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर 11 सनातन पदाधिकारियों व सदस्यों को गंगाजल व कृपाण व तलवार देकर धर्म विस्तार हेतु संकल्पित कराया गया तथा समाजसेवी कशिश संगठन व शुभम को सनातन गौरव सम्मान से सम्मानित भी किया गया।

मनकामेश्वर उपवन घाट पर हुई गोमती आरती

लखनऊ। मार्गशीर्ष पूर्णिमा के अवसर गुरुवार को नमोस्तुते मां गोमती संस्था के तत्वाधान में आदि गंगा मां गोमती की महाआरती का आयोजन मनकामेश्वर उपवन घाट पर किया गया। इस मौके पर मनकामेश्वर मठ-मंदिर की महंत देव्या गिरि ने आदि गंगा गोमती की महाआरती की। उपवन घाट को पुष्पों और हजारों दीयों से सुशोभित किया गया था। शाम को गोधूलि बेला में वाराणसी की तरह ही 11 वेदियों से मां गोमती की आरती की गई. नमोस्तुते मां गोमती एवं मनकामेश्वर मठ मंदिर की महंत दैव्या गिरी ने मुख्य मंच से मां गोमती की महा आरती और आशीर्वाद प्राप्त किया। सभी वेदियों पर एक ही वेश भूषा में सभी पंडितों ने मंत्रोच्चार के साथ मां गोमती की आरती और पूजा अर्चना की।

नगर पंचायत गोला बाजार, जनपद-गोरखपुर

पत्रांक 510/का.न.पं.गोला/गो./2025-26 दिनांक 01.12.2025

आवश्यक सूचना

नगर पंचायत गोला बाजार के समस्त सम्मानित नागरिकों के भवन / भू-स्वामियों से अपील की जाती है कि वह अपने भवनों की मरम्मत या नये भवन निर्माण के दौरान निकलने निर्माण व विध्वंस सामग्री (Construction & Demolition Waste) को सार्वजनिक स्थलों पर भवन निर्माण सामग्री यथा गिट्टी, बालू, मोरंग एवं बजरी आदि न रखे, बल्कि नगर पंचायत के नं. 9839159496 मलबा हटाये जाने हेतु सूचित करें। आपके भवन/भू-भाग से निकलने वाले मलबे को उठाने हेतु नगर पंचायत गोला बाजार द्वारा यूजर चार्ज प्रतिटिपर रू. 250.00 प्रति ट्राली रू. 500.00 मात्र निर्धारित किया गया है। यदि किसी भी भवन / भू-स्वामी द्वारा खुले में मलबा फेंका जाता है, तो उसका यह कृत्य C & D Waste Management & Handling Rule 2016 एवं मा. राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली के आदेशों का खुला उल्लंघन है तथा सम्बन्धित के विरूद्ध मलवा हटाने के लिये निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त 03 गुना अर्थदण्ड के साथ-साथ C & D Waste management & Handling Rule 2016 एवं मा. राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण नई दिल्ली के आदेशों के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही भी की जायेगी। साथ ही इस कृत्य के लिये रूपया 1000/- की जुमार्ना भी आरोपित किया जायेगा, जिसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित भवन / भू-स्वामी की होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत गोला बाजार
गोरखपुर

एक ट्रेन निरस्त, कई के मार्ग बदले कुछ नियंत्रित होकर चलेंगी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। परिचालनिक सुगमता हेतु इन्फ्रास्ट्रक्चर विस्तार एवं विकास के क्रम में पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के मैरवा यार्ड में प्वाइंट एवं क्रासिंग के बदले जाने हेतु यातायात ब्लॉक लिए जाने के कारण गाड़ियों निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन एवं नियंत्रण किया जायेगा। निरस्तीकरण के तहत गोरखपुर एवं छपरा से 07, 10, 13 एवं 16 दिसम्बर को चलने वाली 55056/55055 गोरखपुर-छपरा-गोरखपुर सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। मार्ग परिवर्तन के तहत नई दिल्ली से 06, 09, 12 एवं 15 दिसम्बर को चलने वाली 04454 नई दिल्ली-मानसी विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग गोरखपुर कैंट-भटनी-सीवान के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोरखपुर कैंट-कप्तानगंज-थावे-सीवान के रास्ते चलाई जायेगी। गोरखपुर से 07 एवं 16 दिसम्बर को चलने वाली 15048 गोरखपुर -कोलकाता एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग गोरखपुर कैंट-भटनी-सीवान के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोरखपुर कैंट-कप्तानगंज-थावे-सीवान के रास्ते चलाई जायेगी। अमृतसर से 09 दिसम्बर को चलने वाली 14674 अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग गोरखपुर कैंट-भटनी-सीवान के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोरखपुर कैंट- कप्तानगंज-थावे-सीवान के रास्ते चलाई जायेगी।

नियंत्रण के तहत 14674 अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस 12 दिसम्बर को मार्ग में 45 मिनट तथा 13 दिसम्बर को मार्ग में 40 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। 13020 काठगोदाम-हावड़ा एक्सप्रेस 12 दिसम्बर को मार्ग में 25 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।15078 गोमतीनगर- कामाख्या एक्सप्रेस 15 दिसम्बर को मार्ग में 25 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। 15110 मथुरा-छपरा एक्सप्रेस 16 दिसम्बर को मार्ग में 30 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।

गर्डर बदले जाने के कारण बदले मार्ग से चलेंगी ट्रेनें: रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु वाराणसी मण्डल के देवरिया सदर स्टेशन पर बनाये जा रहे पैदल उपरिगामी पुल के 12 मीटर चौड़े गर्डर के लांचिंग हेतु ब्लाक दिये जाने के कारण निम्नलिखित गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन कर चलायाजायेगा। दरभंगा से 06 दिसम्बर को चलने वाली 02569 दरभंगा-नई दिल्ली विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग सीवान- थावे-गोरखपुर कैण्ट के रास्ते चलाई जायेगी। बरौनी से 06 दिसम्बर को चलने वाली 02563 बरौनी-नई दिल्ली विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग सीवान-थावे-गोरखपुर कैण्ट के रास्ते चलाई जायेगी। मथुरा जं0 से 08 दिसम्बर को चलने वाली 15110 मथुरा जं0-छपरा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कप्तानगंज-थावे-सीवान के रास्ते चलाई जायेगी। यात्री जनता की सुविधा हेतु इन गाड़ियों का 02 मिनट का अस्थाई ठहराव कप्तानगंज एवं थावे स्टेशनों पर प्रदान किया जायेगा।

लोको पिट साइडिंग कार्य के कारण अनेक ट्रेन गंतव्य से पहले यात्रा समाप्त करेंगी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुविधा में उन्नयन हेतु उत्तर रेलवे के देहरादून यार्ड में लोको पिट साइडिंग कार्य एवं पुल संख्या-39, 57, 1286 एवं 1263 पर नान-इण्टरलाक कार्य हेतु ब्लाक दिये जाने के कारण गाड़ियों का शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन, मार्ग परिवर्तन तथा पुनर्निर्धारण/नियंत्रण किया जायेगा।

शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन-के तहत लखनऊ जं. से 09 एवं 10 दिसम्बर को चलने वाली 22545 लखनऊ-देहरादून एक्सप्रेस देहरादून के स्थान पर हरिद्वार में यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी हरिद्वार से देहरादून के मध्य निरस्त रहेगी। देहरादून से 09 एवं 10 दिसम्बर, को चलने वाली 22546 देहरादून -लखनऊ एक्सप्रेस लखनऊ जं. के स्थान पर हरिद्वार से चलाई जायेगी। यह गाड़ी देहरादून से हरिद्वार के मध्य निरस्त रहेगी। काठगोदाम से 09 एवं 10 दिसम्बर को चलने वाली 12092 काठगोदाम-देहरादून एक्सप्रेस देहरादून के स्थान पर नजीबाबाद में यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी नजीमाबाद से देहरादून के मध्य निरस्त रहेगी। देहरादून से 09 एवं 10 दिसम्बर को चलने वाली 12091 देहरादून- काठगोदाम एक्सप्रेस देहरादून के स्थान पर नजीबाबाद से चलाई जायेगी। यह गाड़ी देहरादून से नजीमाबाद के मध्य निरस्त रहेगी। काठगोदाम से 08 से 10 दिसम्बर को चलने वाली 14119 काठगोदाम-देहरादून एक्सप्रेस देहरादून के स्थान पर लक्सर में यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी लक्सर से देहरादून के मध्य निरस्त रहेगी। देहरादून से 08 से 10 दिसम्बर को चलने वाली 14120 देहरादून- काठगोदाम एक्सप्रेस देहरादून के स्थान पर लक्सर से चलाई जायेगी। यह गाड़ी देहरादून से लक्सर के मध्य निरस्त रहेगी। पुनर्निर्धारण/नियंत्रण के तहत मुजफ्फरपुर से 08 दिसम्बर को चलने वाली 15001 मुजफ्फरपुर -देहरादून एक्सप्रेस मुजफ्फरपुर से 180 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के तहत लखनऊ से 05 दिसम्बर को चलने वाली 15011 लखनऊ-चण्डीगढ़ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गजरौला-मेरठ सिटी-सहारनपुर के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव मन्डी धनौरा, चाँद सियाऊ, हल्दौर, बिजनौर, बसी किरतपुर, मुज्जमपुर नारायण, लक्सर एवं रूड़की स्टेशनों पर नही रहेगा।

घाघराघाट-चौकाघाट-बुढ़वल जं. रेलखंड का आज निरीक्षण करेंगे सीआरएस

लखनऊ। यात्री सुविधा के विकास तथा परिचालनिक सुगमता हेतु यातायात के दृष्टिगत पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल के गोण्डा-बुढ़वल रेलखण्ड के घाघराघाट-चौकाघाट-बुढ़वल जं0 स्टेशनों के मध्य नई विद्युतीकृत तृतीय लाइन कमिशनिंग का कार्य किया जा रहा है। जिसके परिप्रेक्ष्य में दिनांक 05 दिसम्बर को पूर्वोत्तर परिमण्डल के रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा नई विद्युतीकृत रेलवे लाइन का संरक्षा निरीक्षण किया जायेगा। सभी क्षेत्रीय जनता एवं विशेषकर घाघराघाट-चौकाघाट-बुढ़वल जं. स्टेशनों के मध्य नई तृतीय रेलवे लाइन के कमिशनिंग के दौरान समीपवर्ती इलाकों में रहने वाले निवासियों को सचेत किया जाता है कि संरक्षा निरीक्षण एवं स्पीड ट्रायल के दौरान वह रेलवे लाइन पर सतर्कता बरतें तथा अपने मवेशियों को रेलवे लाइन के आस पास खुले में न छोड़ें ।

सलेमपुर पतोरा में प्रोस्थेटिक्स एवं ऑर्थोटिक्स जागरुकता के लिए लगा परीक्षण कैंप

लखनऊ। डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केंद्र द्वारा लक्ष्मी नारायण बाल विद्या मंदिर, सलेमपुर पतोरा में प्रोस्थेटिक्स एवं ऑर्थोटिक्स जागरुकता एवं परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों को कृत्रिम अंग, ऑर्थोटिक उपकरण, शरीर की एलाइमेंट से संबंधित समस्याओं एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करना था। राजकमल एवं उनकी टीम द्वारा कुल 250 प्रतिभागियों का परीक्षण किया गया। परीक्षण में 48 बच्चों में विभिन्न प्रकार के शारीरिक विकारों के लक्षण पाए गए। विशेष रूप से रीढ़ की हड्डी एवं पैर की संरचनात्मक विकृतियों का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। जिन प्रतिभागियों में लक्षण पाए गए, उन्हें प्रारंभिक उपचार एवं आगे की जांच के लिए कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केंद्र में बुलाया गया।

फैमिली आईडी के आधार पर स्वतः मिलेगी वृद्धावस्था पेंशन

लखनऊ। समाज कल्याण विभाग ने राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना में सुधार करते हुए पेंशन भुगतान प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी व सरल बनाया है। अब पात्र वृद्धजन की पहचान और सत्यापन फैमिली आईडी-एक परिवार एक पहचान प्रणाली के माध्यम से स्वतः किया जाएगा, जिससे पेंशन बिना देरी सीधे लाभार्थी के खाते में पहुंचेगी। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव एल वेंक्टेश्वर लू ने सभी सभी मण्डलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि फैमिली आईडी आधारित चिह्नीकरण और सत्यापन प्रक्रिया को संवेदनशीलता के साथ लागू किया जाए, ताकि प्रदेश का कोई भी पात्र वृद्धजन पेंशन पाने से वंचित न रहे। नई व्यवस्था के तहत 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वृद्धजनों को आवेदन करने की जरूरत नहीं होगी। फैमिली आईडी में मौजूद आयु और परिवार के विवरण से स्वतः पता चल जाएगा कि कौन-कौन पेंशन के लिए पात्र हैं। इसके अलावा, जो लोग अगले 90 दिनों में 60 वर्ष पूरे करने वाले हैं, उनके नाम भी सिस्टम में अपने-आप जुड़ जाएंगे। अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि लाभार्थियों की सहमति मोबाइल एसएमएस, वॉट्सऐप या फोन कॉल के माध्यम से लेकर पेंशन की स्वीकृति औ डीबीटी के जरिए भुगतान समय पर सुनिश्चित करें।

पायलट परीक्षण 5 जिलों में शुरू होगा : यह नई पेंशन प्रणाली सबसे पहले अमेठी, कासगंज, गोरखपुर, ललितपुर और बस्ती जिलों में पायलट आधार पर लागू की जाएगी। इसके सफल होने पर इसे पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। इसके साथ ही सभी जिलों को 30 दिनों के अंदर विस्तृत एसओपी तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब है कि वर्तमान में लगभग 67.50 लाख वृद्धजन इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं।

फैमिली आईडी सोशल सेक्टर को दिखाएगा दीर्घकालिक राह : समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उद्देश्य है कि हर पात्र व्यक्ति को सम्मानजनक पेंशन सुनिश्चित की जाए। फैमिली आईडी सोशल सेक्टर को दीर्घकालिक राह दिखाएगा। प्रदेश के लाखों वृद्धजनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगी।

नई व्यवस्था में जीवन प्रमाण-पत्र जांच, संदिग्ध सूची तैयार करना, गलत भुगतान रोकना और डेटा की नियमित समीक्षा जैसे विशेष कदम लागू किए जाएंगे, ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि या दुरुपयोग की संभावना न रहे। मृतक या अपात्र लाभार्थियों के मामलों का तुरंत निस्तारण करने के निर्देश भी दिए हैं।

प्रदेश में आलू अनुसंधान एवं क्षमता-विकास को मिलेगा बड़ा प्रोत्साहन

- नेशनल हॉर्टिकल्चर बोर्ड ने सिग्ना फार्म, आगरा में अंतर्राष्ट्रीय आलू अनुसंधान केन्द्र के कार्यों को दी गति

लखनऊ। अपर मुख्य सचिव, उद्यान विभाग बीएल मीणा ने बताया कि प्रदेश में आलू फसल के उन्नत अनुसंधान, गुणवत्ता सुधार और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। नेशनल हॉर्टिकल्चर बोर्ड ने आगरा स्थित सिग्ना फार्म की भूमि का कब्जा लेकर निर्माण व अनुसंधान संबंधी गतिविधियों को तेज कर दिया है।

उन्होंने जानकारी दी कि मिट्टी की जांच के बाद अंतर्राष्ट्रीय आलू अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिकों ने नेशनल हॉर्टिकल्चर बोर्ड के साथ हुए समझौते के तहत खेत स्तर पर आलू उत्पादन से संबंधित गतिविधियां प्रारंभ कर दी हैं और वर्तमान में फील्ड ट्रायल सक्रिय रूप से संचालित हो रहे हैं। इसके अलावा केंद्रीय आलू एवं शकरकन्द अनुसंधान केंद्र स्टियरिंग कमिटी, जिसके अध्यक्ष सीआईपी के महानिदेशक तथा उपाध्यक्ष भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के सचिव हैं, ने भारत सरकार, उत्तर प्रदेश, नेपाल और भूटान के प्रतिनिधियों के साथ परामर्श करके केंद्रीय आलू एवं शकरकंद अनुसंधान केंद्र की अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों हेतु दिशा-निर्देश तैयार कर लिए हैं।

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि भवन परिसर (लैब, कार्यालय व अन्य अवसंरचना) के निर्माण के लिए राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड एवं भारत सरकार ने नेशनल बिल्डिंग कान्ट्रक्शन कारपोरेशन को कार्यान्वयन एजेंसी नामित किया है।

प्रदेश सरकार द्वारा केंद्रीय आलू एवं शकरकंद अनुसंधान केंद्र के लिए आगरा में अस्थायी कार्यालय भी तैयार कर लिया गया है, जिसे शीघ्र ही राज्य सरकार द्वारा सौंप दिया जाएगा। मुख्य केंद्र के निर्माण उपरांत किसानों के हॉस्टल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकार ने 24 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है, जबकि लोक निर्माण विभाग ने केंद्र तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सड़कों के विकास का कार्य भी अपने दायित्व में ले लिया है।

मेडिकल कार्ड के लिए रेल कर्मचारी व उनके आश्रित के लिए लगेगा कैंप

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ । पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल अपने रेलवे कर्मियों एवं उनके परिवारजनों एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों तथा मृतक कर्मचारियों के आश्रितों के मेडिकल कार्ड बनाने, एचआरएमएस माडयूल पर सर्विस रिक्वेस्ट एवं परिवाद निस्तारण हेतु मण्डल के विभिन्न स्टेशनों पर संबंधित कार्मिक विभाग के अधिकारियों एवं कार्मिक निरीक्षकों की उपस्थिति में निर्धारित तिथियों में विभिन्न स्थानों पर कैम्प लगाये जा रहे है।

इस सुविधा के अन्तर्गत 12 दिसम्बर को सहायक मण्डल इंजीनियर कार्यालय बहराइच, 13 दिसम्बर को लोको शेड कार्यालय, गोण्डा19 दिसम्बर को सहायक मण्डल इंजीनियर मैलानी, 20 दिसम्बर को सीनियर सेक्शन इंजीनियर/पीवे कार्यालय लखीमपुर, 26 दिसम्बर को सहायक मण्डल इंजीनियर कार्यालय सीतापुर, 27 दिसम्बर को सीनियर सेक्शन इंजीनियर/पी.वे कार्यालय बिसवां, 03 जनवरी को सीनियर सेक्शन इंजीनियर/पी.वे कार्यालय जरवल रोड, 09 जनवरी को स्टेशन अधीक्षक कार्यालय लखनऊ जं0, 10 जनवरी को सीनियर सेक्शन इंजीनियर/पीवे, कार्यालय ऐशबाग, 16 जनवरी को सहायक मण्डल इंजीनियर/पश्चिम कार्यालय गोरखपुर, 17 जनवरी को सीनियर सेक्शन इंजीनियर/पीवे, कार्यालय आनन्दनगर, 23 जनवरी को स्टेशन अधीक्षक कार्यालय खलीलाबाद एवं 24 जनवरी को सीनियर सेक्शन इंजीनियर/पीवे, कार्यालय बस्ती सहित सभी स्थानों पर पूर्वाह्न 11.00 बजे से 17:00 बजे तक कैम्प संचालित होगा।

कार्यरत कर्मचारी द्वारा बनवाने हेतु स्वयं का परिचय पत्र, मेडिकल कार्ड, पर्यवेक्षक द्वारा सत्यापित पास घोषणा पत्र, स्वयं एवं आश्रितों की फोटो, जन्म तिथि साक्ष्य हेतु आधार कार्ड/विद्यालय द्वारा जारी प्रमाण पत्र तथा जिस मोबाइल नम्बर पर उम्मीद कार्ड रजिस्टर कराना हो, उस मोबाइल सहित उपस्थित होना आवश्यक है।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं मृतक कर्मचारियों के आश्रित ह्लह्लसेवानिवृत्त कर्मचारी उदारीकृत स्वास्थ्य योजना मेडिकल कार्ड, सातवें वेतन आयोग का संशोधित पीपीओ, बैंक द्वारा जारी नवीनतम पेंशन स्लिप/पासबुक (नवीनतम प्रविष्टि सहित), यदि सेवानिवृत्त कर्मचारी की मृत्यु हो चुकी हो तो उनका मृत्यु प्रमाण पत्र, अपनी एवं आश्रितों की फोटो, जन्म तिथि साक्ष्य हेतु आधार कार्ड/विद्यालय द्वारा जारी प्रमाण पत्र तथा जिस मोबाइल नम्बर पर उम्मीद कार्ड रजिस्टर कराना हो, उस मोबाइल सहित उपस्थित होना आवश्यक है।

तबला वादन के साथ क्लासिकल वॉयस ऑफ इंडिया का आगाज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। गोमती नगर के अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में संगीत मिलन संगठन की ओर से आयोजित चार दिवसीय शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता क्लासिकल वॉयस ऑफ इंडिया-2025 में गुरुवार को तबला विधा में 27 प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन किया। दूसरे दिन कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। प्रतियोगिता में लखनऊ के अलावा कोलकाता, हल्द्वानी, चंडीगढ़, वाराणसी समेत कई शहरों से प्रतिभागी शामिल हुए।

प्रस्तुतियों में पुणे, महाराष्ट्र से आए जूनियर वर्ग के समृद्ध हलधर ने तबला पर तीन ताल, अयोध्या के माधव झा ने पखावज पर चौताल, कर्नाटक बेंगलुरु के अक्षज कुलकर्णी (मिडिल वर्ग) ने तीन ताल, हल्द्वानी के वरिष्ठ वर्ग के ऋजुल पांडेय ने झपताल तथा अगरतला से आए मंदीप घोष ने पखावज वादन की प्रस्तुति से श्रोताओं की सराहना प्राप्त की। वाद्य संगीत प्रस्तुतियों में महाराष्ट्र के कोल्हापुर से आई राधा वडुलेकर ने सितार पर राग यमन प्रस्तुत कर दर्शकों को मुग्ध किया। मिडिल वर्ग में निर्मल्या रे की सोनाली केसरी ने वायलिन पर राग मियां की मल्हार और कोलकाता की ही सयंति पल वायलिन पर राग मियां की तोड़ी प्रस्तुत किया। मध्य प्रदेश इटारसी की मीरा चौधरी ने बांसुरी पर राग यमन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में संगीत मिलन के संस्थापक पं. मिलन देबनाथ, सचिव अरुंधति चौधरी, निर्णायक मंडल में पं. प्रो. हरीश झा, पं. शीतल प्रसाद मिश्रा, पं. अरुण भट्ट, पं. महेंद्र प्रसाद शर्मा रहे। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों से सवाल भी पूछे। संगीत मिलन संस्था की डॉ. निष्ठा शर्मा, डॉ. अंजना मिश्रा, राजेश ओझा, सुमित मालिक, मधुर भटनागर, शिप्रा सक्सेना, आयुषी शुक्ला, बिंदु आदि का सहयोग रहा।

लविवि कर्मचारी परिषद ने भरी हुंकार

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद ने कुलपति को ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन में कर्मचारी परिषद ने लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री के निर्देश और शासन के आदेश का अनुपालन न करने और कर्मचारी हितों की अनदेखी किये जाने का आरोप लगाया है। साथ ही संघ ने विश्वविद्यालय प्रशासन से शासन के निर्देशों के अनुरूप 08 दिसम्बर तक कार्यवाही व समाधान कराने की मांग की है अन्यथा विश्वविद्यालय प्रशासन की हठधर्मिता के विरूद्ध 09 दिसम्बर से कर्मचारी परिषद आंदोलन करने की चेतावनी दी है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी।

लखनऊ विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष राकेश यादव और महामंत्री संजय शुक्ला ने दिये गये ज्ञापन ने कहा कि अपर मुख्य सचिव द्वारा जारी शासनादेश 19 अप्रैल 2024 का संदर्भ ग्रहण करने की मांग की जिसमें शासन की ओर से जारी 24 मई, 2019 व समसंख्यक शासनादेश 27 जुलाई, 2021, 17 मई 2022 एवं 16 नवम्बर, 2023 का उल्लेख करते हुऐ आदेशित किया गया है कि कर्मचारी मांगों व समस्याओं के समयबद्ध निराकरण किया जाए।

लखनऊ विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद द्वारा इस सम्बन्ध में कुलपति को क्रमशः दिनांक 11/08/2023, 15/04/2024, 19/06/2024, 04/09/2024, 17/09/2025 एवं 17/10/2025 को प्रेषित प्रत्यावेदन में लम्बित विनियमितीकरण, वेतनमान, टैगोर पुस्तकालय में लगातार कर्मचारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है एवं मृतक आश्रित की नियुक्ति आदि के निस्तारण का अनुरोध किया था लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन पूरी तरह उदासीन है। जिसको लेकर कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है। बता दें कि शासन द्वारा विनियमितीकरण प्रक्रिया पूर्ण करने के सम्बन्ध में क्रमशः 19 मई 2025, 19 जून 2025 एवं 14 अगस्त 2025 आने के बाद भी विश्वविद्यालय प्रशासन उदासीन है। इसके कारण संघ ने कुलपति प्रो. मनुका खन्ना को ज्ञापन प्रेषित कर ससमय निराकरण की मांग की है और मांग पूरी न होने पर 9 दिसम्बर से आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

वायु गुणवत्ता एवं वैश्विक पर्यावरण चुनौतियों पर हुआ प्रेरक व्याख्यान

लखनऊ। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अनुप्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी विभाग - पर्यावरण विज्ञान द्वारा गुरुवार को प्रतिष्ठित व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया। इस श्रृंखला में विशिष्ट वक्ता के रूप में प्रो. विनी पी. अनेजा, डिपार्टमेंट ऑफ मरीन, अर्थ एंड एटमॉस्फेरिक साइंसेज, नॉर्थ कैरोलाइना स्टेट यूनिवर्सिटी, रैले (यूएसए) ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। प्रो. अनेजा ने वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) तथा वर्तमान वैश्विक पर्यावरणीय परिदृश्य में इसकी बढ़ती महत्ता पर अत्यंत ज्ञानवर्धक व वैज्ञानिक दृष्टि से समृद्ध व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि पीएम 2.5 कण, जो पूर्व में नौवें प्रमुख जोखिम कारक थे, वर्ष 2018 तक बढ़कर प्रमुखतम जोखिम कारक बन चुके हैं, जो नीति-निर्माण और जन-जागरूकता की अत्यंत आवश्यकता को रेखांकित करता है। व्याख्यान में उन्होंने प्रमुख विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की, जिसमें अमेरिका के क्लीन एयर एक्ट का विकास, नियामक ढांचा और उसकी वैश्विक प्रासंगिकता, सूर्य से उत्सर्जित विकिरण का स्पेक्ट्रम तथा पृथ्वी के वायुमंडल के साथ उसकी अंतःक्रिया, वायुमंडल की गैसीय संरचना और स्थिर जलवायु के लिए आवश्यक प्राकृतिक संतुलन, ग्रीनहाउस गैसों एवं वैश्विक ऊष्मीकरण के पर्यावरणीय एवं स्वास्थ्यगत प्रभाव, वायुमंडलीय मिश्रण की प्रक्रिया और उसके माध्यम से गैसों के प्रसार का वायु गुणवत्ता पर प्रभाव और ओजोन संबंधी द्विविधा–स्ट्रैटोस्फियर में ओजोन क्षय एवं ट्रोपोस्फियर में ओजोन निर्माण रहा।

प्रत्येक विद्यार्थी को एंटरप्रेन्योरशिप का बुनियादी ज्ञान अवश्य होना चाहिए : विष्णु कांत पाण्डेय

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में गुरुवार को नवाचार डिजाइन और उद्यमिता विषय पर आधारित द्विदिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का उद्घाटन हुआ। मुख्य तौर पर 55 जिलों के जिला शिक्षा अधिकारियों, डायट तथा एससीईआरटी सदस्यों के लिए आयोजित यह कार्यशाला बीबीएयू एवं स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय के नवाचार प्रकोष्ठ, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, पीएम श्री (प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया), स्कूल इनोवेशन काउंसिल तथा वाधवानी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में संचालित की जा रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने की। मुख्य अतिथि के तौर पर एडीशनल स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर विष्णु कांत पाण्डेय उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मंच पर रिजनल ऑफिसर, इनोवेशन सेल, शिक्षा मंत्रालय शैलेन्द्र

मणि त्रिपाठी, इनोवेशन एवं डिजाइन थिंकिंग एक्सपर्ट अम्बुमति, नोडल सेंटर हेड प्रो. नवीन कुमार अरोड़ा एवं को-ऑर्डिनेटर डॉ. अर्पित शैलेश मौजूद रहे।

सर्वप्रथम हेड नोडल सेंटर प्रो. नवीन कुमार अरोड़ा ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य एवं रुपरेखा से अवगत कराया। मंच संचालन का कार्य डॉ. नरेंद्र सिंह ने किया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने आयोजन समिति को इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आत्मनिर्भर, समृद्ध एवं विकसित भारत के निर्माण हेतु इनोवेशन डिजाइन और एंटरप्रेन्योरशिप जैसे विषय आज के समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता हैं। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में शिक्षा की भूमिका अत्यंत अहम है, क्योंकि शिक्षा ही सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन की मूल शक्ति है। प्रो. मित्तल ने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि उन्हें असफल होने के भय से ऊपर उठकर नौकरी खोजने वालों की जगह नौकरी देने वाला बनना होगा। धन कमाना आवश्यक है, पर वह सदैव नैतिक तरीकों से होना चाहिए।

एडीशनल स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर विष्णु कांत पाण्डेय ने अपने वक्तव्य में पीएम श्री स्कूल (प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया) की महत्ता पर विशेष जोर देते हुए बताया कि यह योजना देश में स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को नए स्तर पर ले जाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत बच्चों को विद्यालय स्तर पर ही विज्ञान, नवाचार और उद्यमिता की दिशा में प्रेरित करने की अवधारणा को सशक्त बनाया गया है। उनका मानना है कि प्रत्येक विद्यार्थी को एंटरप्रेन्योरशिप का बुनियादी ज्ञान अवश्य होना चाहिए, क्योंकि आज के समय में नवाचार-आधारित सोच न केवल व्यक्तिगत विकास बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए भी आवश्यक है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा विद्यालयों में अटल इन्नोवेशन मिशन के अंतर्गत अटल टिंकरिंग लैब स्थापित की गई हैं, जहां बच्चों को प्रयोग, खोज, नवाचार और तकनीकी परियोजनाओं पर कार्य करने का अवसर मिलता है। उन्होंने बताया कि समाज को बदलने के लिए आवश्यक है कि हम आगे बढ़ें और अपने नवीन विचारों को व्यवहार में लाएं, क्योंकि जब कोई बच्चा या युवा अपने किसी आइडिया को आगे ले जाता है, तो उससे न केवल उसका स्वयं का व्यक्तित्व विकसित होता है बल्कि आसपास का पूरा वातावरण भी सकारात्मक परिवर्तन की ओर बढ़ता है। इस अवसर पर विभिन्न तकनीकी एवं चर्चा सत्रों का आयोजन किया गया। जिसमें नवाचार एवं उद्यमिता की विद्यालयों में महत्ता, नवाचार और समस्या-समाधान की खोज के लिए मानव-केंद्रित दृष्टिकोण - डिजाइन थिंकिंग के सिद्धांत, डिजाइन थिंकिंग पर आधारित केस स्टडीज एवं समूह कार्य आदि विषयों पर चर्चा की गयी। साथ ही सभी ने विश्वविद्यालय परिसर में स्थित इनक्यूबेशन सेंटर एवं सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का भ्रमण किया, जहां उन्हें नवाचार, स्टार्टअप संस्कृति एवं प्रौद्योगिकी-आधारित समाधान विकास की प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ।

अंत में आयोजन समिति की ओर से अतिथियों को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया। साथ ही डॉ. अर्पित शैलेश द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

यूपीपीसीएस -2025 मुख्य परीक्षा की निःशुल्क कोचिंग के लिए 12 तक आवेदन

लखनऊ। प्रतिभाशाली युवाओं को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग ने बेहतरीन पहल की है। यूपीपीसीएस प्रारम्भिक परीक्षा-2025 उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए मुख्य परीक्षा की निःशुल्क कोचिंग के लिए आवेदन प्रक्रिया 12 दिसंबर तक संचालित होगी। यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम गोमती नगर स्थित छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, भागीदारी भवन में आयोजित किया जाएगा।

भागीदारी भवन के संयुक्त निदेशक आनंद कुमार सिंह ने बताया कि यह सुविधा केवल पुरुष अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध है। इसके तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी, जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय 6 लाख रुपये से अधिक न हो और जो यूपीपीसीएस प्रारम्भिक परीक्षा-2025 में उत्तीर्ण हों, उन्हें लेटरल एंट्री के माध्यम से कोचिंग में प्रवेश मिलेगा।

आवेदन के लिए जरूरी दस्तावेज

आवेदन के समय प्रारम्भिक परीक्षा प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र और शैक्षिक प्रमाणपत्रों की प्रतियां जमा करनी होंगी। इसके अलावा 2000 रुपये की कॉशन मनी जमा कर संस्थान में प्रवेश लिया जा सकेगा।

कोचिंग में उपलब्ध सुविधाएं

आनन्द कुमार सिंह ने बताया कि कोचिंग सत्र के दौरान अभ्यर्थियों को हॉस्टल, भोजन और लाइब्रेरी की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। साथ ही विषय विशेषज्ञों की नियमित कक्षाएं, मुख्य परीक्षा केंद्रित उत्तर लेखन अभ्यास, मॉडल टेस्ट, परीक्षा पैटर्न आधारित विशेष सत्र और आवश्यक अध्ययन-सामग्री भी दी जाएगी।

COURT NOTICE

Form No. 1
**

संक्षेप

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने चलाया गृह सम्पर्क अभियान

ललितपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष के रूप में घर-घर जाकर गृह संपर्क अभियान किया जा रहा है जिसमें प्रत्येक हिंदू घरों पर संपर्क करके उन्हें हिंदुत्व की भावना को जोड़ने का कार्य किया जा रहा है वहीं भारत मां का चित्र व पत्रक देकर लोगों में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ तालाबपुरा द्वारा शिवाजी बस्ती के स्वयं सेवकों ने घर-घर जाकर जनसपंर्क किया वहीं लोगो को जानकारी दी गई की वह विरोधी मानसिकताओं को छोड़कर भारत माता व देश भक्ति की भावनाओं को जागृत किया जाए व पंच परिवर्तन के बारे में बताया गया स्वयंसेवक नियमित रूप से समाज परिवर्तन और समस्याओं का समाधान करने के लिये सतत सक्रिय रहते हैं, लेकिन शताब्दी वर्ष के पश्चात पाँच विषयों पर सज्जन शक्ति के सहयोग से जन-जागरण के लिए विशेष प्रयत्न करेंगे। जिन्हें पंच परिवर्तन कहा गया है।

अंतर्राष्ट्रीय काल को लोकल काल में बदलकर फ्रॉड करने वाला गिरफ्तार

जिला संवाददाता

देवरिया। जिले की थाना साइबर पुलिस, एसओजी व बीएसएनएल कार्यालय देवरिया की संयुक्त टीम ने सिमबॉक्स का प्रयोग कर अंतर्राष्ट्रीय कॉल को लोकल कॉल में बदलकर फर्जी रूप से आर्थिक लाभ कमाने वाले गिरोह का पदार्फाश कर सरगना को गिरफ्तार किया है। साथ ही भारी मात्रा में सिमबाक्स व सिम कार्ड, एण्टीना, लैपटाप, राउटर बरामद किया है। प्रभारी थाना साइबर क्राइम, एसओजी, थाना कोतवाली व बीएसएनएल

कार्यालय देवरिया की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत रामगुलाम टोला से तेज नरायण सिंह पुत्र हंसनाथ सिंह निवासी रामगुलाम टोला संकटमोचन गली थाना कोतवाली जनपद देवरिया को पकड़ा।

उक्त के बावत जानकारी देते हुए एएसपी उत्तरी आनन्द कुमार पाण्डेय ने बताया कि पूछ-ताछ के दौरान तेज नरायण सिंह ने बताया गया कि वह मारिशस में 2015 से 2022 तक रहकर इलेक्ट्रीशियन का काम करता था। वहां पर इसे बंग्लादेशी नागरिक जो अपना नाम आदिल अहमद व समीर बताते थे और उनके द्वारा ही बताया गया कि विदेश से भारत में बात करने का ज्यादा पैसा लगता है, इससे अगर तुम्हें जल्दी और ज्यादा पैसा कमाना है तो अपने यहां सिमबाक्स लगाकर कमा सकते हो। तब अभियुक्त तेज नरायण सिंह ने वही पर पूरी तकनीकी जानकारी ले ली। आदिल अहमद व समीर द्वारा अभियुक्त तेज नरायण सिंह से बताया गया कि हम लोगों का एक आदमी कोलकाता में मिलेगा और वह सिमबाक्स और भारतीय सिम देगा। फिर तुम अपना काम कर सकते हो।

अभियुक्त तेज नरायण सिंह मारिशस से वापस भारत आने पर कोलकाता गया और आदिल अहमद व समीर द्वारा बताये गये व्यक्ति से अभियुक्त तेज नरायण सिंह द्वारा जरिए ह्वाट्सप काल बात किया गया तो उस व्यक्ति ने सिमबाक्स व सिम लाकर अभियुक्त तेज नरायण सिंह को उपलब्ध करा दिया। उसके बाद अभियुक्त तेज नरायण सिंह द्वारा सिमबाक्स को एम्पलीफायर के रूप में डिजायन करके कोलकाता से अपने घर लाया। फिर जैसा मारिशस में सिखा था, वैसे ही सभी सिमबाक्स को इन्टरनेट से कनेक्ट करके चालू कर दिया। इसके बाद अभियुक्त तेज नरायण सिंह के नंबर पर समीर भाई द्वारा ह्वाट्सप पर लिंक और आईडी पासवर्ड भेजा जाता था। जिस लिंक को अभियुक्त तेज नरायण सिंह द्वारा गूगल क्रोम पर सर्च किया जाता था तो एक साइट ओपेन होती थी, जिसमें समीर भाई द्वारा भेजे गए आईडी पासवर्ड से एकाउन्ट लॉगिन होता था, जिसके बाद सिमबाक्स में लगे सिम एक्टिव हो जाते थे, जिसका उपयोग अंतर्राष्ट्रीय श्डक्ढ(श्द्धी ङ्घ५ी१ कल्लशी१ल्लीश ढ१ङ्घश्ङ्घङ्घ') कॉल को सामान्य कॉल में परिवर्तित करके फर्जी रूप से आर्थिक लाभ लिया जाता था। पुलिस ने उसके पास से 6 सिम बाक्स, 6 वाई-फाई राउटर, एक नेट स्टार फास्ट (ईथरनेट डेस्कटॉप स्वीच बाक्स), एक जीयो वाई-फाई राउटर, एक एयरटेल वाई-फाई राउटर, 43 एण्टीना (बड़ा) सिम बाक्स, 219 सिम(बीएसएनएल), 169 एण्टीना(छोटा) सिम बाक्स, 7 सिम बाक्स एडॉप्टर, 8 वाई-फाई राउटर एडाप्टर, 7 लैन केबल पीला रंग, 5 लैन केबल सफेद रंग, 2 यूएसबी केबल नीला रंग, 1 एम्पलीफायर कवर बाक्स, तीन मोबाइल, 2 पासबुक(एचडीएफसी बैंक), 2 पासबुक एसबीआई बैंक, 9 चेकबुक एचडीएफसी बैंक, 11 एचडीएफसी बैंक का एटीएम कार्ड, एक आधार कार्ड अभियुक्त का, एक लैपटॉप (डेल कम्पनी) व एक लैपटॉप(तोशिबा कंपनी) बरामद किया।

थाना साइबर क्राइम देवरिया पर मु0अ0सं0 18/2025 धारा 318(4), 319(2), 340(2) बीएनएस, धारा 3,6 भारतीय बेतार तार यांत्रिकी अधिनियम 1933 व धारा 42(1), 42(3)(ग)(ड़)(च) दूरसंचार अधिनियम एवं 66-सी, 66-डी आईटी एक्ट का अभियोग पंजीकृत करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

युवक को मारने - पीटने का वीडियो वायरल

भटनी(देवरिया)। बुधवार की शाम को एक युवक द्वारा खराब मिठाई वापस करने की शिकायत को लेकर मिष्ठान विक्रेता से कहा सुनी के दौरान दुकानदार व उसके सहयोगियों द्वारा युवक को सड़क पर दौड़ाकर लाठी डंडे से मारने का वाईरल वीडियो नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

बताया गया है कि नूरीगंज निवासी विक्की मद्देशिया पुत्र अवधेश मद्देशिया के घर कुछ मेहमान आने की वजह से विक्की मद्देशिया मेन रोड स्थित एक मिठाई की दुकान से मिठाई खरीदकर घर लाया। मेहमानों को जलपान कराने के दौरान पता चला कि मिठाई पूरी तरह से खराब हो चुकी है और मिठाई खट्टी लग रही है।जिसको वापस करने विक्की अपने साथी राज पुत्र ओमप्रकाश के साथ मिष्ठान की दुकान पर शाम गया। जिस दौरान खराब मिठाई की शिकायत करते हुए उसे वापस करने की बात कही तो दुकानदार और विक्की मद्देशिया से किसी बात को लेकर कहासुनी होने लगी देखते देखते मामला मारपीट में तब्दील हो गया। मारपीट के दौरान एक युवक ने मारपीट का वीडियो बनाकर वाईरल कर दिया। वाईरल विडिओ में विक्की मद्देशिया को कुछ युवक लाठी डंडे से सड़क पर मार रहे हैं। हालांकि किसी भी वाईरल विडिओ की पुष्टि हमारा अखबार नही करता।सूचना पर तत्काल मौके पर पहुँच कर पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।इधर घायल विक्की मद्देशिया को उसके परिजन उपचार कराने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गये जहाँ विक्की की स्तिथि गंभीर देखते हुए चिकित्सकों द्वारा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहाँ उसका उपचार कराया जा रहा है। घायल विक्की के पिता अवधेश मद्देशिया ने बताया कि इसी 30 नवम्बर को मेरे लड़के की शादी थी। उसके चौथारी पर कुछ मेहमान घर आये थें। उनके जलपान के लिए लड़का मिठाई लाया था। खबर लिखे जाने तक घायल के परिजनो द्वारा थाने पर अभी कोई तहरीर नही दिया गया है। पुलिस जाँच पड़ताल में लगी है।

कृष्ण जन्मभूमि व काशी विश्वनाथ की मुक्ति का संकल्प लेगी हिंदू महासभा

अयोध्या। 6 दिसंबर के दिन भारत की भूमि पर बाबरी मस्जिद बनाने की घोषणा करने वालों का जोरदार विरोध होगा, हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीष पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया है कि 6 दिसंबर के दिन सरयू तट पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर सरयू जल हाथ में लेकर न सिर्फ भारत की भूमि पर बाबरी मस्जिद बनाने का दुवास्वप्नन देखने वालों का जोरदार विरोध किया जाएगा बल्कि वीर बलिदानी कार सेवकों को विनम्र भावभीनी श्रद्धांजलि भी प्रदान की जाएगी , साथ ही साथ कृष्ण जन्मभूमि एवं काशी विश्वनाथ मंदिर की मुक्ति का संकल्प भी लिया जाएगा।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 को

बहराइच। उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह के निदेर्शानुसार 13 दिसम्बर 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए पंचम अपर जिला जज/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विराट शिरोमणि ने आमजन से अपील की है कि लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ उठायें।सचिव श्री शिरोमणि ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन हेतु धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम (एन.आई.एक्ट), बैंक वसूली एवं टेलीफोन बिल्स से सम्बन्धित प्रकरण, श्रम विवाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (अशमनीय वादों को छोड़कर), अन्य आपराधिक शमनीय वाद, वैवाहिक व अन्य सिविल वादों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण किया जायेगा तथा स्एवं पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवाद सहित किन्तु अशमनीय विवादों को छोड़कर), सर्विस विवाद से सम्बन्धित वेतन, भत्ता और सेवानिवृत्ति लाभ के मामले, राजस्व वाद एवं अन्य सिविल वादों (किरायेदारी, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा वाद, विशिष्ट अनुतोष वाद) आदि का निस्तारण किया जायेगा।

ऐतिहासिक होगा सांसद मिनी मैराथनः भूपेंद्र सिंह

जिला संवाददाता

देवरिया। सांसद खेल स्पर्धा के अंतर्गत 6 दिसम्बर को प्रातः 7 बजे से बैतालपुर ब्लाक सभागार के गेट से प्रारम्भ होने वाले मिनी मैराथन(10 किमी) के लिए तैयारी बैठक ब्लाक सभागार, बैतालपुर में आयोजित हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भाजपा भूपेंद्र सिंह जी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य भारत की 543 लोकसभा क्षेत्रो में सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि देवरिया लोकसभा के सांसद शशांक मणि द्वारा कराए जा रहे मिनी मैराथन से ग्रामीण क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा।

बैठक को सम्बोधित करते हुए सांसद खेल स्पर्धा लोकसभा संयोजक/किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि मिनी मैराथन बालक और बालिका दोनों वर्गों में आयोजित किया जाएगा। खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए सांसद देवरिया शशांक मणि द्वारा प्रथम विजेता बालक/बालिका को 11 हजार रुपये, द्वितीय विजेता को 51 सौ रुपये और तृतीय विजेता को 21 सौ रुपये के साथ दोनों वर्गों में 7 सांत्वना पुरस्कार 1100 रुपये नगद दिया जाएगा, साथ ही जिला खेल विभाग द्वारा प्रमाण पत्र और ट्राफी प्रदान किया जाएगा। स्कूली बच्चे तिरंगे झंडे के साथ मिनी मैराथन का जगह-जगह स्वागत करेंगे।

ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि प्रभाकर राय ने कहा कि बैतालपुर ब्लाक सभागार से प्रारम्भ होकर राजकीय पालीटेक्निक, पुरवा चौराहा, सुभाष चौक, जिलाधिकारी आवास, राजकीय इंटर कालेज, महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज होते हुए स्वर्गीय रविन्द्र किशोर शाही जिला स्टेडियम में सम्पन्न होने वाले मिनी मैराथन प्रतियोगिता में अधिक-अधिक ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभागी भाग ले हम सभी को इसका प्रयास करना चाहिए।

बैठक में मिनी मैराथन के दौरान ट्रैफिक, सुरक्षा, चिकित्सा और अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा हुआ।

मिनी मैराथन प्रतियोगिता में लगभग 500 युवा खिलाड़ी भाग लेंगे।

मिनी मैराथन में भाग लेने वाले प्रतिभागी अपना पंजीकरण जिला स्टेडियम देवरिया के माध्यम से मोबाइल नम्बर-8527567988 पर सम्पर्क कर करा सकते है।

बैठक को ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि प्रभाकर राय, नगर पंचायत अध्यक्ष बैतालपुर सरिता पासवान, नगर पंचायत गौरीबाजार अध्यक्ष प्रदीप मद्देशिया, राधेश्याम शुक्ल, राजेश निषाद ने सम्बोधित किया।

बैठक में मुख्य रूप से मनोज सिंह, दीपक मणि, अरुण मिश्र, विजेंद्र चौहान,पंकज मणि, उमेश धर द्विवेदी,विनोद श्रीवास्तव, कमलेश्वर द्विवेदी, अजय पाण्डेय, आशुतोष मिश्र, प्रदीप जायसवाल, जयहिन्द पासवान, ऋषिकेश मणि, पीयूष मिश्रा, नन्दकिशोर मौर्य, अमित गुप्ता, शशिकांत मिश्रा, सुनील मणि, राधे मणि उपस्थित रहे।

6 और 11 दिसंबर को क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे कृषि मंत्री

देवरिया। 6 दिसंबर को सुबह भारत रत्न भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर पथरदेवा विधानसभा क्षेत्र के सीधावें गांव में स्थित आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा उनके सामाजिक समानता और न्याय के संदेश पर गोष्ठी आयोजित की जाएगी जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। इसी क्रम में 11 दिसंबर को सुबह 11 बजे देवरिया धूस के कुर्मीपट्टी के महाराणा प्रताप इंटर कालेज में सांसद विधायक खेल कूद प्रतियोगिता के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। उक्त आशय की जानकारी जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के माध्यम से जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी ने दी।

एस आई आर में तेजी लाएं कार्यकर्ता : भूपेंद्र सिंह

देवरिया। देवरिया विधानसभा के भुजौली कालोनी स्थित बूथ संख्या 97 पर पहुंच जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने भरे का रहे एस आई आर फॉर्म के प्रगति की जानकारी ली तथा कार्यकताओं से इस कार्य में तेजी लाने की अपील भी की। उन्होंने नगर के विभिन्न बूथों पर भ्रमण कर कार्यकताओं से इस संबंध में विस्तृत जानकारी भी ली।

आंगनबाड़ी सहायिका हेतु अब आवेदन की अंतिम तिथि 12 दिसम्बर तक

कुशीनगर। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने अवगत कराया है कि जनपद कुशीनगर में आंगनबाड़ी सहायिका की भर्ती हेतु दिनांक 14.11.2025 के द्वारा विज्ञप्ति जारी की गयी थी जिसकी आवेदन करने की अन्तिम तिथि 03.12 2025 तक निर्धारित थी। जिसे जिलाधिकारी द्वारा दिये गए निर्देश के क्रम में आंगनबाड़ी सहायिका हेतु फार्म भरने की अन्तिम तिथि 12.12.2025 तक बढ़ाई गई है।

बाल विवाह के दुष्प्रभाव के बारे में आम जन को किया गया जागरूक

कुशीनगर। जिला प्रोबेशन अधिकारी डीसी त्रिपाठी ने बताया कि मिशन शक्ति के विशेष अभियान (फेज 5.0) के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं कि सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए विशेष अभियान के अनुपालन में 04 दिसंबर को जनपद के विकास खण्ड पडरौना में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी ध्रुव चन्द्र त्रिपाठी द्वारा बाल विवाह पर विशेष चर्चा करते हुए बाल विवाह के दुष्प्रभाव के बारे में सामूहिक विवाह में उपस्थित आम जनमानस को बताया गया साथ ही बाल विवाह ना करने हेतु प्रेरित किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम में हब फार इम्पावरमेन्ट ऑफ वूमेन टीम के डिस्ट्रिक्ट मिशन कोआर्डिनेटर नलिन सिंह द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी लाभकारी योजनाओं यथा निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्प लाइन, दत्तक ग्रहण इकाई आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी तथा उक्त योजनाओ की लाभ लेने हेतु आम जनमानस से अनुरोध किया गया। इसके साथ ही श्रीमती रीता यादव, सेन्टर मैनेजर द्वारा प्रदेश में संचालित सभी हेल्पलाईन नम्बर जैसे-चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, वन स्टाप सेन्टर 181, महिला हेल्पलाइन नम्बर 1090, 112, 108, 102 के बारे में भी विस्तृत जानकारी देते हुए इसके उपयोगिता के बारे में बताया गया। इस अवसर पर महिला कल्याण विभाग से ओम प्रकाश यादव, कनिष्ठ सहायक, दिनेश कुमार, कम्प्यूटर आपरेटर, श्रीमती सुनीता पाण्डेय केसवर्कर, आदर्श सिंह केसवर्कर, मुनीष कुमार के साथ-साथ सैकडों की संख्या नवविवाहित जोड़े एवं हजारों की संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित रहें।

एसडीएम ने की एसआईआर की दृष्टि से कमजोर बूथों पर सर्वदलीय समीक्षा बैठक

कसया, कुशीनगर। उपजिलाधिकारी कसया डॉ संतराज सिंह बघेल ने नगर पालिका कुशीनगर क्षेत्र के अंतर्गत एसआईआर की दृष्टि से कमजोर बूथों पर एक सर्वदलीय समीक्षा बैठक की। जिसमें एसआईआर की गति और पारदर्शिता पर विशेष जोर दिया गया।बैठक मुख्य रूप से नगर के बाल बाड़ी स्कूल स्थित बूथ संख्या 284, 285, 286 व 287 एवं भलुही मदारी पट्टी के बूथ संख्या 291, 292, 293, 294 व सबयाके बूथ संख्या 327, 328, 329, 330 पर प्रमुखता से हुआ। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि स्वरूप नगर मंडल महामंत्री रवि शंकर सिंह, शक्ति केंद्र संयोजक अनिल शुक्ला सभासद टिंकू मिश्रा, शक्ति केंद्र संयोजक विष्णु दुबे सभासद मधुबाला त्रिपाठी सभासद प्रतिनिधि अमेरिकन सिंह व समाजवादी पार्टी के विधानसभा प्रत्याशी राजेश प्रताप राव बंटी भैया, अरविंद जायसवाल , नगर पालिका कुशीनगर की अधिशासी अधिकारी अंकिता शुक्ला आदि प्रमुखता से उपस्थित रहे। बैठक में एसडीएम सिंह ने सभी बीएलओ व उनके सुपरवाइजर को निर्देश दिया कि अब एसआईआर का कार्य अपने अंतिम चरण में है और जल्दबाजी में कुछ गलत ना हो इसके लिए सभी कर्मचारी गण, सभी राजनैतिक दलों के साथ सहयोग व सबको विश्वास में लेकर सही व पारदर्शी तरीके से अपना-अपना कार्य पूर्ण करें।

81 लाख कैश जेवरात समेत 3 गिरफ्तार

देवरिया। थाना बरहज पुलिस, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने चोरी की 3 घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए कुल 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। साथ ही चोरी के नगद 81 लाख रुपया, जेवरात बरामद किया है। उक्त के बावत जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि बरहज पुलिस, एसओजी व सर्विलांस देवरिया की संयुक्त टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-308/2025 धारा 331(4),305 बीएनएस, मु0अ0सं0-283/2025 धारा 331(5),305 बीएनएस व मु0अ0सं0-274/2025 धारा 331(5),305 बीएनएस से सम्बन्धित प्रकाश में आये अभियुक्तगण शिवकुमार उर्फ शिवा पटेल पुत्र शंभू पटेल निवासी नन्दना वार्ड पश्चिमी थाना बरहज, राजेश उर्फ बेचू जायसवाल पुत्र बसन्त जायसवाल निवासी तिवारीपुर थाना बरहज और बंटी राजभर पुत्र दयानन्द राजभर निवासी जयनगर तहसील तिराहा थाना बरहज को मुखिबर की सूचना पर गुरुवार को करुअना के पास गिरफ्तार किया। अभियुक्त शिवकुमार उर्फ शिवा पटेल उपरोक्त के पास से 74,00,000 रुपये नगद, एक जोड़ा कानफूल (पीली धातु), 14 लेडिज रिंग, 6 जेन्ट्स रिंग (तीन टूटा हुआ), 1 जोड़ा कंगन, 2 जड़ाउ हार मय डोरी, 4 चैन लाकेट में लगा हुआ, 1 मंगलसूत्र, 4 मोती माला मय लाकेट, 3 जोड़ा कान का झुमका व 1 सिंगल कान का झुमका, 01 जोड़ा कान की बाली, 1 दो लर का नथिया, 2 जोड़ी कान का टप्स, 1 पीस नाक की कील, सफेद धातु की 17 पायल, 24 बिछिया, 11 रिगं, 5 सिक्का बरामद हुआ तथा अभियुक्त राजेश उर्फ बेचू जायसवाल अभियुक्त बंटी राजभर उपरोक्त के पास से 50,000 रुपये नगद बरामद हुआ। उक्त घटना में बरामदगी के आधार पर धारा 317(2) की बढ़ोत्तरी करते हुए नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। मालूम हो कि 30 नवंबर को उमाशंकर मद्देशिया निवासी तिवारीपुर थाना बरहज ने तहरीरी सूचना देकर अवगत कराया गया कि बीती रात अज्ञात चोरो द्वारा उनके कमरे में रखी स्टील की आलमारी खोलकर औरतो का जेवरात व कई लाख नगद रुपया चुरा लिया गया है। वही 11 नवंबर को प्रभात पाण्डेय निवासी परसिया देवार थाना बरहज ने तहरीरी सूचना बताया कि 8 नवंबर को सायंकाल दुकान बंद कर घर चले गये। सुबह दुकान खोलकर देखे तो दुकान के बगल में आरोग्य मंदिर का ताला तोड़कर दुकान के पीछे के जंगले का ग्रील निकालकर एक लाख सत्तर हजार रुपये किसी अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर लिया गया। वही 7 नवंबर को सूर्यभान चौहान निवासी नवापार थाना बरहज ने सूचना देकर अवगत कराया गया कि रात्रि मे अज्ञात चोरो द्वारा वादी के घर में घुसकर घर से बर्तन, आभूषण व कपड़ा चोरी कर लिया गया है।

प्रदेश सरकार दुग्ध आधारित उद्योगों की स्थापना के लिए उद्यमियों को दे रही है प्रोत्साहन

जिला संवाददाता

बहराइच। उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक राज्य है, जिसका देश के सकल दुग्ध उत्पादन में लगभग 16 प्रतिशत योगदान है। प्रदेश में संगठित क्षेत्र द्वारा मार्केटेबल सरप्लस दुग्ध का लगभग 10 प्रतिशत दुग्ध ही प्रसंस्कृत किया जा रहा है, जबकि भारत का औसत दुग्ध प्रसंस्करण लगभग 17 प्रतिशत है। प्रदेश में दुग्ध प्रसंस्करण की क्षमता एवं दुग्ध के मार्केटेबल सरप्लस की मात्रा में बड़ा अन्तर विद्यमान है, जिसका दोहन करने के लिये इस क्षेत्र में नवीन उद्योगों में निवेश की प्रचुर सम्भावना है।

बदलते परिवेश में जहाँ एक ओर जनमानस सन्तुलित पोषण की आवश्यकताओं के प्रति सजग है एवं लोगों की प्रयोज्य आय (क्पेचवेंइसम पदबवउम) में वृद्धि हो रही है, वहीं दूसरी ओर दुग्ध प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्द्धित उत्पादों के विनिर्माण हेतु नवीन तकनीक एवं कच्चामाल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, जिसके दृष्टिगत निवेशकों एवं उद्यमियों को प्रेरित करते हुए डेयरी क्षेत्र की सम्भावनाओं को धरातल पर उतारने के लिए सरकार ने सही निर्णय किया है।

इस प्रयोजन हेतु विद्यमान प्रसंस्करण क्षमता में वृद्धि, तकनीकी उच्चीकरण एवं सूचना तकनीक का उपयुक्त प्रयोग व क्षमता विकास करते हुए डेयरी सेक्टर के समस्त स्टेक होल्डर्स के लिए अधिकाधिक लाभ सुनिश्चित करने के लिए उत्तर प्रदेश दुग्धशाला विकास एवं दुग्ध उत्पाद प्रोत्साहन नीति 2022 प्रख्यापित की है। इस नीति से रोजगार सृजन के साथ-साथ पोषण सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। उत्तर प्रदेश दुग्धशाला विकास एवं दुग्ध उत्पाद प्रोत्साहन नीति-2022 के कई प्रमुख उद्देश्य हैं।

प्रदेश सरकारी की इस नीति से प्रदेश में दुग्ध आधारित उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहित करना है। प्रदेश में अगले पाँच वर्षों में रू0 5000 करोड़ के पूंजी निवेश के लक्ष्य को प्राप्त किया जायेगा। दुग्ध उत्पादकों को उनके दूध का बाजार आधारित लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किये जाने का प्रावधान है।

प्रदेश में दुग्ध प्रसंस्करण के स्तर को वर्तमान 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत तक ले जाना एवं दुग्ध प्रसंस्करण की स्थापित क्षमता (प्देजंससमक बंचंबपजल) को मार्केटेबल सरप्लस के 44 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत करना है। उच्च गुणवत्ता के प्रसंस्कृत दुग्ध उत्पादों को उपभोक्ताओं को सुलभ कराना, बाजार विकास तथा अन्य राज्यों व देशों के निर्यात को बढ़ावा देना, दुग्ध उद्योग के क्षेत्र में नये रोजगार के अवसर सृजित करना एवं उपलब्ध मानवशक्ति की दक्षता एवं कौशल का विकास/उच्चीकरण करना नवीन तकनीक एवं सूचना प्रौद्योगिकी आधारित समाधान (प्दवितउंजपवद जमबीदवसवहल इंमके वसनजपवदे) को प्रोत्साहित करना भी प्रमुख उद्देश्य है।

31 दिसम्बर 2025 तक किसान कराये अपनी फसल का बीमा

कुशीनगर। उप कृषि निदेशक अतींद्र ने अवगत कराया है कि रबी सत्र में बोई गई फसल गेहूं एवं सरसों का बीमा करवा लें। जनपद कुशीनगर में 119783 हेक्टेयर में गेहूं एवं 17039 हेक्टेयर में सरसों की खेती होती है। यह दोनों फसलें जनपद में बीमा के लिए अधिसूचित है। जनपद के लिए एग्रीकल्चर इन्शयोरेश कम्पनी इस कार्य के लिए नामित है। गेहूं की फसल का बीमा कराने के लिए प्रति हेक्टेयर रु० 1141.50 का प्रीमियम किसान को भुगतान करना होगा इसी तरह सरसों का बीमा करने के लिए प्रति हेक्टेयर 678.00 का प्रीमियम किसानों को भुगतान करना होगा।उन्होंने बताया कि फसल बीमा में दो तरह के कृषक आते हैं ऋणी एवं गैर ऋणी। ऐसे ऋणी कृषक जिन्होंने बैंक से किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ले रखा है सीधे बैंक से अनुरोध कर अपनी फसल का बीमा करवा सकते हैं। बीमा कराते समय किसान अपनी फसल का उल्लेख अवश्य करें, इसके लिए प्रीमियम को छोड़कर कोई अतिरिक्त धनराशि नहीं देनी होगी। इसी तरह गैर ऋणी कृषक सहज जन सेवा केंद्र, बीमा पोर्टल या फसल बीमा के प्रतिनिधि से प्रीमियम देकर अपना बीमा करवा सकते हैं। यहां भी बीमा के बदले कोई अतिरिक्त धनराशि भुगतान नहीं करनी है। किसानों को दोनों तरह के बीमा में आधार कार्ड, फसल की बुवाई की घोषणा पत्र, नवीनतम खतौनी एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति के अभिलेख आवश्यक होंगे।किसी भी प्राकृतिक आपदा यथा असफल बुवाई, खड़ी फसल की कीट रोगों से क्षति, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि, जल भराव, भूस्खलन और बिजली गिरने से तथा बुवाई के 14 दिन के अंदर खलिहान में नष्ट फसल का क्षतिपूर्ति बीमा कम्पनी देती है। किसानों को प्राकृतिक आपदा से बचने के लिए राज्य एवं भारत सरकार के सहयोग से जोखिम को कवर करनें के लिए योजना संचालित की गयी है। इसके लिए बीमा कम्पनी द्वारा किसानों की सहूलियत के लिए प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है, इनको भी प्रीमियम को छोड़कर किसी भी तरह का अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जाना है, जिनके नाम एवं दूरभाष नंबर निम्नवत है- जिला समन्वयक, एग्रीकल्चर इन्शयोरेंश कम्पनी प्रिंस कुमार मिश्रा 9549634331

शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय, कप्तानगंज 6394380693, जगदीप वर्मा हाटा, 9450945711, अभय प्रताप सिंह कसया 8009952236, आलोक गुप्ता तमकुहीराज, 7518207819 है।

लेप्टोस्पायरोसिस बीमारी के संक्रमण के दृष्टिगत चलाया निराधात्मक अभियान

कुशीनगर। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि प्रभावित गांव मे मेडिकल कैम्प लगाकर बच्चो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमे डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड आदि की रैपिड किट से जॉच की गयी तथा बच्चो का घर-घर जाकर समस्त बच्चो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मेडिकल टीम के साथ विगत दिवस जिलाधिकारी ने स्वयं भ्रमण कर समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियो को गांव का भ्रमण कर अपने विभाग से सम्बन्धित आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही के निर्देश दिये गये थे। वर्तमान मे स्वास्थ्य टीमो द्वारा धर-घर जाकर सर्वेक्षण किया जा रहा है तथा बुखार से पीडित बच्चो की जॉच व समुचित ईलाज किया जा रहा है तथा रोगो के प्रति आवश्यक स्वास्थ्य शिक्षा से लोगो को जागरूक किया जा रहा है।

इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुल 19 गाँव के 3750 घरों का सर्वे किया गया। 980 ग्राम पंचायतों में कुल 1627 सफाई कर्मियों के माध्यम से वृहद साफ-सफाई, एन्टी लार्वा का छिड़काव, फागिंग, झाड़ियों की कटाई, नालियों की सफाई, जल भराव वाले स्थानों का निस्तारण इत्यादि गतिविधियां करायी जा रही है। उपरोक्त कार्य में प्रत्येक ग्राम पंचायत में वित्त आयोग के टाईड ग्रान्ट से 25-25 मजदूरो को सफाई हेतु, ट्रैक्टर-ट्रॉली, जेसीबी मशीनें इत्यादि भी लगाये गये है। ग्राम पंचायत स्तरीय निगरानी समिति का गठन कर लिया गया है, तथा निगरानी समितियों के माध्यम से जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। निगरानी समिति के सदस्यों को क्या करे/क्या न करें संबंधित पम्पलेट उपलब्ध कराया गया है। प्रभावित ग्राम पंचायतों में पेयजल की भी सैम्पलिंग करायी गयी है, जिसकी रिपोर्ट ह्यह्यसामान्यह्लह्ल प्राप्त हुई है।छिछले हैण्डपम्पों पर लाल पेन्ट से क्रास (ग) का निशान लगवाया गया है। रैट होल में जिंक फासफाईड दवा डालने हेतु अभियान चलाया गया है। समस्त ग्राम प्रधानों से वार्ता करके वृहद साफ-सफाई अभियान में सहयोग करनें का अनुरोध किया गया है। सभी आम जन मानस से जिला प्रशासन की तरफ से यह अपील की लेप्टोस्पायरोसिस बीमारी एक बैक्टीरियल संक्रमण है जो मुख्य रूप से लेप्टोसरा नामक बैक्टीरिया से होता है। यह जूनोटिक बीमारी है, यानी यह जानवरों से इंसानों में फैलती है। यह संक्रमित जानवरों (खासकर च

संक्षेप

मनायी जायेगी बाबा सहाब की पूण्य तिथि

सीतापुर। भारतीय संविधान के निमार्ता भारत रत्न बाबा साहेब डा0 भीमराव रामजी आबेडकर की पूण्यतिथि 06 दिसम्बर को डा0 आबेंडकर विचारमंच भारत एवं विधिक छात्र परिषद भारत के द्वारा कई कार्यक्रमों को आयोजित करके मनाया जायेगा। उक्त कार्यक्रम की जानकारी देते हुए युवा समाजसेवी एवं अध्यक्ष दिनेश आबेडकर गॉधी उर्फ दिनेश कुमार जायसवाल ने बताया कि सर्वप्रथम प्रातः काल बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रृद्धाजली दी जायेगी। उसके बाद जन सामान्य को बाबा साहेब के कार्यो व विचारो से सम्बन्धित साहित का वितरण किया जायेगा तथा दोपहर को स्थानीय गॉधी नगरध्तामसेनगंज सीतापुर नगर क्षेत्र में स्थित डा0 आबेडकर स्मारक स्थल व विचार केन्द्र पर एक गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा जिसमें बाबा साहेब की स्मतियों का स्मरण कर चर्चा व परिचर्चा की जायेगी। तद्उपरान्त सायं काल समस्त प्रतिमा स्थलो पर दीप व मोमबत्तीयों का जलाकर प्रकाश किया जायेगा।

पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओ ने लगायी आस्था की डुबकी

शुक्लागंज, उन्नाव (वीओएल)। पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुवार तड़के से ही गंगा तट पर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ भोर पहर से लेकर दोपहर तक विभिन्न घाटों पर गंगा स्नान को लेकर आस्था का सैलाब दिखा कि पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। गंगाघाट, शुक्लागंज, बीघापुर, अजगैन समेत विभिन्न क्षेत्रों से हजारों महिलाएं, पुरुष और बुजुर्ग गंगा स्नान के लिए पहुंचे। स्नान कर पुरोहित को दान दक्षिणा देकर पुण्य प्राप्त किया। गंगातट हर हर गंगे के जयकारे से गूंज उठा।सुबह करीब चार बजे ही घाटों की सीढ़ियाँ आस्था से कदम-कदम भर गईं। भीड़ को देखते हुए प्रशासन और पुलिस पहले से ही सतर्क दिखाई दी।

पश्चिमी चैकी क्षेत्र मिश्रा घाट के आसपास पुलिस बल तैनात रहा। महिला पुलिसकर्मियों सहित स्थानीय पुलिस ने घाटों पर निगरानी बढ़ा दी थी ताकि कोई भीड़भाड़ या अव्यवस्था न फैले। संवेदनशील बिंदुओं पर बैरिकेडिंग की गई थी और गोताखोरों की टीम भी पूरी तरह सक्रिय थी। नगर पालिका की ओर से घाटों की सफाई का विशेष ध्यान रखा गया। स्नान से पहले ही नगरपालिका कर्मचारियों ने तट पर कचरा हटाकर साफ-सफाई सुनिश्चित की थी।

इसके साथ ही बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए अस्थायी पानी की टंकियों, शौचालयों और प्रकाश व्यवस्था की भी बेहतर व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं ने कहा कि इस बार व्यवस्थाएँ पहले से बेहतर थीं और भीड़ के बावजूद स्नान-पूजन में कोई समस्या नहीं आई। कई परिवार अपने बच्चों और बुजुर्गों के साथ गंगा घाट पहुंचे और धार्मिक परंपराओं का उत्साहपूर्वक पालन किया। पूर्णिमा के इस पावन पर्व पर उन्नाव की गंगा घाटें पूरी तरह आस्था, भक्ति और उत्साह से भरी रहींकृजहाँ हजारों लोगों ने गंगा स्नान कर अपने जीवन में शांति और कल्याण की कामना की।

जहां संस्कार वहीं शिक्षा होती है: रमाशंकर

हरगांव,सीतापुर। जहां संस्कार है वहीं शिक्षा है जहां संस्कार नहीं वहां केवल साक्षरता ही कही जाएगी। यह विचार पूर्व ब्लाक प्रमुख डॉ० रमा शंकर मिश्र ने बिरला विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज हरगांव में आयोजित छात्र सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में कही। डॉ. मिश्र ने उपस्थित पुरा छात्र और कॉलेज में उपस्थित छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के जरिए ही सभी कुछ प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी। छात्र अजय वर्मा ने कॉलेज की वर्तमान स्थिति पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अनुशासन का अभाव देखने को मिला उन्होंने सभी को संस्कार सीखने की बात कही और छात्र-छात्राओं से हाथ उठाकर लक्ष्य हेतु संकल्पित किया। क्रांतिकारी पत्रकार परिषद के प्रदेश प्रभारी एवं हरगांव पत्रकार संघ के अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने अपने छात्र जीवन के बारे में बताते हुए कहा की शिक्षा एक ऐसी वस्तु है जिसे ना तो कोई छीन सकता है और ना ही कोई चोरी कर सकता है अतः सभी को जीवन में शिक्षा को प्राथमिकता के तौर पर लेनी चाहिए। पूर्व अध्यापक रामपाल शाक्य,रमाकांत अवस्थी पत्रकार प्रताप तिवारी सुमित शुक्ला,कृष्ण कुमार शुक्ला, मनोज कुमार सिंह आदि ने भी अपने-अपने विचार व अनुभव प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र पर मुख्य अतिथि डॉ. रमा शंकर मिश्रा द्वारा दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर तथा कॉलेज की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत गाकर किया गया।

कार्यक्रम के समापन में कॉलेज के प्रधानाचार्य रामचेत सिन्हा व हरि प्रसाद दीक्षित वरिष्ठ लिपिक बद्री विशाल त्रिपाठी ने आए हुए सभी पुरा छात्रों का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक ज्ञान प्रकाश पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर छात्र दिनेश मिश्र लालन, आदर्श नगर पंचायत हरगांव के पूर्व उपाध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी, सेवानिवृत्त शाखा प्रबंधक कैलाश शंकर मिश्रा, विश्वनाथ शुक्ला, सभासद अशोक मिश्रा अंशू वर्मा,अमित मिश्रा प्रदीप यादव निश्चल त्रिपाठी,मनोज यादव, यूनुस खां व नीलम मिश्रा आदि सहित कालेज के समस्त अध्यापक व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

स्कूल में भाषा उत्सव का शुभारंभ हुआ, बच्चों ने समझी भाषायी विविधता

उन्नाव (वीओएल)। विकास खंड सिकंदरपुर कर्ण के उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरी पीपरखेड़ा (कंपोजिट) में गुरुवार को भारतीय भाषा उत्सव का शुभारंभ राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका डॉ. रचना सिंह तथा एसएमसी अध्यक्ष विनोद कुमार के निर्देशन में उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन बच्चों ने भारत की भाषाई विविधता को समझने के लिए कई रचनात्मक गतिविधियों में हिस्सा लिया। बच्चों द्वारा तैयार किए गए भाषा-वृक्ष पर भारत के विभिन्न राज्यों और वहाँ बोली जाने वाली भाषाओं की जानकारी दर्शाई गई। इस दौरान पुष्पा ने सभी बच्चों को अलग-अलग राज्यों की भाषाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया। वहीं देवांश, कुणाल, अनुष्का, अंश, सविता और वैष्णवी ने मिलकर आकर्षक भाषाई विरासत वॉल तैयार की, जिस पर पहले दिन होने वाली सभी गतिविधियों को प्रदर्शित किया गया। स्मार्ट पैनल के माध्यम से डॉ. रचना सिंह ने बच्चों को भारतीय भाषा उत्सव का उद्देश्य, महत्व और इसकी गतिविधियों से परिचित कराया। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम बच्चों को देश की भाषाओं की समृद्ध विरासत से जोड़ते हुए उनके लेखन कौशल, रचनात्मकता, अभिव्यक्ति क्षमता और भाषाई ज्ञान को बढ़ावा देगा। भारतीय भाषा उत्सव 4 दिसंबर से 11 दिसंबर तक मनाया जाएगा। इस अवधि में विद्यालयों में विविध गतिविधियाँ आयोजित होंगी। इन गतिविधियों से के माध्यम से छात्रों को विभिन्न भाषायी ज्ञान की प्राप्ति होगी। इस भाषा के उत्सव में छात्र भाषाई विरासत वॉल, भाषा-आधारित कविता लेखन, विभिन्न भाषाओं के त्योहार, भाषाओं की आवाज का पॉडकास्ट, कहावतों में एकता कहानी, बहुभाषा श्रृंखला, भाषा अन्वेषण क्लब, भाषा मेला सहित अनेक गतिविधियों के माध्यम से छात्र-छात्राएँ न केवल भाषाओं की विविधता को समझेंगे, बल्कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को भी आत्मसात करेंगे।

हिस्ट्रीशीटरों की लगी पाठशाला: अपराध न करने का सिखाया गया सबक

सीतापुर। लहरपुर कोतवाली परिसर में बुधवार को पुलिस ने क्षेत्र में सक्रिय हिस्ट्रीशीटरों को अपराधमुक्त जीवन की शपथ दिलाकर जागरूक किया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह ने थाना क्षेत्र में दर्ज 130 प्रचलित हिस्ट्रीशीटरों को थाने पर बुलाकर उन्हें अपराध छोड़ने, किसी भी आपराधिक गतिविधि में शामिल न होने तथा समाज की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि पुलिस की निगरानी लगातार जारी है और प्रत्येक हिस्ट्रीशीटर की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उन्होंने साफ चेतावनी दी कि यदि कोई भी हिस्ट्रीशीटर किसी अपराध में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि जिन हिस्ट्रीशीटरों की उम्र अधिक हो चुकी है और जो पिछले पंद्रह वर्षों से किसी भी अपराध में सक्रिय नहीं रहे हैं, उनकी हिस्ट्रीशीट बंद करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसका उद्देश्य उन लोगों को राहत देना है जो वास्तव में अपराध छोड़ चुके हैं और शांतिपूर्ण जीवन जी रहे हैं। पुलिस ने सभी हिस्ट्रीशीटरों को अपराधमुक्त समाज बनाने में सहयोग का आह्वान किया और उन्हें अपराधों से दूरी बनाए रखने की शपथ दिलाई। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि समाज की मुख्यधारा से जुड़कर ही बेहतर भविष्य का निर्माण संभव है। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि यदि वे किसी कार्यवश थाना क्षेत्र से बाहर जाएं, तो इसकी सूचना अनिवार्य रूप से पुलिस को दें, ताकि उनकी लोकेशन और गतिविधियों की पारदर्शिता बनी रहे। कोतवाली परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाना और अपराधियों को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करना रहा। पुलिस का यह प्रयास क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और सामाजिक जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

परियोजनाओं की पूरी शुद्धता के साथ हो जांच: जिलाधिकारी

सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्यों में तोड़ी गयी सड़कों की पुर्नस्थापना के भौतिक सत्यापन हेतु नामित अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी नामित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवंटित परियोजनाओं की पूरी शुद्धता के साथ गहन जांच की जाये तथा तकनीकी परीक्षण भी कराये जायें। उन्होंने कहा कि रिस्टोरेशन कार्यों की गुणवत्ता की जांच गहनतापूर्वक की जाये। सभी अधिकारी स्वयं स्थलीय निरीक्षण करें एवं निरीक्षण के जी0पी0एस0 युक्त फोटोग्राफ एवं कार्यों के फोटोग्राफ सहित निरीक्षण आख्या प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जांच के समय स्थानीय नागरिकों से भी फीडबैक लिया जाये। जलापूर्ति की स्थिति, पाईप लाइन बिछवानें की स्थिति, फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनेक्शन की भी समस्त परियोजनाओं में जांच की जाये। उन्होंने अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण को निर्देश दिये कि सभी जांच अधिकारियों को आवश्यक तकनीकी सहयोग भी उपलब्ध कराया जाये। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी संतोष नारायण गुप्ता, अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण ए0के0 त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कार की टक्कर में साइकिल सवार घायल

हसनगंज, उन्नाव (वीओएल)। उन्नाव जिले के आसीवन थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर करीब ढाई बजे पीपल पौशाला-बंगलाखेड़ा संपर्क मार्ग पर कनीगांव के समीप एक मारुति कार ने साइकिल सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। कनीगांव निवासी रामनरेश (35), पुत्र हीरालाल, खेत जाने के लिए साइकिल चला रहे थे जब पीछे से तेज रफ्तार कार ने उन्हें कुचल दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रामनरेश गंभीर रूप से जख्मी हो गए। परिजनों को सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे और घायल रामनरेश को उसी मारुति कार से मियागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां डॉ. दिनेश कुमार ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने हादसे की जानकारी ली है, लेकिन कार चालक के बारे में अभी कोई पुष्टि नहीं हुई। क्षेत्र में बढ़ते सड़क हादसों ने स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ा दी है, खासकर संकरे मार्गों पर तेज गति से वाहन चलाने को लेकर। रामनरेश का परिवार खेती पर निर्भर है, और उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

ग्राम प्रधान के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर

पाटन, उन्नाव (वीओएल)। बीघापुर तहसील क्षेत्र के तनगापुर स्थित मा चंद्रिका देवी इंटर कॉलेज के प्रबंधक, पूर्व बक्सर ग्राम सभा के प्रधान एवं समाजसेवी राम करन सिंह अवधूत ह्यकाकाह्न (उम्र 73 वर्ष) का बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया। समाजसेवा व शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने वाले दिवंगत राम करन सिंह अवधूत का अंतिम संस्कार गुरुवार को बक्सर घाट पर भतीजे ने किया।उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। ग्रामीणों ने उनके सरल स्वभाव व जनसेवा के प्रति समर्पण को याद करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। तथा सैकड़ो की संख्या में मौजूद लोगों ने अंतिम विदाई दी। मृतक प्रबंधक चार भाई थे जिनमें राम सरन सिंह की पहले ही मृत्यु हो गई है मृतक राम करन सिंह दूसरे व तीसरे में के.के सिंह, और चैथे में मुन्ना सिंह अवधूत है। मृतक प्रबंधक के सिर्फ 5 पुत्रियां है जहां परिजनों में शोक की लहर व्याप्त है।

सड़क सुरक्षा मिशन तेज पुलिस ने होटलों ढाबों को पार्किंग व्यवस्था सुधारने को कहा

जिला संवाददाता

फतेहपुर।पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के सशक्त निर्देशन में जनपद में सड़क दुर्घटना दर में कमी लाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में क्षेत्राधिकारी यातायात बृजमोहन राय, प्रभारी निरीक्षक थाना कल्याणपुर अखिलेश कुमार, एनएचआई रोड सेफ्टी मैनेजर अतुल यादव, प्रभारी यातायात लाल जी सविता एवं क्रिटिकल कॉरिडोर टीम के प्रभारी मलवा, कल्याणपुर और बकेवर के अधिकारी-कर्मचारियों ने होटल आर्य, थाना कल्याणपुर में हाईवे पर संचालित सभी होटल व ढाबा संचालकों के साथ एक बैठक की।इस मीटिंग में क्षेत्राधिकारी यातायात बृजमोहन राय ने उच्च स्तरीय निर्देश देते हुए कहा कि हाईवे के किनारे स्थित होटल व ढाबों के सामने पार्किंग की उचित व्यवस्था करना अनिवार्य है। उन्होंने होटल संचालकों को अवगत कराया कि अवैध रूप से सड़क किनारे लगे कांटे हटवाए जाएं, ताकि हाईवे पर वाहनों का सुचारू संचालन सुनिश्चित हो सके और दुर्घटना की सम्भावना घटे।इसके अतिरिक्त, मीटिंग के दौरान हाईवे पर खड़े किए गए अवैध वाहनों को हटाने के लिए तत्काल कार्रवाई भी की गई। यातायात टीम द्वारा ऐसे वाहनों के चालान काटे गए और उन पर आवश्यक जुमार्ना लगाया गया। इस कदम से न केवल उच्च गति वाहन मार्ग पर वाहनों की आवाजाही में सुगमता आई है बल्कि सड़क सुरक्षा भी बेहतर हुई है।

पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने इस अभियान की तारीफ करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर समस्त अधिकारी और कर्मचारी पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहें हैं। उन्होंने क्षेत्राधिकारी यातायात व संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस प्रकार के समन्वित प्रयास जारी रखें ताकि जिले में दुर्घटना दर को न्यूनतम स्तर पर लाया जा सके।प्रभारी निरीक्षक एवं क्रिटिकल कॉरिडोर टीम भी लगातार हाईवे और आसपास के क्षेत्रों में पैनी नजर बनाए हुए हैं जिससे अवैध पार्किंग और यातायात अड़चनें समाप्त हों तथा आम जनता को सुरक्षित और सहज यात्रा उपलब्ध हो सके।यह पहल जनपद के सड़क सुरक्षा में एक बड़ा कदम सिद्ध होगी और आम यात्रियों के लिए भी राहत लेकर आएगी।

कम होती दुर्घटनाएं क्षेत्र में शांति एवं सुव्यवस्था को भी सुदृढ़ करेंगी। आगे भी इसी प्रकार की जागरूकता और कार्रवाई से सड़क सुरक्षा में लगातार सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

घरेलू कलह से परेशान महिला ने पिया तेजाब, मौत

सीतापुर। कमलापुर थाना क्षेत्र के शिवपुरी गांव में गुरुवार को घरेलू विवाद से क्षुब्ध एक महिला ने बैटरी में भरा तेजाब पीकर जान दे दी। परिजनों द्वारा आनन-फानन में अस्पताल ले जाए जाने के बावजूद महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। विवाहिता की मौत के बाद मासूम बच्चे के सिर से मां का साया उठ गया है। जानकारी के मुताबिक, गांव निवासी 25 वर्षीय संगीता का विवाह करीब 5 वर्ष पूर्व विमलेश के साथ हुआ था। बताया जाता है कि बुधवार देर रात पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। परिजनों के अनुसार रात में विवाद बढ़ा, लेकिन मामला शांत हो गया। इसके बाद गुरुवार सुबह पति विमलेश खेत पर काम करने के लिए चला गया। इसी दौरान संगीता ने घर में रखी बैटरी से तेजाब निकालकर पी लिया। परिवार के सदस्यों को जब महिला की हालत बिगड़ती दिखाई दी, तो उन्होंने तत्काल उसे नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत होने के चलते उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान संगीता की मौत हो गई। चिकित्सकों के मुताबिक तेजाब के सेवन से महिला के आंतरिक अंग बुरी तरह झुलस गए थे, जिससे उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। घटना की जानकारी मिलते ही कमलापुर थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक पूछताछ की। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की आधिकारिक पुष्टि की जाएगी। फिलहाल प्रथम दृष्टया मामला घरेलू विवाद से उपजे तनाव में आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है।

झाड़ियों में किशोर का मिला शव

पुरवा, उन्नाव। कालूखेड़ा भल्लाफार्म मार्ग पर जंगली खेडा स्थित वन विभाग के किनारे उगी झडियो में किशोर का शव पड़ा होने की सूचना पर ग्रामीण पहुंचे ग्रामीणों ने काथा गांव निवासी सुनीत (19) पुत्र हिरऊ सिंह के रूप में पहचान की जंगली खेड़ा पुलिया से 100 कदम दूर बाई तरफ पुलिया के बगल में बन विभाग की झाड़ियां मे पड़े सुनीत केऊपर मोटरसाइकिल भी पड़ी थी पारिवारिक जनो ने बताया कि अभी वह हाल ही में नई मोटरसाइकिल लाया था बुधवार की शाम लगभग 8 बजे अभी आ रहे हैं कह कर घर से निकाला था लेकिन आज सुबह राहगीरो के द्वारा किसी मृतक किशोर की सूचना पर ग्रामीणों के साथ हम लोग पहुंचे तो सुनीत को मृत पाया।ग्रामीणों के अनुसार ग्रतक किसोर सुनीत मोटर साइकिल सिख रहा था सामने से आई गाड़ियों की रोशनी से मृतक की गाड़ी अनियंत्रित होकर मार्ग किनारे बनी खाई मेगिर गई जिसके चलते उसकी मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। मृतक पांच भाइयो बहनों मनीष सिंह ,विनीत सिंह ,मीना ,बीना में सबसे छोटा था। सुनीत के मरने से माँ कुशमा सिंह सहित परिजनों का रो रो बुरा हाल है। मृतक सुनीत गांव में ही चैराहे पर मेमोज का ठेला लगा कर परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक में पिता हिरऊ सिंह की दो वर्ष पूर्व म्रत्यु हो चुकी है।

महायज्ञ में 101 यजमानों ने दी आहुति

पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। स्थानीय मंदिर माँ अनदेश्वरी में चल रहे श्रीमद् पावन पुराण राष्ट्र जागरण गायत्री पंच कुंडीय महायज्ञ व संस्कार कार्यक्रम के दूसरे दिन पंचकुंडीय महायज्ञ में 101 सनातन धमार्नुयायियों ने आहूति दी जहां सुबह 10 बजे से दूसरे दिन के कार्यक्रम का श्रीगणेश गायत्री मंत्रोच्चार व वंदना से हुआ। तत्पश्चात 5 जोड़ों ने हवन कुंड में अग्नि प्रज्वलित करके मंत्रोच्चारण के बीच आहूति दी। जिसके बाद द्वितीय पारी में बाकी यजमानों ने महायज्ञ में आहूति दी। महायज्ञ आचार्य जय सिंह वर्मा के मंत्रोच्चार के बीच सम्पन्न हुआ। महायज्ञ में शामिल होने वालों में कार्यक्रम संयोजक महेंद्र श्रीवास्तव उनकी धर्म पत्नी मंजुला श्रीवास्तव, संतोष तिवारी व उनकी अर्धांगिनी वंदना तिवारी, अतुल शुक्ला, गायत्री शुक्ला, श्रीदेवी, माही, आरती गुप्ता, लाला, अनूप, ज्योति निर्मल, अनन्या निर्मल आदि रहें। कार्यक्रम संयोजक महेंद्र सिंह ने बताया कि 3 बजे से आचार्य जय सिंह वर्मा व उनके सहयोगियों के द्वारा प्रज्ञा पुराण कथा सुनाई जाएगी।

एसआईआर पुनरीक्षण अभियान का डीएम ने लिया बूथवार प्रगति का जायजा

जिला संवाददाता

फतेहपुर भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार उत्तर प्रदेश में चल रहे पुनरीक्षण रक्फ़ अभियान के तहत जनपद फतेहपुर में पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा हेतु तहसील सदर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न इस बैठक में अपर जिलाधिकारी, जिला रिटर्निंग अधिकारी ईआरओ सीडीपीओ एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।बैठक में विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बूथवार समीक्षा की गई तथा सदर तहसील में जारी पुनरीक्षण की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुरूप गणना प्रपत्रों को सही रूप से भरने तथा इन्हें शीघ्र कलेक्ट कर फीडिंग की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि संवेदनशीलता के साथ और पूरी लगन से किया जाए ताकि यह कार्य समयसीमा के भीतर सौ प्रतिशत पूरा हो सके।बैठक के पश्चात जिलाधिकारी ने शांतिनगर, रेल बाजार क्षेत्र में जाकर पुनरीक्षण कार्यक्रम की स्थिति का जायजा लिया। यहां उन्होंने मतदाताओं से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना और मौके पर उपस्थित अधिकारियों को मतदाताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान मतदाताओं को भी स्पष्ट किया गया कि प्रपत्र भरने में किसी प्रकार की अनियमितता न हो तथा सभी कार्य भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप किए जाएं।जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने कहा कि निर्वाचन आयोग की प्रक्रियाओं को पूरी निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ लागू किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पुनः आगाह किया कि ऐसे अभियान न केवल मतदाता सूची को प्रमाणित व अद्यतन करते हैं, बल्कि यह लोकशाही प्रक्रिया को मजबूत बनाने में भी सहायक होते हैं।इस अवसर पर अपरजिलाधिकारी न्यायिक अपर जिलाधिकारी वित्तजिलाधिकारी सदर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे पुनरीक्षण अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

ससुरालीजनों ने महिला को पीटा

सीतापुर। कोतवाली देहात क्षेत्र के भगवानपुर गांव में एक महिला के साथ हुए अमानवीय व्यवहार का मामला सामने आया है। चार महीने पहले पति की मौत के बाद ससुरालीजनों द्वारा घर में हिस्सा न देने को लेकर महिला की बेरहमी से पिटाई किए जाने का आरोप लगा है। पीड़िता के मुताबिक, सास ससुर और देवर ने लोहे की रॉड से हमला कर उसके दोनों पैर तक तोड़ दिए। गंभीर रूप से घायल महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। पीड़िता के भाई ने आरोप लगाया कि उसकी बहन को उसके ससुर जाफर, देवर आजम और सास अनवरी ने मिलकर बुरी तरह पीटा और घर से बाहर निकाल दिया। आरोप है कि परिवार वाले मृत पति की संपत्ति में हिस्सेदारी नहीं देना चाहते थे और इसी विवाद के चलते महिला को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि ससुराल पक्ष महिला पर दूसरी शादी करने का दबाव बना रहा था, जिसे वह स्वीकार नहीं कर रही थी। पीड़िता का कहना है कि चार बच्चों के साथ उसे घर से निकाल दिया गया और विरोध करने पर ससुराल वालों ने उसे लोहे की रॉड से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

प्रधानाचार्य कक्ष का ताला तोड़कर अलमारी में लगायी आग, पुलिस जांच में जुटी

जिला संवाददाता

हिलौली, उन्नाव (वीओएल)। कस्बे स्थित मौलाना हसरत मोहानी बालिका इंटर कॉलेज, मौरावां में गुरुवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब कर्मचारियों ने प्रधानाचार्य कक्ष से धुआं उठता देखा। कर्मचारियों ने तुरंत इसकी सूचना कॉलेज प्रशासन और पुलिस को दी। सूचना पाकर थाना मौरावां प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर हर बिंदु पर गहन जांच का आश्वासन दिया। बताया गया कि प्रधानाचार्य कक्ष का ताला तोड़कर अलमारी में आग लगाई गई, हालांकि कमरे में मौजूद अन्य कीमती सामान को छेड़ा नहीं गया। आग जानबूझकर केवल अलमारी में लगाई गई, जिससे आशंका और भी गहरी हो गई है। आग लगने के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है और यह समझ पाना भी मुश्किल है कि आखिर किसने छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ किया। अलमारी में हाई स्कूल वर्ष 2012 से 2025 तक के अंकपत्र व प्रमाण पत्र, वर्ष 2011 से 2025 तक की पंजीकरण नामावलियाँ एवं अनुक्रमांक नामावलियाँ, चालान फॉर्म, छात्रवृत्ति फॉर्म, टीसी, प्रवेश फॉर्म 2025, एसआर रजिस्टर, तथा जिला विद्यालय निरीक्षक उन्नाव एवं क्षेत्रीय कार्यालय माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुए थे, जिनमें से एक बड़ी संख्या में छात्राओं द्वारा अभी तक नहीं लिए गए थे। प्रधानाचार्य ने बताया कि घटना के संबंध में सभी संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को प्रार्थनापत्र भेज दिया गया है। यह मामला बच्चों के भविष्य से सीधे जुड़े दस्तावेजों को नुकसान पहुँचाने से संबंधित है, इसलिए यह गंभीर जांच का विषय है। वहीं पुलिस प्रशासन का कहना है कि घटना की हर पहलू से जांच की जाएगी और दोषियों की पहचान कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

एसआईआर का कार्य तेजी से पूर्ण किया जा रहा

पाटन उन्नाव। तहसील मुख्यालय में इन दिनों एसआईआर का कार्य प्रगति पर चल रहा है। नायब तहसीलदार बीघापुर विजय रंजन श्रीवास्तव की देख रेख में एसआईआर के गणना पत्रक के डिजिटलाइजेशन का कार्य पूरी सावधानी पूर्वक किया जा रहा है। नायब तहसीलदार विजय रंजन द्वारा बताया गया कि उक्त कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण व समयबद्ध है। एसआईआर के कार्य में सहयोग लेखपाल, सुपरवाइजर संजीव पांडेय व लिपिक प्रवीण कुमार व राजस्व निरीक्षक अजय सिंह आदि ने किया।

संक्षेप

गोल्डन कार्ड बनाए जाने को लेकर कैंप लगेंगे आज

बांदा। शासन के निर्देश के चलते 5 दिसम्बर को विकास खण्ड महुआ के ग्राम बरसण्डा बुजुर्ग एवं ग्राम नगनेधी, विकास खण्ड कमासिन के ग्राम छिलोलर, पनाह, अडौली, पॉली में आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड बनाये जाने के लिए कैम्प लगाया जायेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विजेन्द्र सिंह ने बताया कि विकास खण्ड बबेरू के ग्राम जलालपुर, मर्का, बैरफ, पेस्टा एवं पतवन में भी 5 दिसम्बर को गोल्डन कार्ड बनाये जाने के लिए कैम्प लगाया जायेगा। उन्होंने बताया कि जिन लोगों के गोल्डन कार्ड नही बने हैं, वह अपना गोल्डन कार्ड कैम्प में पहुंचकर आधार कार्ड लाकर बनवा सकते हैं।

बताते चलें कि शासन के निर्देश पर 70 वर्ष से अधिक की आयु पूरा कर चुके प्रदेश के लोगों के गोल्डन कार्ड बनाए जाने हैं। इस कार्ड के जरिए 5 लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त होगा। इस योजना का प्रचार-प्रसार ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक न होने के कारण लोगों को जानकारी का अभाव था लेकिन शासन के कैंप लगाए जाने के निर्देश के बाद इस योजना का ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को भी लाभ मिल सकेगा।

नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी को

बांदा। विधान परिषद निर्वाचन क्षेत्र निर्माण निर्वाचन नामावलियों की नए सिरे से सूची तैयार की जा रही है। जनपद के 14 मतदान केंद्रो, पदवीद स्थलों एवं उप जिला अधिकारी कार्यालय में आलेख मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है और यह देव पोर्टल पर भी उपलब्ध है।

अपर जिला अधिकारी कुमार धर्मेंद्र ने बताया कि दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 16 दिसंबर तक है, इसके बाद 30 दिसंबर तक दावे और आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। 6 जनवरी को निर्वाचन नामावलियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा।

फरार व वारंटियों समेत तीन गिरफ्तार

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निदेर्शों के चलते चिल्ला थाना पुलिस अपराधियों, फरार आरोपियों और वारंटियों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है। गुरूवार को थाना प्रभारी अनूप कुमार दुबे के नेतृत्व में बीते 6 माह से फरार चल रहे चुन्नू पुत्र नायक निवासी ग्राम लौमर को गिरफ्तार किया है।

इसके अलावा नफर वारंटी आरोपी बउवा उर्फ रवीन्द्र शुक्ला पुत्र राममनोहर शुक्ला निवासी ग्राम चिल्ला, सुलेमान पुत्र बाबू निवासी ग्राम चिल्ला को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। बताते चलें कि पुलिस की सक्रियता के चलते क्षेत्र के अपराधियों में दहशत देखी जा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि रात के समय यदा-कदा पहले कुछ घटनाएं हो रही थीं लेकिन रात में पुलिस गश्त के चलते अपराधी बाहर निकलने में भयभीत हैं। इसी का परिणाम है कि क्षेत्र के लोग रात के समय भी आवागमन कर रहे हैं।

खाद का पर्याप्त स्टॉक, किसानों को हो रही वितरित

बांदा। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता के प्रयासों के चलते जिले के किसानों को रबी फसलों की बुवाई के लिए लगातार खाद मुहैया कराई जा रही है। गुरूवार को रैक प्वाइंट से 67.500 मीट्रिक टन यूरिया एवं 84 मीट्रिक टन डीएपी सरकारी वितरण केन्द्रों को भेजी गयी है।

इनमें बी-पैक्स मटौंध, खाईंपार, नारायणपुर, गड़रिया, भदेहदू, साथी और कमासिन शामिल हैं। इसके अलावा बी-पैक्स जसपुरा, रामपुर, पपरेंदा, निभौर, सहकारी क्रय-विक्रय अतर्रा, बी-पैक्स ओरन, सिंहपुर, सांड़ासानी, बिलगांव, बिसंडा, बदौसा, गिरवां, नरैनी और कालिंजर तथा कई अन्य सहकारी बिक्री केन्द्रों में डीएपी, एनपीएस और यूरिया किसानों को वितरित की गयी। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता अंशल कुमार ने बताया कि जिले में फास्फेटिक उर्वरक का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और इसे समितियों व अन्य बिक्री केन्द्रों को मांग के अनुरूप नियमित रूप से भेजा जा रहा है। जिले में खाद की कमी नही है।

रैन बसेरों की व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने भ्रमण पर निकले डीएम

जिला संवाददाता

ललितपुर। सर्दी के मौसम के दृष्टिगत राहगीरों, यात्रियों व असहाय, निराश्रितों एवं जरूरतमंदों के लिए नगर पालिका द्वारा संचालित रैन बसेरों की व्यवस्थाओं का गुरुवार को जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त कराकर क्रियाशील कराने के अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम शहर कोतवाली के सामने नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित रैन बसेरा का निरीक्षण किया। यहां पर पुरुष एवं महिला के लिए अलग-अलग रुकने की व्यवस्था है, जहां आधार

ठण्ड में कोई भी राहगीर बाहर न सोने पाये, अधिकारी रात्रि भ्रमण कर रैन बसेरों में पहुंचाये: डीएम

कार्ड जमा करके 24 घण्टे रुका जा सकता है। पुरुष रैनबसेरा में 25 व महिला रैनबसेरा में 10 बेड की व्यवस्था है, प्रकाश, पेयजल व शौचालय व्यवस्था के साथ ही अलाव भी जलाया जाता है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि शर्दी के मौसम में रात्रि भ्रमण करके यह सुनिश्चित करें कि कोई भी असहाय व्यक्ति ठण्ड में बाहर न सोने पाए, अगर ऐसा कोई भी व्यक्ति सड़क या अन्य स्थान पर पाया जाता है तो उसकी पहचान सुनिश्चित करके उसे रैनबसेरा में ठहराया जाए। इसके अलावा आज से ही रैन बसेरों में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाएं। उन्होंने डाइट के सामने डूडा विभाग द्वारा बनाए गए 100 बेडेड रैन बसेरा को भी देखा, जहां की व्यवस्थाएं ठीक पायी गईं, महिला व पुरुष के लिए अलग-अलग कमरे, शौचालय, किचिन की व्यवस्था थी। बताया गया कि यहां पर यात्रियों व राहगीरों से आधार कार्ड जमा कराकर 24 घण्टे रुकने की व्यवस्था दी जाती है, अभी सर्दी कम होने के कारण प्रतिदिन लगभग 10 राहगीर रुकते हैं।

निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि शहर में इन व्यवस्थाओं का प्रचार-प्रसार कराया जाए, सार्वजनिक स्थानों पर बैनर, पोस्टर आदि के माध्यम से लोगों को जानकारी दी जाए, ताकि जरुरतमंद लोग इनका लाभ ले सकें। इसके अलावा मेडिकल कॉलेज में मरीजों के साथ आने वाले तीमारदारों को भी यहां ठहराने की व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

संविधान भारत की मूल आत्मा: अमर बहादुर सिंह

अयोध्या। अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत जिला इकाई अयोध्या द्वारा गुरूवार को जिला सहकारी बैंक के सभागार में संविधान दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सर्वप्रथम भारत माता के चित्र एवं संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में अधिवक्ता परिषद के प्रांतीय मंत्री अमर बहादुर सिंह ने अपने विचार रखें। उन्होंने कहा कि संविधान भारत की मूल आत्मा है।

वहीं अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष अरविंद कौल ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा संविधान को अपनाया गया था यह भारत को एक संप्रभु समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष ,लोकतांत्रिक गणराज्य बनता है और सरकार के संसदीय स्वरूप की व्यवस्था करता है अधिवक्ता परिषद के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि भारतीय संविधान की मूल प्रति में भगवान श्री राम सीता और लक्ष्मण के अलावा भगवान कृष्ण हनुमान गौतम बुद्ध और राजा विक्रमादित्य और रानी लक्ष्मीबाई जैसे ऐतिहासिक हस्तियों के चित्र अंकित हैं।

परिषद के महामंत्री रत्नेश सिंह ने कहा कि संविधान भारत की मूल आत्मा है ।

मिशन शक्ति अभियान, छात्राओं और महिलाओं को दी जानकारी

बांदा। मुख्यमंत्री द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले के थाना क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के चलते बाजारों, कस्बों, ग्राम सचिवालयों में बालिकाओं, महिलाओं व छात्राओं को शासन की अनेक लाभकारी योजनाओं व साइबर अपराधों के बारे में जानकारी दी जा रही है। जागरूकता अभियान के दौरान महिलाओं, छात्राओं को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, वीमेन हेल्पलाइन 1090, चाइल्ड केयर हेल्पलाइन, आपातकालीन पुलिस सेवा डायल यूपी-112 जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं के बारे में जानकारी देकर शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। मिशन शक्ति 5 जागरूकता अभियान के तहत थाना कोतवाली देहात की मिशन शक्ति टीम ने ग्राम बिलवई, थाना चिल्ला की मिशन शक्ति टीम ने उच्च प्राथमिक विद्यालय, थाना फतेहगंज मिशन शक्ति टीम ने बालिकाओं व महिलाओं को आर्यावर्त बैंक में जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं, बालिकाओं व छात्राओं को जागरूक किया।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह आज, अधिकारियों ने लिया जायजा

बांदा। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी हो गयी हैं। शुक्रवार को यह कार्यक्रम पंडित जवाहर लाल नेहरू डिग्री कॉलेज ग्राउंड में आयोजित होगा। आयोजन के लिए टेंट लगाकर वर और कन्या पक्ष के लिए भोजन, टॉयलेट और पेयजल की व्यवस्था के अलावा अन्य सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। गुरूवार की देर शाम जिलाधिकारी जे0 रीभा, पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय व अन्य अधिकारियों ने तैयारियों का जायजा लिया। अधिकारियों ने मातहतों को निर्देश दिए कि व्यवस्था में किसी तरह की कोताही न की जाए। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त महिला व पुरूष पुलिस बल की तैनाती के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में प्रदेश के जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, सांसद कृष्णा देवी पटेल बांदा-चित्रकूट, सांसद हमीरपुर-महोबा अजेन्द्र सिंह लोधी, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, विधान परिषद सदस्य जितेन्द्र सिंह सेंगर, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल, नरैनी विधायक ओममणि वर्मा, जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, सदस्य विधान परिषद प्रयागराज-झांसी बाबूलाल तिवारी, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मालती बासू, ब्लाक प्रमुख महुआ उर्मिला कबीर, अध्यक्ष नगर पंचायत मटौंध सुधीर सिंह आदि जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में कार्यक्रम संपन्न होगा।

एसआईआर फार्म भरने को लेकर तहसीलदार की देखरेख में गोष्ठी का आयोजन

धामपुर, बिजनौर। सर सेय्यद मेमोरियल पब्लिक स्कूल स्योहारा में तहसीलदार धनराज कुमार द्वारा वार्ड 17 में एसआईआर फार्म भरने के संबंध में एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। धामपुर तहसीलदार धनराज कुमार ने गुरुवार को आयोजित गोष्ठी में आम जनता से संवाद कर अपील करते हुए कहा कि एसआईआर फार्म शीघ्र भरकर संबंधित बीएलओ को सौंपें और उसकी प्राप्ति अवश्य लें, ताकि कार्य समय पर पूरा किया जा सके। मौके पर उपस्थित सभी बीएलओ से गुरुवार तक की प्रगति के संबंध में डैशबोर्ड की समीक्षा की गई। तहसीलदार धनराज कुमार ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी बीएलओ समयबद्ध तरीके से अपने कार्य को पूरा करें। गोष्ठी में अधिशासी अधिकारी स्योहारा विजेन्द्र सिंह पाल, लेखपाल अनिल कुमार, वरिष्ठ लिपिक देवेंद्र, सभासद रिजवान, राशन डीलर आमिर, आसिफ रईस, दिलशाद, बबली, फारुख जैदी सहित अन्य मतदाता एवं भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस ने गोष्ठी आयोजित कर किया जागरुक

स्योहारा, बिजनौर। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने अपनी टीम के साथ ग्राम पंचायत मकसूदपुर में साइबर अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से एक जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार द्वारा इस मौके पर ग्रामीणों को बढ़ते ऑनलाइन ठगी के मामलों से ग्रामीणों को जागरुक किया गया। प्रभारी निरीक्षक ने जानकारी देते हुए कहा कि साइबर ठग अब कॉल, लिंक, बैंकिंग अपडेट और सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने जोर दिया कि ऐसे में जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है। प्रभारी निरीक्षक ने ग्रामीणों को सलाह दी कि वे किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और न ही ओटीपी या बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी अंजान के साथ साझा करें। उन्होंने दो टूक कहा कि इनाम, सरकारी योजना या बिजली बिल के नाम पर आने वाले कॉल और मैसेज पर बिल्कुल भरोसा न करें। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो जाता है तो उसे तुरंत 1930 नंबर पर कॉल करके शिकायत दर्ज करानी चाहिए। ऐसा करने से ठगी गई राशि वापस मिलने की संभावना बनी रहती है। कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे और कार्यक्रमों की मांग की। पुलिस ने सभी से डिजिटल सुरक्षा को दैनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने की अपील की।

शिक्षा के प्रति समर्पित थे स्वामी ब्रह्मानंद : मनोज तिवारी

महोबा। बुंदेलखंड के मालवीय, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, पूर्व सांसद परम पूज्य स्वामी ब्रह्मानंद जी महाराज की 131वीं जयंती डीएवी इंटर कॉलेज में सम्मानपूर्वक मनाई गए। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं लोकसभा क्षेत्र हमीरपुर से 1967 से 1977 तक सांसद रहे स्वामी जी ने राठ में शिक्षण संस्थानों की नींव रखी। उन्होंने 1938 में ब्रह्मानंद इंटर कॉलेज, 1943 में ब्रह्मानंद संस्कृत महाविद्यालय तथा 1960 में ब्रह्मानंद महाविद्यालय की स्थापना की एवं शिक्षा के प्रसार के लिए अन्य कई विद्यालयों की स्थापना की।

डीएवी इंटर कॉलेज महोबा में स्वामी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके स्वामी जी को याद किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक मनोज तिवारी, प्रधानाचार्य संतोष कुमार, सहकारी क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष मुकेश विकास गुप्ता, धनीराम वर्मा, वेद प्रकाश द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

खेत पर जा रहे व्यक्ति की कार में ट्रैक्टर से टक्कर मारी

ललितपुर। शहर क्षेत्र के मोहल्ला चैबयाना निवासी दिलीप चैबे पुत्र स्व.संतोष चैबे ने थाना जाखलौन पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 2 अक्टूबर की रात करीब 9 बजे वह अपने साथी मनीष राय पुत्र टीकाराम व गोविन्दी सेन पुत्र रतनलाल के साथ अल्काजार कार संख्या यू.पी.94 ए.ए. 9494 से अपने खेत पिपरिया वंशा आ रहा था, तभी पिपरिया वंशा में ही पेट्रोल पम्प के सामने नहर के पीछे से महिन्द्रा ट्रैक्टर सवार प्रेमसिंह यादव पुत्र जुझार सिंह, राजाबाबू, चाली यादव पुत्रगण प्रेम सिंह, जीतू यादव पुत्र स्व.लाखन सिंह, दीवानजी पुत्र बृजलाल यादव आये और उसे रोकते हुये अवैध रुपयों की मांग करने लगे।

मना करने पर उक्त लोगों ने लाठी-डंडे व कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे वह कार से भागने लगे, लेकिन उन्होंने कार में टक्कर मार दी और जानबूझकर टक्कर मारते रहे, जिससे गाड़ी के अंदर बैठे लोगों को चोट लगी और कार भी क्षतिग्रस्त हो गयी।

उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 126 (2), 191 (2), 191 (3), 119 (1), 131, 352, 351 (3), 324 (4) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

दिव्यांगों को मिले कृत्रिम अंग और उपकरण

जिला संवाददाता

ललितपुर। कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण योजनान्तर्गत सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन विकास भवन परिसर में किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ (मंनू कोरी) एवं विशिष्ट अतिथि सदर विधायक के प्रतिनिधि श्रीकांत कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि दिनेश गोस्वामी एवं जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी आशुतोष सिंह एवं जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी शुभांशु सोनकर अदि उपस्थित रहे। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी शुभांशु सोनकर द्वारा अवगत कराया गया कि कृत्रिम अंग,सहायक उपकरण योजनान्तर्गत आयोजित इस शिविर मे 150(जोडी) बैसाखी, 70 एम0आर0 किट, 30 ब्रेल किट, 30 स्मार्ट केन, 20 कान की मशीन, 72 ट्राइसाइकिल, एवं 10 मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल का वितरण किया जा रहा है। उन्होने दिव्यांग बच्चो के अभिभावकों से दिव्यांग बच्चो कि शिक्षा को लेकर परिचर्चा की एवं विभाग द्वारा संचालित समेकित माध्यमिक विद्यालयों आदि में बच्चो के प्रवेश पर वल दिया।मुख्य अतिथि मनोहर लाल पंथ द्वारा दिव्यांगजनों को सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओ एवं योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु दिव्यागजनों को अभिप्रेरित किया। साथ ही दिव्यांगजनों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। सांसद प्रतिनिधि दिनेश गोस्वामी द्वारा विभाग द्वारा की जा रही सार्थक पहलों की सरहना करते हुये सांसद द्वारा दिव्यांगजनो के लिये किये जा रहे प्रयासों की चर्चा की। केदारनाथ तिवारी द्वारा दिव्यांगजनों को संबोधित करते हुये कहा गया कि दिव्यांग जागरूक व शिक्षित होकर सशक्त व स्वावलम्बि बनें। अतिथियों द्वारा ससम्मान लाभार्थियों को उपकरण वितरित करते हुये कार्यक्रम का समापन किया गया।

सीएमओ कार्यालय में दिव्यांग जनों को निःशुल्क जरूरी उपकरण का वितरण

बिजनौर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांग जन सशक्तिकरण

विभाग की ओर से सहायक उपकरणों का निःशुल्क वितरण किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष साकेन्द्र प्रताप चैधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार अनेक क्षेत्रों में सामाजिक न्याय की दृष्टि से कार्य कर रही है। अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर समाज के विकलांग जनों को बैटरी चलित ट्राई साइकिल, सादी रिक्शा, बैसाखियां, कान की मशीने और मानसिक रूप से मंदबुद्धि बालकों के लिए अनेक प्रकार के टी0एल0एम उपकरण वितरण किए गए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कौशलेंद्र सिंह ने दिव्यांग जनों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए निरंतर समाज सेवा का संकल्प लिया। विदुर मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर उर्मिला कार्या ने सभी विकलांग जनों यथोचित सहायता करने के लिए मानव सेवा समाज सेवा को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की बात कही। लाभार्थियों को 13 बैटरी चलित रिक्शा और 14 मैन्युअल रिक्शा तीन व्हीलचेयर, कान की मशीने, बैसाखियां आदि वितरित की गई। भारतीय रेड कोस समिति के अध्यक्ष टीकम सिंह सेंगर द्वारा सभा को अध्यक्ष डॉक्टर टीकम सिंह सिंगल, डायरेक्टर योगेंद्र की ओर से सभी दिव्यांग जनों के साथ-साथ उपस्थित निर्धन व्यक्तियों को ढाई सौ कंबलों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम को चेयरमैन टीकम सिंह सेंगर, डायरेक्टर योगेंद्र पाल सिंह, डा विशाल, महबूब अली, भुवन पांडे, सौरभ अग्रवाल आदि का कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

जनपद के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने के लिए डीएम ने की समीक्षा बैठक

ललितपुर। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जनपद में परिषदीय विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था और अधिक बेहतर बनाने व शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग के विभिन्न कार्यों व योजनाओं की गुरुवार को कलैक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक की।बैठक के दौरान उन्होंने शिक्षा विभाग के सभी कार्यों की एक-एक कर गहनता से समीक्षा की, मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत निर्धारित मेन्यु के अनुसार दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों को अच्छा व स्वादिष्ट भोजन वितरण में कोई कोताही न बरती जाए, इसके साथ ही निर्धारित दिवसों में फल व दूध वितरण किये जाने होते हैं, जिसके लिए दूध व फल वितरण की जीपीएस लोकेशन के साथ फोटो उपलब्ध कराये जाएं और निरीक्षण के दौरान इसका विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने जिला, तहसील व ब्लॉक स्तर पर गठित टास्क फोर्स समिति के अधिकारियों द्वारा प्रेरणा पोर्टल पर माहवार दिये गए लक्ष्य के सापेक्ष विद्यालयों के निरीक्षण को शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसमें लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही की जाएगी।

कार्यों में लापरवाही एवं ऑनलाइन व ऑफलाइन डाटा में अंतर पाये जाने पर जिलाधिकारी के द्वारा एमआईएस मैनेजर व जिला समन्वय को चेतावनी देते हुए स्पष्टीकरण तलब किया। विकासखण्ड बार व जखौरा के परिषदीय विद्यालयों में अध्यापकों की कम उपस्थिति पाये जाने पर खण्ड शिक्षा अधिकारियों का स्पष्टीकरण तलब किया। इसके साथ ही बैठक में अनुपस्थित रहने पर व बिना बताये जिला मुख्यालय छोड़ने पर जिला विपणन अधिकारी का स्पष्टीकरण भी तलब किया।जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग के सभी अनुदेशक व शिक्षा मित्रों का मानदेय माह की 7 तारीख से पूर्व भुगतान किये जाने हेतु लेते हुए अधिशासी अभियंता विद्युत को कड़े निर्देश दिये कि शिफ्टिंग की धनराशि शिक्षा विभाग द्वारा देने के बाद भी अभी तक लाइन शिफ्ट न होने पर एमडी विद्युत को उनकी तरफ से पत्राचार करने के निर्देश दिये।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, पीडी डीआरडीए दीपक यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

कार्यों में लापरवाही व डाटा मिसमैच होने पर एमआईएस मैनेजर व जिला समन्वय का स्पष्टीकरण तलब

विकासखण्ड बार व जखौरा के परिषदीय विद्यालयों में अध्यापकों की कम उपस्थिति पर दोनों बीईओ का स्पष्टीकरण तलब

बैठक में अनुपस्थित रहने पर व बिना बताये जिला मुख्यालय छोड़ने पर जिला विपणन अधिकारी का स्पष्टीकरण तलब

हनुमान मंदिर से भगवान का छत्र चोरी

ललितपुर। शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला गांधी नगर नई बस्ती निवासी रमाकान्त गोस्वामी पुत्र अशोक कुमार ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि विगत कई वर्षों से वह रेलवे स्टेशन के सामने बने जूना अखाड़ा हनुमान मंदिर से आरती पूजा करते हैं। प्रतिदिन की भांति वह 2 दिसंबर की रात करीब 10 बजे मंदिर का ताला बंद करके अपने घर चला गया। अगले दिन सुबह 8 बजे जब वह मंदिर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि मंदिर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था, जब उसने अंदर जाकर देखा तो हनुमान जी महाराज का चांदी का छत्र व मुकुट 3 दिसम्बर को रात में किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बीएनएस की धारा 305 (डी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

डीएम ने बूथों पर जाकर बीएलओ को किया प्रोत्साहित

ललितपुर। जनपद में निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान ने गुरुवार को दोपहर 2 बजे तक 94.61 प्रतिशत प्रगति हासिल कर ली है, जिला प्रशासन के अनुसार ईएफ डिजिटाईजेशन के 87.09 एवं एएसडी (अनट्रेसेवल, परमानेंट शिफ्टिेड, ऑलरेडी एन्रोल्ड व अन्य) के 7.52 प्रतिशत मतदाता शामिल हैं। इसके अलावा जनपद के कुल 1063 बूथों में से 632 बूथों पर एसआईआर का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण हो चुका है।इस सम्बंध में जिलाधिकारी सत्यप्रकाश ने बताया कि जनपद में एसआईआर का प्रथम चरण समाप्ति की ओर है, जिसके अंतर्गत हमने 94.61 प्रतिशत प्रगति हासिल कर ली है, एक से दो दिन में फीडिंग की प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी, इसके उपरान्त दूसरे चरण का कार्य शुरू होगा।जिलाधिकारी ने अभियान को और गति देने व बीएलओ को प्रोत्साहित करने के लिए गुरुवार को नगर पालिका बालिका इण्टर कॉलेज जाकर बीएलओ के कार्यों की समीक्षा की। यहां पर बूथ सं0-387, 388 व 389 की बीएलओ कार्य करती हुई पायी गईं, जिलाधिकारी के पूछने पर बताया गया कि बूथ सं0-387 पर 1141 के सापेक्ष 850 फार्म, बूथ सं0-388 पर 1194 के सापेक्ष 992 फार्म व बूथ सं0-389 पर 1249 के सापेक्ष शत-प्रतिशत फार्म फीड करा दिये गए हैं। अवशेष फार्म भी जल्द फीड हो जायेंगे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि पूरी निष्ठा से कार्य करते रहिए, एक से दो दिनों में हम शत-प्रतिशत उपलब्धी हासिल कर लेंगे। विद्यालय में ही स्थित प्राचीन बावड़ी को जिलाधिकारी ने देखा, मौके पर बावड़ी से पेयजल की आपूर्ति हेतु पाइपलाइन डाले जाने का कार्य हो रहा था, अधिशासी अधिकारी नपा ने बताया कि पूर्व में इस बावड़ी का जीर्णोद्धार कार्य कराया गया है, ताकि प्राचीन जलस्त्रोतों से पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके, यहां का कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि निमार्णाधीन कार्यों को तय समयसीमा में पूर्ण कराया जाए।जिलाधिकारी ने विद्यालया के जीर्णशीर्ण कक्षों को देखकर प्रधानाचार्या से उनके जीर्णोद्धार की जानकारी ली, जिस पर बताया गया कि कक्षों के जीर्णोद्धार के लिए शासन को पत्र भेजा गया है, धनराशि उपलब्ध होते ही कार्य कराया जाएगा।

6 को मनायी जायेगी श्रद्धांजलि सभा

ललितपुर। गुरूवार को अंबेडकर महासभा की ओर से एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के 70 वे परी निर्माण दिवस पर अंबेडकर पार्क जेल चैराहा पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन 6 दिसंबर को सुबह दस बजे किया जा रहा है समिति के अध्यक्ष दीपक नंदलाल गौतम ने बताया की मुख्य अतिथि इंजीनियर अजय कुमार, इंजीनियर भागीरथ बरुआ, सतीश चंद्र गौरव, जसराथ प्रसाद गुड़ा बुजुर्ग प्रधान लिपिक सेवा निर्मित,एसपी ऑफिस ललितपुर होगें। बैठक की अध्यक्षता कर रहे इंजीनियर संतोष अहिरवार सभी लोगों से अपील की। श्रद्धांजलि सभा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की कृपा करें और कार्यक्रम को सफल बनाएं उक्त बैठक में अंबेडकर महासभा के जिला अध्यक्ष दीपक नंदलाल गौतम, डॉक्टर खेमचंद वर्मा, मनीष पटवारी लाल पैथ संगीता गौतम रविंद्र अहिरवार, राम प्रकाश भारती घासीराम सुखाड़ी, नवल घावरी, जहीर ललितपुरी, सत्येंद्र विश्वकमा उपस्थित रहे।

रुपये का अवमूल्यन

अमरीकी टैरिफ के कारण निर्यात में आयी गिरावट और विदेशी मुद्रा भंडार में कमी आदि के कारण रुपये का अवमूल्यन हो रहा है। रुपये के अवमूल्यन से निर्यात को जरूर सहारा मिल रहा है लेकिन देश की चुनौतियां भी बढ़ गयी हैं। बीते बुधवार के कारोबार में रुपया 90 प्रति डॉलर का स्तर लांघ गया था। वर्ष की शुरूआत से अब तक वह 5 फीसदी से अधिक गिर चुका है। बहरहाल जरूरी है कि रुपये के अवमूल्यन को व्यापक वृहद आर्थिक घटनाओं के साथ जोड़कर देखा जाये। नीति निर्माता तथा दूसरे भागीदार रुपये के किसी खास स्तर के बारे में फिक्र नहीं करें। आंकड़े बताते हैं कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में भुगतान संतुलन 10.90 अरब डॉलर नकारात्मक हो गया जबकि वह पिछले वर्ष की समान तिमाही में 18.6 अरब डॉलर सकारात्मक था। व्यापार घाटा भी बढ़ा है और अर्थशास्त्रियों को अंदेशा है कि चालू खाते का घाटा भी इस वित्त वर्ष में बढ़ेगा। यह जानकारी भी है कि भारतीय रिजर्व बैंक मुद्रा बाजार में आक्रामक हस्तक्षेप नहीं कर रहा है जो समझदारी भरा नीतिगत कदम है। जब भुगतान संतुलन नकारात्मक हो गया हो तो मुद्रा के अवमूल्यन की अपेक्षा रहती है, जिससे ठहराव आता है। मुद्रा बाजार की गतिविधियां

भी भारत-अमेरिका व्यापार के हालात से प्रभावित नजर आ रही हैं। भारत को अमेरिका के 50 फीसदी शुल्क का सामना करना पड़ रहा है, जिसका असर भारत के निर्यात पर पड़ने लगा है। कुछ क्षेत्रों को वैकल्पिक बाजार मिल गये हैं मगर उनके आंकड़ों को सतर्कता के साथ समझने की जरूरत है। उच्च मूल्य वाली वस्तुएं मसलन रत्न एवं आभूषण शायद दूसरे बाजारों के रास्ते अमेरिका भेजी जा रही हों मगर यह सिलसिला हमेशा नहीं चलता रहेगा। इसलिए जरूरी है कि भारत और अमेरिका जल्द से जल्द पारस्परिक लाभकारी व्यापार समझौता कर लें। भारत के वाताकारों ने उम्मीद जताई है कि वर्ष के अंत तक समझौता हो जाएगा। लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि यह समझौता मध्यम अवधि में भारत-अमेरिका व्यापार को कैसे प्रभावित करेगा। वैश्विक व्यापार के लिहाज से देखें तो कमजोर रुपया भारतीय निर्यातकों की मदद करेगा। हालांकि अमेरिकी शुल्क से जो नुकसान हो रहा है उसकी पूरी तरह भरपाई रुपये के अवमूल्यन से शायद नहीं हो पाएगी मगर इससे भारतीय निर्यातकों को नये बाजार तलाशने में कुछ मदद मिल जाएगी। रिजर्व बैंक के हाल के आंकड़े दिखाते हैं कि रुपया वास्तव में गिरा है, जो वास्तविक प्रभावी विनिमय दर से साफ पता चलता है। मौजूदा हालात में मुद्रा की कमजोरी निर्यातकों के लिए उपयोगी होगी। वैसे एक विश्लेषण में बताया गया है कि रुपया दूसरी मुद्राओं की तुलना में गिरा है मगर वास्तव में महामारी के बाद से यह चीन की मुद्रा युआन के मुकाबले काफी मजबूत हुआ है। इसके कारण चीनी आयात बहुत सस्ता हो जाता है और चीन के साथ हमारा व्यापार घाटा और भी बिगड़ सकता है। इस लिहाज से मौजूदा अवमूल्यन भारत के हित में है और अर्थव्यवस्था के व्यापारिक क्षेत्रों को इससे कुछ हद तक सुरक्षा मिलेगी। रिजर्व बैंक के पास करीब 688 अरब डॉलर मूल्य का विदेशी मुद्रा भंडार है, जिससे मुद्रा बाजार के हालात सही रखने में मदद मिलेगी। हाल फिलहाल में रुपये का मूल्य भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के नतीजों से प्रभावित होगा। इन नतीजों का असर चालू खाते पर ही नहीं पड़ेगा बल्कि पूंजी खाते को भी ये प्रभावित करेंगे। समझौता हमारे अनुकूल होता है तो विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों को भारतीय संपत्तियों की खरीद शुरू करने का हौसला मिलेगा। इन निवेशकों ने 2025 में अभी तक 15 अरब डॉलर से अधिक की भारतीय परिसंपत्तियां बेच दी हैं। मौद्रिक नीति समिति की इस समय जारी बैठक भी संभवतः मुद्रा बाजार की घटनाओं के निहितार्थों पर विचार करेगी। भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है और इस गति को बनाये रखने के लिए जरूरी है कि निर्यात व्यापार में भी वृद्धि हो, विदेशी निवेशक बाजार में लौटें और आर्थिक वृद्धि दर भी लगातार ऊंची बनी रहे।

विचार

मनुष्य का मूल्य उसके काम या कथन से नहीं, बल्कि वह जीवन में क्या बन रहा है इसे देखकर आंकना चाहिए।

-महर्षि अरविन्द.

इस सनातन नियम को याद रखो- यदि तुम प्राप्त करना चाहते हो तो अर्पित करना सीखो।

-सुभाष चन्द्र बोस.

आवश्यकताएं कम करें। आवश्यकताएं जितनी कम होंगी उतना ही अधिक सुख मिलेगा।

-स्वामी रामतीर्थ.

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।

-संस्कृत लोकोक्ति.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग द्वेष शान्त नहीं होते, तब तक मनुष्य इंद्रियों का गुलाम बना रहता है।

-आचार्य विनोबा भावे.

पुतिन की भारत यात्रा, चुनौतियां और उम्मीदें

आज यानी 4 दिसंबर 2025 से रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमिर पुतिन की दो दिवसीय भारत यात्रा शुरू हो गयी है। ऐसे में मौजूदा विश्व की पेचीदगियां और अमेरिका के भारत पर टैरिफ दबाव को देखते हुए हमें पुतिन की भारत यात्रा को बहुत सावधानी से एक रणनीतिक विकल्प के रूप में देखना चाहिए और सोचना चाहिए कि आखिर दोनों देश इस दबाव और ब्लैकमेलिंग के दौर में कैसे एक दूसरे के लिए ज्यादा से ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकते हैं। अगर अमेरिका का रणनीतिक दबाव लगातार हम पर बढ़ता जा रहा है तो क्या यह समय नहीं आ गया कि हम संतुलन साधने की जगह कोई स्पष्ट और रणनीतिक दिशा पकड़ने की कोशिश करें?

नरेंद्र शर्मा

> डॉक्टर, नर्स, इंजीनियर, आईटी विशेषज्ञ, शिक्षक, फॉर्मा व कैमिकल टेक्नीशियन की एक बड़ी वर्कफोर्स भारत में मौजूद है, जिसकी मार्केट रूस में अच्छे से तलाशी जा सकती है। क्योंकि यहां हम जिन क्षेत्रों का उल्लेख नहीं कर रहे हैं, ऐसे भी सैकड़ों की संख्या में क्षेत्र हैं, जिनके निर्यात की अच्छी संभावनाएं मौजूद हैं। इस तरह पुतिन की भारत यात्रा, भारत और रूस दोनो के लिए शानदार अवसरों की दहलीज है, बस इसे लांघने की जरूरत है।

इस सवाल पर मोदी मंत्रिमंडल को गंभीरतापूर्वक सोचकर अब फैसला करना ही होगा। क्योंकि भारत और रूस के बीच हाल के दिनों में समझौते तो बहुत हुए हैं, लेकिन व्यहारिक रूप से इन समझौतों का हमारे लिए क्रूड ऑयल में एक समय तक मार्जिन बेनिफिट के अलावा कोई बड़ा फायदा नहीं हुआ और वह भी अब दबाव और प्रतिबंधों की रणनीति के चलते महज 1.5 से 2 डॉलर प्रति बैरल रह गया है। ऐसे में सिर्फ कुछ करोड़ डॉलर सस्ते तेल के लिए भारत अपनी साख दुनिया के सामने रूस-यूक्रेन जंग के फाइनेंसर के रूप में तो नहीं बना सकता। लब्बोलुआब यह कि पुतिन की दो दिवसीय भारत यात्रा हाल के सालों में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण और निर्णायक है। इसके पहले पुतिन अपने रणनीतिक समीकरणों के लिए भारत की औचक यात्रा करते रहे हैं, लेकिन इस यात्रा का भारत बहुत सोच समझकर अपनी रणनीति में इस्तेमाल करे।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि पुतिन की यह यात्रा बहुत खास है। क्योंकि यह सबसे सही वक्त है कि भारत और रूस अपनी परंपरागत साझेदारियों को नया रूप और रणनीतिक आकार प्रदान करें। इसलिए भारत और रूस के बीच जो दशकों पुराना- रक्षा, परमाणु, ऊर्जा, अंतरिक्ष और रणनीतिक साझेदारी का ठोस सहयोग मौजूद है, अब उसे दोनों देश आज की जरूरत के हिसाब से रूप और आकार प्रदान करें, क्योंकि आज की जो वैश्विक भू-राजनीति है, वैसी अब के पहले कभी नहीं थी। रूस-यूक्रेन जंग, रूस पर लगे पश्चिमी दुनिया के प्रतिबंध, भारत पर

अमेरिका का टैरिफ दबाव और यूरोप की पारंपरिक साझेदारियों के बिगड़ते समीकरण, यह एक ऐसा परिदृश्य है, जिसको देखते हुए भारत और रूस को एक दूसरे के निकट ज्यादा मजबूती और ज्यादा विश्वसनीयता के साथ आना ही होगा। तभी भारत और रूस के रिश्ते दुनिया के लिए कोई रणनीतिक मायने रखेंगे। यह तभी संभव है जब पुतिन के दौरे के महत्व को हम और रूस दोनों बहुत गहराई से समझें और एक झटके में रिश्तों को बड़ा आकार और नया खाका प्रदान करने की कोशिश करें।

मजबूत होंगे रिश्ते

मसलन भारत और रूस के बीच आज करीब 73 अरब डॉलर का वार्षिक व्यापार होता है, जो कुछ सालों पहले महज 13 से 15 अरब डॉलर सालाना था। लेकिन हमें आकार देखकर यह नहीं भूलना चाहिए कि इसमें बहुत बड़ा हिस्सा रूसी तेल और ऊर्जा के आयात का है। आज रूस और भारत दोनों को व्यहारिकता समझना चाहिए और इस व्यापार को वास्तविक धरातल पर ले जाना चाहिए, जिससे कि सिर्फ भारत आयातक देश बनकर न रह जाए बल्कि हमें भी रूस का एक बाजार हासिल हो। क्योंकि आज का भारत दो दशक पहले का भारत नहीं है, जो ज्यादातर चीजें आयात करता था। आज भारत दुनिया का एक बहुत बड़ा निर्यातक देश भी है। हमारे पास कृषि, फॉर्मा, मैन्यूफैक्चरिंग, टेक्नोलॉजी, स्वास्थ्य और बैंक तथा बीमा सेवाओं में महारत है। इसलिए इस व्यहारिकता को देखते हुए दोनो देशों को आपसी व्यापार डायवसीफाइड आर्थिक आधार देना चाहिए। जिस तरह भारत बड़े पैमाने पर रूस से तेल, ऊर्जा और रक्षा खरीदारी करता है, उसी तरह रूस को भी चाहिए कि वह हमसे एंटीबायोटिक्स, कार्डियक दवाएं, वैक्सीन्स, हॉस्पिटल उपकरण, डायग्नोस्टिक दवाएं आदि बड़े पैमाने पर आयात करे। क्योंकि पश्चिमी देशों के प्रतिबंध के कारण आज रूस में 10 से 15 बिलियन डॉलर का फॉर्मा गैप पैदा हो चुका है यानी रूस पश्चिमी देशों से जो दवाएं और मेडिकल उपकरण आयात करता था, प्रतिबंध के कारण उन पर रोक लग गई है। ऐसे में उसे यह मौका भारत को देना चाहिए। याद रखें, भारत जिन चीजों में निर्यात की ताकत है, ज्यादातर उन चीजों में चीन भी मजबूत है। ऐसे में भारत को बहुत स्पष्ट और सावधानीपूर्वक पुतिन से साफ-साफ कहना चाहिए, हम केवल आयातक नहीं रहना चाहते, इसलिए आपको हमसे भी अपनी जरूरत की चीजें खरीदनी होगीं। क्योंकि रूस अपनी ज्यादातर जरूरतों के लिए चीन की तरफ देख रहा है और चीन के उत्पाद न केवल हमसे सस्ते हैं बल्कि चीन के निर्यात के लिए लॉजिस्टिक सपोर्ट भी हमसे बेहतर है। मगर हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हम रूस का जिस बड़े पैमाने पर रक्षा, ऊर्जा और तेल खरीदते हैं, रूस उस तरीके से रूसी सैन्य सामान नहीं खरीदता या उसे इसकी जरूरत नहीं है।

दूसरी बात यह है कि फॉर्मास्यूटिकल के क्षेत्र में चीन से हम बहुत आगे हैं। इसलिए हमें इस मामले में रूस को आनाकानी का मौका नहीं देना चाहिए। साथ ही हाल के सालों में हम जिस तरह से कृषि और उद्यानिक उत्पादों के साथ साथ फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में भी एक ताकत बनकर उभरे हैं, उसके चलते हमें रूस में चाय, कॉफी, मसाले, चावल, दालें, फलों के जूस, विशेषकर मैंगो पल्प जो कि रूस में बहुत ज्यादा लोकप्रिय है और प्रोसेस्ड फूड जिसमें इंस्टेंट मील्स, रेडीमेड सॉस और लंबी रेंज स्नैक्स की शामिल हैं। उस पर भी रूस के बाजार का एक जरूरी हिस्सा हासिल करना चाहिए। क्योंकि हम इसमें सक्षम हैं और रूस की जरूरतें हैं, इसलिए दोनों देश बराबरी के तौर पर एक दूसरे के साथ व्यापार को बढ़ाकर अमरीकी की टैरिफ ब्लैकमेलिंग से हमें और प्रतिबंधों के दबाव से रूस को मुक्ति मिल सकती है। लेकिन हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि पुतिन जितनी गर्मजोशी दिखाते हैं, उसका बड़ा हिस्सा वह अपनी रक्षा सामग्री को बेचने में इस्तेमाल करते हैं। हमें पुतिन की स्मार्टनेस को दोनों देशों के बीच ईमानदार और मजबूत समग्र रिश्तों के रूप में मोड़ना चाहिए। क्योंकि भारत सिर्फ आयातक देश बनकर हमेशा हमेशा के लिए एक बड़ी शक्ति नहीं बन सकता। हमें आयात के साथ निर्यात पर भी जोर देना होगा, क्योंकि भारत अब इस सबमें सक्षम है। ऊपर बताये गये उत्पाद क्षेत्रों के अलावा भारत ऑटो पार्ट और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में भी एक बड़ी ताकत बनकर उभरा है। हम रूस को बड़े पैमाने पर बैटरी, टायर, सस्पेंशन पार्ट्स, ट्रांसमिशन यूनिट और इंजन पार्ट बेंच सकते हैं। रूस में छोटे वाहन यानी टू व्हीलर और थ्री व्हीलर की काफी कमी है, जिनका इस्तेमाल माल ढुलाई के रूप में होता है। इसलिए हमें ऐसे क्षेत्र में भी बाजार तलाशने की मजबूत कोशिश करना चाहिए। हाल के सालों में भारत विश्व व्यापार जगत में मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक और कंपोनेंट्स के क्षेत्र में भी एक बड़ा खिलाड़ी बनकर उभरा है। बेशक ये पूरी तरह से भारतीय उत्पाद न होते हों, लेकिन भारत स्थित बहुराष्ट्रीय कंपनियों के उत्पाद से भी भारत को अच्छा खासा लाभ मिलता है। इसलिए रूस में पश्चिमी स्मार्ट फोन और इलेक्ट्रॉनिक्स की सुविधा जो कम हुई है, उसका लाभ भारत स्मार्ट फोन, एलईडी टीवी, राउटर, इलेक्ट्रॉनिक चिप्स, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक के साथ साथ आईटी सेवाएं और सॉफ्टवेयर के निर्यात में भी मौका तलाशने की कोशिश करना चाहिए। भारत के पास जो आज कोर बैंकिंग सिस्टम सपोर्ट है, क्लाउड मैनेजमेंट में महारत है, ई-कॉमर्स बैकएंड तथा पेमेंट टेक्नोलॉजी की विशेषज्ञता को भी सेवा निर्यात का बड़ा हिस्सा बनाना चाहिए और जहां तक हमारी प्रोफेशनल सेवाओं का सवाल है, तो उसमें तो हमारा कोई मुकाबला ही नहीं है।

सोशल मीडिया

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस हमारे दिव्यांग भाई-बहनों की क्षमता दक्षता और प्रेरणादायी साहस को नमन करने और उनकी प्रतिभा को सम्मान देने का अवसर है। केशव प्रसाद...

रामलला की मंदिर के शिखर पर लगाई जाने वाली धर्मध्वजा उस धर्म का प्रतीक है जिसने भारत को धारण कर रखा है, जिसने संपूर्ण संसार को धारण कर रखा है। सुधांशु त्रिवेदी.

श्रम कानूनों को सरल बनाने के नाम पर केंद्र सरकार 4 नये लेबर कोड लेकर आयी है। इस बहाने श्रमिकों के हाथ में जितने अधिकार थे सरकार ने उन्हें छीन लिया है। प्रियंका गांधी...

सफल हीरो, असफल प्रेमी संजीव कुमार के किस्से...

बॉलीवुड

हरिहर जेठालाल जरीवाला जो रुपहले पर्दे पर संजीव कुमार के नाम से विख्यात हुए, उन एक्टर्स में से थे जो स्टार होने के बावजूद धारा के विपरीत तैरना पसंद करते थे। इसलिए उन्हें अपनी जवानी में भी बुजुर्ग व्यक्तियों के किरदार निभाने पर भी कोई आपत्ति नहीं थी। वह फिल्म 'मौसम' में शर्मिला टैगोर के डॉक्टर पिता और फिल्म 'शोले' में जया भादुड़ी के ठाकुर ससुर उस समय बने जब वह 35 वर्ष के भी नहीं थे। इन किरदारों को उन्होंने पर्दे पर विश्वसनीय बना दिया था, जिससे उनकी अभिनय क्षमता का अंदाजा लगाया जा सकता है, जिसका परिचय उन्होंने फिल्म 'संघर्ष' में दिलीप कुमार के सामने अपनी प्रभावी अदाकारी से पहले ही दे दिया था। बहरहाल, सवाल यह है कि वह जवानी में ही बुढ़ापे के रोल करना क्यों स्वीकार कर लेते थे, जबकि उनके पास हीरो बने रहने के भी पर्याप्त अवसर थे? यह सही है कि एक अच्छा एक्टर हर किरदार को चुनौती के तौर पर स्वीकार करता है और अपने आत्मविश्वास के चलते उसे अपनी छवि खराब होने का डर भी नहीं होता है, लेकिन तबस्सुम के उक्त प्रश्न का संजीव कुमार ने जो उत्तर दिया था वह आश्चर्यजनक था, जिसमें उन्होंने अपनी मौत की भी एकदम सही भविष्यवाणी कर दी थी।

संजीव कुमार ने कहा था, मैं कभी बूढ़ा नहीं होने का क्योंकि अपने परिवार के अन्य पुरुषों की तरह मैं भी 50 वर्ष से अधिक जिंदा रहने वाला नहीं हूं। इसलिए मैं पर्दे पर ही बुढ़ापे को अनुभव करना चाहता हूं। संजीव कुमार की भविष्यवाणी सही साबित हुई। 6 नवम्बर 1985 को मुंबई में उनका दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उस समय वह मात्र 47 वर्ष के थे। गौरतलब है कि उनके दादा शिवलाल जरीवाला, उनके पिता जेठालाल जरीवाला, उनके बड़े भाई किशोर जरीवाला, उनके छोटे भाई निकुल जरीवाला ... सभी की मृत्यु दिल का दौरा पड़ने से हो गई थी और वह भी अपने जीवन का 50 वां बसंत देखने से पहले। इसे बहुत लोग संयोग या रहस्यमय श्राप कहेंगे, लेकिन वैज्ञानिक दृष्टि से यह विरासत में मिलने वाला जेनेटिक रोग है, जिसकी जानकारी संजीव कुमार को थी। संजीव कुमार का जन्म 9 जुलाई 1938 को सूरत में हुआ था। एक सर्वे में उन्हें भारतीय सिनेमा का सातवां महानतम एक्टर वोट किया गया था। 'दस्तक' व 'कोशिश' के लिए उन्हें दो राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। यह अपने आपमें दिलचस्प है कि ग्लैमर की दुनिया में सफल व रईस अदाकार होने के बावजूद संजीव कुमार अविवाहित ही रहे। हालांकि उन्होंने स्वयं भी विवाह प्रस्ताव दिए और उन्हें भी शादी करने के प्रस्ताव मिले। संजीव कुमार एक मुस्लिम लड़की को अपना दिल हार बैठे और उससे शादी करना चाहते थे। लेकिन उनकी मां एक मुस्लिम को अपनी बहू बनाने के लिए किसी भी कीमत पर तैयार नहीं थीं। संजीव कुमार के अनुसार, अगर वह अपने परिवार में सबसे छोटे होते तो अपने प्रेम के लिए बगावत कर बैठते, लेकिन पारिवारिक जिम्मेदारियों को समझते हुए वह अपनी मां की जिद के आगे झुक गये। वह मुस्लिम लड़की कौन थी? अपने शुरूआती करियर में संजीव कुमार ने अनेक मुस्लिम लड़कियों के साथ फिल्में की थीं। उनके भतीजे उदय जरीवाला व रीटा राममूर्ति गुप्ता ने अपनी पुस्तक 'संजीव कुमारः द एक्टर वी आल लव्ड' में उस लड़की का नाम सायरा बानो लिखा है लेकिन साथ ही यह भी लिखा है कि संजीव कुमार को गलतफहमी हो गई थी और उनकी वह केवल एकतरफा दीवानगी थी। कुछ लेखकों का अंदाजा है कि वह लड़की शबाना आजमी थीं। इस संदर्भ में भी अनेक दलीलें हैं, जिनकी अब पुष्टि करना कठिन है, अगर शबाना आजमी ही कुछ कहें तो अलग बात है, लेकिन वह एक दूसरे के अभिनय से प्रभावित होना व आपसी दोस्ती होने से अधिक कुछ कहती नहीं हैं। संजीव कुमार और नूतन ने भी एक दूसरे को प्रेम पत्र लिखे। नूतन उनके लिए अपनी शादी तक तोड़ने के लिए तैयार थीं। यह बात भी आगे न बढ़ सकी क्योंकि संजीव कुमार में किसी का घर तोड़कर एक तलाकशुदा के साथ अपना घर बसाने का साहस नहीं था। फिल्म 'सीता और गीता' की शूटिंग के दौरान संजीव कुमार का दिल हेमा मालिनी पर आ गया। उन्होंने हेमा मालिनी के सामने सशर्त विवाह का प्रस्ताव रखा, जिसे हेमा मालिनी ने इसलिए स्वीकार नहीं किया। सुलक्षणा पंडित तो संजीव कुमार के प्यार में इतनी दीवानी थीं कि उन्होंने स्वयं उनसे शादी करने का प्रस्ताव रखा। इसे संजीव कुमार ने शालीनता के साथ ठुकरा दिया। वह अभी तक सिंगल हैं और संजीव कुमार को भी अपनी जिंदगी में कोई हमसफर नहीं मिला।

-कैलाश सिंह.

स्वाध्याय का महत्व

स्वाध्याय, सत्संग, चिंतन, मनन यह चार कार्य भावनात्मक साधना के अन्तर्गत आते हैं। इनसे विचारों की, दृष्टिकोण की, भावना की शुद्धि होती है। क्रियात्मक साधना से संस्कारों का संशोधन एवं पोषण होता है। जो अशुभ संस्कार मनोभूमि में गहराई से जमे हैं, उन्हें उखाड़ने का कार्य क्रियात्मक साधना द्वारा ही संभव होता है। शुभ संस्कारों का बीजरोपण तथा उनका परिपोषण भी क्रियात्मक साधना द्वारा ही संभव होता है। भावनात्मक साधना के संबंध में कुछ प्रकाश पिछले पृष्ठों में डाला जा चुका है। क्रियात्मक साधना के अनेक उपक्रम हैं जिनका उपयोग साधक की निष्ठा, अभिरुचि एवं परिस्थितियों के अनुरूप किया जाता है। गायत्री महामंत्र के जप का क्रियात्मक साधना में सर्वप्रथम स्थान है। इसे अनिवार्य धर्म कर्तव्य माना गया है। धर्मशास्त्रों में ऐसी व्यवस्था मिलती है कि भोजन से पूर्व कम से कम एक बार गायत्री का जप प्रत्येक धर्म प्रेमी को करना चाहिए। जो इसकी उपेक्षा करे उन्हें शूद्र कहकर तिरस्कृत किया गया है। प्राचीन काल में संभवतः नित्य गायत्री जप की उपेक्षा करने वाले लोग शूद्र कहकर तिरस्कृत किये गये होंगे और पीछे उनकी स्वतंत्र जाति ही बन गयी होगी। मस्तिष्क और हृदय दोनों ही क्षेत्रों पर गायत्री जप का गंभीर प्रभाव पड़ता है। स्मरण शक्ति, बुद्धिमत्ता, दूरदर्शिता, सूझ-बूझ परिमार्जित कल्पना, अनुत्तेजना एवं संतुलित मनःस्थिति यह मस्तिष्क के गुण हैं। गायत्री उपासना से इन सभी गुणों का साधक के प्रयत्न अनुरूप विकास होता है। निष्ठा श्रद्धा, दृढ़ता, साहस, धैर्य, उत्साह, उदारता, श्रेष्ठता, आदर्शवादिता एवं संकल्प शक्ति हृदयगत गुण हैं। गायत्री जप से इनका भी अभिवर्धन होता है। गायत्री बुद्धि एवं भावना की देवी हैं। जहां उसकी प्रष्ठिा होगी वहां सद्ज्ञान एवं सद्भाव का विकास स्वयंमेव होता चलेगा। अंतःभूमि का स्वस्थ विकास इन्हीं दो तत्वों पर निर्भर है। गायत्री उपासना निसंदेह मनुष्य की अपूर्णताओं की खाई पाटती हुई उसे पूर्णता के परम लक्ष्य तक पहुंचा देने में समर्थ होती है। जिन्हें अपने हृदय एवं मस्तिष्क के विकास में अभिरुचि हो उन्हें गायत्री उपासना एक रामबाण अमोघ औषधि के रूप में अपनानी चाहिए। आत्मिक उन्नति की दिशा में जिनका उत्साह अधिक है, जो गुप्त आध्यात्मिक शक्तियों को विकसित करके अपने आपको सामान्य स्थिति से ऊंचा उठाकर असामान्य स्थिति में ले जाना चाहते हैं उनके लिए गायत्री के अनुष्ठान, पुनश्चरण एवं तपश्चर्यात्मक अनेक विधान हैं।

अंतर्दृष्टि

चोरों ने समाज में बढ़ायी मर्यादा

व्यंग्यलोक

पुलिस के घर चोरी हो गई। इस धार्मिक कार्यक्रम के संपन्न होने पर संभ्रांत चोर परिवार में हंगामा मच गया। तब चोर एसोसिएशन के अध्यक्ष ने आनन-फानन में एक मीटिंग बुलाई और पुलिस के घर चोरी करने वाले चोर को दंडित करने का निर्णय लिया। उनका आरोप था कि माना कि चारों और अनीति, अन्याय, अत्याचार है। लेकिन अपने चोर भाई को पुलिस के घरों में चोरी करते हुए शर्म क्यों नहीं आई? पुलिस मात्र ही तो अपने भाई हैं। पुलिस ही तो अपने सगे हैं। बाकी सब तो चोरों के पीछे लगे हैं। अगर भाइयों के घर ही चोरी करने जाएंगे तो फिर चोर समाज को कैसे मुंह दिखाएंगे? चोर की बहुत खूब लानत-मनालत की गई। पुलिस के घर चोरी करने वाले चोर को चोर एसोसिएशन में पुलिस भाई के सामने माफी मांग कर चुराई गई सामग्री वापस लौटाने के लिए आदेशित किया। सब चोरों ने मिलकर पुलिस की आरती गाई। पुलिस भाइयों के लिए स्वागत की थाली सजाई। इधर चोर के द्वारा चोरी करने पर पुलिस थानेदार के घर पर खुशियां मनाई गई। थानेदार की पत्नी ने ढिंढोरा पीटा कि उनके घर कोई तो चोर आया। थानेदारनी मोहल्ले में खड़ी होकर व्याख्यान देने लगी। कहने लगी- धन्यभाग है हमारे! जो चोर देवता हमारे घर पधारे! चोरों ने जान लिया कि हम भी कंगले नहीं हैं। हमारे घर भी मालमत्ता है। रोकड़ा है। यह जानकर चोरों ने हम पर धावा बोला है। चोरों ने समाज में हमारी मान मर्यादा बढ़ाई है।

रामविलास जॉगिड़

मैं तो ऐसे विद्वान और समझदार चोर को सलाम करना चाहती हूं। एक बार उस महान चोर के दर्शन करना चाहती हूं। इसलिए चोर को देखने की गरज से थानेदारनी ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने का मन बनाया। वह जल्दी ही पुलिस थाने में गई और अपने घर में हुई चोरी की रपट लिखाने लगी। उसने देखा कि सामने ही उसका पति थानेदार बैठा हुआ है। पास में ही एक नेता लेटा है। नेता के पास बजरी रोड़ा से लेकर तोड़ा-फोड़ा तक का व्यवसाय है। इसमें पुलिस देवता भी स्टेकहोल्डर हैं। पतिदेव थानेदार ने कहा कि चोर को तो पकड़ लेंगे लेकिन इसके लिए नियमानुसार एफआईआर दर्ज कराने की फीस देनी होगी। बात सुनते ही थानेदारनी ने पुलिस थाने के नियमों की पालना करते हुए दो-दो हजार के पांच करारे नोट थानेदार की ओर बढ़ाए। कहा- लीजिए साब! चोर को धर लीजिए। रिश्वत रूल्स का पालन जरूर कीजिए। तत्काल थानेदार ने करारे कुरकुरे नोटों पर झपट्टा मारा। थानेदार ने कहा- अरे! ये नोट तो कल मैंने ही किसी चोर से झटके थे। ये तेरे पास कहां से आए? तो पत्नी ने पति के पेंट से अपनी जेब तराशी धर्म का नियम याद दिलाया। फिर यही हुआ। पुलिस ने चोर को पकड़ने के लिए नियमानुसार रिश्वत रूल्स को फॉलो किया।

आपकी बात

महिलाओं की सुरक्षा

महिलाओं की सुरक्षा के लिए देश में कठोर कानून बने हैं लेकिन फिर भी अपराधी इससे डर नहीं रहे हैं। फांसी जैसी सजा का प्रावधान होने के बावजूद लगातार दुराचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों पर गौर करें तो हर दिन सौ से अधिक महिलाओं के साथ रेप की घटनाएं होती हैं। दहेज हत्या, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, एसिड अटैक जैसे अपराध आज इतने वीभत्स रूप में हमारे सामने आये हैं कि इनका जिक्र करने पर भी शर्मिंदगी महसूस होती है। कई बार रेप की घटना होने पर भी पुलिस न्याय के लिए दौड़ाती रहती है। कई बार तो मेधावी छात्राएं, खिलाड़ी तक इसकी शिकार हो चुकी हैं। जब राज्य का गौरव बढ़ाने वाली लड़कियां सुरक्षित नहीं होंगी तो सामान्य के साथ कैसा बर्ताव होता होगा इसकी कल्पना की जा सकती है। झारखण्ड में एक स्कूल में ऐसा मामला एक साल पहले सामने आया जिसमें एक नाबालिग छात्रा के साथ स्कूल के प्रिंसीपल, शिक्षक के साथ दर्जन भर छात्रों ने भी दुराचार की शर्मनाक घटना को अंजाम दिया। बिहार में आश्रय गृहों में रह रही बेटियों के साथ जो शर्मकांड हुआ उसको याद करने से ही मन सिहर जाता है। उत्तराखण्ड में एक स्कूल में नाबालिग छात्रा से स्कूल कर्मियों के साथ करीब एक दर्जन छात्रों ने भी गैंगरेप का शर्मनाक कृत्य किया। समझ में नहीं आता है कि ये आश्रयगृह, ये स्कूल शिक्षा एवं संरक्षण के आश्रय हैं या यातना एवं उत्पीड़न गृह। जिस तरह आज बेटियों के लिए, महिलाओं के लिए हर जगह खतरनाक होती जा रही है उसमें एक सभ्य परिवार के पुरुषों को अपने ही घर में, अपने ही मां, बहन व बेटियों के सामने शर्मसार होना पड़ता है। कुछ गुंडों, अपराधियों के कारण पूरा पुरुष समाज शर्मिंदगी का दंश झेलने के लिए अभिशप्त है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि बेटियों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी? रेप पर फांसी की सजाएं भी दी जा रही हैं लेकिन अपराधी इतने डीठ हो गये हैं कि उनके मन में दहशत का भाव कभी आता ही नहीं है। हैदराबाद में एनकाउंटर कांड के बाद जिस तरह से देश में हर्ष का माहौल देखने को मिला वह दरअसल न्याय न मिलने की कुंठा ही थी। अन्यथा ऐसे न्याय को कौन बर्दाश्त करता। हाथरस, उन्नाव, अमेठी की घटनाएं यह साबित करती हैं कि अपराधियों में अभी भी कानून का डर नहीं है।

मदन मोहन श्रीवास्तव, लखनऊ.

गरीबों का उत्थान

केन्द्र सरकार ने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में सभी गरीबों को घर देने की बात कही थी लेकिन अभी तक संकल्प पूरा नहीं हो पाया है। इसलिए गरीबों को आवास देने के लिए सरकार को तेजी के साथ काम करना चाहिए। शहरी गरीबों को घर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एक ऐसा मिशन बन गयी है जिसे आवास एजेंसियां अगर ईमनदारी से लागू करें तो वास्तव में अगले कुछ वर्षों में सबको आवास का सपना साकार हो सकता है। प्रदेश में इस साल करीब डेढ़ लाख आवास इस योजना के तहत बनाने का फैसला किया गया है। अगर सरकार इस योजना के तहत गरीबों को आवास देने में सफल होती है तो बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। वैसे इस योजना के तहत जो सरकारी एजेंसियां घर बनाती हैं उसमें करीब ढाई लाख रुपये की छूट मिल जाती है और इससे गरीबों को बहुत फायदा होता है। प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी क्षेत्रों में एक करोड़ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दो करोड़ नये घर बनाकर सरकार 2022 तक सबको घर उत्पलब्ध कराना चाहती है, लेकिन आवास विकास करने वाली एजेंसियों की कार्यप्रणाली इतनी सुस्त रही है कि इनके बलपर गरीबों को आवास मिलना बहुत चुनौतीपूर्ण रहा है। पीएम आवास योजना पूरे देश में अपने लक्ष्य से बहुत पीछे चल रही है। उत्तर प्रदेश में आवास विकास, सूडा व विकास प्राधिकरणों की कार्यप्रणाली में इतनी लचरता है कि पात्रों के चयन से लेकर घर बनाने और गरीबों को देने में इतना विलंब होता है।

आशीष कुमार वर्मा, लखनऊ.

संक्षेप

सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दूसरा गम्भीर

मिल्कीपुर-अयोध्या। दिल्ली से बनारस जा रहे दो युवक पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे का शिकार हो गए। गुरुवार सुबह माइलस्टोन 75 के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस दुर्घटना में बाइक चला रहे बृजेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठे उसके साथी आशीष गंभीर रूप से घायल हो गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायल आशीष पुत्र मौला कौशांबी जिले के चरवा थाना क्षेत्र के बलीपुर टाटा गांव का निवासी है। वह अपने मित्र बृजेश के साथ दिल्ली से बनारस के लिए निकला था।

दोनों युवक दिल्ली में एक निजी कंपनी में कार्यरत थे। बुधवार दोपहर लगभग ढाई बजे वे एमटी बाइक से बनारस के लिए रवाना हुए थे। उनका उद्देश्य बनारस में दर्शन करना और फिर अपने-अपने घर लौटना था। गुरुवार सुबह लगभग 8:30 बजे यह हादसा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हुआ। बताया जा रहा है कि बाइक चालक बृजेश को अचानक झपकी आ गई, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर तेज रफ्तार में डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

सौर ऊर्जा सिटी बन रही सूर्यवंश की राजधानी

जिला संवाददाता

अयोध्या। पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सूर्यवंश की राजधानी अयोध्या सौर ऊर्जा सिटी के रूप मे विकसित हो रही है। अयोध्या मंडल में इसका बड़ा असर दिख रहा है। बड़ी संख्या में लोग सौर ऊर्जा कनेक्शन ले रहे हैं। इस वर्ष अब तक अयोध्या मंडल के लगभग 33269 लोग पंजीकरण करा चुके हैं, जबकि 16 हजार से अधिक लोग कनेक्शन ले चुके हैं। सबसे अहम बात यह है कि रजिस्ट्रेशन कराने और कनेक्शन लेने में बाराबंकी वासी अव्वल हैं, जबकि दूसरे स्थान पर रामनगरी अयोध्या है।

- मंडल में बाराबंकी टॉप पर, अयोध्या का दूसरा स्थान
- पूरा अयोध्या मंडल बन रहा सौर ऊर्जा मंडल
- आमजन तेजी से ले रहे सौर ऊर्जा के कनेक्शन

बिजली की बढ़ती आवश्यकताओं को देखते हुए केंद्र सरकार ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का शुभारंभ किया है। इससे लोगों को उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए आवश्यकता के अनुरुप बिजली मिल सकेगी।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या को सोलर सिटी बनाने के लिए घोषणा की थी। इसके लिए यूपीनेडा की ओर से अयोध्या मे 40 मेगावाट का सोलर प्लांट स्थापित किया गया है। इसके अलावा घर-घर सौर ऊर्जा स्थापित किया जा रहा है।इस योजना का प्रसार प्रचार करने के लिए सोलर सखी द्वारा डोर टू डोर कैंपेन भी चलाया जा रहा है।

सोलर रूफटॉप संयंत्रों की स्थापना के लिए प्रति किलोवॉट 10 वर्गमीटर छाया रहित छत की आवश्यकता होती है।

एक किलोवॉट के रूफटॉप संयंत्र से औसतन प्रतिदिन 4-5 यूनिट बिजली का उत्पादन होता है। संयंत्र से उत्पादित विद्युत का उपयोग भवन स्वामी द्वारा करने के उपरांत अवशेष विद्युत ग्रिड में चली जाती है। इसका नेटमीटरिंग के माध्यम से विद्युत बिल में संबंधित डिस्कॉम द्वारा समायोजन किया जाता है। उपभोक्ता द्वारा सोलर संयंत्रों की स्थापना में व्यय की गयी

धनराशि की प्रतिपूर्ति विद्युत बिल के बचत के रूप में 3 से 4 वर्ष में हो जाती है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए ध पर ऑनलाइन आवेदन करना होता है। प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा मोबाइल ऐप भी विकसित किया गया है, जिस पर आवेदन किया जा सकता है।

सोलर रूफटॉप संयंत्र की स्थापना बैंक से ऋण लेकर कराये जाने हेतु भारत सरकार के पोर्टल पर विभिन्न बैंकों को सूचीबद्ध किया गया है, जिसका लाभ उपभोक्ता द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। इसके लिए डिस्कॉमवार/ जनपदवार लक्ष्य भी निर्धारित किया जाता हैं।

अयोध्या के निराला नगर स्थित बैंक कॉलोनी निवासी कृपा शंकर

श्रीवास्तव ने बताया कि मैं सेवानिवृत्त हो चुका हूं। आधुनिक युग में संसाधनों का उपभोग बढ़ रहा है। सोचा था कि अब किस तरह से बिजली का बिल चुका पाऊंगा।

भला हो योगी सरकार का जिसने सोलर योजना शुरू की। हमने तीन किलो वाट का पैनल लगवाया है। बिजली का बिल बेहद कम आ रहा है। केंद्र व राज्य से सब्सिडी भी मिल चुकी है।

अयोध्या के रायबरेली रोड नानक स्कूल के पास के रहने वाले कृष्ण कुमार ने बताया कि तीन किलोवाट का सोलर पैनल लगवाया है। पैनल का असर दिख रहा है। दोनों सब्सिडी भी आ चुकी है। परिवार के साथ विचार कर रहा हूं कि तीन किलोवाट का एक और कनेक्शन ले लूं, ताकि बिजली अधिक से अधिक बने और गर्मी के मौसम में भरपूर उपयोग कर सकूं।

केंद्र व प्रदेश सरकार दे रही अनुदान

केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न श्रेणी के घरेलू उपभोक्ताओं को अनुदान प्रदान किया जा रहा है। भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा अनुमन्य अनुदान इस प्रकार दिए जा रहे हैं।

1- एक किलो वाट - केन्द्रानुदान - 30000 ,राज्यांश - 15000 कुल अनुदान- 45000

2- दो किलो वाट- केन्द्रानुदान-60000,राज्यांश - 30000, कुल अनुदान- 90000

3- तीन किलो वाट केन्द्रानुदान -78000,राज्यांश - 30000 कुल अनुदान- 108000

एक से दस किलोवॉट क्षमता के संयंत्र का अनुमानित मूल्य प्रति किलोवॉट लगभग 60 से 65 हजार रुपये प्रति किलोवाट के मध्य आता है।

संयंत्र की स्थापना के उपरांत केंद्र एवं राज्य सरकार से प्राप्त अनुदान उपभोक्ता के खाते में प्राप्त होता है।

रोडवेज बस व डंपर की टक्कर, 4 घायल

बाराबंकी। फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम कुतलूपुर के पास रोडवेज बस और डंपर की आमने-सामने की टक्कर होने से 4 लोग गंभीर रूप से घायल व कुछ अन्य यात्रियो को हल्की चोटे लगी। जिन्हें तुरंत उपचार हेतु सीएचसी भेजा गया। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही फतेहपुर क्षेत्राधिकारी जगत कनौजिया व स्थानीय पुलिस बल ने घटनास्थल पर पहुंच राहत-बचाव कार्य शुरू किया। तो वही यात्रियो ने बताया कि बस चालक तेज रफ्तार से चला रहा था। ओवरटेक करने के चलते हादसा हो गया। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि बस में सवार 4 यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं। कुछ अन्य यात्रियों को हल्की चोटें लगी थीं। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। रोडवेज बस यूपी 41 बीटी 7862 फतेहपुर से बाराबंकी की ओर जा रही कुतलूपुर के पास सामने से आ रहे डंपर से टकरा गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार डंपर चालक की तलाश जारी है।

नेता जी के नाम पर मुशायरा और कवि सम्मेलन का आयोजन

बाराबंकी। सांझी विरासत द्वारा आगामी 14 दिसंबर को कराए जाने वाले 11वें मुशायरा एवं कवि सम्मेलन को समाजवादी पार्टी संस्थापक, पूर्व रक्षामंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री नेताजी स्वः मुलायम सिंह यादव के नाम पर करने का निर्णय सराहनीय हैं। नेताजी का सम्मान पूरा मुल्क करता है। उनके नाम से जनपद में मुशायरा और

कवि सम्मेलन का आयोजन कराया जाना हम समाजवादियों के लिए गौरव का विषय हैं। उक्त बात समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने साझी विरासत आयोजित बैठक में सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुये कही।

बस पलटी , पांच यात्री घायल

बहराइच । जिले के नानपारा कोतवाली इलाके में आज सुबह एक मवेशी को बचाने के चक्कर में यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर पलट गई । हादसे में उसमें सवार पांच यात्री घायल हो गए । सूचना पर पहुंची नानपारा कोतवाली पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है।

पंजाब से यात्रियों को लेकर बहराइच होते हुए जनपद श्रावस्ती जा रही एक निजी बस संख्या यू पी 43 बी टी 1530 आज सुबह करीब चार बजे नानपारा बाईपास पर स्थित मलंग पुरवा के पास अचानक सड़क पर आए मवेशी को बचाने के चक्कर में पलट गई ।चीख पुकार सुनकर आस पास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे , उन्होंने घटना की जानकारी नानपार कोतवाली पुलिस को दी ।जिसके बाद मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने स्थानीय लोगों के सहयोग से बस में सवार करीब तीस लोगों को बाहर निकाला । हादसे में उसमें सवार कुसुम देवी उम्र 35 वर्ष निवासी सिद्धार्थनगर , रचना देवी उम्र 40 वर्ष निवासी जनपद बलरामपुर , इंद्रजीत मौर्य निवासी जनपद श्रावस्ती , गिरधारी व राजेश पाल घायल हो गए ।जिन्हें नानपारा स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

युवक की हत्या का खुलासा, तीन गिरफ्तार

जिला संवाददाता

अयोध्या। जनपद की थाना हैदरगंज पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अज्ञात युवक की हत्या का महज 24 घंटे के भीतर खुलासा कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मामले का खुलासा एसपी ग्रामीण बलवंत चैधरी ने किया है। उन्होंने कहा यह सफलता ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगाए गए कैमरों और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के विश्लेषण से मिली।

- ईंट व ऑटो बरामद, गाली-गलौज से उपजी रंजिश बनी हत्या का कारण

बीते 3 दिसंबर की सुबह ग्राम सभा मऊ स्थित विशुही नदी में एक अज्ञात युवक का शव दिखाई देने की सूचना पुलिस को मिली। मौके पर पहुंचकर उच्चाधिकारियों ने जांच की और शव की फोटो ऑपरेशन त्रिनेत्र नेटवर्क में

भेजी गई, जिससे मृतक की पहचान यदुनाथ पुत्र स्व. दयाराम कोरी के रूप में हो सकी। मृतक के पुत्र सुरजीत की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन टीमों का गठन किया।पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि मृतक ने कुछ दिन पहले आरोपी रामकुमार शुक्ला की बेटी व मां को अपशब्द कहे थे। इसी रंजिश के चलते रामकुमार ने अपने साथियों रामबाबू उर्फ आयुष यादव और दिलीप उर्फ चलाकी के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई।अभियुक्तों ने यदुनाथ को घर से बुलाया, अपनी तीन पहिया ऑटो में बैठाकर सुनसान स्थान पर ले गए और ईंट से कुचलकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद शव को ऑटो में रखकर मऊ और न्यूना गाँव के बीच विशुही नदी पुल से नीचे फेंक दिया।बता दे 4 दिसंबर की सुबह मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपी सभी निवासी सहावां, थाना कोतवाली बीकापुर अयोध्या के रहने वाले है। उनके पास से हत्या में प्रयुक्त ईंट (आला-ए-कत्ल) तथा ऑटो यूपी 42 डीटी 5010 बरामद कर लिया गया।

बाइक सवार दो युवकों से मारपीट

बहराइच। जिले के कोतवालीबालपुर इलाके में दो बाइक सवार युवकों के साथ मारपीट कर 50 हजार रुपये छीनने का गंभीर आरोप सामने आया है। घटना सोनहरा पाठकपुरवा मोड़ के पास की बताई जाती है, जिसके ? बाद पीड़ितों ने पुलिस को सूचना दी। बताया जा रहा है कि पीड़ित दोनों युवक जनपद बहराइच के गंगवल बाजार के रहने वाले हैं और अपने मामा को छोड़कर सोनहरा गांव से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान कुछ अज्ञात लोगों ने उन्हें रोककर पहले मारपीट की और बाद में 50 हजार रुपये लेकर फरार हो गए। सूचना मिलते ही कर्नलगंज कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर पीड़ितों से पूछताछ की। पुलिस का कहना है कि मामले में छिनैती जैसी कोई घटना नहीं हुई, हालांकि मारपीट की सूचना की जांच की जा रही है। कर्नलगंज पुलिस ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना की वास्तविकता जानने में जुटी है। घटना से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

नानपारा विधायक को दी जन्मदिन की बधाई

बहराइच। रुपईडीहा बहराइच लोकप्रिय नानपारा विधाय रामनिवास वर्मा अपना दल (एस) एवं नेता विधान मंडल दल का जन्मदिन सोमवार को पार्टी पदाधिकारियों,चिंतको, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकताओं ने धूमधाम से मनाया। विधायक रामनिवास वर्मा को जन्मदिन की बधाई देने के लिए तड़के सुबह से ही बहराइच शहर स्थिति आवास पर बधाई देने के लिए लोगों का जन सैलाब उमड़ना शुरू हो गया जो पूरे दिन भर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। बधाई के क्रम में ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद कुमार वर्मा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ नवाबगंज के नेतृत्व में स्वास्तिक लॉन नानपारा पहुंचकर श्रीवर्मा कों अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह और गुलदस्ता भेंट कर उनकी दीघार्यु की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर विधायक रामनिवास वर्मा ने जन्मदिन पर बधाई और शुभकामनाओं के लिए तहेदिल से धन्यवाद ज्ञापित किया इस मौके पर जीतेन्द्र शर्मा, विनोद गिरि, रमेश सोनकर, वैभव सिंह, सरवन वर्मा, अलोक वर्मा, विपुल सिंह, शैलेन्द्र यादव आदि उपस्थिति रहे।

गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 14 बीएलओ सम्मानित

बाराबंकी। जनपद को राज्य स्तर पर आदर्श जनपद के रूप में स्थापित करने में प्रत्येक बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायी होगी। उक्त उद्गार कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार मे आयोजित कार्यक्रम मे एसआईआर मे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर

- डीएम ने की 100 डिजिटाइजेशन व 90 प्रतिशत से अधिक मैपिंग की अपील

निर्धारित लक्ष्यों को समय से पूर्व पूरा करने वाले 14 बूथ लेवल बीएलओ 266 कुर्सी विधानसभा के भाग संख्या 455 बीएलओ मोहम्मद याकूब अजीजुल हक, 267 विधानसभा रामनगर की भाग संख्या 35 बीएलओ रामकरन, भाग संख्या 98 बीएलओ धीरेंद्र कुमार, भाग संख्या 108 बीएलओ रोहित कुमार यादव, भाग संख्या 152 बीएलओ संजय कुमार पांडेय, 268 विधानसभा बाराबंकी की भाग संख्या 155 की बीएलओ प्रीति, भाग संख्या 170 के बीएलओ रामजी बाजपेयी, 269 विधानसभा जैदपुर की भाग संख्या 139 बीएलओ कमिश्नर, 270 विधानसभा दरियाबाद की भाग संख्या 58 बीएलओ अशोक कुमार, भाग संख्या 60 बीएलओ दीपक कुमार तिवारी, भाग संख्या 158 के बीएलओ सत्य प्रकाश, भाग संख्या 159 की बीएलओ संतोष कुमार, भाग संख्या 351 के बीएलओ रोहित उपाध्याय, 272 हैदरगढ़ विधानसभा की भाग संख्या 50 के बीएलओ आलोक कुमार सिंह को प्रशस्ति पत्र सौपते हुये जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने व्यक्त किये। जिलाधिकारी ने सभी बीएलओ को प्रेरित करते हुए कहा कि जिस तरह आप सभी ने उत्कृष्ट कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त किया है, उसी प्रकार अपने साथ कार्य कर रहे बीएलओ को भी प्रेरित और सहयोग करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

पत्रकार पर हुए हमले का पुलिस ने किया खुलासा, तीन गिरफ्तार

अयोध्या। कोतवाली नगर थाना पुलिस ने एक दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार राममूर्ति यादव पर हुए जानलेवा हमले की घटना का खुलासा करते हुए इसमें शामिल तीन वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार, लोहे की पाइप और दो बांस के डंडे भी बरामद किए गए हैं। पुलिस टीम ने 4 दिसंबर की रात करीब 1:30 बजे अफीम कोठी के पीछे परिक्रमा मार्ग से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार 30 अप्रैल 2025 को मिजार्पुर माफी में हुई मारपीट की घटना में अभियुक्त गौरव पांडेय द्वारा पत्रकार राममूर्ति यादव व अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसी घटना से आक्रोशित होकर बदले की भावना से यह हमला सुनियोजित षड्यंत्र के तहत कराया गया। गिरफ्तार आरोपियों में आफताब उर्फ राजा बाबू निवासी रीडगंज तकिया, महफूज आलम निवासी हैबतपुर चुड़ामणि चैराहा महोबरा और उमेश चैहान उर्फ बादल निवासी मानव नगर साहबगंज शामिल हैं। आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त स्वीफ्ट कार, एक लोहे की पाइप और दो बांस के डंडे बरामद किए गए। इस संबंध में वादी बृजेश कुमार यादव निवासी ग्राम अबनपुर सरोहा, थाना पूराकलंदर की तहरीर पर 191(2), 191(3), 109(1) बीएनएस के तहत अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्यों के आधार पर कुल छह आरोपियों के नाम सामने आए, जिसमें से तीन को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध पहले से भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया है।

विनियमित क्षेत्र बहराइच में प्रभावी हुआ बिल्डिंग बाइलाज 2025

बहराइच। अवर अभियन्ता, विनियमित क्षेत्र ने बताया कि आवास एवं शहरी नियोजन विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा स्वीकृत बिल्डिंग बाइलाज 2025 को जिलाधिकारी/नियत्रक प्राधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में विनियमित बोर्ड की बैठक में अंगीकृत किया जा चुका जो विनियमित क्षेत्र बहराइच में पूर्ण रूप से प्रभावी है। शासन द्वारा स्वीकृत बिल्डिंग बाइलाज 2025 के अनुसार विनियमित क्षेत्र में शासन द्वारा स्वीकृत महायोजना के अर्न्तगत निर्मित क्षेत्र में महायोजना के अनुसार आवासीय प्रयोजन के 100 वर्ग मीटर क्षेत्रफल भू-खण्डों के लिए तथा स्वीकृत/अनुमोदित ले-आउट (कालोनी) के अर्न्तगत 100 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के आवासीय प्रयोजन के भू-खण्डों तथा स्वीकृत ले आउट (कालोनी) के अर्न्तगत 30 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के व्यवसायिक प्रयोजन के भू-खण्डों के निर्माण के लिए नियमानुसार सेट बैंक छोड़ने के उपरान्त मानचित्र स्वीकृत पर छूट है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले सांसद, टेट अनिवार्यता समाप्ति पर हुई चर्चा

बहराइच। टेट अनिवार्यता समाप्त किए जाने हेतु सांसदों को दिए ज्ञापन और वार्ता का दिख रहा असर सर्वोच्च न्यायालय के टीईटी अनिवार्यता निर्णय से देश लाखो शिक्षक प्रभावित हो रहे है उनकी सेवा को सुरक्षित रखने के लिए कल तीन दिसम्बर को पश्चिम बंगाल के विष्णुपुर लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी सांसद सौमित्र खां ने दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात कर शिक्षकों के पक्ष में उनकी सेवा सुरक्षित रखे जाने हेतु मजबूती से अपनी बात रखी।संसद सत्र के शून्य काल में सांसद प्रवीण पटेल एवं सांसद इमरान मसूद ने भी टीईटी अनिवार्यता हेतु विधायी हस्तक्षेप एवं सेवा सुरक्षा हेतु आवश्यक संशोधन किए जाने की मांग/बात उठाई है।राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बहराइच के जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र ने कहा कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के सफल और सही समय पर किए गए प्रयासों से हम सभी की आवाज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुंच गई है।पूर्ण विश्वास है कि,जल्द ही प्रधानमंत्री के द्वारा हम सभी को न्याय मिलेगा कई वर्षों से सेवारत शिक्षकों की टीईटी अहर्ता की अनिवार्यता समाप्त होगी। वही जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज कुमार वर्मा, जिला महामंत्री उमेश त्रिपाठी, जिला कोषाध्यक्ष सगीर अंसारी सहित सभी पदाधिकारियों तथा शिक्षकों ने टीईटी अनिवार्यता के निर्णय को समाप्त किए जाने की बात उचित बताया है।

हाईवे पर भी देखने को मिली आबकारी की सक्रिय चौकसी

बेहड़पुरवा सहित 20 संदिग्ध ठिकानों पर हुई तलाशी

बाराबंकी। शराब तस्करों के नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ शासन के निर्देश पर जनपद में चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आबकारी विभाग की धड़ पकड़ कार्यवाही जारी है। जनपद के 6 सर्किलों में जहाँ लगातार कार्रवाई की जा रही है वहीं दूसरी तरफ हाईवे पर भी आबकारी की सक्रिय चौकसी देखी जा रही है। आज बृहस्पतिवार को सर्किल फतेहपुर अंतर्गत आबकारी निरीक्षक ने अभियान चलाया। अभियान के बारे में जानकारी देते हुए जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर ने बताया कि आज सर्किल निरीक्षक फतेहपुर गजेन्द्र प्रसाद की टीम ने थाना कुर्सी अंतर्गत चर्चित ग्राम बेहडपुरवा, बसारा सहित थाना फतेहपुर अंतर्गत ग्राम साढ़ेमऊ सहित 20 संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी की। छापेमारी दौरान लगभग 75 लीटर कच्ची शराब को बरामद किया गया । 5 अभियोग पंजीकृत करते हुए आबकारी अधिनियम अंतर्गत कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान मौके से

बरामद 100 किलोग्राम तैयार लहन को नष्ट किया गया। इसके साथ ही क्षेत्र में संचालित कंपोजिट शराब दुकानो का औचक निरीक्षण करते हुए दुकान में बिक्री रजिस्टर के माध्यम से स्टाक का मिलान किया। लाइसेंसियो और सेल्समैनो को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही ग्रामवासियो को अवैध शराब कर राजस्व को नुकसान पहुँचाने वाले शराब तस्करों के खिलाफ शिकायत किए जाने की अपील भी की।

जनसमस्याओं का निदान करायेंगे महापौर

अयोध्या। नगर निगम की टीम के साथ शुक्रवार को महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी वशिष्ठ कुंड वार्ड का भ्रमण कर सफाई, पेयजल, पार्क, नालियों एवं गलियों की स्थिति देखेंगे। इस दौरान जनसुनवाई कर समस्याओं का समाधान भी कराएंगे। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि नगर की सरकार आपके द्वार अभियान के तहत पांच दिसंबर को सुबह सात बजे महापौर वशिष्ठ कुंड वार्ड में भ्रमण कर लोगों की शिकायतें और समस्याएं संकलित करेंगे और उसका यथासंभव समाधान कराएंगे। भ्रमण के मद्देनजर नगर आयुक्त श्री जयेंद्र कुमार ने सभी विभागाध्यक्षों को टीमों सहित मौके पर मौजूद रहने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने बताया कि भ्रमण में जलकल, स्वास्थ्य, प्रकाश एवं निर्माण विभाग से जुड़ी टीमें शामिल रहेंगी। इस दौरान शिविर लगाकर गृह एवं जलकर, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र सहित विभिन्न प्रकार की समस्याओं को संकलित कर यथासंभव निदान भी कराया जाएगा।

मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

बहराइच। जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया।

अभियान के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम० स्वानिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन। सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

संक्षेप

दलित किशोरी के साथ दुराचार, केस दर्ज

जगदीशपुर,अमेठी। बीती रात शौच के लिए निकली किशोरी को युवक ने पकड़कर जबरन दुष्कर्म किया युवक के चंगुल से छूटने के बाद किशोरी ने परिवारजनों को आपबीती बताई सुबह परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी को हिरासत में लेकर अग्रिम कार्रवाई जारी किया।थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक अंतर्गत स्थित एक गांव निवासी दलित किशोरी के साथ उसी गांव के निवासी एक युवक ने उसे पकड़ कर जबरन उस समय दुष्कर्म किया जब वह शौच के लिए बाहर जा रही थी। युवक के चंगुल से छुटने के बाद रोती बिलखती घर पहुंची किशोरी ने परिजनों को सारी दास्तान बताई। सुबह परिजनों ने घटना की लिखित तहरीर पुलिस को देकर कार्यवाई की मांग की पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए। दुराचार पास्को एक्ट सहित सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी को हिरासत में लेकर अग्रिम कार्रवाई जारी किया।इस संबंध में थानाध्यक्ष तनुज पाल ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेजने के उपरांत किशोरी को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा गया।

कथा छह से, तैयारी पूरी

तिलोई, अमेठी। विकास क्षेत्र तिलोई की ग्राम पंचायत गड़ेहरी में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन आगामी छह दिसम्बर से किया गया है। श्रीमद भागवत कथा के आयोजक राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष संतोष तिवारी उर्फ राजू तिवारी ने बताया कि आगामी छह दिसम्बर को कलश पूजन के साथ ही भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी जो कि गांव के प्राचीनतम मंदिरों और शिवालयों तक निकाली जायेगी। उन्होंने बताया कि प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या धाम से पधार रहे कथा व्यास आचार्य संतोष जी महाराज द्वारा नियमित दोपहर दो बजे से सायं पांच बजे तक भक्तों को कथा का रसपान कराया जायेगा और आगामी तेरह दिसम्बर को विशाल भण्डारा आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के आयोजक संतोष तिवारी राजू ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। उन्होंने आम जनमानस से नियमित कथा श्रवण करने की अपील की है।

दिलीप सिंह की स्मृति में होगी बैडमिंटन प्रतियोगिता

परशदेपुर, रायबरेली। नगर पंचायत परशदेपुर में अटावां के पूर्व प्रधान स्वण दिलीप सिंह की स्मृति में दो दिवसीय चतुर्थ कारगिल शहीद मेमोरियल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया हैएजिसमें विभिन्न जनपदों के खिलाड़ी अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे। अध्यक्ष शम्सी रिजवी ने बताया कि डीह ब्लॉक के अटावां गांव के पूर्व प्रधान स्वण दिलीप सिंह की स्मृति में कस्बे के मुख्य चौराहे के पास अटावां मार्ग पर एनण एचण पब्लिक स्कूल में 6 दिसंबर से दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसका समापन 7 दिसंबर को होगा। सचिव दीपू सिंह ने बताया कि बैडमिंटन प्रतियोगिता में हरियाणाए प्रयागराजए आजमगढ़ए लखनऊए फतेहपुरए गोरखपुरए रायबरेलीए अमेठीए प्रतापगढ़ए सलोनए निनावां सहित अन्य स्थानों से टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। बैडमिंटन प्रतियोगिता में डबल्स मैच में विजेता को 21 हजार रुपएए उप विजेता को 11 हजार रुपए और सिंगल्स में विजेता को 11 हजार रुपए और उप विजेता को 5100 रुपये व शील्ड देकर सम्मानित किया जाएगा।

एसआईआर को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न

अप्रशिक्षित कर्मियों को कार्य सौंप देना सरकार की अक्षमता है

जिला संवाददाता (vol)

लालगंज, रायबरेली। उत्तर प्रदेश में हो रहे मतदाता सघन पुनरीक्षण कार्यक्रम में संगठन के बड़े से लेकर छोटे कार्यकर्ता व पदाधिकारियों को मिलकर मतदाताओं के पंजीकरण कराने के साथ बी एल ओ को सहयोग करें तथा तय सीमा में अपने गांव क्षेत्र मोहल्ले का कार्य होना एक चुनौती भी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र भ्रमण में जानकारी प्राप्त हुई है न तो बी एल ओ मतदाताओं को डबल फॉर्म दे रहे हैं और ना ही पावती रसीद दे रहे हैं जिससे मतदाताओं में आशंका व असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इसके लिए ऑनलाइन कंप्यूटर व मोबाइल से भी अपना पंजीकरण कर लेना आवश्यक है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव व हिमाचल प्रदेश सरकार के उद्यान एवं बागवानी बोर्ड के वाइस चेयरमैन ;दर्जा प्राप्त मंत्रीद्ध तथा सरेनी विधानसभा के समन्वयक सुरेंद्र शर्मा ने नगर कांग्रेस लालगंज की कार्यकर्ताओं की बैठक में व्यक्त कियाए उन्होंने कहा कि बिना प्रशिक्षण पाए कर्मचारियों को कार्य सौंप देना सरकार की अक्षमता है जिसमें चुनाव आयोग की नियत साफ नहीं दिखती।बैठक की अध्यक्षता नगर कांग्रेस कमेटी लालगंज के अध्यक्ष प्रतीक शर्मा ने किया तथा संचालन उपाध्यक्ष उर्फ लाला सोनी ने किया। बैठक को जिला कोषाध्यक्ष दीपेंद्र गुप्ताए जिला उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता महेश प्रसाद शर्माए पूर्व ब्लाक अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद मिश्राए लालगंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद रामू सिंहए राकेश भदौरियाए अनूप बाजपेईए उपाध्यक्ष रौनक भदौरिया वीरेंद्र सिंह कृष्ण त्रिवेदी मित मिश्राए फारूक राणा एदिनेश दीक्षितए रमेश पासवानए विक्की भदवरियाए शशिकांत शर्मा कौशिक गुप्ता मोहम्मद इलियास अरशद विनय चौरसियाएप्यार मोहम्मद लालएशीलू त्रिवेदी ने भी संबोधित किया। महावीर होटल में आयोजित बैठक में नगर के सैकड़ो पदाधिकारी व कार्यकरताओ की की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

तहसीलदार ने एसआईआर का किया निरीक्षण

सलोन, रायबरेली। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण ;एसआईआरद्ध अभियान के तहत सर्वोदय इंटर कॉलेज सलोन में बीएलओ ए अमीन द्वारा मतदाताओं के दस्तावेज का डिजिटाइजेशन व मैपिंग के कार्य में जुट गए हैं।वही तहसीलदार दीपिका सिंह ने कार्यो का निरीक्षण किया। प्रशासन से सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उनकी निगरानी कर रहे हैं। 11 दिसंबर तक कार्य पूरा करने का लक्ष्य है। तहसील सलोन क्षेत्र में 3 लाख 61 हजार मतदाता है। प्रशासन के मुताबिकए गुरुवार शाम तक एसआईआर अभियान का 90 फीसदी कार्य पूरा हो चुका था। अभियान में जो बीएलओ का कार्य पूरा हो चुका है वे डिजिटाइजेशन व मैपिंग के कार्य में जुट गए हैं। मैपिंग में वर्ष 2025 और वर्ष 2003 सूची का मिलान किया जा रहा है। उसी के आधार एए बीए सी श्रेणी में फार्म की सूचना भरी जा रही है। उपजिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश ने बताया कि गुरुवार शाम तक एसआईआर का 90 फीसदी कार्य पूरा हो चुका था। जिसमें लगभग 120 बीएलओ अपना कार्य पूर्ण कर चुके है वे बीएलओ व अमीन सहित कर्मचारी मैपिंग कार्य मे जुट गए है बाकी बीएलओ अपने क्षेत्र में जल्द कार्य पूर्ण करें।

घरेलू विवाद में बड़े भाई की हत्या कर दी

अमेठी। जिले के पीपरपुर थाना क्षेत्र के दुगार्पुर डीहवा गांव में गुरुवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे उस समय सनसनी फैल गई जब घरेलू विवाद के चलते छोटे भाई ने बड़े भाई की हत्या कर दी। वारदात की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और जांच-पड़ताल शुरू की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव निवासी स्वर्गीय शिवकरन वर्मा के तीन पुत्र– राकेश वर्मा, रोहित वर्मा और दिनेश वर्मा हैं। रोहित वर्मा सूरत में रहता है, जबकि राकेश और दिनेश घर पर ही रहते थे। गुरुवार सुबह करीब 8:30 बजे किसी बात को लेकर दोनों भाइयों में विवाद हो गया। इसके बाद बड़ा भाई राकेश खेत में लगी आलू की पौध में मेड़ी चढ़ाने के लिए चला गया। वह खेत में काम कर ही रहा था तभी पीछे से पहुंचा छोटा भाई दिनेश वर्मा ने गुस्से में आकर बड़े भाई के हाथ से कुदाल छीन कर उसी से उसके सिर पर कई वार कर दिया। जिससे बड़े भाई राकेश वर्मा (50) को गंभीर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद भी छोटे भाई दिनेश वर्मा का मन नहीं भरा। उसने बड़े भाई की लाश को खेत से घसीटते हुए लगभग 300 मीटर दूर ले जाकर झाड़ियों में फेंक कर मौके से फरार हो गया। मृतक राकेश वर्मा की पत्नी का निधन लगभग 15 वर्ष पहले हो चुका है। उनके परिवार में 30 वर्षीय बेटी सोनम वर्मा और लगभग 25 वर्षीय बेटा सोहित वर्मा है। घटना के बाद गांव में मातम पसर गया है और परिजन सदमे में हैं। घटना की सूचना पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार मिश्र ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में यह जानकारी भी सामने आई है कि आरोपी दिनेश वर्मा की मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहती थी। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। मृतक के छोटे भाई की पत्नी आशा देवी पत्नी स्वर्गीय बृजेश वर्मा के द्वारा दी गई तहरीर पुलिस को प्राप्त हो गई है। तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए आगे की कार्यवाही की जा रही है।

अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत जनपद अमेठी इकाई का हुआ गठन

गौरीगंज, अमेठी। मुख्यालय गौरीगंज में अधिवक्ता परिषद अपध प्रान्त को प्रान्तीय महामंत्री उच्च न्यायालय लखनऊ व अजय कुमार त्रिपाठी की उपस्थित में बैठक सम्पन्न हुआ। उक्त कार्य क्रम में मोनाक्षी सिंह परिहार बतौर मुख्य अतिथि की देखरेख में अवध प्रांत परिषद अमेठी इकाई के जिला अध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट राजेश कुमार सिंह तथा महामंत्री पद पर शशिलेश कुमार शुक्ल एडवोकेट, कोषाध्यक्ष, अनुपम सिंह उपाध्यक्ष अवधेश सिंह एडवोकेट, संजय कमार सिंह, सुशील कुमार भारती, तिलोई, मंत्री राकेश कुमार शुक्ल, अभिषेक सिंह, अशोक कुमार को चयनित कियाए गया। उक्त कार्य ?क्रम अधिवक्ता भवनं मुख्यालय गौरीगंज के सभागार में सम्पन्न हुआ। उक्त अवसर पर सैकडों अधिवक्ताओं ने भाग लिया। उपरोक्त समस्त पदाधिकारियों की घोषणा प्रांतीय महामंत्री मोनाक्षी सिंह परिहार ने नाम पढकर माला पुष्प अर्पित कर किया।

पूर्व सपा जिलाध्यक्ष ने एसआईआर को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

गौरीगंज, अमेठी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे निर्वाचक नामावली का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान एसआईआर फार्म की धीमी प्रगति को लेकर समाजवादी पार्टी के गौरीगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी व पूर्व सपा जिलाध्यक्ष प्रियंक हरिविजय त्रिपाठी धीरू ने गुरुवार को सपाइयों के साथ गौरीगंज स्थित कलेक्ट्रेट पहुंचकर उप जिला मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत गौरीगंज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत अब तक कुल 389 बूथों में से 110 से अधिक बूथों पर एस आई आर फार्म की फीडिंग 60 प्रतिशत से कम है वहीं सभी बूथों की फीडिंग देखने से प्रतीत हुआ है कि अब तक 80 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं के फार्म की फीडिंग तीसरे आप्शन में की गई है वहीं गौरीगंज विधानसभा क्षेत्र के कुछ बूथों की एसआईआर फार्म की फीडिंग 30 प्रतिशत से भी कम है जो लोकतंत्र व लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गम्भीर चिंता का विषय है। पूर्व सपा विधानसभा प्रत्याशी व पूर्व सपा जिलाध्यक्ष प्रियंक हरिविजय त्रिपाठी धीरू ने सपाइयों के साथ उप जिला मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण अभियान एसआईआर के तहत 11 दिसंबर तक चलने वाले अभियान में जुटे बीएलओ व अन्य कर्मियों के सहयोग से ज्यादा से ज्यादा कर्मियों को लगाकर निर्धारित समय सीमा में अधिकतम मतदाताओं के एसआईआर फार्म भरवाने व उनकी सही फीडिंग करवाने की मांग की है। इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष गिरीश यादव, पूर्व जिला प्रवक्ता विजय यादव, चन्द्र भान यादव, परमानंद शुक्ल, प्रदीप मिश्र, अरुण कुमार दुबे, अशोक कुमार सहित सपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

चौहान गुट ने 169वें लावारिस शव का करवाया दाह संस्कार

रायबरेली। ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट विगत कई वर्षों से जनपद में मिलने वाले लावारिश शवों का निशुल्क अंतिम संस्कार करवाने का काम करता है। जनपद रायबरेली में अब तक चौहान गुट ने 169 लावारिश शवों का निशुल्क अंतिम संस्कार करवा चुका है और साथ ही तेरहवीं संस्कार भी करवाया जाता है। बीते कुछ दिन पहले थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के अंतर्गत मुंशीगंज के सई नदी पुल के पास एक लावारिस शव मिला। तब उस लावारिश लाश को लेकर संबंधित थाने की पुलिस ने उनके परिजनों की काफी खोजबीन के बाद जब परिजन नहीं मिले तो लावारिस शव को अंतिम संस्कार हेतु थाना कोतवाली नगर रायबरेली एसआई अवधेश यादव ने ऑल इण्डिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान से संपर्क किया। इसके बाद आवश्यक कार्यवाही और पोस्टमार्टम के बाद लावारिश शव को शहर के शहीद स्मारक मुंशीगंज स्थित बैकुंठ धाम में अंतिम संस्कार कांस्टेबल जितेंद्र यादवएथाना कोतवाली नगर रायबरेली की मौजूदगी में सम्मान के साथ करवाया गया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान के साथ जिलाध्यक्ष मोण उमरए जिला मीडिया प्रभारी इम्तियाज खान लोग मौजूद रहे।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बूथों का लिया जायजा

मीरजापुर। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार सिंह ने नगर के कई बूथों पर भ्रमण कर निरीक्षण कर एसआईआर प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के पश्चात उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नगर के कई मतदेय स्थलों पर 30 प्रतिशत से अधिक एसआईआर गणना फॉर्म मतदाताओं ने भर कर नहीं दिया है, बीएलो एवं उनके साथ लगे विभिन्न विभागों के कर्मचारियों द्वारा लगातार भ्रमण किया जा रहा है, इसके अतिरिक्त जागरुकता हेतु अनाउंसमेंट भी कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिनके फॉर्म भरकर बीएलओ को नहीं मिले हैं अथवा जो लोग दिए गए पते पर नहीं मिले हैं ऐसे मतदाताओं के नाम नई मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं हो पाएंगे।

अदिति सिंह ने विधायक खेल स्पर्धा के विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र, मेडल और ट्रॉफी देकर किया सम्मानित

जिला संवाददाता (vol)

रायबरेली। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग रायबरेली के तत्वाधान में आयोजित उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत 2 दिवसीय विधानसभा स्तरीय विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन मोती लाल नेहरू स्टेडियम रायबरेली में सब जूनियरए जूनियरए सीनियर बालक व बालिका वर्ग में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सदर विधायक अदिति सिंहए खंड विकास अधिकारी संदीप सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन व गुब्बारे उड़ाकर कर किया गया। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस में एथलेटिक्सए कबड्डीए खो खोए कुश्ती की प्रतियोगिता कराई गई। 100 मी0 सब जूनियर वर्ग में सागरए 800 मी0 में प्रिंशु विजेता रहे।

कबड्डी सीनियर बालक वर्ग में अमावां विजेता व राही की टीम उपविजेता रही। कबड्डी जूनियर बालिका वर्ग में अमावां विजेता व राही की टीम उपविजेता रही। जूनियर खो.खो बालक वर्ग में नगर की टीम विजेता रही। 1500 मी0 दौड़ में चंदन पटेल प्रथमए अशरफ अली द्वितीयए दिवस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

चक्का फेक में सीनियर वर्ग में अमित प्रथमए सरताज खान द्वितीयए अंश शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण पत्रए मेडलए ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला युवा कल्याण अधिकारी अमिताभ कुमारए क्रीड़ा अधिकारी धर्मेंद्र पटेलए ओलंपिक एसोसियेशन सचिव लक्ष्मीकांत शुक्लाए क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी स्वाति सिंहए अंजू यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

केएनआईएमटी में फार्मा फेस्ट का आगाज

- छात्रों की प्रतिभा ही संस्थान की असली पहचान : डॉ. महेश प्रसाद

सुलतानपुर। कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में फार्मा फेस्ट 2025 का आगाज 4 दिसंबर को बड़े उत्साह और उल्लास के साथ हुआ। तीन दिवसीय आयोजन का शुभारंभ संस्थान के डायरेक्टर डॉ. महेश प्रसाद ने पारंपरिक दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केएनआईपीएसएस के पूर्व प्राचार्य प्रो. राधेश्याम सिंह, डॉ.सुशील सिंह, डॉ. एनडी सिंह, डॉ. मृदुल सिंह, डॉ. आईके कौर तथा राजेश दुबे उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथियों ने छात्रों की ऊर्जा, रचनात्मकता और आयोजन की भव्यता की सराहना की। संबोधन में प्रो. राधेश्याम सिंह ने कहा कि संस्थान के विद्यार्थियों में दिखने वाला उत्साह और नवाचार भविष्य में उन्हें फामेर्सी क्षेत्र की नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यहाँ के विद्यार्थी समाजहित में उत्कृष्ट योगदान देंगे। संस्थान के निदेशक डॉ. महेश प्रसाद ने कहा कि यह फेस्ट केवल उत्सव नहीं, बल्कि छात्रों की योग्यता, अनुशासन और टीम भावना का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आपकी प्रतिभा ही संस्थान की वास्तविक पहचान है।फार्मा फेस्ट में पहले दिन से ही खेलकूद प्रतियोगिताओं का रोमांच देखने को मिला, वहीं शाम को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया। छात्रों ने नृत्य, संगीत और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। यह आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का अनूठा मंच बनकर उभरा है, जो न सिर्फ शैक्षणिक उत्कृष्टता बल्कि नेतृत्व, सहयोग और रचनात्मकता को भी प्रोत्साहित कर रहा है। तीन दिवसीय फेस्ट में उमड़ा उत्साह संस्थान की प्रगतिशील सोच और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक बन गया।

श्रीमद्भागवत कथा में उमड़ा भक्तिभाव का जन सैलाब

कूरेभार, सुलतानपुर। कूरेभार ब्लॉक के सलीमपुर ग्रंट शुक्लहिया में मुख्य यजमान सीताराम शुक्ला व उनकी पत्नी निर्मला देवी के निज निवास पर जारी सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन गुरुवार की देर शाम तक भक्ति व आध्यात्मिक रसधार बहती रही। कथा रस प्रवाहक आचार्य ऋषि राज महाराज ने संगीतमय शैली में तृतीय एवं चतुर्थ स्कंध का विस्तारपूर्वक वर्णन कर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे वातावरण में शांति, श्रद्धा और भावनाओं का अनूठा संगम देखने को मिला। आचार्य ऋषि राज महाराज ने अपने प्रवचन में दाम्पत्य जीवन की पवित्रता, प्रेम और पारस्परिक सहयोग को सुखमय जीवन का मूल बताया। उन्होंने कहा कि पति-पत्नी के बीच प्रेम, समर्पण और सहयोग का भाव ही परिवार में आनंद, शांति और स्थिरता लाता है। आधुनिक समय में भी इस परंपरागत सहयोग भाव को अपनाने की आवश्यकता पर उन्होंने विशेष जोर दिया।कथा के दौरान महात्मा कपिल के अवतार का विस्तार से वर्णन किया गया। आचार्य ने पति-व्रत की कथा सुनाते हुए आदर्श दांपत्य के उदाहरणों को रेखांकित किया। स्वामी सेवा और कर्तव्यनिष्ठा पर आधारिक प्रेरक प्रसंगों ने श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। इस धार्मिक आयोजन में बब्बन प्रसाद तिवारी, केडी न्यूज के संपादक केडी शुक्ला, बद्री बिशाल शुक्ला, शिव बिशाल, राम बिशाल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु उपस्थित रहे। सात दिवसीय कथा के आगामी दिनों में भी भारी संख्या में भक्तों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। स्थानीय लोगों में धार्मिक उत्साह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

69.12 करोड़ की लागत से बनेगा दोस्तपुर, बिजेथुआ- सूरापुर मार्ग

दोस्तपुर, सुलतानपुर। दोस्तपुर से विजेथुआ धाम होते हुए सूरापुर तक जाने वाली प्रमुख सड़क के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण परियोजना को आखिरकार बड़ी मंजूरी मिल गई है। कुल 69.12 करोड़ की लागत से बनने वाली इस सड़क के लिए शासन ने प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। क्षेत्रीय विधायक राजेश गौतम के सतत प्रयासों का परिणाम है कि परियोजना की पहली किस्त 13.82 करोड़ जारी कर दी गई है, जिससे स्थानीय जनता में खुशी की लहर दौड़ गई है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। यह सड़क लंबे समय से जर्जर अवस्था में थी, जिसके कारण स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों तथा विजेथुआ धाम आने वाले श्रद्धालुओं को भारी परेशानी झेलनी पड़ती थी। धार्मिक महत्व और अत्यधिक आवागमन के बावजूद सड़क की दुर्दशा क्षेत्र के विकास में बड़ी बाधा बन रही थी। सड़क के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण से अब यात्रा अधिक सुरक्षित, सुगम और समय की बचत करने वाली हो जाएगी। परियोजना की स्वीकृति मिलने पर क्षेत्रवासियों में उत्साह देखा जा रहा है। मनोज कुमार शुक्ला, रिंकल उपाध्याय, जुबेर खान, पिंटू उपाध्याय और शक्ति सिंह सहित कई स्थानीय नागरिकों ने विधायक के प्रयासों की सराहना की। साथ ही उन्होंने मांग की कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, ताकि सड़क टिकाऊ बने और भविष्य में बार-बार मरम्मत की जरूरत न पड़े। लोगों का मानना है कि इस सड़क के बनने से न केवल आवागमन में सुधार होगा, बल्कि व्यापार, रोजगार और धार्मिक पर्यटन को भी नया आयाम मिलेगा। 69.12 करोड़ की यह परियोजना क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होने जा रही है।

- विधायक की मेहनत लायी रंग

प्राचार्य ने रोवर रेंजर को किया सम्मानित

सुलतानपुर। कमला नेहरू संस्थान के रोवरझ्रेरंजर दल ने एक बार फिर संस्थान का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। गुरुवार को प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह ने संस्थान के दो प्रतिभाशाली रोवरझ्रेरंजर हर्षित वर्मा और संध्या वर्मा को शाल पहनाकर सम्मानित किया। दोनों ने लखनऊ में आयोजित 19वीं डायमंड जुबली नेशनल जंबूरी में स्टेट स्टाफ के रूप में योगदान देते हुए पूरे आयोजन के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

रोवर रेंजर टीम की संयोजिका प्रो. सुनीता राय ने बताया कि इस राष्ट्रीय जंबूरी का उद्घाटन उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा किया गया। ह्लडिजिटल इंडिया, सशक्त भारतझ्रसशक्त युवाह्व थीम पर आयोजित इस महाआयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, साहसिक गतिविधियों तथा थल सेना, वायुसेना, नौसेना और पुलिस विभाग की विशेष प्रदर्शनी ने प्रतिभागियों को आकर्षित किया। इस कार्यक्रम में देशझ्रविदेश से 37,000 से अधिक स्काउटझ्रगाइड शामिल हुए। इनमें संस्थान के दो रोवरझ्रेरंजर की सहभागिता को संस्थान के लिए विशेष उपलब्धि माना जा रहा है। जंबूरी के समापन समारोह में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। प्राचार्य प्रो. सिंह ने दोनों प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि छात्र राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संस्थान की प्रतिष्ठा बढ़ा रहे हैं, जो गर्व की बात है। इस अवसर पर उप प्राचार्य डॉ. शक्ति सिंह, मुख्य अनुशासक डॉ. सुधांशु प्रताप सिंह, डॉ. अतुल सिंह, डॉ. वीरेंद्र श्रीवास्तव, डॉ. आर.पी. मिश्रा तथा मार्गदर्शक डॉ. राजकुमार मिश्र, डॉ. नीरज सिंह, डॉ. निकहत रफीक और शशि यादव ने भी दोनों रोवरझ्रेरंजर को शुभकामनाएँ दीं।

डॉ. चंद्रप्रकाश ने उत्तीर्ण की फॉरेंसिक मेडिसिन की परीक्षा, खुशी

सुलतानपुर। तहसील क्षेत्र के प्रतिष्ठित चिकित्सक रहे स्व. डॉ. विश्वनाथ सिंह के पौत्र ने एमडी फॉरेंसिक मेडिसिन की परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण कर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जयसिंहपुर तहसील के रुपिनपुर गांव निवासी वरिष्ठ चिकित्सक स्व. डॉ. विश्वनाथ सिंह के पौत्र चंद्र प्रकाश सिंह, पुत्र अरविंद कुमार सिंह ने एमबीबीएस के उपरांत अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ से फॉरेंसिक मेडिसिन विषय में एमडी की परीक्षा प्रथम श्रेणी से पास की है। वर्तमान में वे रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज, बांदा में कार्यरत एवं अध्ययनरत हैं।

बिजली बिल राहत योजना -157कैम्पों में जमा हुई 1.14करोड़ की धनराशि

अमेठी। बकाया विद्युत बिलों के बकाए के भुगतान में उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करते हुए राजस्व वसूली के लिए उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन की ओर से संचालित बिजली बिल राहत योजना के अन्तर्गत कैम्पों का आयोजन जारी है।दो दिन के भीतर जिले में तीन दिन में 157 कैम्प आयोजित हुए। एक करोड़ चौदह लाख सत्रह हजार रुपए की धनराशि जमा हुई है। बुधवार को कुल47कैम्प आयोजित किए गए। इन कैम्पों में 737रजिस्ट्रेशन हुए और 55.37लाख रु की धनराशि जमा हुई है। नये अधीक्षण अभियंता इंजीनियर अरुण कुमार सिंह ने बुधवार को कैम्पों के निरीक्षण और विभागीय बैठकों में बिताया। अधीक्षण अभियंता ने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से पंजीकरण कराकर प्रथम चरण में ही योजना से लाभान्वित होने की अपील की है। ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा की ओर से सभी विभागीय अभियंताओं को योजना को सफल बनाने के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं। अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता और अवर अभियंता कैम्पों के आयोजन में लगे हुए हैं। पहले दिन एक दिसंबर को कुल62कैम्प लगाए गए। अमेठी डिवीजन में 10, गौरीगंज में 29, जगदीशपुर में 9और तिलोई में 14कैम्प आयोजित किए गए।कुल30.5लाख रु की धनराशि जमा हुई, इसमें अमेठी में सबसे अधिक 8.25लाख रु जमा हुए हैं। जिले में बिजली बिल के बकायेदार उपभोक्ताओं की संख्या 155944है।इन उपभोक्ताओं के537.4439करोड रु के बिजली बिल जमा होने हैं।तीन चरणों में एक दिसंबर से 28फरवरी तक चलने वाली इस योजना में जिले में कुल 977कैम्प लगाए जायेंगे। बिजली बिल राहत योजना के अन्तर्गत प्रथम चरण में 31दिसम्बर तक घरेलू, व्यवसायिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए ब्याज पर 100प्रतिशत और मूलधन पर 25फीसदी छूट है।दूसरा चरण 1 जनवरी से 31जनवरी तक है,इस चरण में ब्याज पर 100फीसदी और मूलधन पर 20फीसदी छूट रहेगी। तीसरा चरण फरवरी 2025में चलेगा,इस चरण में ब्याज पर 100फीसदी और मूलधन पर 15फीसदी छूट दी जाएगी।

- प्रथम चरण में रजिस्ट्रेशन करायें 25फीसदी मूलधन पर छूट पायें उपभोक्ता : अधीक्षण अभियंता

संक्षेप

संदिग्ध परिस्थिति में किशोरी की मौत

शिकोहाबाद। मोहल्ला पजाया में संदिग्ध परिस्थितियों में एक किशोरी की मौत हो गई। परिजन बिना पुलिस को सूचना दिए शव को अपने साथ ले गए। सायबा 17 निवासी पजाया बुधवार की रात परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया। किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो चुकी थी। किशोरी की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजन बिना पुलिस को सूचना दिए ही शव को घर ले गए। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार ने बताया कि थाने में मामले की कोई सूचना नहीं है।

दो वांछित गिरफ्तार

टूंडला। थाना टूण्डला पुलिस टीम ने वांछित एक अभियुक्ता सहित कुल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। थाना पुलिस ने गुरुवार को पोक्सो एक्ट सम्बन्धित मुकदमे में वांछित अभियुक्त अंशु उर्फ किशनपाल उर्फ कृष्णपाल पुत्र हाकिम सिंह व अभियुक्ता सिमरन काल्पनिक नाम को उसायनी मोड़ थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद से गिरफ्तार किया, थाना पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

अवैध असलहा सहित युवक गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना मक्खनपुर पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को एक अवैध असलहा एवं दो जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। थाना मक्खनपुर पुलिस टीम ने रात्रि गस्त एवं चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन के दौरान नया बाईपास से के आईईटी स्कूल के पास से एक अभियुक्त सोहेल पुत्र मोहम्मद यासीन को एक अवैध तमंचा व दो जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है। थाना पुलिस ने गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की है।

कोर्ट के आदेश पर फर्जी पट्टे का केस दर्ज

टूंडला। थानान्तर्गत गांव जलोपुरा में फर्जी पटटे की शिकायत की रिपोर्ट थाना पुलिस ने जब दर्ज नहीं की तो कोर्ट द्वारा उक्त लोगों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जलोपुरा के प्रधान अवनीश चंद्र द्वारा लिखाई रिपोर्ट में बताया है कि गांव के प्राथमिक उप स्वास्थ्य केन्द्र के बगल से हुए अतिक्रमण को हटाने के लिये जब उन्होंने कहा तो गांव के ही श्याम प्रसाद पुत्र ज्ञान सिंह, रामब्रेस पुत्र श्याम सिंह ने उक्त जमीन का पटटा होना बताया। प्रधान ने जब पटटा मांगा तो पूर्व प्रधान स्वामीलाल द्वारा किया गया पटटा दिखा दिया। गांव एक अन्य पटटाधारी रमेश चंद्र पुत्र छदामी लाल ने अपनी रसीद दिखाई तो उसमें प्रधान के हस्ताक्षर अलग हैं। इससे उक्त पटटा फर्जी सिद्ध होता है।

महिला की संदिग्ध हालात में मौत

आगरा। रकाबगंज थाना क्षेत्र के कुतुलपुर मोहल्ले में मंगलवार को एक महिला का शव घर में फंदे से लटका मिला। पड़ोसियों ने मायके वालों को सूचना दी। मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। फतेहाबाद के निबोहरा गांव निवासी प्रीतम ने बताया कि उनकी बहन पूजा की शादी दो साल पहले कुतुलपुर निवासी लखन के साथ हुई थी। प्रीतम का आरोप है कि बहन को शादी के बाद से ससुराल वाले परेशान कर रहे थे। मारपीट करते थे। मां ने बहन को दिलासा दिया था कि आगे सब ठीक हो जाएगा। मगर, कुछ ठीक नहीं हुआ।

स्कूल ऑफ एजुकेशन विभाग ने एड्स के प्रति किया जागरूक

संस्कृति विवि में एड्स को फैलने से रोकने व बचाव के तरीकों की जानकारी दी

मथुरा। संस्कृति विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एजुकेशन विभाग द्वारा आरपीएल इंटरनेशनल स्कूल, छाता में विश्व एड्स दिवस को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान के तहत छात्रों और समाज के लोगों को एचआईवी और एड्स के प्रति फैली भ्रांतियों के प्रति जागरूक किया गया और गलतफहमियां दूर की गईं। अभियान के दौरान संक्रमित लोगों के प्रति हमदर्दी और आत्मविश्वास बढ़ाने का संदेश दिया गया।

स्कूल ऑफ एजुकेशन के डीन डॉ. रैनू गुप्ता के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम स्कूल ऑफ एजुकेशन के असिस्टेंट प्रोफेसर देवांशु सिंह और डॉ. मृत्युंजय मिश्रा ने विद्यार्थियों और लोगों को जानकारी परक संबोधन दिये। उन्होंने एचआईवी, एड्स को जानने, इसको फैलने से रोकने और बचाव के तरीकों की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही लोगों को इस बीमारी से जूझ रहे लोगों के लिए एक प्रति सहयोगी माहौल की जरूरत के महत्व पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में बीए बीएड, बीएससी बीएड और बीएड के विद्यार्थियों ने पूरी जिम्मेदारी के साथ भागीदारी की। इन विद्यार्थियों में रिया, प्रिया, संजना, नंदनी, अतुल, प्रियांशु, प्रवीण, ऋषिता, मुस्कान, राधा, खुशबू, पूजा और हेमंत आदि शामिल रहे। विद्यार्थियों ने इस महत्वपूर्ण अभियान में पूरी सक्रियता से भाग लिया। स्वयं सीखा और जागरूकता बढ़ाने में विशेष सहयोग दिया। आरपीएल इंटरनेशनल स्कूल छाता के प्रिंसिपल अजय दीक्षित ने जागरूकता फैलाने और स्वास्थवर्धक आदतों को बढ़ावा देने में शिक्षा की भूमिका पर जोर दिया। इस अभियान में ह्लकम्युनिटीज लीड करेंह्व थीम पर जोर दिया गया, जो स्टिग्मा से लड़ने और इनक्लूसिविटी को बढ़ावा देने के लिए मिलकर कोशिश करने को बढ़ावा देता है। विद्यालय के प्राचार्य अजय दीक्षित ने संस्कृति यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ एजुकेशन के द्वारा किए गए इस जागरूकता कार्यक्रम जानकारी देने वाला और सहयोगी समाज के निर्माण में प्रमुख भूमिका निबाहने वाला कार्यक्रम बताकर प्रशंसा की।

शौर्य दिवस को लेकर जिलाधिकारी और एसएसपी ने किया निरीक्षण

मथुरा। जनपद में 6 दिसंबर शौर्य दिवस को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड़ पर है। देररात एसएसपी श्लोक कुमार व डीएम चंद्रप्रकाश सिंह ने देर रात शहर व अति संवेदनशील क्षेत्रों का पैदल निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि 6 दिसंबर की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस और खुफिया विभाग पूरी सतर्कता बरत रहे हैं। किसी भी संदिग्ध गतिविधि को समय रहते रोकने के लिए खुफिया एजेंसियों को विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कोतवाली और थाना गोविंद नगर क्षेत्रों में सुरक्षा को लेकर पैदल गश्त की गई है। अधिकारियों ने लोगों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। शहर में विभिन्न ड्यूटी पॉइंट्स पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है, साथ ही अतिरिक्त फोर्स भी लगाया गया है। एसएसपी ने चेतावनी दी कि कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए संवेदनशील इलाकों को तीन लेयर में बांटा गया है। पूरे क्षेत्र को सेक्टर और जोन में विभाजित किया गया है, जहां अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे हैं। श्रीकृष्ण जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा में भी अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। शहर में प्रवेश करने वाले वाहनों और यात्रियों की गहन चेकिंग की जा रही है ताकि शांति और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

मथुरा में हाई अलर्ट घोषित

शौर्य दिवस की संवेदनशीलता के मद्देनजर प्रशासन ने हाई अलर्ट घोषित किया है। इस बीच, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल महानगर द्वारा लगाए गए शौर्य यात्रा के होर्डिंग्स ने शहर में नया विवाद खड़ा कर दिया है। इन होर्डिंग्स पर लिखा नारा अयोध्या हुई हमारी, अब मथुरा की बारी राजनीतिक और धार्मिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है। इन विवादास्पद होर्डिंग्स में से एक शाही ईदगाह मस्जिद के पास भी लगाया गया है। वीएचपी मथुरा महानगर के अध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल ने होर्डिंग्स पर उठाई गई आपत्तियों पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि इसमें कोई गलत या उकसाने वाली भाषा का प्रयोग नहीं किया गया है। अग्रवाल के अनुसार, अयोध्या का काम पूरा हो गया है, अब हम मथुरा की तैयारी कर रहे हैं। हमारी सभी गतिविधियाँ कानून के दायरे में हैं।

नारायण ई टेक्नो स्कूल में मनाया गया भव्य नेवी डे

फिरोजाबाद। भारतीय नौसेना के अदम्य साहस समर्पण और राष्ट्र की सुरक्षा में उनके अतुलनीय योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से नारायण ई टेक्नो स्कूल फि रोजाबाद में नेवी डे मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उत्साहपूर्ण परेड से हुई, जहाँ छात्रों ने अनुशासन तालमेल और देशभक्ति की अनोखी झलक प्रस्तुत की, विद्यार्थियों की यह प्रस्तुति उपस्थित सभी शिक्षकों और अतिथियों के लिए प्रेरणादायक रही। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत थीम आधारित डांस परफॉर्मेंस ने पूरे वातावरण को देशभक्ति के रंगों से भर दिया। नृत्य के माध्यम से छात्रों ने भारतीय नौसेना की वीरता त्याग और सेवा भावना को अत्यंत प्रभावशाली रूप में दर्शाया। कार्यक्रम के ट्रिब्यूट सेगमेंट में बच्चों ने नौसैनिकों को समर्पित गीत, स्लोगन और संदेश प्रस्तुत किए, इन भावपूर्ण अभिव्यक्तियों ने सभी के मन में भारतीय नौसेना के प्रति सम्मान और गर्व को और मजबूत किया। नेवी डे का यह आयोजन छात्रों के लिए न केवल एक सीखने का अवसर रहा, बल्कि राष्ट्र की रक्षा करने वाले हमारे समुद्री वीरों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का माध्यम भी बना।

ड्रीम सिटी कॉलोनी संचालकों को एसडीएम ने दिया कार्य बंद करने का नोटिस

टूंडला। शहर के फिरोजाबाद रोड स्थित ड्रीम सिटी नाम से प्राधिकरण क्षेत्र में कृषि भूमि पर तैयार हो रही कॉलोनी संचालकों को उपजिलाधिकारी टूंडला ने नोटिस जारी किया है। उपजिलाधिकारी टूंडला अंकित वर्मा ने कॉलोनी से जुड़े सभी संबंधितों को तत्काल निर्माण कार्य रोकने के आदेश नोटिस में दिए है। थाना टूंडला क्षेत्रांर्गत गांव टूंडली मोजा फिरोजाबाद रोड स्थित भूमि पर ड्रीम सिटी कॉलोनी विकसित की जा रही है। उक्त भूमि कृषि योग्य बताते हुए एक शिकायत की गई थी। शिकायत के आधार पर इसकी जांच कराई गई। जांच के दौरान ड्रीम लैंड भूमि पर विकसित कॉलोनी की भूमि को अकृषि कार्यों के उपयोग की अनुमति को जरूरी औपचारिकता पूर्ण नहीं कराने की बात सामने आई, वहीं राजस्व निरीक्षक की रिपोर्ट के आधार पर उपजिलाधिकारी टूंडला अंकित कुमार वर्मा ने कॉलोनी निर्माण में शामिल सभी को कॉलोनी परिसर में किसी भी प्रकार का निर्माण तुरंत बंद करने के निर्देश दिए हैं।

आगरा में नकली दवाओं का बड़ा जाल, तीन मेडिकल स्टोर पर सख्त कार्रवाई

आगरा। शहर में नकली दवाओं के नेटवर्क पर औषधि विभाग की कार्रवाई लगातार तेज हो रही है। विभाग ने अंशिका फार्मा, विभोर मेडिकल एजेंसी और हर्षित ट्रेडर्स के संचालकों को रिमाइंडर नोटिस जारी कर सख्त चेतावनी दी है। इन तीनों पर एक नामी कंपनी की दवा को नकली बताकर बेचने के गंभीर आरोप हैं। करीब एक महीने पहले विभाग ने तीनों प्रतिष्ठानों पर छापा मारकर रिकॉर्ड मांगे थे, लेकिन न खरीद के दस्तावेज दिए गए और न ही बिक्री का कोई वैध बिल। विभाग अब इसे गंभीर लापरवाही मान रहा है। सहायक आयुक्त औषधि अतुल उपाध्याय ने बताया कि 7 नवंबर 2025 को टोरेंट फार्मा ने शिकायत दी थी कि काइमोरल फोर्ट नामक मांसपेशी की चोट में दी जाने वाली दवा बाजार में नकली रूप में तैयार कर सप्लाई की जा रही है। यही शिकायत इस पूरे मामले की शुरूआत बनी। शिकायत के तुरंत बाद औषधि विभाग ने तीनों मेडिकल स्टोरों पर छापा मारा। मौके से नकली दवा बरामद नहीं हुई, लेकिन स्टॉक रजिस्टर और बिक्री रिकॉर्ड में पता चला कि यह दवा यहां बेची गई थी। पूछताछ में संचालकों ने दावा किया कि उन्होंने यह दवा गोरखपुर स्थित गुप्ता मेडिकल स्टोर से खरीदी थी। गोरखपुर में भी औषधि विभाग की टीम सप्लाई चेन को ट्रेस कर रही है। तीनों फर्मों से फिर से इन महत्वपूर्ण सवालों का जवाब मांगा गया है। विभाग ने नोटिस देकर पूछा है कि दवा कहां से खरीदी गई, किन-किन को बेची गई और खरीद-बिक्री के बिल और पूरा रिकॉर्ड प्रस्तुत करें। लेकिन एक महीने बाद भी कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। औषधि विभाग ने अंतिम रिमाइंडर भेजते हुए स्पष्ट कर दिया है कि अगर अब भी रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराया गया तो तीनों संचालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा। यह पूरा मामला आगरा में नकली दवाओं की संभावित सप्लाई चेन पर बड़ा सवाल खड़ा करता है और विभाग की जांच भविष्य में कई और खुलासे कर सकती है।

दत्तात्रेय जयंती पर श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

मथुरा। मार्गशीर्ष शुक्ल पूर्णिमा तद्नुसार दिनांक 04 दिसम्बर 2025 बृहस्पतिवार को श्रीदत्तात्रेय जयन्ती पर भगवान श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर भव्य एवं दिव्य धार्मिक अनुष्ठन हुऐ। प्रातः 8 बजे श्रीदत्तात्रेय स्वरूप श्रीअन्नपूर्णेश्वर महादेव (विराजमान श्रीकृष्ण जन्मभूमि) के दिव्य स्वरूप का पूजन, पंचामृत अभिषेक, कवच एवं तद्नुसार श्रीदत्तात्रेय पुष्प सहस्त्रार्चन किया गया। मंगल ध्वनि और शहनाई वादन के मध्य भगवान श्रीदत्तात्रेय की प्राकट्य आरती हुई। भगवान दत्तात्रेय जी की परंपरा में भोजन प्रसाद का विशिष्ट महत्व है। इस परंपरा के अनुरूप महोत्सव में जन्मस्थान पर वृहद मात्रा में भगवान दत्तात्रेय जी के प्रसाद रूपी भण्डारे का वितरण किया गया। हजारों-हजार श्रद्धालु ने भगवान दत्तात्रेय के प्रसादी भण्डारे को प्राप्त किया। भव्य पुष्प-सज्जा के मध्य विराजमान भगवान दत्तात्रेय के मनोहारी स्वरूप के दर्शन कर भक्तजन अभिभूत हो उठे। प्रातः 9:30 बजे पूर्णिमा के इस पवित्र दिवस पर श्रीगिरिराज महाराज का वृहद पंचामृत अभिषेक, पुष्पार्चन एवं श्रृंगार किया गया। श्रीकृष्ण संकीर्तन मण्डल, जन्मस्थान के भावुक भक्तों के द्वारा रसमय भजन एवं उद्दाम संकीर्तन के मध्य भगवान श्रीगिराजि महाराज का अभिषेक किया गया। श्रीकृष्ण संकीर्तन मण्डल के भावुक भक्तों का सहयोग आज के कार्यक्रम में विशेष रूप से प्राप्त हुआ। इस अवसर पर श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा, सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी, श्रीकृष्ण संकीर्तन मण्डल के अनिलभाई, कन्हैया लाल रंग वाले, पंकज अग्रवल, प्रदीप हाई एवं महेन्द्र प्रताप का उल्लेखनीय सहयोग रहा।

रेलवे हॉस्पिटल में आज लगेगा निःशुल्क परामर्श और जांच शिविर कैंप

टूंडला। रेलवे हॉस्पीटल टूंडला में 05/12/2025 आज शुक्रवार को सर्वोदय हॉस्पीटल ग्रेटर नोएडा वेस्ट द्वारा हृदय रोग एवं सामान्य रोग संबंधी निःशुल्क जांच शिविर लगाया जायेगा। जिसमें जिसमें वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा मरीजों को परामर्श दिया जाएगा और रेंडम ब्लड सुगर ईसीजी, बीएमडी आदि जांचे निःशुल्क कराई जाएंगी। निःशुल्क जांच शिविर में दिल से सम्बन्धित बीमारियां, हडडी रोग, कैंसर व रक्त रोग आदि से सम्बन्धित जानकारियां मरीजों को दी जाएगी, इस मौके पर डॉ.अविनाश कुमार एसीएमएस, डॉ.रोहित चक डॉ.कौशिकी सिंह डॉ.संजय द्विवेदी, डॉ.मानस कैलाश चंद मुख्य कार्यालय अधीक्षक सुशीला देवी मुख्य नर्सिंग अधीक्षक इंचार्ज मनोज मीना रमेश चिम्पा वंदना शर्मा विजेंद्र कुमार जयकिशन अजवानी शाखा मंत्री मेंस यूनियन सतीश कुमार मेंस यूनियन सरदार सिंह, कैलाश चंद आदि सहयोग के लिए मौजूद रहेंगे।

आगरा की साक्षी यादव ने रचा नया इतिहास

आगरा। आगरा की होनहार बेटी साक्षी यादव ने महिला फुटबॉल के क्षेत्र में एक बार फिर नया इतिहास रच दिया है। साक्षी यादव लगातार तीसरी बार नेशनल स्तर पर चयनित हुई हैं, जो किसी भी खिलाड़ी के लिए अत्यंत गौरवशाली उपलब्धि है। वर्ष 2023 में सब-जूनियर नेशनल, 2024 में जूनियर नेशनल, और अब वर्ष 2025 में जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में लगातार चयनित होकर उन्होंने अपनी प्रतिभा, मेहनत और लगन से पूरे आगरा शहर का नाम रोशन किया है। इस वर्ष का जूनियर नेशनल महिला फुटबॉल टूर्नामेंट 3 दिसंबर से 12 दिसंबर तक नागालैंड में आयोजित हो रहा है, जिसमें साक्षी यादव के साथ आगरा की ही एक अन्य प्रतिभाशाली खिलाड़ी अंशी कश्यप का भी उत्तर प्रदेश महिला फुटबॉल टीम में चयन हुआ है। दोनों खिलाड़ियों का चयन न केवल आगरा के लिए गौरव की बात है, बल्कि उत्तर प्रदेश के खेल जगत के लिए भी एक प्रेरणादायी उपलब्धि है। साक्षी यादव वर्तमान में आर्मी पब्लिक स्कूल, आगरा में कक्षा 10 की छात्रा हैं। अपने अध्ययन के साथ-साथ वे नियमित अभ्यास और अनुशासन का पालन करते हुए अपने स्कूल का नाम राष्ट्रीय स्तर पर चमका रही हैं। उनके स्कूल कोच विश्वनाथ भट्टाचार्य ने उनकी प्रतिभा को निखारने और उन्हें निरंतर प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नागालैंड नेशनल प्रतियोगिता में चयन होने पर आगरा हॉकी एवं फुटबॉल खेल जगत के प्रमुखों सचिव बिल्लू चौहान, कोच योगेश तथा वरिष्ठ कोच रवि पूनिया ने साक्षी यादव और अंशी कश्यप को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्तियों, खेलप्रेमियों और सामाजिक संस्थाओं ने भी दोनों बेटियों को शुभकामनाएं दी। डिफेंस कॉलोनी यूथ वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष राजीव सोई सहित क्षेत्रवासियों ने गर्व के साथ दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि आगरा के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ती है। समाज के लोगों ने साक्षी और अंशिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशा व्यक्त की कि आने वाले वर्षों में ये बेटियाँ न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी देश का नाम रोशन करेंगी।

- लगातार तीसरी बार नेशनल टीम में चयन, नागालैंड में चमकेगा हुनर

रिफाइनरी ने मनाया दिव्यांगता दिवस

मथुरा। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस पूरे विश्व में मनाया गया। इस अवसर पर मथुरा रिफाइनरी ने भी विशेष क्षमताओं वाले अपने कर्मचारियों के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया और उन्हें उनके योगदानों के लिए धन्यवाद देते हुए अपनी शारीरिक बाधाओं से पार पाकर नई ऊंचाइया हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

इस विशेष अवसर पर रिफाइनरी के विशेष क्षमताओं वाले कर्मचारियो को सम्बोधित करते हुए कार्यकारी निदेशक और रिफाइनरी प्रमुख श्री मुकुल अग्रवाल ने कहा कि मुझे प्रसन्ता है कि रिफाइनरी मे विशिष्ट लोगों की एक मजबूत टीम है जिनके योगदानो ने रिफाइनरी को गौरव के शिखर तक पहुचाया है। कर्मचारियों को प्रेरित करते हुए, उन्होंने कहा कि ह्लविकलांगता मन की एक स्थिति है लेकिन यह किसी की प्रगति में बाधा नहीं होनी चाहिए। मैं आज मेरे साथ काम करने वाले बहुत से लोगों को देख रहा हूं, जो न केवल मेरे लिए, बल्कि मथुरा रिफाइनरी के सभी लोगों के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। जोश और उत्साह जिसके साथ आप सभी काम करते हैं, सराहनीय है और रिफाइनरी आप सभी के योगदानों के लिए ऋणी है।ह्व अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस के अवसर पर रवींद्र यादव, सचिव, ऑफीसर्स एसोसिएशन और हरीश पहल, मथुरा रिफाइनरी कर्मचारी संघ ने भी कर्मचारियों को सम्बोधित कर उन्हे प्रेरित किया।

बाद में, विशेष योग्यता वाले कुछ कर्मचारियो ने स्वामी रामभद्राचार्य दृष्टिबाधित संस्थान, फरह का भ्रमण किया और अपने जीवन के अनुभवों और इंडियनऑयल में अपनी यात्रा को साझा किया और विद्यालय के सभी छात्रों को अपने कार्य क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। प्रबंधन की ओर से दीप चंद वर्मा, महाप्रबंधक (कर्मचारी सेवाएं, प्रबंधन सेवाएं, विकास एवं अधिगम) भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए और सभी को उज्ज्वल भविष्य को शुभकामनाएं दीं।

बहुत जल्द यमुना का जल आचमन योग्य होगा : रेखा गुप्ता

वृंदावन। धर्म रक्षा संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता से मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने यमुना मैया की दुर्दशा पर चर्चा के साथ यमुना शुद्धिकरण, अविरल यमुना एवं आचमन योग्य यमुना जल की मांग रखते हुए एक ज्ञापन सोंपा।

दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह भी यमुना का उद्धार करने का संकल्प लेकर बहुत गंभीरता के साथ यमुना शुद्धिकरण की योजना पर कार्य कर रहे हैं, जिससे बहुत जल्द यमुना जल स्वच्छ, निर्मल, अविरल और आचमन के योग्य होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से कहा कि 1993 में केन्द्र सरकार ने पांच राज्य सरकारों के मध्य यमुना जल समझौता कराया था। वह मनमाने तरीके से यमुना जल समझौता किया गया जिसमें दिल्ली और उत्तर प्रदेश के हिस्से में ना के बराबर यमुना जल का हिस्सा आया यमुना जल का अधिकांश भाग हरियाणा को दे दिया गया जो की बिल्कुल गलत है। कार्यकारी अध्यक्ष महंत मोहिनी बिहारी शरण महाराज ने कहा कि हथिनी कुंड बैराज में यमुना का जल पूरी तरीके से रोक दिया गया है। वास्तव में हथिनी कुंड बैराज के बाद यमुना की धारा पूरी तरह सूख चुकी है।जब तक हथिनी कुंड बैराज से यमुना में पर्याप्त मात्रा में जल नहीं छोड़ा जाएगा तब तक यमुना अपने दिव्य स्वरुप को नहीं प्राप्त कर सकती। संघ के राष्ट्रीय संयोजक आचार्य बद्रीश महाराज ने कहा कि आज यमुना का जल ना तो आचमन करने योग्य है ना ही स्नान करने योग्य है। बृजवासियों ने यमुना शुद्धिकरण के लिए विगत वर्षों में कई आंदोलन भी किये लेकिन सरकारी स्तर पर अभी तक यमुना के मुद्दे को गंभीरता से नहीं लिया गया है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने मुख्यमंत्री से मांग की कि यदि दिल्ली में भाजपा सरकार के रहते यमुना शुद्ध नहीं हुई तो भविष्य में भी हमें कोई उम्मीद नहीं है।

दहेज की मांग व मारपीट, गला दबाने की कोशिश, पति-ससुराल पर गंभीर आरोप

आगरा। सिकंदरा क्षेत्र में एक नवविवाहिता ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर क्रूरता, दहेज की मांग, मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना और जान से मारने की कोशिश जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के अनुसार परिवार ने शादी पर 20ञ25 लाख रुपये, सोने-चांदी के जेवर, नकद और गृहस्थी का पूरा सामान अपनी हैसियत से ज्यादा दिया था। इसके बावजूद ससुराल पक्ष को यह सब ह्लकमह्व लगा और शादी के दूसरे ही दिन से कार की मांग शुरू हो गई। रोजाना ताने और मानसिक प्रताड़ना उसकी ज़िंदगी का हिस्सा बन गए। नवविवाहिता ने बताया कि उसका पति समीर गुप्ता अक्सर कहता था कि उसने यह रिश्ता सिर्फ दहेज के लिए किया है। उसका यह भी आरोप है कि पति कई महिलाओं से संबंध रखता था। जब उसने मोबाइल में मिले चैट, फोटो और वीडियो को लेकर सवाल किया तो उसके साथ मारपीट की गई। तकिए से गला दबाकर जान लेने की कोशिश की गई। साथ ही उसके जेवर और स्त्रीधन छीनकर सास और ननद ने अपने कब्जे में रख लिया। स्थिति इतनी खराब हो गई कि विदाई के समय उसे सिर्फ एक जोड़ी कपड़े और मंगलसूत्र में घर भेज दिया गया। पीड़िता ने बताया कि 15 मई की शाम पति समीर, उसका पिता और उसका मित्र आशीष गंगवार मायके पहुंच गए। आरोप है कि उन्होंने घर में घुसकर गाली-गलौज और धक्का-मुक्की की। उसे जबरन खींचकर ले जाने की कोशिश की। आशीष ने गलत नीयत से पकड़कर उसका कुर्ता फाड़ दिया और परिवार के साथ मारपीट की। इन लोगों ने जाते समय जान से मारने की धमकी दी। इस घटना ने पीड़िता और उसके परिवार को गहरे सदमे और दहशत में डाल दिया। लगातार दहेज की मांग, प्रताड़ना, धमकियों और जेवर न लौटाने की शिकायत पर थाना सिकंदरा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

विस्फोटक पदार्थ को किया निष्क्रिय

शिकोहाबाद। दिवाली पर्व पर बड़ा बाजार में मिले विस्फोटक पदार्थ का सैंपल लेने के लिए एक टीम थाने आई जहां टीम ने विस्फोटक पदार्थ का सैंपल लेने के बाद विस्फोटक पदार्थ को निष्क्रिय कर दिया। विनोद कुमार के नेतृत्व में विस्फोटक पदार्थ का सैंपल लेने व विस्फोटक पदार्थ को निष्क्रिय करने के लिए आगरा से एक टीम थाना आई जहां टीम ने बड़ा बाजार में दुकान से पकड़े गए करीब 5 कुंतल विस्फोटक पदार्थ का सैंपल भरा। उसके बाद टीम ने विस्फोटक पदार्थ को निष्क्रिय कर दिया। उसके बाद टीम लौट गई। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार ने बताया कि बड़ा बाजार से दिवाली पर दो व्यापारियों के गोदाम दुकान से 5 कुंतल विस्फोटक पदार्थ बरामद हुआ था। उसके लिए टीम आई थी जिसने सैंपल लेने के बाद विस्फोटक पदार्थ को निष्क्रिय किया है।

आरपीएफ ने यात्रियों को किया जागरूक

टूंडला। रेलवे सुरक्षा बल टूंडला द्वारा जहरखुरानी ज्वलनशील पदार्थो, विस्फोटक सामग्री चेकिंग आदि को लेकर रेलवे स्टेशन पर जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रभारी निरीक्षक टूंडला अवधेश गोस्वामी के निर्देशन में सहायक उप निरीक्षक ओमवीर सिंह हमराह हैड कांस्टेबल प्रवीण वसीस्ट, हैड कांस्टेबल योगेश मीणा, हैड कांस्टेबल मनीष अवस्थी व महिला कांस्टेबल नेहा द्वारा टूंडला स्टेशन पर रूक कर आने-जाने वाली गाड़ियों में व प्लेटफॉर्म पर ज्वलनशील पदार्थ की चेकिंग की गई व जहरखुरानो के प्रति यात्रियों को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया और लाउड हेलर व पीऐ सिस्टम के माध्यम से भी यात्रियों को जागरूक किया औ? यात्रियों को पम्पलेट वितरण कर यात्रियों को जागरूक किया तथा गाड़ियों मे भी जागरूकता स्टिकर चिपकाये गये।

पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता में कासगंज की टीम पराजित

- प्रतियोगिताका उद्घाटन गुरुवार को डीआईजी रेंज आगरा व डीएम व एसएसपी श्लोक कुमार ने फीता काट व कबूतर उड़ा कर किया

जिला संवाददाता (vol)

मथुरा। 17वीं अंतर्जनपदीय पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 आगरा जोन आगरा का उद्घाटन गुरुवार को डीआईजी रेंज आगरा व जिलाधिकारी व एसएसपी श्लोक कुमार ने फीता काट व कबूतर उड़ा कर किया। पहला मैच कासगंज व मथुरा के बीच हुआ जिसमे मथुरा ने कासगंज पर 126 रन की बड़ी जीत हासिल की। 17वी अंतर्जनपदीय पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 आगरा जोन आगरा का उद्घाटन मैच पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड पर मथुरा व कासगंज टीम के बीच हुआ जिसमें टॉस जीतकर पहले खेलते हुए मथुरा की टीम ने 4 विकेट के नुकसान पर 242 रन बनाए। ओपनिंग करने डीआईजी शैलेश पांडेय व एसएसपी मथुरा कुछ खास नही कर पाए। डीआई शैलेश पांडेय शून्य व एसएसपी श्लोक कुमार 5 रन बनाकर आउट हो गये लेकिन डीआईजी व एसएसपी अपनी टीम का हौंसला बढ़ाते दिखे इसके बाद मथुरा की टीम के कप्तान विजय चैहान ने टीम को संभाला उन्होंने 52, साहिल हसन 51, मनीष यादव 69 व वैभव त्यागी ने 39 रन की शानदार पारी खेली। इसके जबाब में कासगंज की तरफ से हरीश ने 32 व चिंटू ने 22 रन बनाए इसके अलावा कोई और बल्लेबाज टिक नहीं सका। डीआईजी शैलेश कुमार व एसएसपी श्लोक कुमार ने शानदार गेंदबाजी करते हुए दो-दो विकेट लेकर कासगंज की टीम की कमर तोड़ दी इसके अलावा पीआरओ अजय किशोर व सर्वलान्स प्रभारी विकास शर्मा ने भी दो-दो विकेट व साहिल हसन व सनी यादव ने एक-एक विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच साहिल हसन को चुना गया। इस तरह मथुरा ने कासगंज को 126 रन से हरा दिया। इस दौरान स्टेडियम पर एसपी सिटी राजीव सिंह, एसपी देहात सुर

संक्षेप

टाटा प्ले बिंज ने की टाइम्स प्ले से साझेदारी

नयी दिल्ली। टाटा प्ले बिंज ने टाइम्स नेटवर्क के डिजिटल ओटीटी प्लेटफॉर्म, टाईम्स प्ले के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के अंतर्गत टाटा प्ले बिंज के ग्राहक टाईम्स प्ले के माध्यम से हॉलिवुड फिल्में, वेब सीरीज, शॉर्ट वीडियो, पिकल बॉल और सीधा प्रसारण करने वाले 11 टीवी चैनल एक ही स्थान पर देख सकेंगे। टाटा प्ले बिंज के ग्राहकों को टाईम्स नेटवर्क पर मौजूद मनोरंजन, जीवनशैली, व्यापार और समाचार एक ही सदस्यता शुल्क में प्राप्त होंगे।

मिंत्रा का ईओआरएस-23 शुरू

नयी दिल्ली। मिंत्रा की ईओआरएस का 23वां संस्करण आज 5 दिसंबर से शुरू हो रहा है। इसमें 10,000 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय, घरेलू और स्वदेशी ब्रांड्स के 6 मिलियन से ज्यादा स्टाईल्स उपलब्ध होंगे। इस बार ईओआरएस में ग्राहकों को हाई-क्वालिटी फैशन, ब्यूटी एवं लाईफस्टाईल कलेक्शन प्राईस क्रैश अभियान के अंतर्गत बेहतरीन मूल्यों में प्राप्त होगा। मिंत्रा के विशेष समुदाय को ईओआरएस-23 की आकर्षक डील वीआईपी-ओनली स्पेशल ऑफर, समर्पित वीआईपी वीकेंड बेनेफिट्स और अतिरिक्त लाभों के साथ प्राप्त होंगी।

नथिंग फोन (3ए) लाइट अब नये ब्लू कलर में उपलब्ध

गुरुग्राम। लंदन-बेस्ड टेक्नोलॉजी कंपनी नथिंग ने अपने स्मार्टफोन फोन (3ए) लाइट की सेल 05 दिसंबर 2025 से शुरू होने की घोषणा की है। इंडिया लॉन्च के दौरान कंपनी ने क्लासिक ब्लैक और व्हाइट के साथ एक नया ब्लू कलर ऑप्शन भी पेश किया है। इस डिवाइस में नथिंग का सिग्नेचर ट्रांसपेरेंट डिजाइन, 6.77 इंच का एमोलेड डिस्प्ले, 50 मेगापिक्सल मेन कैमरा जो टूलेंस इंजन 4.0 से लैस है, मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7300 प्रो चिपसेट और 5000 एमएएच बैटरी दी गई है। इस स्मार्टफोन की कीमत रुपये 20,999 रखी गई है, जो बैंक डिस्काउंट के बाद रुपये 19,999 (8जीबी + 128जीबी वैरिएंट) में खरीदा जा सकेगा।

शाओमी इंडिया ने रेडमी 15सी 5जी लॉन्च किया

नयी दिल्ली। शाओमी इंडिया ने रेडमी 15सी 5जी लॉन्च किया। यह स्लीक डिजाईन का विशाल स्मार्टफोन है, जिसमें 17.53 सेमी का आकर्षक डिस्प्ले दिया गया है। यह उन लोगों को पूरे दिन भरोसेमंद परफॉर्मेंस प्रदान करने के लिए बनाया गया है, जो काम के बीच-बीच में मनोरंजन करना पसंद करते हैं। हम ऐसा स्मार्टफोन बनाना चाहते थे, जो यूजर्स बहुत सुगमता से इस्तेमाल कर सकें। इसलिए रेडमी 15सी 5जी में हमने बड़ा और आकर्षक डिस्प्ले, पूरा दिन चलने वाली भरोसेमंद बैटरी और रिफाईंड रॉयल डिजाईन दिया है। यह प्रदर्शित करता है कि लोग किस प्रकार अपने स्मार्टफोन का उपयोग मनोरंजन, सीखने और काम करने के लिए करते हैं।

एसरी इंडिया ने पेश किया भारत ईएनवीआई

नई दिल्ली। एसरी इंडिया ने जियोस्पैटियल इमेज प्रोसेसिंग एवं एनालिसिस सॉफ्टवेयर भारत ईएनवीआई लांच करने की आज घोषणा की। भारत ईएनवीआई की लांचिंग से इंडो आर्कजीआईएस यूजर्स को विश्वस्तरीय रिमोट सेंसिंग और एनालिटिक्स क्षमता हासिल होगी जिससे वे बेहतर शासन और आर्थिक वृद्धि के लिए अधिक सूझबूझ के साथ निर्णय कर सकेंगे। भारत ईएनवीआई को पेश किए जाने से देश में जियोस्पैटियल टेक्नोलॉजी पारितंत्र मजबूत होगा। विभिन्न संगठनों के नियोजन, टिकाऊपन और राष्ट्रीय विकास के लिए तेजी से सैटेलाइट इमेजरी और रिमोट सेंसिंग पर निर्भर होने से भारत ईएनवीआई का एडवांस्ड एनालिटिक्स, इंडो आर्कजीआईएस की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि करेगा।

नेटफ्लिक्स पर सिंगल पापा के ट्रेलर रिलीज

नयी दिल्ली। नेटफ्लिक्स पर सिंगल पापा का ट्रेलर रिलीज हुआ है। यह 30 वर्ष के गौरव गहलोत की कहानी है, जिनके लिए एडल्टिंग का मतलब है, अपने मम्मी पापा पर निर्भर रहना। यह कहानी तब तक ऐसे ही चलती रहती है, जब तक वो अपने भारतीय परिवार को यह कहकर चौंका नहीं देते हैं कि वो एक बच्चा गोद ले रहे हैं। इसके बाद शुरू होती है एक उथल-पुथल, एक सवाल कि क्या गौरव पापा बनने की चुनौती का सामना कर पाएगा? क्या वह अपने मजेदार और अजीबोगरीब खानदान के क्लेश और प्यार से निपट पाएगा? गौरव गहलोत का किरदार निभा रहे, कुणाल खेमू ने कहा कि गौरव का किरदार निभाना मेरे करियर के सबसे बेहतरीन तजुर्बों में से एक है।

सेंसेक्स में 158 अंकों की उछाल

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में चार दिनों से जारी गिरावट का सिलसिला बृहस्पतिवार को थम गया। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और प्रौद्योगिकी शेयरों में खरीदारी आने से सेंसेक्स 158 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी एक बार 26,000 के स्तर के ऊपर पहुंच गया।

बीएसई का 30-शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 158.51 अंक यानी 0.19 प्रतिशत मजबूत होकर 85,265.32 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 380 अंक से अधिक चढ़कर 85,487.21 तक चला गया था। एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी भी 47.75 अंक बढ़कर 26,033.75 अंक पर पहुंच गया। इससे पहले पिछले चार कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स में करीब 613 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की गिरावट आई थी जबकि निफ्टी लगभग 230 अंक यानी 0.8 प्रतिशत टूटा था। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टीसीएस, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, भारती एयरटेल, सन फार्मा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और ट्रेंट में मुख्य रूप से तेजी रही। दूसरी तरफ, मारुति, इटर्नल, कोटक महिंद्रा बैंक और टाइटन के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली का सिलसिला जारी है। बुधवार को एफआईआई ने 3,206.92 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 4,730.41 करोड़ रुपये की खरीदारी की। घरेलू बाजार मिलेजुले वैश्विक संकेतों और आरबीआई की मौद्रिक नीति से पहले सतर्क रुख के बीच लगभग स्थिर रहे। रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर और एफआईआई की बिकवाली के कारण शुरुआती तेजी थम गई थी। हालांकि, ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें कम होने से रुपये में मामूली सुधार हुआ, जिससे सूचकांकों को समर्थन मिला। हालांकि व्यापक बाजार में गिरावट दर्ज की गई। छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सूचकांक 0.32 प्रतिशत गिर गया जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप सूचकांक में 0.19 प्रतिशत की गिरावट रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में फोकस्ड आईटी खंड 1.41 प्रतिशत चढ़ गया जबकि आईटी खंड में 1.31 प्रतिशत, प्रौद्योगिकी खंड में 1.12 प्रतिशत और रियल्टी खंड में 0.53 प्रतिशत की बढ़त रही। रुपये में कमजोरी बने रहने से बाजार की धारणा सुस्त रही और इक्विटी बाजार ने एक सीमित दायरे में कारोबार किया। रेपो दर पर रिजर्व बैंक के आने वाले फैसले को देखते हुए निवेशकों ने इंतजार करने की रणनीति अपनाई। यूरोपीय बाजार दोपहर कारोबार में बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार बुधवार को मजबूत बंद हुए थे।

रुपया सार्वकालिक निचले स्तर से 19 पैसे मजबूत होकर 89.96 प्रति डॉलर पर बंद

मुंबई। विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 19 पैसे की बढ़त दर्ज करने के साथ रिकॉर्ड गिरावट से उबरने में सफल रहा और 89.96 रुपये प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ।

रुपये के मूल्य में यह तेजी मुख्य रूप से डॉलर सूचकांक में नरमी और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मुद्रा बाजार में संभावित हस्तक्षेप की वजह से आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिका में गैर-कृषि रोजगार के आंकड़े अनुमान से कम रहने से डॉलर में नरमी आई और इसने रुपये को निचले स्तर पर समर्थन दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 90.36 प्रति डॉलर के भाव पर खुला और शुरुआती कारोबार में फिसलकर 90.43 के नए सर्वकालिक निचले स्तर तक पहुंच गया। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की बिकवाली, कच्चे तेल की ऊंची कीमतें और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की घोषणा में देरी से रुपये पर दबाव रहा। हालांकि बाद में रुपया की स्थिति संभली और अंत में यह 89.96 रुपये प्रति डॉलर के (अस्थायी) भाव पर बंद हुआ। इस तरह पिछले कारोबारी सत्र के मुकाबले रुपये में 19 पैसे की मजबूती रही। बुधवार को रुपया पहली बार 90 के स्तर के ऊपर चला गया था और 90.15 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था, जो इसका अब तक सर्वकालिक निचला बंद स्तर है। इस बीच, दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.01 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 98.84 पर आ गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.22 प्रतिशत की तेजी के साथ 62.81 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। विदेशी निवेशकों की बिकवाली और घरेलू शेयर बाजार के कमजोर रुझान के चलते रुपया निकट अवधि में दबाव में रह सकता है। ऊंची कच्चे तेल की कीमतें भी मुद्रा पर असर डालेंगी। अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों में कमजोरी और फेडरल रिजर्व की संभावित दर कटौती की उम्मीदें रुपये को सहारा दे सकती हैं। इसके अलावा आरबीआई के अतिरिक्त हस्तक्षेप से भी रुपये को समर्थन मिलेगा।

वायदा बाजार में कच्चा पाम तेल छह रुपये मजबूत

नयी दिल्ली। वायदा बाजार में बृहस्पतिवार को कच्चे तेल की कीमत छह रुपये बढ़कर 5,362 रुपये प्रति बैरल हो गई। मजबूत हाजिर मांग के बीच कारोबारियों के सौदे बढ़ाये जाने से वायदा कारोबार में कच्चे तेल के दाम में तेजी आई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में, जनवरी डिलीवरी वाले कच्चे तेल के अनुबंध की कीमत छह रुपये यानी 0.11 प्रतिशत बढ़कर 5,362 रुपये प्रति बैरल हो गई। इसमें 13,300 लॉट के लिए कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि प्रतिभागियों के सौदे बढ़ाये जाने से वायदा कारोबार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी रही। वैश्विक स्तर पर, न्यूयॉर्क में वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड 0.56 प्रतिशत बढ़कर 59.28 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया का मिडनाइट कार्निवल शुरू

बंगलुरु। जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया ने पूरे देश में अपना मिडनाईट कार्निवल शुरू किया है। यह कार्निवल 5 से 7 दिसंबर तक एमजी की संपूर्ण वाहन श्रृंखला के लिए है। इस कार्निवल के दौरान सभी एमजी शोरूम तीन दिनों के लिए आधी रात तक खुले रहेंगे, ताकि ग्राहकों को अपने परिवार एवं दोस्तों के साथ डीलरशिप पर आकर एमजी वाहन खरीदने के लिए ज्यादा सुविधा और समय मिल सके। यहां पर उन्हें बिल्कुल जश्न और त्योहार जैसा अनुभव प्राप्त होगा। जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया में हम बेहतरीन अनुभवों के लिए कारों से आगे बढ़कर सेवाएं देने में यकीन रखते हैं।

सोना 600 रुपये गिरकर 131600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर

नयी दिल्ली। कमजोर वैश्विक रुख और फेडरल रिजर्व की अगले हफ्ते होने वाली नीतिगत बैठक से पहले निवेशकों के सतर्क रुख अपना लेने से राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने का दाम 600 रुपये गिरकर 131600 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया।

99.9 शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार को 132,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही थी। वहीं, चांदी में लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही। यह 900 रुपये टूटकर।,80,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों समेत) रह गई, जबकि पिछले सत्र में यह।,80,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अगले हफ्ते फेडरल ओपन मार्केट कमेटी के नीतिगत फैसले से पहले बाजार प्रतिभागियों की ओर से खरीदारी के अभाव और सजग रवैये के कारण बृहस्पतिवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई। वैश्विक स्तर पर हाजिर सोना 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,197.10 डॉलर प्रति औंस रह गया। हाजिर सोना अभी 4,193 डॉलर के आसपास कारोबार कर रहा है क्योंकि मिले-जुले अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों से और मजबूती आ रही है। उन्होंने कहा कि ताजा अमेरिकी रोजगार आंकड़ों से पता चला है कि नवंबर में पेरोल में गिरावट आई, जो वर्ष 2023 के बाद सबसे खराब डेटा है। इससे फेडरल रिजर्व द्वारा संभावित ब्याज दर कटौती पर दांव बढ़ गए हैं। इसके अलावा, विदेशी बाजारों में हाजिर चांदी दो प्रतिशत टूटकर 57.34 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। बुधवार को यह 58.97 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी।

आरबीआई आज करेगा मौद्रिक नीति की घोषणा

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक शुक्रवार को द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा में लिए गए निर्णयों की घोषणा करेगा। विशेषज्ञों ने रेपो दर में 0.25 प्रतिशत कटौती किए जाने की उम्मीद जताई है। आरबीआई की ओर से बृहस्पतिवार को जारी बयान के मुताबिक, गवर्नर संजय मल्होत्रा शुक्रवार सुबह मौद्रिक नीति समिति की तीन-दिवसीय बैठक में लिए गए फैसलों की घोषणा करेंगे। अगली द्विमासिक मौद्रिक नीति पर एमपीसी की बैठक बुधवार को शुरू हुई थी। यह बैठक घटती मुद्रास्फीति, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की तेज वृद्धि, डॉलर के मुकाबले रुपये के 90 के पार जाने और मौजूदा भू-राजनीतिक तनावों की पृष्ठभूमि में हो रही है। खुदरा मुद्रास्फीति में गिरावट के बीच आरबीआई ने फरवरी से रेपो दर में तीन किस्तों में कुल एक प्रतिशत की कटौती की है।

अबैकस फ्लेक्सी कैप फंड लॉन्च

बंगलुरु। अबैकस म्यूचुअल फंड ने अपना पहला इक्विटी एनएफओ अबैकस फ्लेक्सी कैप फंड लॉन्च किया है। यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है, जो लार्ज, मिड और स्मॉल-कैप कंपनियों में निवेश करेगी। एनएफओ 8 दिसंबर से शुरू होकर 22 दिसंबर को बंद होगा। अबैकस फ्लेक्सी कैप फंड का उद्देश्य निवेशकों को लंबी अवधि में पूंजी वृद्धि प्रदान करना है। इस योजना में 65 प्रतिशत से अधिक निवेश इक्विटी और इक्विटी-संबंधित साधनों में, 35 प्रतिशत तक डेट और मनी मार्केट इंस्ट्रूमेंट्स में, तथा 10 प्रतिशत तक रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट्स और इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट्स में किया जाएगा।

फिच ने भारत की आर्थिक वृद्धि अनुमान को बढ़ाकर 7.4 प्रतिशत किया

नयी दिल्ली। साख निर्धारित करने वाली एजेंसी फिच रेटिंग्स ने बृहस्पतिवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि अनुमान को 6.9 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.4 प्रतिशत कर दिया।

मुख्य रूप से उपभोक्ता खर्च में वृद्धि और जीएसटी सुधारों के साथ बेहतर धारणा के कारण वृद्धि अनुमान को बढ़ाया गया है। फिच ने कहा कि घटती मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक को दिसंबर में नीतिगत दरों में एक और कटौती करके इसे 5.25 प्रतिशत पर लाने गुंजाइश देती है। आरबीआई इस साल अब तक मुख्य नीतिगत दर रेपो में एक प्रतिशत की कटौती कर चुका है। उसने कहा कि जुलाई-सितंबर तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर बढ़कर 8.2 प्रतिशत हो गई जो इससे पिछली अप्रैल-जून तिमाही के 7.8 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2025-26 की शेष अवधि में वृद्धि धीमी रहेगी, लेकिन हमने पूरे वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि अनुमान को सितंबर के 6.9 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.4 प्रतिशत कर दिया है। इस वर्ष वृद्धि को मुख्य रूप से निजी उपभोक्ता खर्च गति दे रहा है। इसका कारण मजबूत वास्तविक आय गतिशीलता, उपभोक्ता धारणा में सुधार और हाल ही में लागू किए गए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों का प्रभाव है। जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाये जाने के तहत लगभग 375 वस्तुओं पर कर की दरें कम की गई है। इससे 99 प्रतिशत से अधिक उपभोग की वस्तुएं सस्ती हुई हैं।

मारुति सुजुकी के साथ इलेक्ट्रिक हो रहा है इंडिया

नई दिल्ली। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने 13 चार्ज पॉइंट ऑपरेटरों और एग्रीगेटरों के साथ सहयोग समझौतों पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की है। आज, हम एक ऐतिहासिक कदम उठा रहे हैं, क्योंकि हम पूरी तैयारी के साथ इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं, ताकि ईवी चार्जिंग से जुड़ी चिंताओं को दूर किया जा सके और ग्राहक विश्वास को बढ़ावा मिले। हमने अपने सेल्स और सर्विस नेटवर्क के माध्यम से 1,100 से अधिक शहरों में फैले 2,000 से अधिक मारुति सुजुकी एक्सक्लूसिव चार्जिंग पॉइंट्स का एक मजबूत नेटवर्क स्थापित किया है। इसके अलावा, हमने देशभर में विशाल चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर तक पहुंच उपलब्ध कराने के लिए 13 चार्ज पॉइंट ऑपरेटरों के साथ सहयोग किया है।

भारत-कनाडा ने की व्यापार समझौते पर बातचीत की रूपरेखा, तौर-तरीकों पर चर्चा

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू ने बुधवार को प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने की रूपरेखा, उद्देश्यों और तौर-तरीकों पर चर्चा की। दोनों पक्ष हाल ही में इस समझौते पर बातचीत फिर से शुरू करने पर सहमत हुए हैं, जिसे आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) कहा जाता है। इसका उद्देश्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डॉलर तक बढ़ाना है। कनाडा के साथ व्यापार और वाणिज्यिक संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए मंत्री सिद्धू के साथ सार्थक बातचीत हुई। हमने सीईपीए वार्ता शुरू करने की तैयारियों के तहत समग्र दृष्टिकोण, रूपरेखा, व्यापक उद्देश्यों और तौर-तरीकों पर शुरुआती और व्यापक चर्चा की। उन्होंने अगले साल कनाडा में एक उच्च-स्तरीय व्यापार और निवेश प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने पर भी सहमति जतायी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में, कनाडा के तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत का हाथ होने का आरोप लगाया था। उसके बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास आई थी।

सैमसंग ने की गैलेक्सी टैब ए11+ लॉन्च करने की घोषणा

नयी दिल्ली। सैमसंग ने आज गैलेक्सी टैब ए11+ लॉन्च करने की घोषणा की। यह ज्यादा से ज्यादा यूजर्स को तेज एवं पावर-एफिशिएंट परफॉर्मेंस देने के लिए प्रमुख एआई क्षमताओं को पेश करता है, जो मल्टीटास्किंग के लिए बिल्कुल परफेक्ट हैं। गैलेक्सी टैब ए11+ में इंटेलिजेंट फीचर्स के साथ ही 11-इंच का शानदार डिस्प्ले और खूबसूरत मेटल डिजाइन दी गई है। गैलेक्सी टैब ए11+ स्ट्रीमिंग और डिजिटल लर्निंग के लिए स्मूथ स्क्रॉलिंग और शानदार व्यूइंग अनुभव प्रदान करता है। डिस्प्ले को क्वाड स्पीकर के साथ डोल्बी एटमॉस सपोर्ट मिला है, जो मूवीज, म्यूजिक और ऑनलाइन लर्निंग के लिए समृद्ध, संतुलित ऑडियो देता है। डिवाइस में 3.5 एमएम ऑडियो जैक का सपोर्ट भी है जो उपयोगिता को बढ़ाता है। इससे छात्रों, क्रिएटर्स और परिवारों के लिए जुड़े रहना और उत्पादक बने रहना आसान हो जाता है।

एआई-संचालित चैटबॉट लॉन्च करने की घोषणा

नयी दिल्ली। मेटा ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय और इंडिया एसएमई फोरम के साथ साझेदारी में आज भारत के एमएसएमई को डिजिटल रूप से सक्षम और सशक्त करने के लिए एआई-संचालित चैटबॉट लॉन्च करने के अपने इरादे की घोषणा की। यह साझेदारी मेटा की आर्थिक सक्षमता के लिए एआई तैनात करने की प्रतिबद्धता को दिखाती है, जो डिजिटल इंडिया की सरकार की दृष्टि के अनुरूप है। चैटबॉट जो मेटा के लामा मॉडल द्वारा संचालित है और व्हाट्सएप पर उपलब्ध है उद्यमियों को व्यक्तिगत, वास्तविक समय में सहायता प्रदान करेगा, जो सरकारी योजनाओं, अनुपालन, ऋण पहुंच, कौशल विकास, डिजिटल ऑनबोर्डिंग पर मार्गदर्शन सहित महत्वपूर्ण संसाधनों तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनायेगा।

पेज एक का शेष

देशभर में

मांगा है। नियामक ने कहा कि वह मौजूदा स्थिति की जांच कर रहा है और परिचालन सामान्य करने के उपायों पर एयरलाइन से चर्चा कर रहा है। सूत्रों ने बताया कि इंडिगो हाल के दिनों में चालक दल की भारी किल्लत का सामना कर रहा है। दरअसल उड़ान ड्यूटी की सीमा तय करने वाले नए एफडीटीएल नियम लागू होने के बाद से ही एयरलाइन चालक दल की कमी का सामना कर रही है। नए नियमों के तहत पायलटों के लिए साप्ताहिक विश्राम समय बढ़ाया गया है और रात में लैंडिंग की संख्या सीमित की गई है ताकि उड़ान सुरक्षा को मजबूत किया जा सके।

पायलट निकाय फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स (एफआईपी) और एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएलपीए) ने इस समस्या के लिए इंडिगो को ही जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि एयरलाइन के पास नियम लागू होने से पहले तैयारी के लिए दो साल का समय था लेकिन उसने भर्ती प्रक्रिया को धीमा रखा। इसके साथ ही पायलट संगठनों ने डीजीसीए से अनुरोध किया है कि एयरलाइंस को तब तक मौसमी उड़ान समय-सारणी की मंजूरी न दी जाए जब तक वे चालक दल की पर्याप्त उपलब्धता का प्रमाण न दें। इंडिगो ने बुधवार को अपने बयान में कहा था कि उसकी परिचालन समस्याएं कई कारणों से पैदा हुई हैं जिनमें तकनीकी गड़बड़ियां, शीतकालीन उड़ान समय-सारणी के बदलाव, प्रतिकूल मौसम, बढ़ती भीड़भाड़ और नए रोस्टरिंग नियम शामिल हैं।

आत्मनिर्भर और

गोविंद सिंह महाराज, छत्रपति शिवाजी महाराज, रानी लक्ष्मीबाई, पं. रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, रोशन सिंह उसी परंपरा के नायक हैं, जिसे हर भारतवासी विरासत कहता है। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण व धर्मध्वजा का आरोहण विरासत की श्रृंखला की महत्वपूर्ण कड़ी है। दूसरा प्रणः गुलामी के अंशों को पूरी तरह समाप्त करना- सीएम ने कहा कि बीच के कालखंड में हर देशवासी भूल गया कि जब दुनिया अंधकार में थी, तब भारत बड़ी ताकत था। दो हजार वर्ष पहले दुनिया की अर्थव्यवस्था में भारत का हिस्सा 46 फीसदी और चार सौ वर्ष पहले भारत की भागीदारी का हिस्सा 26 फीसदी था। देश जब आजाद हुआ, तब दुनिया की अर्थव्यवस्था में भारत का हिस्सा महज डेढ़ फीसदी रह गया था। अंग्रेज व विदेशी आक्रांता जब भारत को लूटकर ले गए थे, उसकी कीमत उस समय लगभग 32-35 ट्रिलियन डॉलर के बराबर थी। आज भारत की अर्थव्यवस्था मात्र चार ट्रिलियन डॉलर की है। अब भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है। हाल के सर्वे के मुताबिक दुनिया ने माना है कि भारत सबसे तेज गति के साथ बढ़ने वाला राष्ट्र बन गया है। भारत की यात्रा शानदार इसलिए है, क्योंकि हमने विरासत पर गौरव की अनुभूति की और गुलामी के अंशों को समाप्त किया। तीसरा प्रणः सैन्य बलों का सम्मानः सैनिक, यूनिफॉर्म धारी फोर्स (सेना, अर्धसेना, पुलिस बल) का सम्मान करना है। उनके बलिदान व सेवाओं के प्रति सम्मान व कृतज्ञता होनी चाहिए। चौथे प्रण की चर्चा कर सीएम योगी ने कहा कि विदेशी आक्रांता इसलिए सफल हुए, क्योंकि हम विभाजित थे, जाति-क्षेत्र, भाषा के नाम पर बंटे थे। पड़ोस में आग लगी है और हम निश्चिंत बैठे हैं तो देर-सवेर आग अवाम तक भी पहुंचेगी। सामाजिक विद्वेष की खाई को चौड़ा होने से रोकना होगा। हमारी पहचान राष्ट्रीयता के आधार पर होनी चाहिए।

संस्कृति नष्ट

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राष्ट्र की पहचान वहां की संस्कृति, परंपराएं और महापुरुष होते हैं, यह एक-दूसरे से जुड़े हैं। राष्ट्र की संस्कृति समाप्त हो जाए तो राष्ट्र अपनी एकात्मता व पहचान को खो देता है। संस्कृति उन राष्ट्रीय मूल्यों से बनती है, जिन्हें समय-समय पर अलग-अलग युगांतकारी घटनाओं ने संबल और शक्ति दी। जिन्हें विभिन्न पर्वों के माध्यम से पूरा भारत बिना भेदभाव के आत्मसात करता है। पर्व में मतभेदों को समाप्त करके हम एक भारत-श्रेष्ठ भारत की अभिव्यक्ति को प्रदर्शित करते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब भी हम संकट में होते हैं तो महापुरुषों के शौर्य व पराक्रम नई ऊर्जा देते हैं। महंत दिग्विजयनाथ महाराज द्वारा 1932 में गोरखपुर में स्थापित महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह-2025 का शुभारंभ उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट योगेंद्र डिमरी (से.नि.) ने किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष के रूप में कार्य करने वाले स्मृतिशेष प्रो. यूपी सिंह व अन्य दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद अगले छह वर्ष के अंदर होने वाले शताब्दी महोत्सव के कार्यक्रम के साथ बढ़ रहा है। ऐसे में शिक्षा परिषद व संस्थाओं के सामने 100 वर्षों की इस यात्रा के आत्ममंथन का अवसर है। यह समारोह इस पर आत्मावलोकन का अवसर प्रस्तुत कर रहा है कि छात्र के सर्वांगीण विकास, समाज व राष्ट्र के प्रति हमने अपनी भूमिका का निर्वहन किस रूप में किया है। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापकों ने जो विराट लक्ष्य रखा है, वह समाज व राष्ट्र के प्रति हमारी सेवाएं-कर्तव्य के समय-समय पर मूल्यांकन का भी है। हमारे संस्थापकों ने छात्र-छात्राओं के सामने महाराणा प्रताप के रूप में आदर्श रखा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण, अपनी संकल्पना और भावना को बढ़ाने के लिए संस्थापकों ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना की।

रूस से आया

यात्रा पर पूरी दुनिया का निगाहें हैं। इसी बीच पीएम मोदी की अगवानी को लेकर क्रेमलिन की ओर से बयान जारी किया गया है। क्रेमलिन ने कहा कि पीएम मोदी का विमान के पास पर जाकर पुतिन से मिलने का निर्णय अप्रत्याशित था और रूसी अधिकारियों को इसकी पहले से सूचना नहीं दी गई थी। यूक्रेन युद्ध के बाद यह पुतिन की पहली भारत यात्रा है। राष्ट्रपति पुतिन आज पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता में शामिल होंगे। इसके बाद पुतिन पीएम मोदी के आवास पर आयोजित एक अनौपचारिक रात्रिभोज में शामिल होंगे। राष्ट्रपति पुतिन 4 दिसंबर की शाम में नई दिल्ली पहुंचेंगे। इसके बाद वह पीएम मोदी के साथ मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं के बीच सात लोक कल्याण मार्ग (पीएम आवासा) पर अनौपचारिक वार्ता होगी और इसके बाद पुतिन निजी रात्रिभोज में शामिल होंगे। भारत दौरे के दूसरे दिन व्लादिमीर पुतिन का राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया जाएगा। इसके बाद पुतिन राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देंगे। इसके बाद वे हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत में शामिल होंगे। बता दें कि प्रतिनिधिमंडलों की बैठक में कुछ प्रमुख उद्योगपति भी शामिल हो सकते हैं। शुक्रवार को पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन भारत-रूस बिजनेस फोरम में हिस्सा लेंगे। इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के न्योते पर पुतिन राष्ट्रपति भवन में भोज में शामिल होंगे। इसके बाद राष्ट्रपति पुतिन मॉस्को के लिए रवाना होंगे।

एसआईआर

है। अदालत ने आदेश में कहा कि राज्य सरकारें चुनाव निर्वाचन के अधीन अतिरिक्त कर्मचारियों को तैनात करने की आवश्यकता पर विचार कर सकती हैं ताकि कामकाज के घंटे आनुपातिक रूप से कम किए जा सकें। पीठ ने कहा कि यदि किसी कर्मचारी के पास एसआईआर ड्यूटी से छूट मांगने का कोई विशिष्ट कारण है, तो राज्य सरकार का संबंधित अधिकारी ऐसे अनुरोधों पर मामलों के आधार पर विचार कर सकता है और उस कर्मचारी की जगह किसी अन्य को तैनात कर सकता है।

नोएडा : सौतेले

लड़का गहरे नाले के दलदल में फंसे हुए थे। दोनों युवक नाले में उतरे और बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। पुलिस के अनुसार, बच्चों ने बताया कि उनके पिता आशीष ने उन्हें नाले में फेंक दिया

न्यूजीलैंड को 481 रन की बढ़त

वेस्टइंडीज को 167 रन पर आउट करके 64 रन की बढ़त हासिल की थी

एजेंसी

क्राइस्टचर्च। रचिन रविंद्र और टॉम लैथम के शतकों की मदद से न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन गुरुवार को यहां 481 रन की बढ़त हासिल करके मैच पर अपना शिकंजा मजबूत कस दिया। रविंद्र ने 176 रन की लाजवाब पारी खेली जबकि सलामी बल्लेबाज लैथम ने 145 रन बनाए। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 279 रन की साझेदारी की जिससे न्यूजीलैंड ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 417 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 231 रन बनाने के बाद वेस्टइंडीज को 167 रन पर आउट करके 64 रन की बढ़त हासिल की थी। न्यूजीलैंड की दूसरी पारी के 417 रन में से 200 रन 50 चौकों से आए, जिनमें से 27 चौके रविंद्र ने लगाए। दिन का खेल समाप्त होने के समय विल यंग 20 और माइकल ब्रेसवेल छह रन बनाकर खेल रहे थे। लैथम ने 179 गेंदों में नौ चौकों की मदद से अपना शतक पूरा किया।

रविंद्र ने अपना चौथा टेस्ट शतक 108 गेंदों में 16 चौकों और एक छक्के की मदद से पूरा किया। लैथम ने अपनी पारी में 250 गेंद का सामना किया और 12 चौके लगाए जबकि रविंद्र ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। उन्होंने 185 गेंद का सामना किया और अपनी पारी में 27 चौके लगाने के अलावा एक छक्का भी जड़ा। इन दोनों के अलावा डेवोन कॉनवे ने 37 रन का योगदान दिया। स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन केवल नौ रन ही बना सके। उनके आउट होने से न्यूजीलैंड का स्कोर दो विकेट पर 100 रन हो गया था। इसके बाद रविंद्र और लैथम ने बड़ी साझेदारी निभाई।

उत्तर प्रदेश की चंडीगढ़ पर जीत में चमके भुवनेश्वर व रिज्वी

कोलकाता। समीर रिज्वी के अर्धशतक के बाद भुवनेश्वर कुमार की धारदार गेंदबाजी से उत्तर प्रदेश ने बृहस्पतिवार को यहां सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट के ग्रुप बी मैच में चंडीगढ़ को 40 रन से हरा दिया। उत्तर प्रदेश के 213 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चंडीगढ़ की टीम भारतीय टीम से बाहर चल रहे भुवनेश्वर (23 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने आठ विकेट पर 172 रन ही बना सकी। उत्तर प्रदेश ने इससे पहले रिज्वी की 42 गेंद में छह चौकों और तीन छक्कों से 70 रन की पारी और सलामी बल्लेबाज माधव कौशिक (41 गेंद में सात चौकों और दो छक्कों से 67 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 86 रन की साझेदारी की बदौलत सात विकेट पर 212 रन बनाए। सिद्धार्थ यादव ने भी रन आउट होने से पहले 12 गेंद में तीन चौकों और दो छक्कों से 28 रन बनाए। चंडीगढ़ की ओर से तेज गेदबाज संदीप शर्मा ने 26 रन देकर चार विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए चंडीगढ़ ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। सलामी बल्लेबाज मनन वोहरा (61 रन, 35 गेंद, छह चौके, तीन छक्के) ने एक छोर संभाले रखा लेकिन उन्हें दूसरे छोर से पर्याप्त समर्थन नहीं मिला। विकेटकीपर निखिल ठाकुर (28 गेंद में 32 रन) और अमृत लुबाना (23 गेंद में 30 रन) ने उपयोगी पारियां खेलीं लेकिन यह टीम को जीत दिलाने के लिए नाकाफी था।

केरल ने गत चैंपियन मुंबई को हराकर किया उलटफेर

लखनऊ। तेज गेंदबाज केएम आसिफ के पांच विकेट की बदौलत केरल ने बृहस्पतिवार को यहां सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी ग्रुप ए मुकाबले में गत चैंपयन मुंबई को 15 रन से हराकर उलटफेर किया। मुंबई को इस टी20 टूर्नामेंट में अपने पांच मैचों में पहली हार मिली लेकिन फिर भी टीम 16 अंक के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है। वहीं केरल अपनी तीसरी जीत के साथ 12 अंक से पांच टीमों के इस पूल में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है जबकि आंध्र भी 12 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। केरल नेट रन रेट में आंध्र से थोड़ा पीछे है। स्टार खिलाड़ियों से सजी मुंबई टीम 179 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 19.4 ओवर में 163 रन पर ऑल आउट हो गई। भारतीय तेज गेंदबाज शारदुल ठाकुर की अगुआई वाली मुंबई की टीम में भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव और शिवम दुबे जैसे खिलाड़ी शामिल थे। केरल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 178 रन बनाए। केरल को संजू सैमसन ने शानदार शुरूआत कराई। उन्होंने 28 गेंद में 46 रन बनाए जिसमें आठ चौके और एक छक्का शामिल था। हालांकि रोहन कुनुम्मल (02) और सैमसन के आउट होने से केरल का सातवें ओवर में स्कोर दो विकेट पर 58 रन हो गया। सैमसन ने ज्यादातर स्ट्राइक अपने पास रखी और मुंबई के स्टार गेंदबाजों का जिम्मेदारी से सामना किया। उनके आउट होने के बाद स्कोरिंग गति धीमी पड़ गई। विष्णु विनोद ने 40 गेंद में 43 रन बनाए। विनोद ने मोहम्मद अजहरुद्दीन (32) के साथ 63 रन की साझेदारी।

एरिगैसी ने आनंद को हराकर जेरूशलम मास्टर्स का जीता खिताब

जेरूशलम। ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने यहां फाइनल में हमवतन और पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद को हराकर जेरूशलम मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीता। इन दोनों खिलाड़ियों ने शुरुआती रैपिड गेम ड्रॉ किए।

इसके बाद एरिगैसी ने पहले ब्लिट्ज टाईब्रेक मैच में सफेद मोहरों से जीत हासिल कर निर्णायक बढ़त हासिल कर ली। चेसबेस डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार 22 वर्षीय एरिगैसी दूसरे ब्लिट्ज मुकाबले में भी जीत हासिल करने के करीब पहुंच गए थे लेकिन आखिर में उन्हें ड्रॉ से संतोष करना पड़ा, लेकिन यह उनके लिए 2.5-1.5 से मुकाबला और खिताब जीतने के लिए पर्याप्त था। एरिगैसी ने बाद में कहा, यह जीत आसान नहीं थी। मेरे सामने कई चुनौतियां थी और मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी नहीं कर पाया। इसके बावजूद खिताब हासिल करके मैं बहुत खुश हूं।

उन्होंने आगे कहा, आज के दोनों मुकाबले (पीटर स्विडलर और फिर आनंद के खिलाफ़) काफ़ी तनावपूर्ण रहे। आनंद सर के खिलाफ़ पहले गेम में हम दोनों ने मौके गंवाए। लेकिन मुझे लगता है कि ब्लिट्ज़ में मैंने अच्छा प्रदर्शन किया। इस जीत के साथ एरिगैसी को 55,000 अमेरिकी डॉलर, जबकि आनंद को 35,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिली। एरिगैसी ने सेमीफाइनल में रूस के ग्रैंडमास्टर पीटर स्विडलर को जबकि आनंद ने विश्व ब्लिट्ज चैंपियन इयान नेपोमनियाची को हराया था।

कलिकेश एनआरएआई के अध्यक्ष और पवन नये महासचिव बने

मोहाली। कलिकेश नारायण सिंह देव ने गुरुवार को यहां भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) की आम सभा की बैठक के दौरान निर्विरोध चुने जाने के बाद के इस राष्ट्रीय खेल महासंघ के अध्यक्ष के रूप में अपना चार साल का पहला पूर्ण कार्यकाल शुरू किया।

एनआरएआई के चुनावों के परिणाम आधिकारिक रूप से घोषित किए जाने के बाद इस खेल के जाने-माने प्रशासक और तकनीकी विशेषज्ञ पवन सिंह को नया महासचिव चुना गया। चुनाव का संचालन चुनाव अधिकारी न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) निर्मलजीत कौर की देखरेख में किया गया। चुनावों में नई कार्यकारी समिति और नई संचालन संस्था का भी गठन किया गया। अध्यक्ष चुने जाने के बाद सिंह देव ने कहा, भारतीय निशानेबाजी ने पिछले कुछ वर्षों में सफलता और लोकप्रियता दोनों के मामले में अपना सबसे सफल दौर देखा है और इससे हमारी जिम्मेदारियां कई गुना बढ़ जाती हैं। उन्होंने कहा मैं आम सभा का मुझमें और मेरी टीम में विश्वास बनाए रखने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। हम इस खेल को आगे बढ़ाने और प्रतिभाशाली निशानेबाजों को और बेहतर बनाने में अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ने का वादा करते हैं। आइए हम सब मिलकर अपने इस प्रिय खेल में भारत को विश्व में नंबर एक बनाने के लिए काम करें।

संक्षेप

नारायण 600 विकेट चटकाने वाले पहले क्रिकेटर बने

अबु धाबी। गेंदबाजी में विविधता के लिए पहचाने जाने वाले रहस्यमयी स्पिनर सुनील नारायण ने अपना नाम इतिहास में दर्ज करा लिया जब वह प्रतिस्पर्धी टी20 क्रिकेट में 600 विकेट चटकाने वाले पहले गेंदबाज बने। वेस्टइंडीज के नारायण ने बुधवार को यहां शारजाह वारियर्स के खिलाफ अबु धाबी नाइट राइडर्स की ओर से खेलते हुए यह उपलब्धि हासिल की। त्रिनिदाद के इस 37 वर्षीय क्रिकेटर ने टॉम एबेल को आउट करके यह उपलब्धि हासिल की। उनकी यह उपलब्धि टी20 प्रारूप में महानतम गेंदबाजों में से एक के रूप में नारायण के दर्जे को और मजबूत करती है। मैच के बाद अबु धाबी नाइट राइडर्स ने नारायण के विशेष जर्सी दी जिसमें 600 अंक लिखा था जो उनकी अभूतपूर्व उपलब्धि को दर्शाता है।

आईजीपीएल में भुल्लर ने जीता तीसरा खिताब

अहमदाबाद। गगनजीत भुल्लर ने अंतिम दौर में पांच अंडर 67 के स्कोर से बृहस्पतिवार को यहां खिताब जीता और इसके साथ ही आईजीपीएल टूर पर तीन खिताब जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। पहले दौर में एक अंडर 71 के स्कोर से शुरुआत करते हुए भुल्लर ने अंतिम दो दौर में 67 के समान स्कोर से कुल 11 अंडर के स्कोर से खिताब अपने नाम किया। इक्कीस साल के प्रतिभावान राघव चुघ अंतिम दौर में चार अंडर 68 के स्कोर से कुल 10 अंडर के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहे। फिलिपीन्स के जस्टिन किबान, मैक्सिको के सेंटयागो डि ला फुएंटेस और भारतीय-अमेरिकी मानव शाह आठ अंडर के कुल स्कोर से संयुक्त तीसरे स्थान पर रहे।

चेन्नई सुपर वॉरियर्स जीत के साथ प्लेऑफ में

नयी दिल्ली। चेन्नई सुपर वॉरियर्स बृहस्पतिवार को यहां इंडियन पिकलबॉल लीग (आईपीबीएल) में बेंगलुरु ब्लास्टर्स को 4-2 से हराकर प्लेऑफ में जगह पक्की करने वाली पहली टीम बन गई। चेन्नई की टीम चार जीत से 12 अंक के साथ तालिका में सबसे ऊपर है। उसके बाद हैदराबाद की टीम दूसरे स्थान पर है। लखनऊ की टीम तीसरे और गुड़गांव की टीम चौथे स्थान पर है। मुंबई की टीम अब तक एक भी जीत दर्ज नहीं कर पाई है जिससे वह सबसे नीचे है। वहीं बेंगलुरू पांचवें स्थान पर है।

गायत्री-त्रीसा की शीर्ष 10 में वापसी की उम्मीद बढ़ी

एजेंसी

नयी दिल्ली। सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में खिताब की रक्षा करके गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली ने सिर्फ एक और ट्रॉफी नहीं जीती बल्कि उन्हें वह लय भी वापस मिल गई है जिसकी तलाश वे इस सत्र में कर रहीं थी। दो बार ऑलइंग्लैंड के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली गायत्री और त्रीसा की जोड़ी ने 2025 की सकारात्मक शुरुआत करते हुए ऑल इंग्लैंड के क्वार्टर फाइनल और फिर स्विस ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई लेकिन जून तक दोनों को कंधे की लगातार समस्या का सामना करना पड़ा जिससे उन्हें मकाऊओपन के बाद सर्किट से बाहर होना पड़ा।

गायत्री और त्रीसा ने चोट से वापसी के बाद लखनऊ में अपनी दूसरे ही प्रतियोगिता में शानदार जीत हासिल की जिससे इस युवा भारतीय जोड़ी को 2026 के लिए स्पष्टता और आत्मविश्वास मिला है। इस जोड़ी का मकसद अब महिला युगल के शीर्ष में अपनी जगह फिर से हासिल करना होगा। गायत्री ने साक्षात्कार में कहा, मुझे सैयद मोदी धैर्य रखने और प्रक्रिया पर भरोसा करने का इनाम जैसा लगा। उन्होंने कहा, मैंने अभी फिर से खेलना शुरू किया है और इससे मुझे बहुत आत्मविश्वास मिला है कि मेरा खेल सही दिशा में आगे बढ़ रहा है।

कंधे की चोट के बाद लंबा रिहैबिलिटेशन चरण चला और गायत्री ने कहा कि इसका मानसिक पहलू भी उतना की चुनौतीपूर्ण था। गायत्री ने कहा, मकाऊसे पहले भी यह था और अब भी दर्द हो रहा था। मकाऊके बाद दो महीने का ब्रेक लिया यह मुश्किल, चुनौतीपूर्ण स्थिति थी। उन्होंने कहा आप रिहैब पर ध्यान केंद्रित करते हैं, पॉजिटिव रहते हैं, कोच, फिजियो, परिवार पर निर्भर रहते हैं अगर मैं मानसिक रूप से मजबूत रहती हूं तो इससे मुझे मदद मिलती है। गायत्री को अपने पिता, पूर्व ऑल इंग्लैंड चैंपियन और राष्ट्रीय मुख्य कोच पुलेला गोपीचंद से काफी सुझाव मिलते हैं।

शमी के चार विकेट से सेना को हराकर बंगाल शीर्ष पर

एजेंसी

हैदराबाद। भारतीय टीम से बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के 13 रन पर चार विकेट से बंगाल ने बृहस्पतिवार को यहां सैयद मुशताक अली ट्रॉफी के ग्रुप सी मैच में सेना को सात विकेट से हरा दिया। यह बंगाल की पांच मैच में चौथी जीत है और अभिमन्यु ईश्वरन की अगुआई वाली टीम 16 अंक के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है। टीम ने इसके साथ ही नॉकआउट में जगह बनाने का अपना दावा मजबूत कर दिया है।

आईपीएल नीलामी में उतर रहे ईश्वरन ने 37 गेंद में 58 रन की पारी खेलने के अलावा अभिषेक पोरेल (29 गेंद में 56 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 93 रन जोड़े जिससे बंगाल ने 166 रन के लक्ष्य को 15.1 ओवर में ही हासिल कर लिया। इससे पहले मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए शमी ने 13 रन देकर चार जबकि आकाशदीप ने 27 रन देकर तीन विकेट चटकाए जिससे सेना की टीम 18.2 ओवर में 165 रन पर सिमट गई। ज्तिक चटर्जी ने भी 32 रन देकर दो विकेट चटकाए। चोट के बाद वापसी करते हुए पंजाब के खिलाफ तेजर्तार पारी खेलने वाले हार्दिक पंड्या ने इस बार गेंद से प्रभावित करते हुए चार ओवर में 16 रन देकर एक विकेट हासिल किया जबकि उनकी टीम बड़ौदा ने गुजरात को कम स्कोर वाले मैच में आठ विकेट से हराया। गुजरात की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 14.1 ओवर में सिर्फ 73 रन पर ढेर हो गई। गुजरात के सिर्फ दो खिलाड़ी दोहरे अंक में पहुंच पाए। बड़ौदा की ओर से भारत के पूर्व अंडर-19 तेज गेंदबाज राज लिम्बानी ने पांच रन देकर तीन विकेट चटकाए। बड़ौदा ने इसके जवाब में सिर्फ 6.4 ओवर में दो विकेट पर 74 रन बनाकर जीत दर्ज की। हार्दिक ने छह गेंद में 10 रन बनाए।

कोहली लगातार दूसरा शतक लगाने में सफल : गावस्कर

रायपुर। पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में शुरू से ही लग रहा था कि विराट कोहली शतक लगाने में सफल रहेंगे क्योंकि इस दिग्गज बल्लेबाज ने छक्का लगाकर अपना खाता खोला और पिछले मैच के अपने आत्मविश्वास को बनाए रखा। कोहली ने बुधवार को यहां 93 गेंदों पर 102 रन बनाए, जो 50 ओवर के प्रारूप में उनका 53वां शतक और सभी प्रारूप में मिलाकर 84वां शतक है। हालांकि भारत यह मैच चार विकेट से हार गया। उन्होंने 30 नवंबर को रांची में खेले गए पहले मैच में 120 गेंदों पर 135 रन बनाए थे जिससे भारत ने यह मैच 17 रन से जीता था। जियोस्टार विशेषज्ञ गावस्कर ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो किसी भी समय ऐसा नहीं लगा कि वह शतक नहीं बना पाएंगे। पहली गेंद से ही ऐसा लगा कि वह रांची की अपनी पारी को ही आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कोहली ने हुक करके छक्का जड़कर शुरुआत की।

हॉकी : दक्षिण अफ्रीका ने मलेशिया को हराया

एजेंसी

चेन्नई। इंग्लैंड ने जूनियर पुरूष हॉकी विश्व कप के नौवें से 16वें स्थान के क्लासीफिकेशन मुकाबले में गुरूवार को चिली को 3-1 से हराया। मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम पर खेले गए मैच में इंग्लैंड के लिये काडेन ड्रेसे ने तेरहवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर पहला गोल दागा। वहीं कप्तान मैक्स एंडरसन ने दूसरे क्वार्टर के चौथे मिनट में फील्ड गोल करके बढत दुगुनी कर दी। इसके चार मिनट बाद चिली के लिये जेवियर वर्गास ने बेहतरीन फील्ड गोल करके अंतर कम किया। चिली पूल चरण में भारत और स्विटजरलैंड के बाद पूल बी में तीसरे स्थान पर रही थी। इंग्लैंड ने हालांकि जवाबी हमलों में जॉनी हिबिट स्टर्च के गोल के दम पर फिर 3-। से बढत बना ली। हाफटाइम तक यही स्कोर था और आखिरी दोनों क्वार्टर में दोनों टीमों ने कई प्रयास किये लेकिन गोल नहीं हो सका। दक्षिण अफ्रीका ने जेडन ब्रूकर के दो गोलों की मदद से मलेशिया को नौवे से 16वें स्थान के क्लासीफिकेशन मैच में 3-1 से हराया। मैच में चारों गोल पेनल्टी कॉर्नर पर हुए। ब्रूकर ने 18वें और 39वें मिनट में गोल दागे जबकि तीसरा गोल रोस मोंटगोमेरी ने 58वें मिनट में किया। मलेशिया के लिये एकमात्र गोल मैट अकील ने 48वें मिनट में किया। वहीं दूसरी ओर भारत ने अपेक्षाकृत आसान पूल में लगभग प्रत्येक विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन एफआईएच पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप में उसकी असली परीक्षा बेल्जियम के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले क्वार्टर फाइनल मैच में होगी। चिली, ओमान और स्विट्जरलैंड के साथ पूल बी में शामिल भारत ने शानदार प्रदर्शन करके पहले स्थान पर रहते हुए नाकआउट दौर में प्रवेश किया। भारतीय टीम ने पूल चरण में 29 गोल किए और एक भी गोल नहीं खाया, जो टूर्नामेंट में भाग ले रही सभी 24 टीमों में सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइक रेट है। लेकिन पीआर श्रीजेश की कोचिंग वाली टीम यह बात अच्छी तरह जानती है कि इन परिणामों का आगे कोई महत्व नहीं होगा।

अबूधाबी नाइटराइडर्स ने शारजाह वॉरियर्स को हराया

शारजाह। लियाम लिविंगस्टोन ने शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में 38 गेंदों पर 82 रन की तूफानी पारी खेली, जिससे अबूधाबी नाइटराइडर्स ने विश्व आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में शारजाह वॉरियर्स को 39 रन से हराया। लिविंगस्टोन ने अपनी पारी में दो चौके और आठ छक्के लगाए जिससे नाइटराइडर्स चार विकेट पर 233 रन का विशाल स्कोर खड़ा करने में सफल रहा। यह लीग के इतिहास में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। इसके जवाब में वॉरियर्स की टीम नौ विकेट पर 194 रन ही बना पाई। लिविंगस्टोन को बीच के ओवरों में शेरफेन रदरफोर्ड (27 गेंदों पर 45 रन) से सहयोग मिला। इससे पहले एलेक्स हेल्स (19 गेंदों पर 32 रन) और अलीशान शराफू (23 गेंदों पर 34 रन) ने टीम को तेज शुरुआत दिलाई। लिविंगस्टोन ने पारी के अंतिम ओवर में ड्वेन प्रीटोरियस पर पांच छक्के जड़कर 33 रन बटोरे। वॉरियर्स के लिए आदिल राशिद एकमात्र सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 31 रन देकर दो विकेट लिए।

मुश्किल लक्ष्य का पीछा

तन्वी, अश्मिता की अगुआई में भारतीय खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन

गुवाहाटी। तन्वी शर्मा और अश्मिता चालिहा की अगुआई में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने बृहस्पतिवार को यहां गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 टूर्नामेंट में दबदबा बनाते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

फुटबॉल : रियाल मैड्रिड की आसान जीत

एजेंसी

मैड्रिड। काइलियन एमबाप्पे के दो गोल और एक अन्य गोल में मदद करने की बदौलत रियाल मैड्रिड ने एथलेटिक बिलबाओ को 3-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में पिछले तीन मैच से जीत हासिल नहीं कर पाने का सिलसिला खत्म किया। एडुआर्डो कैमाविंगा ने भी मैड्रिड के लिए गोल किया, जिससे उसकी टीम ने शीर्ष पर काबिज बार्सिलोना से अंतर कम कर दिया है। बार्सिलोना अब अपने इस चिर प्रतिद्वंद्वी से केवल एक अंक आगे है। उसने मंगलवार को एटलेटिको मैड्रिड को 3-1 से हराया था। एमबाप्पे ने सभी प्रतियोगिताओं में अपने पिछले तीन मैचों में सात गोल किए हैं। उन्होंने गिरोना के खिलाफ एक गोल किया था और ओलंपियाकोस के खिलाफ चैंपियंस लीग के मैच में 4-3 की जीत में चार गोल दागे थे। इस फ्रांसीसी स्टार ने इस सत्र में अपने क्लब और देश के लिए कुल 24 मैचों में 30 गोल किए हैं। वह स्पेनिश लीग (16 गोल) और चैंपियंस लीग (नौ गोल) दोनों में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। एमबाप्पे ने बुधवार को सातवें मिनट में अपना पहला गोल किया। कैमाविंगा ने 42वें मिनट में एमबाप्पे की मदद से बढ़त दोगुनी कर दी। फ्रांस के खिलाड़ी ने 59वें मिनट में अपना दूसरा गोल दागा। वहीं दूसरी ओर आर्सेनल ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में पांच अंक की बढ़त हासिल कर ली है जबकि लिवरपूल का

एमबाप्पे के दो गोल से जीत

रन तभी मायने रखते हैं जब आप मैच जीतते हैं : मार्क्रम

एजेंसी

रायपुर। दक्षिण अफ्रीका को भारत के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में चार विकेट से रोमांचक जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले एडेन मार्क्रम ने कहा कि रन बनाना तभी मायने रखता है जब टीम जीतती है और वह पहले वनडे में मामूली अंतर से मिली हार के लिए खुद को जिम्मेदार मानते हैं। मार्क्रम ने 110 रन की शानदार पारी खेली जिससे दक्षिण अफ्रीका 359 रन के लक्ष्य को हासिल करने में सफल रहा। भारत ने रांची में खेला गया पहला वनडे 17 रन से जीता था। मार्क्रम ने बुधवार को मैच के बाद पत्रकारों से कहा, रन तभी मायने रखते हैं जब आप मैच जीतते हैं। ईमानदारी से कहूं तो कम से कम मेरे लिए तो यही मायने रखता है। अगर हम आज हार जाते तो मैं पिछले मैच की तरह ही दुखी होता। जीत हासिल करके मुझे वास्तव में बहुत खुशी हुई है। उन्होंने पहले मैच का ज़िक्र करते हुए कहा मुझे लगता है कि पहले मैच में शुरुआत में ही तीन विकेट गिर जाने के कारण ही हम जीत हासिल नहीं कर पाए और इसके लिए मैं खुद को जिम्मेदार मानता हूं। दूसरे वनडे में मार्क्रम के शतक के बाद डेवाल्ड ब्रेविस ने 54 रन और मैथ्यू ब्रीट्ज़के ने 68 रन बनाए, जिससे दक्षिण अफ्रीका ने चार गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

पहले वनडे में हार के लिए मैं जिम्मेदार था: मार्क्रम

मार्क्रम ने कहा, ऐसा लग रहा था कि जैसे हम फिर से पहले वाला मैच खेल रहे हैं। श्रृंखला बराबर करने के बाद दक्षिण अफ्रीका अब शनिवार को विशाखापत्तनम में होने वाले तीसरे और अंतिम वनडे मैच को जीत कर श्रृंखला अपने नाम करने की कोशिश करेगा जिससे टी20 विश्व कप और वनडे विश्व कप से पहले टीम का मनोबल बढ़ेगा। मार्क्रम ने इस बारे में कहा, अभी इन टूर्नामेंट में काफी समय है लेकिन विश्वास और आत्मविश्वास संभवतः दो चीजें हैं जिन्हें आप एक टीम के रूप में हासिल कर सकते हैं।

अमेरिका में वीजा स्क्रीनिंग प्रणाली और कड़ी

वीजा जारी करना किसी भी सरकार का संप्रभु अधिकार : अमेरिकी नियम कड़े होने पर रास में बोले जयशंकर

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में कहा कि वीजा जारी करना किसी भी सरकार का संप्रभु अधिकार है और अमेरिका के पास उसके राष्ट्रीय सुरक्षा आकलन के आधार पर वीजा देने या नहीं देने का निर्णय लेने का अधिकार है।

उच्च सदन में पूरक प्रश्नों के उत्तर में उन्होंने बताया कि अमेरिका ने हाल ही में, ताजा घोषणा बुधवार को, वीजा निर्णयों को पूरी तरह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा फैसला घोषित किया है। जयशंकर ने यह बात ऐसे समय पर कही है जब इस बात पर चिंता जताई जा रही है कि अमेरिका ने वीजा स्क्रीनिंग प्रणाली को और कड़ा कर दिया है और अब वह आवेदकों के सोशल मीडिया खातों की विस्तृत जांच भी करेगा, जिसका असर भारतीय आवेदकों पर भी पड़ने का अनुमान है। वीजा जारी करना किसी भी सरकार का संप्रभु अधिकार है। अमेरिका के मामले में, उनका यह स्पष्ट मत है और ताजा घोषणा कल की है कि हर वीजा निर्णय एक राष्ट्रीय सुरक्षा निर्णय है। इसलिए वे किसी व्यक्ति की राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित स्थिति का आकलन कर वीजा पर निर्णय लेने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सरकार ने सार्वजनिक रूप से कहा है कि छात्र वीजा मामलों में वे सभी आवेदकों से अपने सोशल मीडिया खातों की गोपनीयता सेटिंग को सार्वजनिक करने को कहेंगे ताकि वे वीजा चाहने वालों के सोशल मीडिया पोस्ट की पूरी तरह जांच कर सकें।

उन्होंने कहा यह उनका सार्वजनिक रूप से घोषित रुख है। पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए जयशंकर ने बताया कि छात्र वीजा रद्द या निरस्त किए जाने की समस्या अप्रैल 2025 से शुरू हुई, जब अमेरिकी विदेश मंत्री ने नयी नीति की घोषणा की। उन्होंने कहा इसके परिणामस्वरूप, अपेक्षाकृत मामूली उल्लंघनों पर भी छात्रों के वीजा रद्द किए गए। कई मामलों में उन पर स्वयं-निर्वासन का दबाव भी बनाया गया। इस मुद्दे पर भारत द्वारा अमेरिकी अधिकारियों से बात किए जाने संबंधी प्रश्न पर मंत्री ने कहा, हां, जिन भी मामलों की जानकारी हमें मिली और जहां छात्रों ने सीधे हमारे वाणिज्य दूतावासों या दूतावास से संपर्क किया, वहां हमारे मिशन ने हस्तक्षेप किया है। उन्होंने कहा कि भारत ने अमेरिकी प्रणाली को समझाने की कोशिश की है कि मामूली उल्लंघन ऐसे कठोर कदम उठाने का आधार नहीं बनना चाहिए। अमेरिका ने हाल ही में एच- ।बी वीजा आवेदकों और उनके एच-4 आश्रितों के लिए स्क्रीनिंग और जांच उपायों का विस्तार किया है, जिसमें सभी सोशल मीडिया खातों की गोपनीयता सेटिंग सार्वजनिक करने का निर्देश शामिल है। बुधवार को जारी नए आदेश के अनुसार, 15 दिसम्बर से एच-1बी आवेदकों और उनके परिजनों की ऑनलाइन उपस्थिति की समीक्षा अमेरिकी अधिकारियों द्वारा की जाएगी। यह निर्देश ट्रंप प्रशासन द्वारा आव्रजन नियमों को कड़ा करने की श्रृंखला में नवीनतम कदम है।

भारत-रूस व्यापार को और अधिक संतुलित बनाने की जरूरतः गोयल

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत और रूस के बीच द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने तथा इसे और अधिक संतुलित बनाने की दिशा में काम करने के व्यापक अवसर मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता वस्तुएं, खाद्य उत्पाद, मोटर वाहन, ट्रैक्टर, भारी वाणिज्यिक वाहन, स्मार्टफोन जैसे इलेक्ट्रॉनिक, औद्योगिक कल-पुर्जे और वस्त्र भारत से रूस को निर्यात बढ़ाने की क्षमता रखने वाले में क्षेत्रों में शामिल हैं।

गोयल ने उद्योग मंडल फिक्की द्वारा आयोजित भारत-रूस व्यापार मंच की बैठक में कहा द्विपक्षीय व्यापार 70 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच रहा है लेकिन हम आराम से नहीं बैठ सकते, हमें आगे बढ़ना होगा और संतुलन बनाना होगा। भारत का रूस को निर्यात 2024-25 में 4.9 अरब अमेरिकी डॉलर रहा जबकि आयात 63.8 अरब अमेरिकी डॉलर था। इससे व्यापार घाटा करीब 59 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। दोनों पक्षों ने 2030 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने कहा कि भारत सेवा क्षेत्र में भी रूस को बड़ी पेशकश कर सकता है। रूसी संघ के राष्ट्रपति कार्यालय के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ मैक्सिम ओरेश्किन ने बैठक में कहा कि रूस के आयात में भारत की हिस्सेदारी दो प्रतिशत से भी कम है और इसे बढ़ाने की आवश्यकता है। ओरेश्किन ने कहा कि अधिक संतुलित व्यापार के लिए इसे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत छह प्रमुख क्षेत्रों में आपूर्ति बढ़ा सकता है जिनमें कृषि, औषधि, दूरसंचार उपकरण, औद्योगिक कल-पुर्जे एवं मानव संसाधन शामिल हैं। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने प्रक्रियाओं को सरल बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि भारतीय व्यवसाय रूस को निर्यात बढ़ा सकें।

संक्षेप

नाइजीरियाई लोगों पर वीजा प्रतिबंध लगायेगा अमेरिका

अबूजा (नाइजीरिया)। अमेरिका ने घोषणा की है कि वह नाइजीरिया में ईसाइयों के खिलाफ सामूहिक हत्याओं और हिंसा में शामिल इस पश्चिम अफ्रीकी देश के नागरिकों और उनके परिवारों के सदस्यों पर वीजा प्रतिबंध लगाएगा। अमेरिकी विदेश विभाग ने बुधवार को एक बयान में कहा कि यह कार्वाई पश्चिम अफ्रीकी देश में लंबे समय से जारी जटिल सुरक्षा संकट का हिस्सा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में नाइजीरिया में चरमपंथी इस्लामवादियों द्वारा ईसाइयों की हत्या का जिक्र किया था।पिछले महीने ट्रंप ने अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन को ईसाई उत्पीड़न के दावों के मद्देनजर नाइजीरिया में संभावित सैन्य कार्वाई की योजना शुरू करने का भी आदेश दिया था।अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने एक्स पर पोस्ट में कहा, अमेरिका, नाइजीरिया और उससे बाहर चरमपंथी इस्लामी आतंकवादियों, फुलानी जातीय मिलिशिया और अन्य हिंसक तत्वों द्वारा ईसाइयों के खिलाफ सामूहिक हत्याओं और हिंसा के जवाब में निर्णायक कार्वाई कर रहा है। यह नीति धार्मिक स्वतंत्रता के उल्लंघन में शामिल अन्य सरकारों या व्यक्तियों पर भी लागू होगी और ये प्रतिबंध आप्रवासन एवं राष्ट्रीयता अधिनियम के तहत एक नयी नीति के अनुरूप हैं।

समुद्री सीमाओं की रक्षा करने वालों को सलाम करता है भारतः राष्ट्रपति

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को नौसेना दिवस के अवसर पर भारतीय नौसेना के कर्मियों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को बधाई देते हुए कहा कि साहस, सतर्कता और अटूट प्रतिबद्धता के साथ हमारी समुद्री सीमाओं और राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने वाले बहादुर पुरुषों और महिलाओं को राष्ट्र सलाम करता है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि व्यापार मार्गों की सुरक्षा, समुद्री अर्थव्यवस्था को मजबूत करने से लेकर मानवीय मिशनों का नेतृत्व करने तक भारतीय नौसेना अनुशासन, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी को दर्शाती है।

नौसेना दिवस देश की रक्षा में नौसेना की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देने के लिए मनाया जाता है। नौसेना दिवस के लिए चार दिसंबर को इसलिए चुना गया क्योंकि यह 1971 के युद्ध के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ नौसेना के पराक्रम की याद दिलाता है, जब नौसेना ने दुश्मन को भारी नुकसान पहुंचाया था।

टोल संग्रह की इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली होगी शुरू



नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि टोल संग्रह की मौजूदा प्रणाली एक साल के भीतर समाप्त हो जाएगी और इसकी जगह एक इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली लेगी, जो राजमार्ग से गुजरने वालों की निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करेगी।

उन्होंने प्रश्नकाल के दौरान लोकसभा में कहा कि नयी प्रणाली 10 स्थानों पर शुरू की गई है और एक साल के भीतर पूरे देश में इसका विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मौजूदा टोल व्यवस्था खत्म हो जाएगी। टोल के नाम पर आपको रोकने वाला कोई नहीं होगा। एक साल के अंदर पूरे देश में इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन लागू कर दिया जाएगा। गडकरी ने यह भी कहा कि फिलहाल देश भर में 10 लाख करोड़ रुपये की 4,500 राजमार्ग परियोजनाएं जारी हैं। हाल में जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने भारत के राजमार्गों पर टोल संग्रह को सुव्यवस्थित करने के लिए राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह (एनईटीसी) कार्यक्रम विकसित किया है, जो इलेक्ट्रॉनिक टोल भुगतान के लिए एक एकीकृत इंटरऑपरेबल प्लेटफॉर्म है। दिल्ली में वायु प्रदूषण के मद्देनजर, गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्र सरकार वैकल्पिक ईंधन को प्राथमिकता दे रही है और टोयोटा की मिराई हाइड्रोजन ईंधन-सेल कार का उपयोग शुरू कर दिया गया है। भविष्य का ईंधन हाइड्रोजन है... मेरे पास एक कार भी है, जो हाइड्रोजन चालित है, और यह कार टोयोटा की है।

पान मसाला पर उपकर से मिले राजस्व का हिस्सा राज्यों के साथ साझा किया जायेगा

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में कहा कि पान मसाला के उत्पादन पर उपकर लगाने के प्रावधान का मकसद स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाना है तथा इससे मिलने वाले राजस्व का एक हिस्सा राज्यों के साथ साझा किया जाएगा। उन्होंने सदन में स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025 को चर्चा और पारित कराने के लिए रखते हुए यह भी कहा कि इस विधेयक का माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की व्यवस्था पर कोई असर नहीं पड़ेगा तथा पान मसाला के उपभोग पर 40 प्रतिशत की जीएसटी बरकरार रहेगा। सीतारमण ने कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य दो प्रमुख आयामों स्वास्थ्य सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए संसाधनों का स्रोत तैयार करना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जरूरत होती है कि सतत निवेश हो। यह उपकर आवश्यक वस्तुओं पर नहीं लगाया जाएगा।

यह सिर्फ ऐसी हानिकारक वस्तुओं पर लगाया जाएगा, जो स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव डालती हैं। इस उपकर को लगाने से पान मसाला का दाम बढ़ेगा तो इन्हें खाने में रुकावट पैदा होगी। इससे जो राजस्व मिलेगा उसमें से एक हिस्सा राज्यों को भी देने का प्रावधान किया गया है ताकि वे स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं में इसका उपयोग कर सकें। पान मसाला को लेकर जीएसटी की जो व्यवस्था है, उसमें कोई बदलाव नहीं होगा। जीएसटी के तहत पान मसाला के उपभोग पर सबसे ज्यादा 40 प्रतिशत कर भी लगाया जा रहा है। स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025 पान मसाला पर लगाए जाने वाले क्षतिपूर्ति उपकर की जगह लेगा। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़े खर्चों के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाना है। इसके तहत उन मशीनों या प्रक्रियाओं पर उपकर लगाया जाएगा, जिनके माध्यम से उक्त वस्तुओं का निर्माण या उत्पादन किया जाता है। जब एक जुलाई 2017 को जीएसटी की शुरूआत हुई थी तो जीएसटी कार्यान्वयन के कारण राज्यों को होने वाले राजस्व नुकसान की भरपाई के लिए 30 जून 2022 तक पांच वर्षों के लिए क्षतिपूर्ति उपकर की व्यवस्था लागू की गई थी। क्षतिपूर्ति उपकर की व्यवस्था को बाद में 31 मार्च 2026 तक चार साल के लिए बढ़ा दिया गया था और इसके संग्रह का उपयोग उस ऋण को चुकाने के लिए किया जा रहा है।

दिल्ली देहात की जमीन छीनने के षड्यंत्र का मुद्दा संसद में उठाऊंगा

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि दिल्ली देहात में जमीन छीनने का षड्यंत्र हो रहा है, जिसके खिलाफ वह लड़ाई लड़ेंगे तथा यह विषय संसद में उठाएंगे।

दिल्ली देहात के कुछ प्रतिनिधियों ने राहुल गांधी से मुलाकात की। राहुल गांधी ने इस मुलाकात का वीडियो फेसबुक पर साझा करते हुए पोस्ट किया, जन-संसद में दिल्ली देहात के प्रतिनिधियों से मुलाकात और बातों में देश भर के गरीबों-किसानों के दर्द की गूंज सुनाई दी। मोदी सरकार विकास के नाम पर अमीरों के फायदे के लिए, गरीबों का हक़ छीन रही है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के अनुसार, दिल्ली देहात के प्रतिनिधियों ने बताया कि दिल्ली में गांवों की ज़मीनें छीनने का संगठित षड़यंत्र चल रहा है जो बहुत ही गंभीर और चिंताजनक है। संप्रग सरकार ने किसानों के हक़ की रक्षा के लिए मज़बूत भूमि अधिग्रहण कानून बनाया था, जो उनकी स्वेच्छा और मुआवजे, दोनों का ख्याल रखता है। आज उसी कानून को दरकिनार कर लैंड पूलिंग जैसी नीतियों से ग्रामीणों को उनकी ज़मीन, रोज़गार और भविष्य से दूर किया जा रहा है - कभी दबाव से, कभी धोखे से। किसानों, ग्रामीणों और गरीबों के संवैधानिक अधिकार छीनने की ये कोशिश किसी भी हाल में सफल नहीं होने दी जाएगी। यह सिर्फ ज़मीन नहीं - यह उनकी पहचान, इतिहास और जीवन का आधार है। मैं इस मुद्दे को संसद में ज़ोरदार तरीके से उठाऊंगा और दिल्ली देहात के हर नागरिक को न्याय दिलाकर ही रहूंगा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि मोदी सरकार विदेशी मेहमानों को विपक्षी नेता से मिलने से रोक रही है क्योंकि वह खुद को असुरक्षित महसूस करती है। उन्होंने यह भी कहा कि जब कोई विशिष्ट विदेशी मेहमान भारत आता है या वह विदेश जाते हैं तो सरकार की तरफ से कहा जाता है कि उनसे (राहुल से) मुलाकात नहीं होनी चाहिए। कांग्रेस नेता ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे से कुछ घंटे पहले यह दावा किया। पुतिन आज शाम आधिकारिक दौरे पर भारत आएंगे। आमतौर पर यह परंपरा रही है कि जो विदेशी मेहमान भारत आते हैं उनकी नेता प्रतिपक्ष से मुलाकात होती है। यह अटल बिहारी वाजपेयी जी के समय होता था और मनमोहन सिंह जी के समय भी होता था।

इंटरटेनमेंट...

फिल्म पठान के गाने पर परफॉर्म कर रहे शाहरुख

○ जुबान केसरी बुलवाने के लिए एक्टर के पीछे पड़ी दुल्हन, जानिए क्या है सच्चाई

मुंबई। हाल ही में शाहरुख खान दिल्ली की एक हाई-प्रोफाइल शादी का हिस्सा बने थे। इस हाई प्रोफाइल शादी के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। उनमें से एक वीडियो को लेकर दावा किया जा रहा था कि दुल्हन ने किंग खान के साथ डांस करने से मना कर दिया था। हालांकि, इस दावे के पीछे की सच्चाई कुछ और ही है। दरअसल, एक्स पर पोस्ट किए वीडियो में नजर आता है कि शाहरुख स्टेज पर पठान के गाने चलैया पर डांस कर रहे हैं, जबकि दुल्हन पास में खड़ी है। वीडियो को पोस्ट कर कैप्शन में लिखा गया 'शाहरुख खान ने पैसों के लिए किसी अरबपति की शादी में डांस किया और यहां तक कि ब्राइड ने भी उनके साथ डांस करने से इनकार कर दिया। हालांकि, इस क्लिप की सच्चाई कुछ और है। एक्स पर क्लिप को क्रॉप करके पोस्ट किया गया है। ओरिजनल वीडियो में, शाहरुख और दूल्हा साथ में फिल्म पठान के गाने पर परफॉर्म कर रहे हैं। दुल्हा एक्टर के स्टेप्स को मैच करने की कोशिश कर रहा है, जबकि दुल्हन दोनों के बीच खड़ी होकर डांस को एंजॉय कर रही है। वहीं, शाहरुख से जुड़ा एक और वीडियो वायरल है, जो कि किसी दूसरी शादी का है। इस वीडियो में शाहरुख दुल्हन की डिमांड की वजह से थोड़ी असहज स्थिति में नजर आ रहे हैं। दरअसल, ब्राइड ने अचानक से एक्टर से उनके विमल पान मसाला एड की फेमस टैगलाइन 'बोलो जुबान केसरी' बोलने को कहा। दुल्हन की इस डिमांड पर शाहरुख ने स्थिति संभालते हुए मजाकिया अंदाज में जवाब दिया। उन्होंने मजाक में कहा 'एक बार बिजनेस वाले के साथ काम कर लो, तो वो तुम्हें कभी भूलने नहीं देते।' फिर उन्होंने दुल्हन को रोकने की कोशिश करते हुए कहा 'भगवान तुम्हारा भला करे, अच्छे काम करती रहो, लेकिन क्या मुझे यहां सचमुच जुबान केसरी कहना चाहिए? जब दुल्हन ने जिद की और एक बार कहने को कहा, तो शाहरुख ने जवाब दिया 'अरे नहीं, अब ये बैन हो गया है। ऐसी बातें मत करो, तुम मुझे भी बैन करवा दोगी। बस यहीं चुप रहो। फिर भी जब दुल्हन ने अपनी जिद जारी रखी, तो शाहरुख ने मजाक करते हुए पूछा तुम मेरी फैन हो या विमल की?'

फिल्म प्रमोशन के लिए पेड पीआर ट्रेंड पर भड़कीं यामी

मुंबई। फिल्म इंडस्ट्री में लंबे समय से पैसे के बदले बढ़िया रिव्यू देने का मुद्दा चल रहा है। समय-समय पर कई एक्टर और फिल्ममेकर ने इस चलन का विरोध किया है। अब एक्ट्रेस यामी गौतम ने फिल्म इंडस्ट्री में मार्केटिंग हाइप के लिए पैसे देने के चलन की आलोचना की है। उन्होंने इसे जबरन वसूली और ब्लैकमेल का जरिया बताया है। अपनी बात को रखते हुए यामी ने अपने एक्स पर एक लंबा नोट पोस्ट किया है। पोस्ट में उन्होंने लिखा कि कैसे जो लोग इस चलन को मना करते हैं, उन्हें फिल्म रिलीज होने से पहले ही निगेटिव कवरेज के जरिए निशाना बनाया जाता है। उन्होंने इसे जबरन वसूली का एक रूप और एक खतरनाक कल्चर बताते हुए कहा कि इससे भारतीय सिनेमा के भविष्य को नुकसान पहुंच सकता है।

रणवीर सिंह के खिलाफ दूसरी शिकायत दर्ज

मुंबई। रणवीर सिंह फिल्म कांतारा में दिखाई गईं देवी को भूत कहकर मजाक उड़ाने से विवादों में घिर गए हैं। हाल ही में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज हुई थी, जिसमें सार्वजनिक तौर पर माफी मांगे जाने की भी मांग हुई थी। एक्टर ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए माफी भी मांगी थी, हालांकि इसके बावजूद उनके खिलाफ दूसरी शिकायत दर्ज हो गई है। द हिंदू की रिपोर्ट के अनुसार, हाईकोर्ट के वकील प्रशांत मेथल ने बैंगलोर के हाई ग्राउंड पुलिस स्टेशन में रणवीर सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायतकर्ता ने शिकायत में लिखा है कि रणवीर सिंह ने पूजनीय गुलिगा दैव का मजाक बनाया और उन्हें अपमानजनक और मजाकिया ढंग से पेश किया, जिससे हिंदुओं और खासकर तुलु समुदाय से जुड़े लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं।

सिमर भाटिया 'इक्कीस' से बॉलीवुड में कर रहीं एंट्री

मुंबई। अक्षय कुमार की भांजी सिमर भाटिया फिल्म 'इक्कीस' से बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रही हैं। सिमर के डेब्यू को लेकर एक्टर बेहद खुशी और प्राउड फील कर रहे हैं। अक्षय ने सोशल मीडिया के जरिए अपने इमोशन को जाहिर किया है। अक्षय ने इंस्टाग्राम पर 'इक्कीस' से सिमर का पोस्टर शेयर कर लिखा 'एक नन्ही सी बच्ची के रूप में तुम्हें गोद में लेकर अब तुम्हें फिल्मों की दुनिया में कदम रखते हुए देखना, लाइफ में वाकई फुल सर्कल बन गया है। सिमर, मैंने तुम्हें एक शर्मीली बच्ची, जो अपनी मां के पीछे छिप जाती थी से एक कॉन्फिडेंट यंग वीमेन में बदलते देखा है। जो कैमरे का सामना करने के लिए ऐसे तैयार है जैसे वह इसके लिए ही बनी हो।' अक्षय ने आगे लिखा 'सफर मुश्किल है, लेकिन मैं जानता हूं, तुम उसी चमक, उसी ईमानदारी और उसी जिद्दी दृढ़ संकल्प के साथ इसमें आगे बढ़ोगी, जो हमारे परिवार में है। हम भाटिया का फंडा सिंपल हैः काम करो, दिल से करो और फिर यूनिवर्स का जादू देखो। मुझे तुम पर बहुत गर्व है बेटा। दुनिया सिमर भाटिया से मिलने वाली है लेकिन मेरे लिए तुम हमेशा से एक स्टार रही हो। चमकते रहो। जय महादेव।

○ भांजी सिमर भाटिया की डेब्यू को लेकर अक्षय हुए इमोशनल

बता दें कि नेशनल अवॉर्ड विनिंग डायरेक्टर श्रीराम राघवन की फिल्म 'इक्कीस' भारत के सबसे कम उम्र के परमवीर चक्र विजेता-सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की कहानी है। इसमें अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा ने अरुण खेत्रपाल की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं, इक्कीस में दिवंगत दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र अरुण के पिता के रूप में नजर आएंगे। ये उनकी आखिरी फिल्म होगी। ये फिल्म 25 दिसंबर को रिलीज होने जा रही है।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com